राष्ट्रीय दैनिक

प्रातःकिरण

पटना एवं दिल्ली से प्रकाशित

/Pratahkiran /Pratahkiran /Pratahkiran

हर खबर पर पकड़

11 महान सचिन तेंदुलकर के दौरे से...

भारत दौरे पर आएंगे अमेरिकी उप विदेश मंत्री... 12

वर्ष : 11 | अंक : 276 | पटना, रविवार, 18 फरवरी, 2024 | विक्रम संवत् 2080 | पेज : 12 | मूल्य ₹ : 03.00 | www.pratahkiran.com

अधिकतम तापमान 23°C
न्यूनतम तापमान 18°C

बाजार

सोना 63,575

चांदी 74,900

सेंसेक्स 72,426

निफ्टी 22,040

संक्षिप्त खबरें

कश्मीर में आतंकवादियों का सहयोगी गिरफ्तार

श्रीनगर।जम्मू-कश्मीर केकुपवाड़ा जिले में आतंकवादियों के एक संदिग्ध सहयोगी को गिरफ्तार किया गया है। पुलिस सूत्रों ने शनिवार को बताया कि कुपवाड़ा के गैलिजू इलाके का निवासी आसिफ मुश्ताक वानी पिछले दो दिनों में इस जिले में गिरफ्तार किया गया आतंकवादियों का सहयोगी है। उसकी गिरफ्तारी शुक्रवार को बीएड कॉलेज ड्रगमुल्ला कुपवाड़ा के पास कुपवाड़ा पुलिस, सेना की 47 राष्ट्रीय राइफ और सीआरपीएफ की 162 बटालियन की संयुक्त तलाश अभियान के दौरान की गयी।पुलिस ने कहा, तलाशी अभियान के दौरान संयुक्त सुरक्षा बल के जवानों को देखकर संदिग्ध व्यक्ति ने भागने की कोशिश की, हालांकि कड़ी मेहनत के बाद उसे पकड़ लिया गया।पकड़े आरोपी के पास चीन निर्मित एक पिस्तौल, एक पिस्तौल मैगजीन और छह पिस्तौल की गोलियां बरामद हुईं। आरोपी के खिलाफ कानून की संबंधित धाराओं के तहत मामला दर्ज किया गया और जांच शुरू कर दी गई है। इससे पहले, गुरुवार को लालपोरा शेखपोरा के रफीक अहमद गनी के रूप में पहचाने गए आतंकवादियों के सहयोगी को कुपवाड़ा के गुंडिमाचेर ब्रिज पर बलों की एक संयुक्त टीम ने गिरफ्तार किया था।

किसान विरोधी है मोदी सरकार : खड़गे

नई दिल्ली। कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे ने कहा कि मोदी सरकार किसान विरोधी है। यह सरकार किसान हितों की लगातार अनदेखी कर रही है। खड़गे ने शनिवार को एक्स पर लिखा कि कल आंदोलन कर रहे एक किसान की मौत हो गई और तीन किसान रबर बुलेट लगने से आंखों की रोशनी खो बैठे हैं। मोदी सरकार किसानों के साथ दुश्मनों जैसा व्यवहार कर रही है। खड़गे ने कहा कि कांग्रेस किसानों को न्यूनतम समर्थन मूल्य की गारंटी दिलाने के लिए वचनबद्ध है। हम किसानों को उनका हक दिलाएंगे। उल्लेखनीय है कि दिल्ली चलो आंदोलन में हिस्सा लेने गुरदासपुर से आए एक किसान का शंभू बॉर्डर पर दिल का दौरा पड़ने से निधन हो गया। मीडिया रिपोर्ट के अनुसार तीन किसानों को रबर बुलेट लगने के कारण उन्हें अस्पताल में भर्ती कराया गया है।

370 सीट जीतकर डॉ. श्यामा प्रसाद के बलिदान को श्रद्धांजलि देंगे भाजपा कार्यकर्ता: मोदी

पीएम का आह्वान - हर बूथ पर भाजपा के 370 वोट बढ़ाएं

प्रात: किरण

नई दिल्ली/एजेंसी। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने भारतीय जनता पार्टी कार्यकताओं का शनिवार को आह्वान किया कि वे आगामी लोकसभा चुनाव में पार्टी को 370 से अधिक सीटें जिताने के लक्ष्य को एक आंकड़ा नहीं, बल्कि डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी को श्रद्धांजलि समझ कर प्राप्त करें। श्री मोदी ने भाजपा के राष्ट्रीय अधिवेशन के शुभारंभ के पहले पार्टी के राष्ट्रीय पदाधिकारियों की बैठक को संबोधित करते हुए यह भी आह्वान किया कि हर बूथ पर भाजपा के 370 वोट बढ़ाएं। भाजपा के महासचिव विनोद तावड़े ने संवाददाताओं को प्रधानमंत्री के मार्गदर्शन के बिन्दुओं की जानकारी दी। प्रधानमंत्री ने कहा कि भाजपा को 370 और राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन को 400 पार पहुंचाने का लक्ष्य मात्र एक आंकड़ा नहीं है। डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी ने जम्मू -कश्मीर को भारत का अटूट एवं अविभाज्य अंग बनाने के लिए बलिदान दिया था। हर कार्यकर्ता उन्हें श्रद्धांजलि देने के लिए आगे आए और इसे एक आंकड़े के रूप में नहीं, बल्कि श्रद्धांजलि के रूप में लें। श्री तावड़े ने कहा कि प्रधानमंत्री ने भाजपा और राजग जो सीटें लड़नी है, उनके उम्मीदवार की घोषणा कर दी और वह उम्मीदवार है - कमल का फूल। उन्होंने आह्वान किया कि सभी कार्यकर्ता कमल को जिताने के लिए कमर कस लें। जिन लोगों को केंद्र या राज्य की सरकारों की योजनाओं का लाभ मिला है, उनसे 100 दिनों में संपर्क करें। प्रधानमंत्री ने कहा

कि हर बूथ पर भाजपा के कार्यकर्ता अगले 100 दिन तक पिछली बार प्राप्त वोटों में कम से कम 370 वोटों की वृद्धि करें। उन्होंने कहा कि जो प्रथम बार के वोटर हैं, उन्हें पूरी ताकत से भाजपा के पक्ष में मतदान के लिए प्रेरित करें। महिलाओं को मात्र वोटर नहीं समझें बल्कि माताओं बहनों का आशीर्वाद प्राप्त करें। श्री तावड़े ने कहा कि केंद्र में 10 साल के शासन के साथ ही स्वयं श्री मोदी के संवैधानिक शासनाध्यक्ष के रूप में 23 साल पूरे हो गए हैं और पूरे कालखंड में उन पर भ्रष्टाचार का कोई आरोप नहीं लगा है। यह बात जनता तक पहुंचानी है। प्रधानमंत्री ने कहा कि विपक्ष तू-तू मैं-मैं की राजनीति करेगा और अनावश्यक आरोपों का कीचड़ उछालेगा। लेकिन हमें गरीब कल्याण के कामों से लेकर विकास की उपलब्धियों के आधार पर जनता का समर्थन हासिल करना है। पार्टी अध्यक्ष जगत प्रकाश नड्डा ने अपने संबोधन में कहा कि 10 साल के विकास की यात्रा अभूतपूर्व रही है। सबका साथ सबका विकास सबका प्रयास सबका विश्वास के आधार पर काम किया गया है। **भाजपा के राष्ट्रीय अधिवेशन की दो दिवसीय बैठक शुरू:** भारतीय जनता पार्टी के राष्ट्रीय अधिवेशन की दो दिवसीय बैठक शनिवार को राजधानी दिल्ली के प्रगति मैदान स्थित भारत मंडपम में आरंभ हुई। बैठक में प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी, केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह, रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह और भाजपा अध्यक्ष जे पी नड्डा सहित केंद्रीय मंत्री, पार्टी शासित राज्यों के मुख्यमंत्री व उपमुख्यमंत्री, राज्यों के मंत्री, राष्ट्रीय और राज्य स्तरीय पदाधिकारी, सांसद और विधायक सहित लगभग 11,500 प्रतिनिधि भाग ले रहे हैं।

जननायक स्व. कर्पूरी ठाकुर की पुण्यतिथि के अवसर पर आयोजित समारोह में शामिल हुए सीएम

एनडीए में हैं और हम लोग मिलकर करेंगे बिहार का विकास: नीतीश

- बोलें-जिससे भी हमारी मुलाकात होती है, हम उनका अभिवादन करते हैं

प्रात : किरण

पटना। मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने कहा है कि हम फिर से एनडीए में हैं और यहां हमलोग मिलकर बिहार का विकास करेंगे। मुख्यमंत्री शनिवार को जननायक स्व कपूर्री ठाकुर की पुण्यतिथि के अवसर पर आयोजित समारोह में शामिल होने के बाद पत्रकारों से मुखातिब हुए । इस दौरान मुख्यमंत्री ने पत्रकारों से की बातचीत की। राजद सुप्रीमो लालू प्रसाद यादव द्वारा महागठबंधन का दरवाजा खुले रखने से संबंधित पत्रकारों के प्रश्न पर मुख्यमंत्री ने कहा कि जब हम विधानसभा से निकल रहे थे तो लालू प्रसाद यादव विधानसभा आ रहे थे उस दौरान हमारी उनसे भेंट हुई और हमने उनका अभिवादन किया। हमारी जिससे भी मुलाकात होती है हम सबका स्वागत करते हैं, उनका अभिवादन करते हैं। ऐसे जिनको जो कुछ बोलना है बोलते रहें उससे मुझे कुछ लेना-देना नहीं है।

कोई गड़बड़ी होगी तो उसकी जांच होगी : महागठबंधन सरकार के कुछ मंत्रियों के विभागों के खिलाफ आपने जांच का आदेश दिया है, पत्रकारों के इस प्रश्न पर मुख्यमंत्री ने कहा कि हमलोग कार्यों की समीक्षा करते हैं। कोई गड़बड़ी होगी तो उसकी जांच होगी। हम किसी को गड़बड़ नहीं करने देंगे।

समय पर हो जायेगा मंत्रिमंडल विस्तार : मंत्रिमंडल विस्तार को लेकर पत्रकारों द्वारा पूछे गये प्रश्न पर मुख्यमंत्री ने कहा कि अभी हमारे साथ और 8 मंत्री काम कर रहे हैं। सभी काम हो रहा है। मंत्रिमंडल विस्तार समय पर हो जायेगा। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने कहा है कि इसबार लोकसभा चुनाव में एनडीए की सीटों की संख्या 400 से अधिक होगी। पत्रकारों के इस प्रश्न पर मुख्यमंत्री ने कहा कि इसबार हमलोग बेहतर प्रदर्शन करेंगे और पिछली बार से अधिक संख्या में लोकसभा की सीट जीतेंगे।

विपक्ष को एकजुट करने की कोशिश का फायदा नहीं हुआ : इंडिया गठबंधन से आपके अलग होने के बाद कई अन्य दल भी इंडिया गठबंधन से बाहर हो रहे हैं। इंडिया गठबंधन का आगे क्या होगा इससे संबंधित प्रश्न पर मुख्यमंत्री ने कहा कि हम अलग हो गये हैं, बाकी दल क्या कर रहे हैं मुझ हैं मुझे नहीं मालूम। हम विपक्षी दलों को एकजुट करने की कोशिश किये लेकिन कोई फायदा नहीं हुआ। हम अब उनसे अलग हो गये हैं। हमने इस गठबंधन का नाम कुछ दूसरा सुझाया था लेकिन उनलोगों ने अपनी तरफ से इसका नाम रखा। वे लोग क्या करते हैं, वही जानें। कांग्रेस नेता राहुल गांधी बिहार में अपनी यात्रा के दौरान आपके खिलाफ बयान दे रहे हैं पत्रकारों के इस सवाल के जवाब में मुख्यमंत्री ने कहा कि उन्हें जो बोलना है वो बोलते रहें, उससे मुझे कोई मतलब नहीं है। वे वे मीडि मीडिया में बने रहेने के लिये कुछ भी बोलते हैं। हमने बिहार में जाति आधारित गणना करवाई इसकी चर्चा नहीं करते हैं। हमारे कामों के बारे में कुछ नहीं बोलते।

जननायक के विचारों को अपनाते हुए कर रहें काम : मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने कहा कि भारत रत्न जननायक स्व कपूर्री ठाकुर की जन्म तिथि और पुण्य तिथि पर पर कार्यक्रम का आयोजन करवाते रहे हैं और उसमें हम हमेशा आते रहे हैं। जननायक कपूर्री ठाकुर जी से जुड़े हुए कई कार्यों को हमने करवाया है। 17 फरवरी 1988 ई को जननायक कपूर्री ठाकुर जी का निधन हुआ था। जब इसकी सूचना मिली तो तत्काल हम यहां आये। जननायक कपूर्री ठाकुर जी ने अपने समय में पिछड़ों और वंचितों के लिये काफी काम किया। आरक्षण का दायरा बढ़ाया। उन्होंने शराबबंदी लागू की लेकिन उनके हटने के बाद शराबबंदी हटा दी गई। हमलोग जननायक कपूर्री ठाकुर के विचारों पर चलनेवाले लोग हैं। हमने भी शराबबंदी लागू की। राज्य में जाति आधारित गणना करवाई और आरक्षण का दायरा बढ़ाया। जाति आधारित गणना में सभी परिवारों के आर्थिक स्थिति की भी जानकारी ली गई। गणना में पाये गये आर्थिक रूप से कमजोर परिवारों को हमलोग सहायता दे रहे हैं। जननायक कपूर्री जी के आदर्शों और विचारों को अपनाते हुए हमलोग काम कर रहे हैं। हम बहुत पहले से जननायक कपूर्री ठाकुर जी को भारत रत्न देने की मांग कर रहे थे। यह खुशी की बात है कि केंद्र सरकार ने उन्हें भारत रत्न से सम्मानित किया है।

मुख्यमंत्री ने जननायक को दी भावभीनी श्रद्धांजलि

पटना। भारत रत्न जननायक स्व. कर्पूरी ठाकुर की पुण्यतिथि के अवसर पर आज देशरत्न मार्ग स्थित जननायक कर्पूरी ठाकुर स्मृति संग्रहालय में आयोजित समारोह में मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने उनकी प्रतिमा पर माल्यार्पण कर अपनी भावभीनी श्रद्धांजलि अर्पित की। इस अवसर पर बिहार विधानसभा अध्यक्ष नंद किशोर यादव, शिक्षा मंत्री एवं संसदीय कार्य मंत्री विजय कुमार चौधरी, जननायक स्व कर्पूरी ठाकुर के परिजन, जदयू नेता राजीव रंजन, मुख्यमंत्री के प्रधान सचिव डॉ एस सिद्धार्थ, बिहार बाल अधिकार संरक्षण आयोग के पूर्व सदस्य शिवशंकर निषाद सहित अन्य जनप्रतिनिधियों एवं सामाजिक कार्यकताओं ने भी भारत रत्न जननायक स्व. कर्पूरी ठाकुर की प्रतिमा पर पुष्प अर्पित कर अपनी श्रद्धांजलि दी। कार्यक्रम के दौरान कला, संस्कृति एवं युवा विभाग की अपर मुख्य सचिव हरजोत कौर, मुख्यमंत्री सचिवालय के विशेष सचिव चंद्रशेखर सिंह, पटना के जिलाधिकारी शीर्षत कपिल अशोक, वरीय पुलिस अधीक्षक राजीव मिश्रा सहित अन्य वरीय अधिकारी उपस्थित थे। इस अवसर पर राज्य सरकार के कला, संस्कृति एवं युवा विभाग द्वारा सर्वधर्म प्रार्थना आयोजित की गई तथा भारत रत्न जननायक कर्पूरी ठाकुर के जीवन एवं कृतित्व पर आधारित गीत, भजन-कीर्तन एवं निर्गुण गीत की प्रस्तुति की गई।

वन नेशन वन इलेक्शन का जदयू ने किया समर्थन

ललन सिंह व संजय झा ने पूर्व राष्ट्रपति से मिलकर सौंपा ज्ञापन

- सुशासन की संरचना को मजबूत करने की दिशा में एक देश एक चुनाव एक महत्वपूर्ण कदम होगा

प्रात : किरण

पटना। मुख्यमंत्री नीतीश कुमार शुरू से ही एक देश एक चुनाव की नीति की बात रहे हैं। इसको लेकर शनिवार को दिल्ली में जदयू के पूर्व राष्ट्रीय अध्यक्ष तथा संसदीय दल के नेता राजीव रंजन सिंह उर्फ ललन सिंह तथा पार्टी के राष्ट्रीय महासचिव संजय झा ने एक राष्ट्र, एक चुनाव के संबंध में बनाई गई समिति के अध्यक्ष पूर्व राष्ट्रपति रामनाथ कोविंद से मिलकर जनता दल यूनाइटेड का पक्ष रखा। साथ ही वन नेशन वन इलेक्शन के संदर्भ में आधिकारिक ज्ञापन सौंपा। उक्त जानकारी राष्ट्रीय महासचिव संजय झा ने सोशल मीडिया के माध्यम से साझा किया। ज्ञापन के अनुसार मुख्यमंत्री नीतीश कुमार और जनता दल यूनाइटेड पार्टी का मानना है कि सुशासन की संरचना को मजबूत करने की दिशा में एक देश एक चुनाव एक महत्वपूर्ण कदम होगा। भारत के विधि आयोग ने निर्वाचन विधियों में सुधार से संबंधित अपनी रिपोर्ट में वन नेशन वन इलेक्शन की सिफारिश की है, जिस पर पूर्व राष्ट्रपति रामनाथ कोविंद की अध्यक्षता वाली उच्चस्तरीय समिति विचार कर रही है। ज्ञापन में कहा गया है कि जदयू ने इस संदर्भ में देशभर में सीआईआई, फिक्की, एसोचैम सहित विभिन्न औद्योगिक, नागरिक एवं अन्य संगठनों के साथ अब तक हुए विमर्श में उभरी राय पर गंभीरता से विचार किया है। साथ ही, भारत में एक साथ चुनाव कराने के इतिहास को भी ध्यान में रखा है। वर्ष 1947 में आजादी मिलने के बाद से लोकसभा और विधानसभाओं के चुनाव अधिकतर एक साथ आयोजित हुए थे, लेकिन 1960 के दशक के अंतिम वर्षों से एक साथ चुनाव का सिलसिला विभिन्न कारणों से बाधित हो गया।

विधि आयोग की रिपोर्ट और इससे संबंधित तमाम तथ्यों एवं बहसों पर गंभीरता से विचार करते हुए जदयू ने लोकसभा और राज्य विधानमंडल के चुनाव एक साथ कराने, जबकि पंचायतों और नगर पालिकाओं के चुनाव एक साथ कराने, लेकिन संसदीय चुनाव और पंचायती राज के चुनाव अलग-अलग कराने के पक्ष में अपना समर्थन व्यक्त किया है। इससे पहले वर्ष 2018 में भारत के विधि आयोग द्वारा आमंत्रित सुझावों के जवाब में भी मुख्यमंत्री नीतीश कुमार और जदयू ने लोकसभा तथा विधानसभाओं के चुनाव एक साथ कराने की नीति को अपना समर्थन दिया था। आज उच्चस्तरीय समिति को सौंपा गया ज्ञापन वन नेशन वन इलेक्शन की नीति को पूर्व में दिये गये समर्थन के ही अनुरूप है।

भाजपा में जाने की अटकलों को कमलनाथ ने किया खारिज

प्रात : किरण

भोपाल/नई दिल्ली,। कांग्रेस के वरिष्ठ नेता और मध्य प्रदेश के पूर्व मुख्यमंत्री कमलनाथ ने भारतीय जनता पार्टी के साथ जाने की अटकलों के बीच शनिवार को कहा कि अगर ऐसी कोई बात होगी तो वह मीडिया को जानकारी देंगे। वह आज दोपहर में दिल्ली पहुंचे। कमलनाथ पिछले कुछ दिनों से मध्य प्रदेश के छिंदवाड़ा के दौरे पर थे, जहां से वह नौ बार सांसद रहे

हैं। उनके पुत्र नकुल नाथ वर्ष 2019 के चुनाव में इस सीट से लोकसभा सदस्य निर्वाचित हुए। दिल्ली पहुंचने के बाद कमलनाथ ने भाजपा में शामिल होने की संभावना से जुड़े सवालों पर संवाददाताओं से कहा, आप लोग बहुत उत्साहित हो रहे हैं। यह मैं नहीं कह रहा हूं, आप लोग कह रहे हैं। अगर ऐसी कोई बात होगी तो सबसे पहले आप लोगों को जानकारी दूंगा। उन्होंने कहा, मैं उत्साहित नहीं हूं, ना इस तरफ, ना उस तरफ। अगर ऐसी कोई बात होगी तो सबसे पहले आप लोगों को खबर करूंगा। कमलनाथ के भाजपा में शामिल होने की अटकलों के बारे में पूछे जाने पर कांग्रेस नेता दिग्विजय सिंह ने जबलपुर में संवाददाताओं से कहा, मैंने कल रात साढ़े 10 बजे कमलनाथ से बात की, वह छिंदवाड़ा में हैं। सिंह ने कहा, एक व्यक्ति जिसने अपनी राजनीतिक यात्रा कांग्रेस से शुरू की और जब इंदिरा गांधी को जनता पार्टी द्वारा जेल भेजा गया तो वह नेहरू-गांधी परिवार के साथ खड़ थे, क्या आपको लगता है कि ऐसा व्यक्ति कभी कांग्रेस और गांधी परिवार को छोड़ेगा?

अरविंद केजरीवाल ने जीता विश्वास प्रस्ताव

प्रात : किरण

नई दिल्ली/एजेंसी। दिल्ली विधानसभा से केजरीवाल सरकार ने विश्वास प्रस्ताव जीत लिया है। 54 वोटों को पाकर बहमत हासिल कर लिया है। सदन की कार्यवाही सोमवार 19 फरवरी तक के लिए स्थगित कर दी गई है। विश्वास प्रस्ताव पर चर्चा के दौरान मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल ने शराब घोटाले पर कहा कि हमें गिरफ्तार कर सकते हैं लेकिन हमारी सोच को गिरफ्तार नहीं कर सकते हैं। आगे कहा कि दिल्ली में प्रस्ताव का समर्थन करता हूं। 54 यहां मौजूद हैं। तीन बीमार, दो जेल में, दो शादी में, और एक बाहर हैं। मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल ने चर्चा के दौरान कहा कि दिल्ली के अस्पताल में दवा को रोकने का काम भाजपा ने किया। दिल्ली वालों का पाप लगेगा। दिल्ली के अस्पताल में पर्ची बनाने वालों को हटा दिया गया। दिल्ली में फरिश्ते योजना को बंद कर दिया गया। 23 हजार लोगों को मुफ्त इलाज दिया। **कोर्ट में वर्चुअली पेश हुए सीएम:** नई दिल्ली। उत्पाद शुल्क नीति मामले में ईडी के समन पर पेश न होने पर दिल्ली की राउज एवेन्यू कोर्ट में शनिवार को मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल पेश हुए। मुख्यमंत्री वीडियो कांफ्रेंसिंग के माध्यम से कोर्ट में पेश हुए। उन्होंने कहा है कि अगली पेशी में मैं खुद आऊंगा। विश्वास प्रस्ताव पर चर्चा और बजट सत्र के चलते इस बार नहीं आ सका। कोर्ट ने मामले की अगली तारीख 16 मार्च तय की है।

देश में डर और नफरत का माहौल है: राहुल

प्रात : किरण

वाराणसी/एजेंसी। कांग्रेस के पूर्व राष्ट्रीय अध्यक्ष राहुल गांधी ने शनिवार को कहा कि देश में भय और नफरत का माहौल है। देश, अमीर और गरीब दो हिस्सों में बंट गया है। काशी विश्वनाथ मंदिर में पूजा-अर्चना करने के बाद अपनी भारत जोड़ो न्याय यात्रा के तहत एक सार्वजनिक बैठक को संबोधित करते हुए राहुल ने कहा कि यह देश, प्रेम का है नफरत का नहीं और यह तभी मजबूत होगा जब सभी लोग मिलकर काम करेंगे। उन्होंने कहा, अगर हम जीवन के सभी क्षेत्रों के लोगों को एक साथ लाएंगे तो यही सच्ची देशभक्ति होगी। देश में ऐसा माहौल है कि कल क्या होगा, कुछ

पता ही नहीं है। देश दो हिस्सों में बंट गया है, एक अमीरों का और दूसरा गरीबों का। देश में भारी बेरोजगारी है। कांग्रेस नेता ने कहा कि एक भी छोटा और मध्यम व्यापारी या बिजनेसमैन ऐसा नहीं है जिसे जीएसटी और नोटबंदी से फायदा हुआ हो। उन्होंने यह भी कहा कि सरकार बिजनेस टायकून का पक्ष ले रही है। उन्होंने कहा, अमीर लोग उसी दर पर जीएसटी का भुगतान कर रहे हैं जिस दर पर गरीब कर रहे हैं, जो बिल्कुल भी उचित नहीं है और इसीलिए हमने न्याय नाम गढ़ा है और अपनी यात्रा का नाम न्याय यात्रा रखा है। राहुल ने कहा कि अपनी यात्रा के दौरान उन्हें कहीं भी नफरत नहीं दिखी और यहां तक कि भारतीय जनता पार्टी और राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के लोग भी आए और उनसे अच्छी तरह से बातचीत की। यह देश तभी मजबूत होगा जब हम सब मिलकर काम करेंगे।उन्होंने कहा कि देश में दो सबसे बड़े मुद्दे हैं, एक बेरोजगारी और दूसरा महंगाई। उन्होंने कहा कि यात्रा मणिपुर से शुरू हुई और महाराष्ट्र में समाप्त होगी।

लांच **श्रीहरिकोटा में सतीश धवन स्पेस सेंटर के लॉन्च पैड से इसरो ने इस सैटेलाइट की लान्चिंग की**

इसरो ने उपग्रह इनसेट-3डीएस का सफलतापूर्वक किया लॉन्च

प्रात : किरण/एजेंसी

हरिकोटा। इसरो ने शनिवार को उपग्रह इनसेट-3डीएस लॉन्च कर दिया है। श्रीहरिकोटा के सतीश धवन स्पेस सेंटर से उपग्रह लॉन्च किया गया। इनसेट-3डीएस भूस्थैतिक कक्षा में स्थापित किए जाने वाला तीसरी पीढ़ी का मौसम उपग्रह मिशन के तहत लांच किया गया है। इससे मौसम संबंधी सटीक जानकारी इसरो को मिल सकेगी। इसरो ने उपग्रह इनसेट-3डीएस सैटेलाइट की लॉन्चिंग कर मौसम की सटीक जानकारी के लिए बेहतर रास्ते खोल दिए हैं। उपग्रह इनसेट-3डीएस 2274 किलोग्राम

वजनी सैटेलाइट है जिसके कार्य प्रारंभ करने के साथ ही अर्थ साइंस, मौसम विज्ञान विभाग (आईएमडी), नेशनल इंस्टीट्यूट ऑफ ओशन टेक्नोलॉजी (एनआईओटी), मौसम पूवार्नुमान केंद्र और भारतीय राष्ट्रीय केंद्र के तहत विभिन्न विभागों को अपनी सेवाएं प्रदान कर सकेगा। इस संबंध में इसरो से प्राप्त जानकारी अनुसार इनसेट-3डीएस के उपयोग से बादल, कोहरे, वर्षा, बर्फ और उसकी गहराई, आग, धुआं, भूमि और समंदरों पर स्टडी के लिए मदद मिल सकेगी। इसरो ने कहा है कि उपग्रह इनसेट-3डीएस भारत की कम्यूनिकेशन, टेलीकास्ट, मौसम विज्ञान और सर्च एंड रेस्क्यू की जरूरतों को ध्यान में रखते हुए बनाया गया है। यह जियो स्टेशरी सैटेलाइट्स की सीरिज वाला है। इसकी शुरूआत 1983 में की गई थी। जानकारी अनुसार सैटेलाइट्स की निगरानी और कंट्रोल कर्नाटक के हासन और मध्य प्रदेश के भोपाल में स्थित मेन कंट्रोल सेंटर्स से की जाती है। इस सीरिज के अब तक छह सैटेलाइट्स लॉन्च किए जा चुके हैं। आखिरी सैटेलाइट इनसेट-3डीआर है, जो कि अभी भी कार्य कर रहा है। **इसरो प्रमुख सोमनाथ ने दी बधाई:** उपग्रह इनसेट-3डीएस के प्रक्षेपण पर इसरो प्रमुख एस सोमनाथ ने पूरी टीम को बधाई देते हुए कहा है, कि हमें यह कहते हुए बेहद खुशी हो रही है कि हमने इनसेट-3डीएस मिशन को सफलतापूर्वक लॉन्च कर दिया है। सैटेलाइट को उसकी कक्षा में स्थापित किया गया और उसका प्रदर्शन भी बेहद अच्छा रहा है। इस कार्य में शामिल तमाम लोगों को बधाई देता हूं।

देश दुनिया की ताजा तरीन खबरें पढ़ने के लिए लॉग ऑन करें
@Pratahkiran www.pratahkiran.com

संक्षिप्त खबरें

ट्रेन के चपेट में आने से एक की मौत

फतुहा। मोजीपुर के निकट फतुहा बंकाघाट स्टेशन के बीच ट्रेन के चपेट में आने से एक युवक की मौत हो गयी। यह घटना बीते देर रात की है। ग्रामीणों की सूचना पर शनिवार को सुबह स्थानीय थाना की पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए पटना भेज दिया। मृतक जेठुली के रहने वाला कामेश्वर दास है जो ई रिक्शा चालक था। मृतक के चचेरे भाई रजत कुमार ने बताया कि बीते रात वह घर से निकला था लेकिन लौटकर घर नहीं आया। सुबह उसकी शव रेलवे ट्रैक से मोजीपुर के पास बरामद किया गया। आशंका है कि रेलवे ट्रैक पार करने के क्रम में वह किसी ट्रेन के चपेट में आ गया होगा।

युवक घर से निकला फिर वापस नहीं लौटा

दानापुर। खगौल थाना क्षेत्र के अंतर्गत तीन दिन पूर्व घर से निकला विशाल वापस नहीं लौटा। काफी खोजबीन के बाद लिखित शिकायत खगौल थाना में की है। उधर पुलिस युवक की तलाश में जुटी है। बताया जाता है कि खगौल थाना क्षेत्र के बड़ी खगौल चक्रदाहा देवी स्थान निवासी सुनील कुमार के पुत्र विशाल कुमार 22 वर्ष 14 फरवरी घर से निकला फिर वापस नहीं लौटा। परेशान उसकी मां बबीता देवी ने खगौल थाना में लिखित शिकायत की है। उन्होंने बताया कि 14 फरवरी की सुबह आठ बजे विशाल थोड़ी देर में आने की बात कह कर घर से निकला। उसके बाद वो वापस नहीं आया। उसका मोबाइल भी बंद आ रहा है।

जिलाधिकारी पहुंचे अनुमंडल कार्यालय

दानापुर। नगर के अंतर्गत मनेर जाने के क्रम जिलाधिकारी शीर्षत कपिल अशोक अनुमंडल कार्यालय पहुंच गये। उन्होंने अनुमंडल कार्यालय परिसर स्थित निर्वाचन कार्यालय में पहुंचे और कर्मियों से कार्य के बारे में जानकारी ली। जिलाधिकारी के अचानक पहुंचने से कर्मी अचंभित हो गये। जिलाधिकारी अनुमंडल कार्यालय में स्थित कार्यालयों का जायजा लिये। वहां से वे मनेर के लिए रवाना हो गये। बताया जाता है कि जिलाधिकारी श्री अशोक मनेर में आयोजित होने वाली उर्स के तैयारी के बारे के में तैयारी आदि का जायजा लेने मनेर जा रहे थे। इसी क्रम में वे अनुमंडल कार्यालय पहुंचे।

हांडी साहब गुरुद्वारा सालाना उत्सव पर अखंड कीर्तन पाठ शुरू

दानापुर। नगर के अंतर्गत हांडी साहब गुरुद्वारा के सालाना उत्सव के पूर्व संध्या पर शनिवार को अखंड कीर्तन पाठ शुरू हुआ। वाहेगुरु सतनाम के उच्चारण से गुरुद्वारा गुंजायमान होता रहा। रविवार को गुरुद्वारा के सालाना उत्सव पर अखंड पाठ समाप्त होगा। उसके बाद कीर्तन प्रवाह चलेगा। बताते चलें कि सिक्खों के दसवें गुरु व खालसा पंथ के संस्थापक गुरु गोविंद सिंह अपने बाल्यावस्था में फरवरी माह में आज के ही दिन दानापुर आए थे और जमुनी माई के यहां अपना पहला पड़ाव डाला था। उसी याद में रविवार को हांडी साहब गुरुद्वारा का सलाना उत्सव मनाया जाएगा। जिसमें काफी संख्या में श्रद्धालुगों भाग लेंगे। सलाना उत्सव को लेकर चल रहा अखंड पाठ के समापन के बाद कीर्तन किया जाएगा। गुरुद्वारा आये श्रद्धालुओं ने गुरुगोविंद सिंह के बाल्यकाल के पद चिन्ह का दर्शन करते हुए मत्था टेका व कीर्तन में शामिल हुए। उसके बाद प्रसाद स्वरूप लंगर चखा। गुरुद्वारा के ग्रंथी सतलोक सिंह ने बताया कि सिखों के दसवें गुरु गोविंद सिंह खालसा पंथ के संस्थापक गुरु गोविंद सिंह जी आज ही के दिन सात वर्ष के उम्र में आनंदपुर साहिब जाने के दौरान पहला पड़ाव नगर के गंगा नदी किनारे स्थित जमुनी माई के झोपड़ीनुमा घर में डाला था।

दशरथ मांझी नाट्य महोत्सव का कार्यक्रम के साथ हुआ समापन

पटना। सांस्कृतिक संस्था लोक पंच द्वारा संस्कृति मंत्रालय, भारत सरकार के सौजन्य से दिनांक 14 फरवरी 2024 से 17 फरवरी 2024 तक 4 दिवसीय दशरथ मांझी नाट्य महोत्सव का आयोजन छक्कूबीघा, दाउदनगर, औरंगाबाद में हुआ। सांस्कृतिक संध्या के अंतर्गत मुख्य गायकों में अमित सिंह, अभिषेक राज, दीपा, देवेंद्र चौबे एवं लोक पंच के साथी द्वारा लोक गीत एवं नृत्य की प्रस्तुति की गयी। ग्रामवासी नाचते झूमते नजर आए। गीत - लाली लाली होठवा पर बरसेला ललईया हो कि रस चुवेला, रहे अपने धुन में मगन मोरे सैयां, पग पग लिए जाऊं तोहरी बलईया, टिकवा जब-जब मांगईलूं जटिन टिकवा कहे आ पेहेलेनो। ऐसे गीत संगीत एवं नृत्य के कार्यक्रम से ग्राम वासियों ने भरपूर आनंद लिया। इसके साथ ही औरंगाबाद में हो रहे महोत्सव का समापन हुआ।

किसी भी कुर्सी पर रहूंगा, पटना साहिब की जनता दिल में रहेंगे : नंदकिशोर

भाजपा कार्यकर्ता व जनता के अभिनंदन से भावुक हुए विस अध्यक्ष, कहा- आप सब सुख-दुख के साथी

पटना सिटी, प्रात :किरण संवाददाता

किसी भी कुर्सी यानी पद पर रहूंगा, मगर पटना सिटी की जनता का प्यार और ताकत को नहीं भूल पाऊंगा। आप सब हमेशा हमारे दिल में रहेंगे। आप सबों का स्नेह और प्यार यही हमारी ताकत है और यह बना रहेगा। वह पहले से कहते रहे हैं कि आपका यह नंदकिशोर कोई ऐसा काम नहीं करेगा, जिससे क्षेत्र की जनता को शर्मिंदगी का सामना करना पड़े। यह बात बिहार विधानसभा के अध्यक्ष चुने जाने के बाद पहली बार अपने विधानसभा क्षेत्र की जनता और भाजपा कार्यकताओं के बीच अभिनंदन समारोह के दौरान नंदकिशोर यादव ने शनिवार को कही। पटना साहिब विधानसभा क्षेत्र के भाजपा कार्यकर्ताओं के द्वारा यह आयोजन खाजेकलां सामुदायिक भवन परिसर में किया गया थ। जैसे ही विधानसभा अध्यक्ष नंदकिशोर यादव का वाहन से उतरना हुआ, लोगों ने गर्मजोशी के साथ आतिशबाजी कर नंदकिशोर आया रे आया, नंदकिशोर छाया रे छाया, नंदकिशोर यादव जिंदाबाद आदि नारों से गुंजायमान कर दिया। जैसे ही आयोजन स्थल की ओर उनके कदम बढ़े, वहां मौजूद पार्टी के वरीय साथी और बड़े व बुजुर्गो का पैर छू, उन्हें माला और अंग वस्त्र देकर सम्मानित आशीर्वाद लिया। इसी बीच में मुख्य भवन में श्री यादव पहुंचे। मंच का संचालन पूर्व डिप्टी मेयर रूपनारायण मेहता ने किया। यहां सामाजिक, व्यापारिक और पटना साहिब विधानसभा क्षेत्र के भाजपा कार्यकताओं की ओर से विधानसभा अध्यक्ष का अभिनंदन समारोह का आयोजन किया गया था। इसमें पटना सिटी व्यापार मंडल के अध्यक्ष प्रदीप सिंह व अवधेश सिन्हा, महानगर के महासचिव विनय केसरी, प्रो दिनेश पटेल, हरिमंदिर गली व्यवसायी संघ के प्रदीप काश, लोकहित सेवा संस्थान के सचिव प्रभात वर्मा, मुकेश चित्रांश, डॉ एसए कृष्णा, पाटलिपुत्र परिषद के अध्यक्ष डॉ त्रिलोकी प्रसाद गोलवारा, महासचिव संजीव यादव, मारवाड़ी सेवा समिति से संजीव देवड़ा, मारूफगंज व्यावसायिक संघ की ओर से मनोज केसरी, मंसूरगंज व्यावसायिक संघ की ओर से संजय कुमार, पूर्व उपमहापौर संतोष मेहता, पूर्व पार्षद धर्मेंद्र प्रसाद मुन्ना, लल्लू शर्मा, स्मिता रानी, सीता सिन्हा, किरण शंकर, प्रदेश प्रवक्ता प्रभाकर मिश्र, प्रवक्ता राजेश साह, जयकृष्ण प्रसाद चंद्रवंशी, महिला मोर्चा में सरोज जायसवाल, कांति केसरी, शशि बल्दिहार, हेमलता शर्मा, निशा मेहता, सुनीता गुप्ता, अनिता पांडेय,

मीना शर्मा, ज्योति गुप्ता, साधना राव, हरेंद्र चंद्रवंशी, विनय कुमार बिट्ठू, राजू चंद्रवंशी, अनुराग मिश्र, सुरेश सिंह पटेल, रंजीत कुमार, शिव यादव, नवल किशोर सिन्हा, राजकुमार चंद्रवंशी, विनय कुमार, महेश पासवान, राजू जायसवाल, प्रेम निषाद, शंकर जायसवाल, अधिवक्ता सागर उज्जवल, गौरी शंकर मंदिर न्यास के सचिव विश्वनाथ चौधरी, संतोष जायसवाल, पार्षद किरण मेहता, पटना महानगर युवा मोर्चा अध्यक्ष मयंक कुमार जायसवाल, सन्नी यादव, जिला मंत्री गुंजन कुमार, यश राज, मुरारी कुमार, कौशल अम्बष्ठ, वार्ड पार्षद किरण मेहता, तारा देवी, विनय कुमार बाला, अंजली राय के अलावा पंकज कुमार, अशोक कुमार मेहता, आकाश कुमार केसरी, बटुक कुमार, फैयाज अली काजमी, मनोज यादव, लल्लू शर्मा, पिंकू यादव आदि थे।

प्राण प्रतिष्ठा के पूर्व निकाला गया कलश शोभायात्रा

प्रात :किरण संवाददाता

पटना सिटी। मेहंदीगंज स्थित प्राचीन ठाकुरबाड़ी मंदिर में श्री रामजानकी मूर्ति का प्राण-प्रतिष्ठा एवं श्री मद्भभागवत कथा ज्ञान महायज्ञ होने जा रहा है। इसे लेकर महावीर घाट से कलश में गंगाजल भर कर 501 महिलाओं ने कलश यात्रा निकाला। अशोक राजपथ होते हुए यह आयोजन स्थल तक पहुंचा। कार्यक्रम के मुख्य यजमान महंथ आंनद भगत थे।

उनके मार्गदर्शन में कलश यात्रा एवं मूर्ति प्राण-प्रतिष्ठा का आयोजन बाबा मंजीत मिश्र की देखरेख में हो रहा है, जहां पहले दिन श्री गणेश की आराधना करते हुए भंडारा का आयोजन किया गया। प्राण प्रतिष्ठा के बाद 22 फरवरी से भागवत कथा ज्ञान महायज्ञ में हरियाणा के संत श्री राज दास जी महाराज कथा करेंगे यह अनुष्ठान 28 फरवरी तक चलेगा दूसरी और शक्तिपीठ श्री बड़ी पटन देवी गढ़ा मंदिर में सत्य चंडी महायज्ञ का अनुष्ठान आचार्य राजेंद्र भार्गव की देखरेख में हुआ पुजारी अचार्य बबलू पांडे ने बताया कि रविवार को यज्ञ की पूणार्हुति के बाद भंडारा होगा वही कंगन घाट पर शनि शांति महायज्ञ अनुष्ठान चल रहा है। यह 22 फरवरी तक चलेगा।

छात्र ने की खुदकुशी, पटना में रह कर रहा था पढ़ाई

प्रात :किरण संवाददाता

पटना सिटी। बहादुरपुर थाना क्षेत्र के रामकृष्ण कॉलोनी स्थित एक लॉज में छात्र ने फांसी लगा कर खुदकुशी कर ली। पुलिस ने शव का पंचनामा कर पोस्टमार्टम कराया। इसके बाद शव परिजनों को सौंप दिया गया। सुसाइड का कारण स्पष्ट नहीं हो सका है। पुलिस यूडी केस दर्ज कर मामले की छानबीन कर रही है। शुक्रवार की रात मनोज कुमार रामकृष्ण कॉलोनी स्थित मनोज के मकान में संचालित लॉज में एक छात्र की खुदकुशी करने की सूचना बहादुरपुर थाना की पुलिस को मिली। अंदर से कैमरा बंद होने के कारण पुलिस ने खिड़की तोड़कर अंदर देखा तो छात्र गमछा की मदद से फंदे से झूल रहा था। शव को पंचनामा कर पोस्टमार्टम के लिए भेजा गया। बहादुरपुर थानाध्यक्ष पूणेर्दू कुमार ने बताया कि मृतक छात्र खगड़िया जिले के अलौली थाना क्षेत्र के रहने वाले रविंद्र सिंह का 23 वर्षीय पुत्र दिवाकर सिंह के रूप में हुई। दिवाकर लॉज में रह कर प्रतियोगिता परीक्षा की तैयारी करता था। वह बीए फाइनल ईयर का छात्र था। देर रात ही पुलिस ने मृतक छात्र के परिजनों को घटना की सूचना दे दी थी। पुलिस ने छात्र के कमरे को भी खंगाला, लेकिन ऐसा कुछ नहीं मिल पाया, जिससे खुदकुशी का कारण पता चल सके।

मृतक के फूफा नित्यानंद सिंह और चचेरे भाई राहुल कुमार ने शुक्रवार की देर रात लॉज के छात्रों और पुलिस से घटना की सूचना मिलने के बाद पहुंचे। परिवाल के लोग भी यह नहीं समझ पा रहे हैं कि दिवाकर ने किस कारण से खुदकुशी किया। बहादुरपुर थानाध्यक्ष ने बताया कि यूडी केस दर्ज कर मामले की छानबीन की जा रही है। मृतक का मोबाइल पुलिस ने जांच को रखा है।

नया वोटर लिस्ट बनाने के जारी पत्र को रद्द करने का महासचिव पर दबाव

हो रहा पांच निर्वाचन क्षेत्र से विरोध, तैयार मतदाता सूची पर जल्द चुनाव कराने की मांग

पटना सिटी, प्रात :किरण संवाददाता

प्रबंधक कमेटी, तख्तश्री हरिमंदिर जी पटना साहिब का नए सिरे से मतदाता सूची बनाए जाने और पांच निर्वाचन क्षेत्र के लिए हर निर्वाचन क्षेत्र को नई टीम के का गठन किए जाने का लगातार विरोध का स्वर जारी है। गुरुद्वारा श्री गुरु सिंह सभा, गोविंद नगर चितकोरा के अध्यक्ष जगजीवन सिंह ने भी महासचिव को संबोधित पत्र भेजा है। इसमें कहा गया है कि 10 फरवरी को पत्रांक टीपीएस 3/212/24 को रद्द किया जाए। कहा गया कि पांच निर्वाचन क्षेत्र का वोटर लिस्ट फिर तैयार करने के लिए टीमों का गठन करने का एक पत्र जारी किया गया है। इसे देखने के बाद साफ नजर आ रहा है कि पत्र जारी करने वाले सदस्यगण अपने करीबी उम्मीदवारों को लाभ पहुंचाने और चुनाव में उनकी जीत दिलाने की नीयत से यह किया गया है। इसलिए नए आदेश को रद्द करने और तैयार मतदाता सूची के आधार पर चुनाव प्रक्रिया को आगे बढ़ने का काम किया जाए। वहीं पटना के हलका संख्या-2 के प्रत्याशी और वर्तमान में कमेटी के सचिव हरबंश सिंह ने भी पत्र लिखकर अध्यक्ष और उनके कुछ सदस्यों के साथ मिलकर पांच निर्वाचन क्षेत्र की वोटर लिस्ट फिर से तैयार करने के लिए जो टीम का गठन किया गया है, उसे देखने के बाद साफ लग रहा है कि पत्र जारी करने वाले सदस्यगण अपने करीबी उम्मीदवारों को लाभ पहुंचाने और चुनाव में जीत दिलाने के लिए ही यह सब कारित किया गया है। इसलिए उस पत्र को रद्द किया जाए और तैयार मतदाता सूची के आधार पर चुनाव प्रक्रिया को आगे बढ़ाया जाए। वहीं केंद्रीय गुरुद्वारा प्रबंधक कमेटी जमशेदपुर के अध्यक्ष भगवान सिंह ने भी अध्यक्ष जगजोत सिंह सोही और महासचिव इंद्रजीत सिंह को संबोधित पत्र भेजा है। इसमें भी कहा गया है कि समाचार पत्रों के माध्यम से पता चला है कि नया वोटर लिस्ट बनाने के लिए पांच निर्वाचन क्षेत्र के लिए नई टीम का गठन किया गया है।

इसमें महासचिव या अन्य पदाधिकारियों की सहमति नहीं ली गई है। एक पक्ष विशेष को लाभ पहुंचाने के लिए गठित इस टीम का विरोध यहां के सभी सिख संगत और गुरुद्वारा सिंह सभा के द्वारा किया जाता है। इस पत्र को रद्द किया जाए और तैयार मतदाता सूची को निर्वाचन प्राधिकार को भेज कर उस आधार पर चुनाव कराया जाए। इधर पटना के हलका संख्या एक से प्रत्याशी की दौड़ में शामिल रणवीर सिंह लांबा उर्फ दीपक लांबा ने भी महासचिव को पत्र भेजते हुए कहा है कि कमेटी के अध्यक्ष जगजोत सिंह सोही ने नया वोटर लिस्ट बनाने के लिए जो आदेश जारी किया है, वह असंवैधानिक एवं अपने कुछ चाटुकारों को फायदा पहुंचाने की नीयत से किया गया है। यह सब चुनाव को टालने और चुनाव नहीं होना देना चाहते हैं। लोगों को पता है कि यह लोग कमेटी में मेंबर बन कर नहीं आ सकते हैं, इसलिए यह सब मिलकर अनैतिक एवं असवैधानिक आदेश जारी कर रहे हैं। पिछले दिनों ही चुनाव से संबंधित कार्य वोटर लिस्ट बनाना, दावा-आपत्ति का निष्पादन सब काम एसडीओ के द्वारा प्रतिनियुक्त मजिस्ट्रेट की मौजूदगी में की गई है। यही नहीं, सभी पांच निर्वाचन क्षेत्र के वर्तमान प्रतिनिधि और चुनाव लड़ने के उत्सुक लोगों की भी सहमति से मतदाता सूची तैयार किया गया है। इसके बाद भी अध्यक्ष और उनके कुछ चहेते चुनाव को लंबा खींचने की नीयत से नए मतदाता सूची तैयार करने की साजिश कर अपने लोगों को जिताने के लिए षड्यंत्र कर रहे हैं। इसलिए अध्यक्ष के द्वारा जारी पत्र को महासचिव निरस्त करें और तैयार मतदाता सूची के आधार पर जल्द चुनाव कराए जाने की दिशा में कम करें।

छात्रों को सीखने-सिखाने में उपयोग होने वाला यंत्रों का एससीईआरटी में मेला

पटना सिटी, प्रात :किरण संवाददाता

बिहार शिक्षा शोध एवं प्रशिक्षण परिषद, महेंद्रू के परिसर में दो दिवसीय राज्यस्तरीय निपुण टीएलएम मेला लगाया गया। इसका उद्घाटन एसपीडी, बीईपीई, निदेशक प्राथमिक शिक्षा, संयुक्त निदेशक एससीईआरटी, उप निदेशक शोध एवं प्रशिक्षण एवं एफएलएन नोडल पदाधिकारी सह विभागधायक्ष शिक्षा मनोविज्ञान संयुक्त रूप से दीप जला कर किए। इस मेला के उद्घाटन में मुख्य अतिथि बी कार्तिकेय धनजी, राज्य परियोजना निदेशक, बिहार शिक्षा परियोजना परिषद और विशिष्ट अतिथि मिथिलेश मिश्र, निदेशक, प्राथमिक शिक्षा थे।

मेला के उद्घाटन सत्र में श्री धनजी ने बताया की इस मेला का उद्देश्य एनसईएफ-एफएस में कम लागत के शिक्षण सामग्रियों को बच्चों तक पहुंचाने की बात पर जोर दिया गया है। यह टीएलएम मेला इस कड़ी में एक शुरूआत है। वे उम्मीद करते हैं कि इससे राज्य के सभी विद्यालयों के शिक्षक टीएलएम का प्रभावी इस्तेमाल करने के लिए प्रेरित होंगे। शिक्षकों के टीएलएम निर्माण के लिए मेला में सम्मिलित हुए सभी शिक्षकों और आयोजकों को उन्होंने बधाई दी। निदेशक, प्राथमिक शिक्षा ने सभी टीएलएम स्टालों का भ्रमण किया और शिक्षकों के प्रयास की सराहना की। उन्होंने बताया कि यह सारा प्रयास बच्चों के सीखने-सिखाने के नवाचार के साथ-साथ उनकी जिज्ञासा को जगाना भी है। संयुक्त निदेशक (डायट), एससीईआरटी डॉ रश्मि प्रभा ने बताया कि गांधी मैदान में हर साल कृषि यंत्रों का मेला लगता है, जिसमें किसानी में उपयोग किए जाने वाले यंत्रों की प्रदर्शनी लगती है। इसी तरीके से यह भी बच्चों के सीखने-सिखाने में उपयोग होने वाला यंत्रों का एक मेला है। इन यंत्रों की उपयोगिता ही इनको सार्थक करती है। अलग-अलग स्टालों में प्रदर्शित यंत्रों को जीवंत करने की जिम्मेदारी आप शिक्षकों की ही है। यह मेल एक शुरूआत मात्र है, जिसे हर वर्ष आयोजित किया जाएगा। धन्यवाद ज्ञापन विभागाध्यक्ष और एफएलएन के नोडल डॉ विभा रानी ने दिया। इस राज्य स्तरीय निपुण मेला के आयोजन में तकनीकी सहयोग इंडिया पार्ट्नरशिप फॉर अर्ली लर्निंग ने दिया। इसमें एससीईआरटी के सभी विभाग के विभागाध्यक्ष, संकाय/प्रतिनियुक्त संकाय, शिक्षकगण एवं आईपीईएल की टीम और अन्य सहयोगी सीएसओ पार्टनर के सदस्य मौजूद थे।

पांच फरवरी को एग्रीमेंट के कारण सैदपुर नहर पर रोड पाटने का काम

पटना सिटी, प्रात :किरण संवाददाता

पाटलिपुत्रा नगर विकास समिति के अध्यक्ष बबलू कुमार ने सैदपुर नाला को पाट कर रोड बनाने के कार्य को देखने पहाड़ी पर गए। यहां विभागीय बुडको के कार्यपालक अभियंता अशोक कुमार से होने के बाद बात हुई। उन्होंने बताया कि यह कार्य जॉइंट ग्रुप सुधाकर इंफ्रास्ट्रक्चर प्रालि, हैदराबाद और आरआर इंटरप्राइजेज, पटना को दिया गया है। बबलू कुमार ने कार्य की धीमी शुरूआत पर चिंता जताते हुए कहा कि डेढ़ साल में कार्य पूरा करने की बात हुई थी, पर इस धीमी शुरूआत से 18 महीने में काम का पूरा होना संभव नहीं है। इस पर अभियंता ने कहा कि कंपनी का एग्रीमेंट सरकार से पांच फरवरी को होने के कारण लेट हुआ। यह पूछने पर कि सैदपुर के पास जब शिलान्यास हुआ, तो काम की शुरुआत उधर से क्यों नहीं किया गया, इस पर कार्यपालक अभियंता ने कहा कि यहां से कार्य का ट्रायल हो रहा है। उनकी टीम चार जगहों पर टीम बना कर कार्य करेगी। जल्द कार्य की शुरूआत सैदपुर की ओर से की जाएगी। उन्होंने समिति के सवालों का जवाब दिया। बबलू कुमार ने कार्यपालक अभियंता से कहा कि चूंकि यह कार्य समिति और स्थानीय नागरिकों के लंबे आंदोलन के बाद मुख्यमंत्री ने एक अच्छा सौगात यहां के लोगों को दिया है, इसलिए समिति चाहती है कि कार्य का सुपरविजन स्थानीय चुनिंदा लोगों की देखरेख मे हो। स्थानीय लोगों के साथ भी बैठक हो। सुपरवाइजर के द्वारा हो रहे कार्य को भी दिखलाया गया।

तारेगना स्टेशन का सौंदर्यीकरण का जायजा लेने पहुंचे जीएम

प्रात :किरण संवाददाता

मसौढी। अमृत भारत स्टेशन योजना के तहत पटना गया रेलखंड के तारेगना रेलवे स्टेशन का सौंदर्यीकरण का काम जोर-जोर से चल रहा है, ऐसे में चल रहे निर्माण कार्य का जायजा लेने शुक्रवार को हाजीपुर रेल मंडल के अनिल कुमार खंडेवाला, एडीआरएम आधार कुमार अपने पूरे दलबल के साथ तारेगना रेलवे स्टेशन पहुंचे। इससे पहले नव निर्माणाधीन डुमरी जंक्शन पर उतरकर निर्माण कार्य का जायाज लिया और अपने अधीनस्थ अधिकारियों को कई दिशा निर्देश दिए।उसके बाद तारेगना रेलवे स्टेशन पर पहुंचकर चल रहे निर्माण कार्य का जायजा लेते हुए अपने अधीनस्थ पदाधिकारी को इस संबंध में दिशा निर्देश दिये, वही मीडिया से मुखातिब होते हुए कहा कि बहुत जल्द तारेगना अत्याधुनिक सुविधाओं से लैस होगा, जहां पर यात्रियों की सुविधाओं के लिए कई तरह के कार्य किए जाएंगे, फुट ओवर ब्रिज, रेलवे ओवरब्रिज, विकलांग वृद्धजनो को चढ़ाने के लिए फेडरल सीढी, समेत कई सुविधाओं से लैस किए जाएंगे। तकरीबन 20 करोड़ की लागत से अमृत भारत स्टेशन योजना के तहत तरेगना रेलवे स्टेशन का सौंदरीकरण किया जा रहा है। इसके साथ ही तारेगना रेलवे दक्षिणी गुमटी के पास बन रहे आरोबी का जायजा लिया जहाँ टेक्निकल टीम के साथ किए गए ग्राफ डिजाइनिंग का अवलोकन किया। मौके पर दैनिक रेलवे यात्री संघ के सचिव नागेंद्र नाथ शर्मा ने यात्रियों की मूलभूत है सुविधाओं से संबंधित13 सूची मांग का ज्ञापन जीएम को सौंपा जिसमे करोना काल के बाद से विभिन्न होल्टो पर बंद हुए ठहराव को शुरू करने, टिकट भाड़ा मे हुई वृद्धि को कम करने,पटना से 100 किलोमीटर की दूरी पर उपनगरी क्षेत्र में इसे जोडने,वरिष्ठ नागरिकों के लिए रियायती दर पर टिकट की व्यवस्था करने,का जीएम अनिल खंडवाल ने आश्वासन दिया कि जल्द ही इन सभी विचारों किया जाएगा।

प्राचार्य ने छात्र दरबार लगा समस्या जानी व बताए कार्य

पटना सिटी (प्राकि)। आरपीएम महाविद्यालय में प्राचार्या के साथ छात्र दरबार लगाया गया। इसमें छात्राओं ने अपनी समस्या एवं सुझाव प्राचार्या के समक्ष रखा। छात्राओं ने सेनेटरी नैपकिन के डिस्पेंसर और डिस्पोजल, सेकेंड सेमेस्टर में एमआईएल, एसईसी एवं वीएसी की कक्षाओं का संचालन इत्यादि की बात रखी। प्राचार्या डॉप्रो पूनम ने अपने संबोधन में पुस्तकालय में रीडिंग रूम, रूटीन अपने बैग में रखने, सेनेटरी नेपकिन मशीन लगाने, कैंटीन से पौष्टिक नाश्ता करने, पुअर टीचिंग सेल के बारे में विस्तार से जानकारी दी। रीना कुमारी, खुशी कुमारी, प्राची कुमारी, सुहानी, मधु, सोनाली, प्रियंका आदि छात्राओं ने अपने विचार रखे। छात्र दरबार का संचालन राजनीति शास्त्र की डॉ नीना कुमारी ने किया।

जेल से रंगदारी मांगने वाले गिरोह का उद्भेदन, पांच गिरफ्तार

प्रात :किरण संवाददाता

हाजीपुर। वैशाली पुलिस ने कलकत्ता जेल से रंगदारी मांगने वाले अंतर प्रांतीय गिरोह का उद्वेदन करते हुए गिरोह के पांच सदस्यों को आग्नेयास्त्रों के साथ गिरफ्तार किया है।पुलिस ने हाजीपुर के विशाल ट्रेड के मालिक राजेश्वर राय से 25 लाख रुपया रंगदारी मांगने मामले सहित रंगदारी के कई मामले का सफल उद्भेदन कर दिया है। वैशाली एसपी कार्तिके शर्मा ने आज प्रेसवार्ता कर जानकारी दिया कि विगत 4 फरवरी को व्हाट्सएप कॉल के माध्यम से कलकत्ता जेल में बंद अपराधी निरंतक सिंह द्वारा विशाल ट्रेड के मालिक राजेश्वर राय से 25 लाख रुपया रंगदारी मंगा गया इसके पूर्व में भी इस गैंग द्वारा रीता पैलेस ,गणपति ट्रेड्स, गणपति पेंट भंडार के मालिक से मोटी रकम की रंगदारी मांग की गई थी। इस मामले मे सदर एसडीपीओ के नेतृत्व में टीम गठित की गई थी। सीसीटीवी फुटेज तकनीकी अनुसंधान के आधार पर पांच अपराधियों को दो देसी कट्टा दो जिंदा कारतूस एवं दो मोबाइल के साथ गिरफ्तार कर न्यायिक हिरासत में भेजा गया । गिरफ्तार अपराधियों में सदर थाना क्षेत्र के इस्माइलपुर गांव निवासी गणेश ठाकुर के पुत्र नवीन कुमार, सनातन ठाकुर के पुत्र शुभम कुमार, बिशनपुर बलाधारी निवासी बलराम पटेल के पुत्र संजीव कुमार, चकनूर निरंतक सिंह के खिलाफ दर्जनों केस है। गांव निवासी सुरेंद्र राय का पुत्र शिबू कुमार, बलवा कुंवारी गांव निवासी शिवकुमार के पुत्र शवेतकुमार शामिल है।

डॉ. सी वी रमण विश्वविद्यालय द्वारा प्लेसमेंट ड्राइव का आयोजन

हाजीपुर। डॉ० सी० वी० रमण विश्वविद्यालय द्वारा प्लेसमेंट ड्राइव का आयोजन किया गयो यह केंपस ड्राइव विश्वविद्यालय के अभियांत्रिकी विभाग के अंतिम सत्र में अध्यनरत छात्रों के लिए आयोजित की गई थी। कुल 35 अभ्यर्थी इस आयोजन में साक्षात्कार हेतु उपस्थित हुऐ जिसमें अमरजीत कुमार, सुमित कुमार, पंकज कुमार, अंकित कुमार, विशाल कुमार झा सहित कुल 28 छात्रों को चयनित किया गया है कंपनी के एचआर स्नेहल देबद्वार ने सभी छात्रों को तारीफ करते हुए कहा कि जैसा मैंने सोचा था उससे कहीं ज्यादा ही बेहतर इस विश्वविद्यालय के छात्र है उन्होंने कहा कि वें नियुक्ति हेतु लगातार इस विश्वविद्यालय को चुनना पसंद करेंगे विश्वविद्यालय कुलसचिव डॉ० ब्रिजेश सिंह ने दाना इंडिया को प्लेसमेंट ड्राइव में सम्मलित होने हेतु धन्यवाद दिया तथा सभी चयनित छात्रों के उज्जवल भविष्य हेतु शुभकामनायें भी दी।

जनसंघर्ष मोर्चा का धरना कल

प्रात :किरण संवाददाता

पटना सिटी (प्राकि)। जन संघर्ष मोर्चा की बैठक मानस पथ स्थित निजी स्कूल में हुआ। इसमें सैदपुर पहाड़ी नाला में गिर कर मृत्यु हो जाने वाले व्यक्ति के परिवार के एक सदस्य को सरकारी नौकरी एवं 10 लाख का मुआवजा एवं सैदपुर पहाड़ी नाला को आशियाना नगर नाला की तरह पूर्णरूपेण ढंक कर समय-सीमा के अंदर सड़क बनाने के मांग को लेकर 19 फरवरी को महाधरना की तैयारी एवं सफल बनाने के लिए चर्चा की गई। इसकी अध्यक्षता पूर्व पार्षद बलराम चौधरी और संचालन मो जावेद ने किया। बैठक में निर्णय लिया गया कि सोमवार को धरना एवं सिटी एसडीओ को ज्ञापन दिया जाएगा। बैठक में मोर्चा के अध्यक्ष प्रदीप मेहता, महासचिव उमेश पंडित, देवरत्न प्रसाद, प्रवक्ता डॉ इकबाल अहमद, गुलाम सरवर, मो कैसर, मो शमीम अख्तर, अनूप कुमार सिंह, शरीफ रंगरेज, हिदायत अहमद, राजेश रजक, छोटू राम आदि उपस्थित थे।

भारत स्काउट एवं गाइड द्वारा एक दिवसीय कार्यशाला का आयोजन

प्रात :किरण संवाददाता

हाजीपुर।भारत स्काउट एवं गाइड वैशाली द्वारा एक दिवसीय कार्यशाला का आयोजन संत जॉन्स एकेडमी एसडीओ रोड हाजीपुर में आयोजित हुआ। कार्यशाला का उद्घाटन भारत स्काउट एवं गाइड के जिला संगठन आयुक्त ऋतुराज , विद्यालय के निदेसिका मारिया जोस एव डॉ रोनी जोस ने संयुक्त रूप से किया। कार्यशाला में संत जॉन्स एकेडमी से जुड़े स्काउट गाइड एवं कब बुलबुल सहित विद्यालय के प्लास्टिक वॉरियर्स टीम के छात्राओं ने भाग लिया।

कार्यक्रम का संचालन स्काउट गाइड प्रभारी शिक्षिका अलका श्री ने किया। इस मौके पर जिला संगठन आयुक्त ऋतुराज ने कहा कि वर्तमान समय में देश तथा समाज का भविष्य छात्र युवाओं पर निर्भर करता है। यदि युवा सकारात्मक कार्य में अपनी सहभागिता निभाते हैं तो बेहतर समाज का निर्माण होगा। उन्होंने युवाओं का आह्वान करते हुए कहा कि आप लोगों के कंधे पर देश का भविष्य है। अपनी इस उर्जा को सही दिशा में लगाएं। यदि आप भटक जाएंगे तो समाज बर्बाद हो जाएगा। वही जवाहर नवोदय विद्यालय के स्काउट शिक्षक पर राजेश प्रसाद ने युवाओं के लिए संचालित योजनाओं की चर्चा करते हुए कहा कि युवाओं को हुनरमंद बनाने के उद्देश्य से कौशल विकास केंद्र का संचालन किया जा रहा है। इसके माध्यम से तकनीकी ज्ञान हासिल कर रोजगार हासिल किया जा सकता है।

इस मौके पर विद्यालय के उत्कृष्ट स्काउट गाइड एवं कब बुलबुल को पुरस्कृत किया गया। इस मौके पर रंजन कुमार सिंह, मकेत कुमार, निशि चंद्रवंशी, अंजली कुमारी साहित सभी शिक्षक शिक्षिका उपस्थित थे।अंत में धन्यवाद ज्ञापन विद्यालय की शिक्षक सौरभ शांडिल्य ने किया।

स्वास्थ्य शिविर आज

प्रात :किरण संवाददाता

पटना सिटी (प्राकि)। मारवाड़ी सेवा समिति पटना सिटी एवं बिग अपोलो स्पेक्ट्रा हॉस्पिटल के द्वारा रविवार को मिरचाई गली स्थित श्री नारायणी विवाह भवन में श्री राणी सती दादी मंदिर के परिसर में स्वास्थ्य जांच शिविर का आयोजन किया गया है। समिति के अध्यक्ष संजीव देवड़ा ने बताया कि इसमें डॉ विजय प्रकाश, डॉ विजय चौधरी, डॉ पवन कुमार, हड्डी के डॉ कमलेश कुमार, हृदय रोग के डॉ राणा परवीन, स्त्री रोग एवं जनरल सर्जन विशेषज्ञ द्वारा मरीजों को देखा जाएगा। शिविर में निशुल्क ईसीजी, ब्लड शुगर, बीपी एवं अन्य प्रकार की जांच की जाएगी।

केंद्रीय विद्युत एवं नवीकरणीय ऊर्जा मंत्री का बिहार दौरा

प्रात :किरण संवाददाता

पटना। केंद्रीय विद्युत एवं नवीन एवं नवीकरणीय ऊर्जा मंत्री श्री आर. के.सिंह 19 एवं 20 फरवरी को पटना और भोजपुर के दो दिवसीय दौरे पर रहेंगे। केन्द्रीय मंत्री 19 फरवरी, 2024 (सोमवार) को देर शाम विमान सेवा से नई दिल्ली से पटना आयेंगे और पटना से सड़क मार्ग से आरा जायंगे। 20 फरवरी, 2024 (मंगलवार) को केंद्रीय विद्युत एवं नवीन एवं नवीकरणीय ऊर्जा मंत्री श्री आर.के.सिंह आरा में स्थानीय कार्यक्रमों में भाग लेंगे । केन्द्रीय मंत्री अपराहन तीन बजे महुलीघाट, आरा जेटी का आधारशिला रख्नेगे और क्विक पोंटून ओपनिंग मैकेनिज्म का उद्घाटन करेंगे। साथ ही शाम छः बजे आरा स्टेशन पर ट्रेन आरा-दुर्ग साउथ बिहार एक्सप्रेस को हरी झंडी दिखायेंगे ।

विकसित भारत व मोदी की गारंटी होगा चुनाव का मुद्दा : भाजपा

बिहार भाजपा के पदाधिकारियों को मिला पीएम सहित अन्य केन्द्रीय नेताओं का मार्गदर्शन

- आने वाले 100 दिनों में सीधे बूथ को टारगेट करें
- मतदाताओं को बताएं सरकार की उपलब्धियां
- फर्स्ट टाइम वोटर और महिलाओं को करें लक्ष्य
- 2014 के पहले और बाद के भारत का बतायें फर्क

प्रात : किरण संवाददाता

पटना। नई दिल्ली में आयोजित राष्ट्रीय अधिवेशन से पहले दिन शनिवार की सुबह बिहार भाजपा के पदाधिकारियों को आगामी लोकसभा चुनाव के मद्देनजर प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी, केन्द्रीय गृहमंत्री अमित शाह, रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह और राष्ट्रीय अध्यक्ष जे पी नड्डा सहित अन्य केन्द्रीय नेताओं का मार्गदर्शन मिला। इस बैठक में बिहार के प्रदेश अध्यक्ष सह उपमुख्यमंत्री सम्राट चौधरी, क्षेत्र संगठन मंत्री नागेन्द्र जी, संगठन महामंत्री भीखूभाई दलसानिया, कलस्टर प्रभारियों व पूर्व मंत्री मंगल पाण्डेय, प्रदेश उपाध्यक्ष संजय खंडेलिया,सिद्धार्थ शंभू,राजेन्द्र सिंह,सरोज रंजन पटेल,प्रदेश मंत्री संतोष रंजन राय,बिक्रम सिंह और रत्नेश कुशवाहा, विधायक ई.शैलेन्द्र, राणा रणधीर, पींकी कुशवाहा और जीवेश मिश्रा आदि वरीय पदाधिकारी शामिल हुए। बिहार भाजपा के पदाधिकारियों को सम्बोधित करते हुए प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने कहा कि भाजपा कार्यकर्ता हर एक वोटर को 2014 के पहले और बाद के भारत के बारे में बताएं। फर्स्ट टाइम वोटर के पास भाजपा कार्यकर्ता पूरी ताकत से जाएं और उनसे सम्पर्क कर पहले और आज के भारत का फर्क समझाएं। उन्होंने कहा कि महिला वोटर हमारे लिए केवल वोटर नहीं बल्कि सम्मान की पात्र हैं। उनसे सघन सम्पर्क कर केन्द्र सरकार के कार्यों से उन्हें अवगत कराएं। श्री मोदी ने कहा कि विपक्ष इस चुनाव में तू-तू-मैं-मैं की राजनीति ज्यादा करेगा। मगर गरीब कल्याण को लेकर हमारा कम्पेन चलेगा। विकास और दुनिया में भारत को उच्च स्थान पर प्रतिष्ठापित करना हमारा मुद्दा होगा। विगत 10 वर्षों में भ्रष्टाचार मुक्त और आरोपमुक्त तथा विकास के प्रतीक के तौर केन्द्र सरकार की जो छवि रही है, उसके आधार पर चुनाव अभियान को केन्द्रित करना है। इस मौके पर भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष जे. पी. नड्डा ने कहा कि गांव सम्पर्क अभियान के तहत हम देश के 7.5 लाख गांवों तक पहुंचने में सफल रहे हैं। देश के 10 लाख 46 हजार बूथों में से 8.5 लाख बूथों पर सम्पर्क करने में हमें सफलता मिली है। सबका साथ, सबका विकास के ध्येय के साथ गरीब, युवा, महिला और किसानों तक हमने केन्द्र सरकार की उपलब्धियों को पहुंचाया है। उन्होंने कहा कि लोकसभा प्रवास कार्यक्रम के तहत विगत चुनाव में हारे उन 161 लोकसभा क्षेत्रों में केन्द्रीय मंत्रियों के 430 से अधिक प्रवास आयोजित किए गए हैं। इस बार इनमें से काफी सीटें जीतने में भाजपा कामयाब होगी। महिलाओं के स्वयं सहायता ग्रुप और एनजीओ के ग्रुप के साथ भी बड़े पैमाने पर सम्पर्क अभियान चलाना है। आने वाले 100 दिनों में भाजपा कार्यकर्ता सीधे बूथ को टारगेट कर विकास की बातें जन-जन तक पहुंचाएं।

सत्ता में आने पर किसानों को दी जाएगी एमएसपी की कानूनी गारंटी : कांग्रेस

केन्द्र की गलत नीतियों से देश की अर्थव्यवस्था चौपट : उदित

प्रात : किरण संवाददाता

पटना। कांग्रेस के राष्ट्रीय प्रवक्ता सह असंगठित कामगार एवं कर्मचारी कांग्रेस के राष्ट्रीय चेयरमैन डॉ उदित राज ने केन्द्र की मोदी सरकार पर जमकर हमला बोला है। शनिवारको प्रदेश कांग्रेस मुख्यालय में आयोजित प्रेस वार्ता को संबोधित करते हुए कहा कि केंद्र में कांग्रेस की सरकार बनने पर स्वामीनाथन कमीशन की रिपोर्ट के अनुसार किसानों को फसल पर न्यूनतम समर्थन मूल्य की कानूनी गारंटी दी जाएगी। इससे 15 करोड़ किसान परिवारों की समृद्धि सुनिश्चित होगी; न्याय के पथ पर यह कांग्रेस की पहली गारंटी है। हम शांतिपूर्वक दिल्ली कूच कर रहे किसानों को रोकने के लिए मोदी सरकार द्वारा रास्ते रोकने और बल प्रयोग की कड़ी भर्त्सना करते हैं। हमारा सीधा आरोप है कि केंद्र सरकार ने एमएसपी के मुद्दे पर किसानों से झूठ बोला एवं वादाखिलाफी की, जिसके लिए प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी को देश से माफी माँगनी चाहिए। मोदी सरकार ने देश की अर्थव्यवस्था को तबाह कर दिया। दस साल के कार्यकाल में मोदी सरकार ने सिर्फ देश की अर्थव्यवस्था को बर्बाद करने का काम किया है। मोदी सरकार का पिछले दस साल का कार्यकाल देश पर अन्याय काल रहा। आज महंगाई आसमान छू रही है और बेरोजगारी चरम पर है। हर साल दो करोड़ नौकरियों के वादे के विपरीत केंद्रीय सरकार के कर्मचारियों की संख्या घटी है, करीब 30 लाख सरकारी पद खाली पड़े हैं। अमेरिकी डॉलर के मुकाबले भारतीय रुपये का मूल्य रिकॉर्ड निचले स्तर पर गिर गया है। सार्वजनिक क्षेत्र के बैंकों का सकल एनपीए लगभग सात गुना बढ़ गया है। गलत आर्थिक नीतियों के परिणामस्वरूप 2016 से जीडीपी वृद्धि में लगातार गिरावट आई। कहा कि यूपीए सरकार में पेट्रोल की कीमत 71 रुपये प्रति लीटर थी, वहीं कच्चे तेल के सस्ते हो जाने के बावजूद मोदी सरकार में पेट्रोल की कीमत 96 रुपये प्रति लीटर के पार है। यूपीए सरकार में डीजल की कीमत 57 रुपये प्रति लीटर थी, वह आज 90 रुपये पर पहुंच गई है। यूपीए सरकार में एलपीजी सिलेंडर की कीमत 400 रुपये थी आज सिलेंडर की कीमत एक हजार रुपए के पास है। आज किसान की औसत आय मात्र 27 रुपये प्रतिदिन है। मोदी किसानों के आंदोलन को दबाने के लिए जिस प्रकार की कारवाई केन्द्र सरकार द्वारा की जा रही है। वह अंग्रेजी शासन द्वारा अपनाए जाने वाली दमनकारी नीतियों की याद दिला रहा है। हमारा सवाल है कि देश के अन्नदाता प्रधानमंत्री और देश की सरकार से न्याय न मांगे, तो कहां जाएं। जब किसान आंदोलन पूरी तरह शांतिप्रिय है तो फिर किसान की राह में कीलें और कंटीली तारें क्यों बिछाई गयी हैं। प्रेस कॉन्फ्रेंस में कांग्रेस विधानमंडल दल के नेता डॉ शकील अहमद खान ब्रजेश पांडे, राजेश राठौड़ , ब्रजेश प्रसाद मुनन, आनंद माधव ,प्रमोद कुमार सिंह उपस्थित थे।

दरवाजा खोलकर दिवास्वप्न देख रहे हैं लालू प्रसाद : उमेश

प्रात : किरण संवाददाता

पटना। जदयू के प्रदेश अध्यक्ष उमेश सिंह कुशवाहा ने राजद प्रमुख लालू प्रसाद यादव द्वारा मुख्यमंत्री नीतीश कुमार को लेकर दिए गए बयान पर अपनी प्रतिक्रिया देते हुए कहा कि वे दरवाजा खोलकर दिवास्वप्न देख रहे हैं। उनका इस तरह का बयान देना उनकी हताशा को दर्शाता है। वे जब तक चाहें बाट जोह लें, उनके हाथ बस निराशा ही आएगी। उन्होंने कहा कि सच तो यह है कि दरवाजा स्वयं नीतीश कुमार ने राजद के लिए बंद किया है और अब वो कभी खुलने वाला नहीं। श्री कुशवाहा ने कहा कि मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने तेजस्वी यादव को दो-दो बार अपने साथ काम करने का मौका दिया, लेकिन उन्होंने इस मौके का सदुपयोग नहीं किया। अपनी आदतों से वे बाज नहीं आए। वे और उनके मंत्री अपने-अपने विभागों को कमाई का जरिया बनाकर चलना चाहते थे और नीतीश कुमार के रहते ये संभव नहीं था। अब एनडीए सरकार ऐसे सभी विभागों की जांच करेगी और दोषी बख्शे नहीं जाएंगे। श्री कुशवाहा ने आगे कहा कि बिहार में जातीय गणना हो, आरक्षण का दायरा बढ़ाकर 75 प्रतिशत करना हो, विभिन्न विभागों में लाखों नियुक्तियां हों, ये सब मुख्यमंत्री नीतीश कुमार के विजन और उनकी इच्छाशक्ति की बदौलत संभव हुआ। अब इन ऐतिहासिक कार्यों पर कोई दूसरा अपनी मुहर लगाने की कोशिश करे तो ये बात हास्यास्पद ही कही जाएगी। बिहार की जनता ने पिछले 18 वर्षों में अपने सच्चे हितैषी को अच्छी तरह पहचान लिया है। जो कोई उन्हें भरमाने की कोशिश करेगा, बिहार की जनता उसे करारा जवाब देगी।

गड़बड़ी करने वालों को हिसाब देना होगा : जदयू

- सरकार ना तो किसी को फंसाती है और ना ही बचाती है

प्रात : किरण संवाददाता

पटना। पिछली महागठबंधन की सरकार में अगर किसी ने अपने विभाग में फैसलों को लेकर गड़बड़ी की है तो उसका हिसाब उन्हें देना होगा और अगर किसी ने मंत्री पद पर रहते हुए गलत फैसले लिए हैं तो मुख्यमंत्री नीतीश कुमार की सरकार उन गलत फैसलों में संशोधन करेगी और उसे दुरुस्त करने का काम करेगी। जदयू प्रदेश कार्यालय में मीडिया से बात करते हुए पार्टी के पूर्व विधायक और प्रदेश प्रवक्ता मंजीत कुमार सिंह और प्रदेश प्रवक्ता अभिषेक झा ने ये बातें कहीं। पार्टी के दोनों प्रवक्ताओं ने साफ तौर पर कहा कि मुख्यमंत्री नीतीश कुमार की सरकार किसी भी गड़बड़ी के खिलाफ जीरो टॉलरेंस की नीति पर काम करती है और अगर पिछली महागठबंधन सरकार में घटक दल के किसी मंत्री ने अगर अपने विभाग में गलत फैसले लिए हैं तो उन्हें उस गड़बड़ी का हिसाब देना होगा। पार्टी के दोनों प्रदेश प्रवक्ताओं ने कहा कि मुख्यमंत्री नीतीश कुमार की अगुवाई वाली ये सरकार अपने सात निश्चय पार्ट दो के तहत राज्य के लाखों बेरोजगार युवकों को रोजगार देने का काम कर रही है और उनके जीवन में खुशहाली ला रही है। उन्होंने कहा कि आज बिल्कुल पारदर्शी तरीके से राज्य सरकार के अलग-अलग विभागों में बहाली की प्रक्रिया जारी है और लोगों को रोजगार देने का काम किया जा रहा है। उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री की अगुवाई वाली ये रोजगारोन्मुखी सरकार राज्य में बिल्कुल पारदर्शी तरीके से काम कर रही है। पार्टी के दोनों प्रदेश प्रवक्ताओं ने कहा कि हमारी सरकार ना तो किसी को फंसाती है और ना ही किसी को बचाती है। साथ ही कहा कि अगर किसी ने गड़बड़ी की है तो उन्हें उसका हिसाब देना होगा।

एलेक्ट्रल बॉड को असंवैधानिक करार दिए जाने के फैसले का स्वागत

पटना। सर्वोच्च न्यायालय द्वारा भारत सरकार द्वारा बनाई एलेक्ट्रल बॉड की व्यवस्था को असंवैधानिक करार दिए जाने के निर्णय का युवा कांग्रेस ने स्वागत किया है। बिहार प्रदेश युवा कांग्रेस के महासचिव मुकुल यादव ने कहा कि पिछले दिनों सुप्रीम कोर्ट ने भाजपा सरकार को फटकार लगाते हुए इलेक्टरल बाउंड स्कीम को असंवैधानिक करार दिया जिसका युवा कांग्रेस स्वागत करती है। इसी क्रम में शुक्रवार को युवा कांग्रेस के द्वारा पटना में पुतला दहन कार्यक्रम का आयोजन किया गया। प्रदेश युवा कांग्रेस के महासचिव ने आरोप लगाया कि एलेक्ट्रल बॉड के नाम पर भाजपा द्वारा भ्रष्टाचार किया गया है। जिसका कोई लेखा-जोखा नहीं है। कार्यक्रम में युवा कांग्रेस के मुख्य प्रवक्ता विशाल यादव, प्रवक्ता अमितेश पांडे तथा युवा कांग्रेस के कई कार्यकर्ता उपस्थित है ।

जननायक के विचार आज भी प्रासंगिक : जगदानंद

- राजद कार्यालय में पुण्यतिथि पर दी गई श्रद्धांजलि

प्रात : किरण संवाददाता

पटना। राष्ट्रीय जनता दल के राज्य कार्यालय में जननायक कपूरी ठाकुर जी की 35वीं पुण्यतिथि प्रदेश अध्यक्ष जगदानन्द सिंह की अध्यक्षता में मनायी गयी। इस अवसर पर जननायक कपूरी ठाकुर के तैलचित्र पर माल्यार्पण कर श्रद्धांजलि अर्पित की गई। इस अवसर पर प्रदेश अध्यक्ष जगदानंद सिंह ने कहा कि जननायक कपूरी ठाकुर ने समाज के सभी वर्गो ,दबे-कुचले तथा अंतिम पंक्ति में बैठे लोगों के सर्वमान्य नेता थे। वे अपने पद से नहीं बल्कि अपने चरित्र, विचार और आचरण से जाने जाते थे। उनका विचार आज भी उतना ही प्रासंगिक है, जितना कल था। आज इस देश में कोई भी राजनीतिक धारा बिना जननायक के विचारधारा के परे नहीं चल सकती है। राष्ट्रीय जनता दल ही ऐसी पार्टी है जिसने सत्ता में रहकर तथा सत्ता से बाहर रहकर भी जननायक के नीति एवं सिद्धांतों से कभी अलग नहीं हुआ। हालांकि कुछ राजनीतिक दल एवं संगठन जो उनके विचारों के घोर विरोधी थे, आज उनके नाम पर राजनीतिक मार्केटिंग कर रहे हैं। राजद के राष्ट्रीय अध्यक्ष श्री लालू प्रसाद ही जननायक कपूरी ठाकुर की विरासत को संभाल रहे हैं। जननायक का आदर्श एवं सिद्धांत ही राजद की राजनीतिक एवं सामाजिक विचारधारा है। इस अवसर पर माल्यार्पण करने वालों में राष्ट्रीय उपाध्यक्ष उदय नारायण चौधरी, राष्ट्रीय प्रधान महासचिव अब्दुल बारी सिद्दीकी, श्याम रजक, भोला यादव, बीनु यादव, प्रदेश उपाध्यक्ष वृषिण पटेल, शिवचंद्र राम, सुरेश पासवान, रणविजय साहू, करुणा सागर, एजाज अहमद, डॉ अनवर आलम, फुलेना सिंह, संतोष जायसवाल, प्रदेश मुख्यालय प्रभारी मुकुंद सिंह,,इंजीनियर अशोक यादव, संजय यादव, मदन शर्मा, फैयाज आलम कमाल, निराला यादव, खुर्शीद आलम सिद्दीकी, भाई अरुण कुमार, प्रोफेसर चंद्रदीप यादव, डॉ प्रेम कुमार गुप्ता, प्रमोद कुमार राम, निर्भय कुमार अंबेडकर, अरुण यादव सहित दर्जनों कार्यकर्ता कपूरी जी के तैलचित्र पर माल्यार्पण कर श्रद्धांजलि व्यक्त की।

जननायक के सपनों को पूरा कर रहे हैं नीतीश कुमार: राजीव

प्रात : किरण संवाददाता

पटना। बिहार के पूर्व मुख्यमंत्री व प्रख्यात समाजवादी नेता भारत रत्न कपूरी ठाकुर की पुण्यतिथि पर शनिवार को झाझा विधायक दामोदर राउत के पटना स्थित आवास पर कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस दौरान कार्यक्रम को संबोधित करते हुए जदयू के राष्ट्रीय प्रवक्ता राजीव रंजन ने कहा कि भारत रत्न कपूरी ठाकुर किसी जाति के नहीं बल्कि जमात के नेता थे। वह देश के वैसे गिने-चुने नेताओं में से थे, जिन्होंने अपना संपूर्ण जीवन गरीबों, शोषितों व वंचितों के लिए अर्पित कर दिया। उन्होंने ने ही अतिपिछड़े समाज की व्यथा को समझते हुए उन्हें पहली बार सरकारी नौकरियों में 12 प्रतिशत आरक्षण का लाभ दिया। जदयू के राष्ट्रीय प्रवक्ता ने कहा कि कपूरी ठाकुर जी के बाद नीतीश कुमार ही ऐसे राजनेता हुए हैं जिन्होंने सभी जाति-धर्मों के गरीबों, वंचितों के लिए दिल खोल कर काम किया है। उनके द्वारा करवाए गये जातिगत गणना और आरक्षण में की गयी बढ़ोतरी ने सभी के लिए उन्नति के नए द्वार खोल दिए हैं। यह उनके किये कामों का ही परिणाम है कि 2005 से लेकर अभी तक बिहार के 44 प्रतिशत से अधिक लोग गरीबी से बाहर आ चुके हैं। उन्हीं के कारण आज बिहार के हर गांव में बिजली, पानी और सड़क की सुविधा पहुंच चुकी है। जीविका के माध्यम से ग्रामीण महिलाओं में स्वावलंबन की भावना जागृत हुई है। इस अवसर पर धानुक समाज के नेता शंकर प्रसाद ने कहा कि कपूरी ठाकुर ईमानदारी और सादगी की ऐसी मिसाल थे, जो एक बार उपमुख्यमंत्री और दो बाद मुख्यमंत्री रहने के बावजूद अपना एक घर तक नहीं बनवा सके। समाज का ऐसा कोई वर्ग नहीं है जो कपूरी ठाकुर जी द्वारा किये गये कार्यों से अछूता रह गया हो। उनका जीवन हम सभी के लिए आदर्श है। कार्यक्रम का उद्घाटन जदयू के राष्ट्रीय प्रवक्ता राजीव रंजन व अध्यक्षता धानुक समाज के नेता शंकर प्रसाद ने किया। इस अवसर पर गजेन्द्र पटेल, संटू पटेल, गुंजन कुमार, विक्की पटेल, छोटू समेत बड़ी संख्या में नेताओं व कार्यकताओं की सहभागिता रही। इस मौके पर सभी ने कपूरी ठाकुर जी को श्रद्धांजलि अर्पित करते हुए उनकी नीतियों पर आजन्म चलने का संकल्प लिया।

जनता का विश्वास सिर्फ नीतीश कुमार पर : युवा जदयू

पटना। युवा जदयू ने नेता प्रतिपक्ष तेजस्वी यादव के विश्वास यात्रा पर तंज कसा है। पार्टी के प्रदेश प्रवक्ता अजीत दुबे ने कहा तेजस्वी के जन- विश्वास यात्रा एक विचार हीन यात्रा है, दुबे ने कहा जिसे पहले ही जनता ने नकार चुकी है ,वह अब जन विश्वास यात्रा निकाल रहे हैं बिहार की जनता ने 2005 के बाद नीतीश कुमार को अपना मत देकर उनके परिवार को नकार कर बिहार में नीतीश कुमार की सरकार बनाई । वह कितना भी विश्वास यात्रा निकाल ले लोगों का विश्वास सिर्फ नीतीश कुमार पर है।

सात निश्चय 2 के तहत नौकरी दे रही नीतीश सरकार : चंदन

प्रात : किरण संवाददाता

पटना। जदयू के प्रदेश महासचिव सह मुख्यालय प्रभारी चंदन कुमार सिंह ने कहा कि मुख्यमंत्री नीतीश सरकार ने बिहार के युवाओं के लिए सरकारी नौकरियों का पिटारा खोल दिया है। शिक्षक भर्ती के दो चरणों में दो लाख से अधिक शिक्षकों को नियुक्ति पत्र दिया गया था और अब तीसरे चरण की भर्ती प्रक्रिया में 86 हजार से अधिक नए शिक्षकों की बहाली होने जा रही है। राज्य सरकार के अन्य विभागों में भी लाखों की संख्या में बहाली की प्रक्रिया चल रही है, साथ ही निजी सेक्टर में भी रोजगार के अवसर पैदा करने के लिए बिहार के औद्योगिक विकास पर खासा जोड़ दिया जा रहा है। निश्चित रूप से बिहार में नए उद्योग-धंधे लगने से प्रदेश के युवाओं को लाखों की संख्या में रोजगार प्राप्त होगा। श्री चंदन कुमार सिंह ने कहा कि सरकारी नौकरी देने के मामलें में बिहार की सरकार ने अनोखा रिकॉर्ड बनाया है। इस एतिहासिक उपलब्धि का श्रेय मुख्यमंत्री नीतीश कुमार को जाता है। उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री ने विधानसभा चुनाव में सात निश्चय पार्ट-2 में दस लाख सरकारी नौकरी और दस लाख रोजगार देने का प्रण लिया था। जिसको पूरा करने के लिए श्री नीतीश कुमार पूरे मन से जुटे हुए है, और अपने सात निश्चय पार्ट 2 के लक्ष्य को साकार करने के लिए तेज गति से आगे बढ़ रहे है।

जननायक के आदर्शों को अपनाने की जरूरत : विजय

पटना। उपमुख्यमंत्री विजय कुमार सिन्हा ने भारत रत्न कपूरी ठाकुर की पुण्यतिथि पर उन्हें सादर नमन करते हुए अपनी भावांजलि अर्पित की। श्री सिन्हा ने कहा कि कपूरी ठाकुर जी सच्चे अर्थों में जननायक थे। वह राजनीतिक जीवन के साथ-साथ व्यक्तिगत जीवन में भी सादगी, ईमानदारी और कर्तव्यपरायणता के पर्याय थे। उन्होंने आजीवन दबे-कुचले, वंचितों, अति पिछड़ों, पिछड़ों के हक के लिए लड़ाई लड़ी और उनकी आवाज बन कर रहे। आज के राजनीतिक दौर में जननायक कपूरी ठाकुर जी की प्रासंगिकता बढ़ी है। उनके आदर्शों को अपना कर और उनके बताए मार्ग पर चलकर ही हम उन्हें सच्ची श्रद्धांजलि दे सकते हैं।

अपने गिरेबां में झांके भाजपा व जदयू नेता:एजाज

प्रात : किरण संवाददाता

पटना। बिहार प्रदेश राष्ट्रीय जनता दल के प्रवक्ता एजाज अहमद ने कहा कि जनता दल यू दूसरे दल के अंदर ताक- झांक करने से पहले अपने उम्मीदवार का आकलन करे तो बेहतर रहेगा। एजाज ने कहा कि जनता दल यू के नेता यह बतायें कि आखिर क्या कारण है कि वरिष्ठ नेता वशिष्ठ नारायण सिंह और अनिल हेगड़े के संबंध में पिछली बार राज्यसभा सदस्य बनाने से पहले जिस तरह चर्चा की गई थी, उन्हें दोबारा क्यों नहीं राज्यसभा के लिए उम्मीदवारी दी गई। और आखिर क्या कारण है कि जो व्यक्ति मंत्री था उसे ही राज्यसभा के लिए उम्मीदवार बनाया गया उन्हें कोई कार्यकर्ता नहीं दिख रहा था। एजाज ने आगे कहा कि राष्ट्रीय जनता दल ने अपने पार्टी स्वरूप को विस्तार देने के जो कार्य किया है, उससे उन्हें क्या तकलीफ है। जब जनता दल यु ने कर्नाटक के अनिल हेगडे, उत्तर प्रदेश के सी त्यागी और झारखंड से आने वाले खीरू महतो को राज्यसभा का सदस्य बनाया, तब राजद ने कभी एतराज नहीं किया। जब नेतृत्व कमजोर होता है तो इसी तरह से दूसरे के घरों में ताक- झांक की जाती है। एजाज ने कहा कि जिस तरह से राष्ट्रीय जनता दल की उम्मीदवारी पर भाजपा और जदयू के खेमे में बेचैनियां देखी जा रही है, वह कहीं ना कहीं दोनों दलों को इस बात का डर है कि लालू प्रसाद और तेजस्वी प्रसाद यादव ने जिस मजबूती के साथ भाजपा और जदयू के नेतृत्व को 2020 के चुनाव में बेनकाब किया वह आने वाले 2024 के लोकसभा चुनाव में भी कहीं एनडीए को सत्ता से बेदखल ना होना पड़े इसी डर से दोनों दल के नेता अनर्गल प्रलाप कर रहे हैं और राजद के उम्मीदवार का विरोध कर रहे हैं।

राहुल गांधी की यात्रा का वाराणसी में विरोध दुर्भाग्यपूर्ण : शिवानंद

प्रात : किरण संवाददाता

पटना। राजद के राष्ट्रीय उपाध्यक्ष शिवानंद तिवारी ने वाराणसी में राहुल गांधी की यात्रा का विरोध किए जाने पर सवाल उठाया है। श्री तिवारी ने कहा है कि वाराणसी में राहुल गांधी की यात्रा का जमकर विरोध हुआ। उनकी यात्रा के वाराणसी से निकलने के बाद सड़कों को गंगाजल से धोया गया। कहा गया राहुल गांधी की यात्रा के गुजरने से वह सड़क अपवित्र हो गई है। इसलिए गंगाजल से धोकर उसे पुनः पवित्र बनाया गया है। वाराणसी के एक हिस्से की में यह पुरानी प्रवृत्ति है। 1978 में वाराणसी के इसी तरह की मानसिकता के लोगों ने ऐसा ही काम किया था। तब तत्कालीन उप प्रधानमंत्री जगजीवन राम जी ने पुराने समाजवादी और उत्तर प्रदेश के कांग्रेसी मुख्यमंत्री संपूर्णानंद जी की आदमकद प्रतिमा का अनावरण किया था। उसके अगले दिन संस्कृत विश्वविद्यालय के ब्राह्मण समाज के कुछ युवाओं ने उस प्रतिमा को गंगाजल से धोया। उनका मानना था कि मूर्ति अनावरण एक दलित ने किया है भले ही वह देश का उप प्रधानमंत्री क्यों न, इसलिए यह मूर्ति अपवित्र हो गई है। बहुत दिनों के बाद भी, जब दुनिया कहां से कहां पहुंच गई है, लेकिन चालीस पचास साल पहले की गंगा जल धोकर पवित्र करने की वह मानसिकता अभी भी वाराणसी के एक हिस्से में कायम है।

मधुमक्खी पालन को बढ़ावा देने के लिए हर संभव सहयोग कर रही सरकार : सचिव

बागवानी महोत्सव : दूसरे दिन मधु निर्यात एवं बाजार हेतु गुणवत्तापूर्ण मधु उत्पादन पर कार्यशाला का आयोजन

प्रात : किरण संवाददाता

पटना। बागवानी महोत्सव, 2024 के दूसरे दिन निर्यात एवं बाजार हेतु गुणवत्तापूर्ण मधु उत्पादन विषय पर कार्यशाला का आयोजन किया गया। कार्यशाला को संबोधित करते हुए कृषि विभाग के सचिव संजय कुमार अग्रवाल ने बताया कि मधु उत्पादन में देश स्तर पर बिहार एक अग्रणी राज्य है। राज्य में मधुमक्खी पालन एक महत्त्वपूर्ण व्यवसाय के रूप में विकसित हो रहा है। मधुमक्खी पालन से न केवल शहद प्राप्त होती है, बल्कि फसल की परागण क्रिया में सहयोग प्रदान कर पैदावार में बढ़ोत्तरी करती है। कृषि विभाग राज्य में मधुमक्खी पालन को बढ़ावा देने का हर सम्भव सहयोग प्रदान कर रही है। सचिव ने बताया कि राज्य में 20620 मे.टन मधु उत्पादन के बावजूद भी मधु निर्यात के आँकड़ों में बिहार की स्थिति अच्छी नहीं है। अन्य राज्यों के व्यापारी बिहार से मधु खरीद कर ले जाते हैं और अपने ब्रांड से बेचते हैं। आवश्यकता है कृषि विश्वविद्यालय, कृषि विभाग एवं राज्य के मधु व्यवसायियों को मिलकर गुणवत्तापूर्ण मधु उत्पादन पर कार्य करने की। मधु निर्यात एवं बाजार के लिए निर्धारित मापदंड के अनुरूप हमें मधु उत्पादन करना होगा। सचिव, कृषि, बिहार ने सभी मधुपालकों से आग्रह किया कि परिपक्व मधु का ही निष्कासन करें एवं रासायनिक दवा के प्रयोग से बचें। सचिव ने विभागीय पदाधिकारियों को निदेश दिया कि हर जिले में 10-10 नवयुवक मधुपालकों को मास्टर ट्रेनर के रूप में प्रशिक्षित करें ताकि मधुमक्खीपालन की वैज्ञानिक तरीकों से कृषकों को अवगत करा सकें। यह भी निदेश दिया कि राज्य के मधुमक्खीपालकों को राज्य के बाहर मधुमक्खीपालन को देखने के लिए परिभ्रमण पर भेजें। मधु व्यवसायियों के अनुरोध पर सचिव, कृषि ने बताया कि राज्य के कृषि विश्वविद्यालय में स्थापित प्रयोगशाला में मधु की जाँच की व्यवस्था की जायेगी ताकि कृषक अपनी मधु की गुणवत्ता से आश्वस्त होकर ही उसे बेचें। उक्त कार्यशाला में निदेशक उद्यान, बिहार अभिषेक कुमार, पैशन फूड उद्योग, औरंगाबाद के योगेन्द्र कुमार, भारती मधु, सुपौल के प्रदीप कुमार भारती, एमब्रोसिया नेचुरल प्रोडक्ट्स के जयदेव सिंह, बालाजी फूड्स के श्री गिरीराज किशोर डालमिया, कृषि विज्ञान केन्द्र, वैशाली के डा सुनिता कुशवाहा, राजेन्द्र कृषि विश्वविद्यालय से डा नागेन्द्र कुमार उपस्थित थे।

दूसरे दिन की महत्त्वपूर्ण झलकियाँ : निर्यात एवं बाजार हेतु गुणवत्तापूर्ण शहद उत्पादन विषय पर कार्यशाला का आयोजन। फैन्सी ड्रेस प्रतियोगिता। पुष्प प्रेमियों के लिए खास है बागवानी महोत्सव। एक जगह मनपसंद गमला, फूल के पौधे, बीज, शोभाकारी पौधे की कर रहे खरीददारी। महोत्सव में लोगों ने की करीब एक लाख रूप्ये की फूल एवं शोभाकारी पौधे तथा रंग-बिरंगे गमले की खरीददारी। कृषकों के लिए तकनीकी सत्र जिसमें एक्जोटिक फल, ड्रैगन फ्रूटर, स्ट्रॉबेरी के उत्पादन की जानकारी दी गयी। अँचार, मखाना, मधु एवं सब्जी बीज की भी हुई जमकर खरीददारी।

लोजपा रा कार्यालय में जननायक को दी गई श्रद्धांजलि

प्रात : किरण संवाददाता

पटना। भारत रत्न जननायक कपूरी ठाकुर की पुण्यतिथि पर लोजपा रामविलास के राज्य मुख्यालय में पार्टी नेताओं एवं कार्यकर्ता ने स्व. ठाकुर के तैल्यचित्र पर माल्यार्पण कर उन्हें भावभीनी श्रद्धांजलि अर्पित किया। इस अवसर पर पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष राजू तिवारी ने कार्यकताओं को सम्बोधित करते हुए कहा कि स्व. ठाकुर के जीवन से सिख लेने की जरूरत है। इनके जीवन के सादगी,विद्वता और कर्मठता को हर राजनीतिक को अपने जीवन में उतारना चाहिए। समाज के प्रति समर्पण और कर्तव्यनिष्ठा जो ठाकुर में था,वह अदभुत था। पार्टी के प्रदेश मीडिया प्रभारी कुन्दन पासवान ने बताया कि कार्यक्रम में पार्टी के राष्ट्रीय महासचिव डॉ. सत्यानंद शर्मा, धनजय मृणाल पासवान,युवा लोजपा के राष्ट्रीय महासचिव अनिल कुमार पासवान,पार्टी के प्रदेश उपाध्यक्ष विष्णु पासवान, अशरफ अंसारी,विभूति पासवान, पार्टी के प्रदेश महासचिव चन्दन पासवान, रविरंजन सिंह, अतिपिछड़ा प्रकोष्ठ के प्रदेश अध्यक्ष मनोज कुमार,दिनेश पासवान,दिलीप यादव, चिकित्सा प्रकोष्ठ के प्रदेश अध्यक्ष डॉ.अजय कुमार,युवा पटना महानगर अध्यक्ष कुन्दन यादव, कार्यालय प्रभारी ओम प्रकाश भारती,सुरेश पासवान मौजूद थे। उक्त आशय की जानकारी पार्टी के प्रदेश मीडिया प्रभारी कुन्दन पासवान ने दिया।

रालोजपा के मुख्य प्रवक्ता बने चंदन सिंह

पटना। राष्ट्रीय लोक जनशक्ति पार्टी के प्रदेश प्रवक्ता चंदन सिंह अब मुख्य प्रवक्ता बनाए गए हैं। पार्टी के पद्रेश प्रवक्ता ललन कुमार चन्द्रवंशी ने उक्त् जानकारी देते हुए बताया कि पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष व केंद्रीय मंत्री पशुपति कुमार पारस के निदेशार्नुसार पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष प्रिंस राज ने अपने प्रदेश प्रवक्ता चन्दन सिंह को प्रदेश के मुख्य प्रवक्ता के पद पर नियुक्त किया। चन्दन सिंह पद्म भूषण स्व रामविलास पासवान के समय काल से ही पार्टी के सक्रिय कार्यकर्ता रहे हैं। इनके मनोनयन पर पार्टी के राष्ट्रीय उपाध्यक्ष पूर्व सांसद सूरजभान सिंह, चंदन सिंह, विधान पार्षद भूषण कुमार, राष्ट्रीय उपाध्यक्ष विरेश्वर सिंह, राष्ट्रीय प्रवक्ता श्रवण कुमार अग्रवाल, देवजानी मित्रा,, प्रदेश उपाध्यक्ष अम्बिका प्रसाद बिनू, राष्ट्रीय महासचिव पप्पू सिंह, मंयक मौली, रंजीत कुमार, रंजीत पासवान, मनीष आनन्द, चन्दन कुमार, मिंटू यादव, मनीष स्वर्णकार, घनश्याम कुमार दाहा, प्रमोद कुमार सिंह, चंदन गांधी, शिवनाथ पासवान, पारसनाथ गुप्ता, राजेश सिंह, दिनेश पाण्डेय, प्रकाश कुमार चंदन, सुनील कुशवाहा, राजेन्द्र विश्वकर्मा, सैयद मुमताज, राधाकान्त पासवान, रविन्द्र कुमार पासवान सहित सभी लोगों ने बधाई देते हुए कहा कि इनके मनोनयन पर पार्टी का प्रचार प्रसार में बल मिलेगी।

संक्षिप्त खबरें

डीएम ने की खनन विभाग के राजस्व संग्रह की समीक्षा

मुजफ्फरपुर। खनन विभाग द्वारा राजस्व संग्रहण कार्य की समीक्षा जिला पदाधिकारी सुब्रत कुमार सेन द्वारा की गयी, जिसमें अपर समाहर्ता राजस्व संजीव कुमार उपस्थित थें। संबंधित राजस्व प्रदाता एजेन्सी के पदाधिकारी भी उपस्थित थें। जिला पदाधिकारी ने बारी-बारी से सभी विभागों द्वारा खनन विभाग को उपलब्ध कराये गये राजस्व (रॉयल्टी एवं सिगनोरेज) की समीक्षा किया गया। ग्रामीण कार्य विभाग, पथ निर्माण विभाग, बाढ़ प्रमंडल, भवन प्रमंडल, बुडकों, नगर निगम, जिला परिषद, एल.ए.ई.यो. तिरहुत कनाल, एन. एच.ए.आई, विद्युत, पुल निगम, पी.एच.ई.डी. आदि के पदाधिकारियों को निदेश दिया गया कि 25 फरवरी से पूर्व निर्धारित एवं लक्षित राजस्व खनिज विभाग को उपलब्ध करायें। कोताही बरतने पर सख्त कार्रवाई करने का निदेश दिया गया।

जिलाधिकारी ने की वकीलों के साथ अभियोजन कार्यों की समीक्षा

मुजफ्फरपुर। समाहरणालय सभागार में जिला पदाधिकारी सुब्रत कुमार सेन ने अभियोजन कार्यों की समीक्षा संबंधित सरकारी वकिलों के साथ किया। उपस्थित विभिन्न श्रेणी में सरकारी अभियोजकों के द्वारा किये गये कार्यों की समीक्षा हुई। उन्होंने स्पष्ट निदेश दिया कि प्रत्येक माह में सजा अनिवार्य रूप से हो। प्राथमिकता एवं गंभीरता के साथ सुनवाई के साथ सजा तय करें। स्पीडी ट्रायल के माध्यम से संवेदनशील मामलों का अविलम्ब निष्पादन करें। गवाह समय पर उपस्थित नहीं होने के संबंध में निदेश दिया गया कि ऐसे मामलों की सूची वरीय पुलिस अधीक्षक को दें। रजिस्टर बनायें तथा केस वार समीक्षा करें। उन्होंने अग्रिम रूप से परिवाद से संबंधित सभी तैयारी करने का निदेश दिया। गवाह/लैव रिपोर्ट तथा अन्य कार्य भी जाँच पूर्व से ही पूर्ण कर लेने का निदेश दिया। पॉक्सो तथा नशा मामले में तत्परता और गंभीरता से स्पीडी ट्रायल के माध्यम से सजा दिलाने का निर्देश दिया गया। उन्हें प्राथमिकता सक्रिय होकर करने को कहा गया। बैठक में विधि प्रभारी विनित उपस्थित थें।

धरना-प्रदर्शन में भाग लेने को लेकर संपर्क अभियान जारी

विभूतिपुर, समस्तीपुर। बिहार राज्य वित्त रहित शिक्षक कर्मचारी संयुक्त संघर्ष मोर्चा के आह्वान पर आगामी 20 फरवरी 2024 को अपनी मांगों के समर्थन में धरना प्रदर्शन में भाग लेने के लिए समस्तीपुर जिला वितरहित संघर्ष मोर्चा के तत्वाधान में संपर्क अभियान जारी है। संपर्क अभियान का नेतृत्व जिला अध्यक्ष प्रोफेसर रामाश्रय यादव, प्रोफेसर अमरेश कुमार, प्रोफेसर गणेश प्रसाद यादव कर रहे है। उन्होंने बताया कि सभी शिक्षक कर्मचारियों ने कहा कि आगामी 20 फरवरी 2024 को पटना में आयोजित धरना प्रदर्शन में भाग लेंगे। इस बात की जानकारी बीआरएनकेएस कॉलेज के प्राचार्य प्रोफेसर सूर्यदेव प्रसाद सिंह ने दी है।

विधानसभा अध्यक्ष बनने पर दिया बधाई

कल्याणपुर, समस्तीपुर। कल्याणपुर प्रखंड क्षेत्र के नमापुर गांव निवासी युवा समाजसेवी सह जदयू कार्यकर्ता गौरी शंकर राय ने बिहार सरकार के पूर्व मंत्री एवं भाजपा के पूर्व प्रदेश अध्यक्ष नंदकिशोर यादव को बिहार विधानसभा के अध्यक्ष बनने पर हर्ष व्यक्त करते हुए बधाई दिया है। मौके पर प्रखंड अध्यक्ष राजकुमार सिंह, रामदेव महतो, गुड्डू कुशवाहा, हिमांशु कुमार शेखर उर्फ मुन्ना, रामबली महतो, मुखिया प्रतिनिधि आशीष कुमार पटेल, शिव रंजन यादव उर्फ छोटू, विधायक प्रतिनिधि अनीश कुमार सहित दर्जनों कार्यकर्ता ने बधाई दिया है।

अलग-अलग दुर्घटना में पांच जख्मी

कल्याणपुर थाना क्षेत्र के मथुरापुर व धुरुवगामा में मारपीट की घटना में तीन लोग गंभीर रूप से जख्मी हो गए। मारपीट के मामले में मथुरापुर घाट निवासी किशनी चौधरी के पुत्र रामसागर चौधरी व रामसागर चौधरी की पत्नी अनारखी देवी, अरुण साहनी का पुत्र विपिन कुमार के जख्मी होने की सूचना मिली है। वहीं सड़क दुर्घटना में माधोपुर भुसावल गांव निवासी उमेश सिंह का पुत्र संजीत सिंह ब पड़ना गांव निवासी जागेश्वर राम का पुत्र लखींद्र कुमार जख्मी हो गए। वहीं घायलों में लखविंदर कुमार की गंभीर स्थिति के देखते हुए डीएमसीएच रेफर किया गया है। वहीं विपिन कुमार को इलाज के लिए सदर अस्पताल रेफर किया गया। वहीं थाना अध्यक्ष राजन कुमार ने बताया कि जख्मी के द्वारा आवेदन मिलने के बाद आगे की कार्रवाई की जाएगी।

भारत-नेपाल सीमा पर तैनात 18 वीं वाहिनी एस एस बी ने मनाया 53 वीं स्थापना दिवस

● लोक सभा निर्वाचन क्षेत्र के सांसद राम प्रीत मंडल मौके पर मौजूद रहे

प्रातः किरण संवाददाता

मधुबनी जिले के भारत-नेपाल सीमा पर तैनात 18 वीं वाहिनी एस एस बी मुख्यालय राजनगर के कार्यवाहक कमांडेंट सैलेंद्र कुमार पांडेय के नेतृत्व में 53 वीं स्थापना दिवस समारोह का भव्य आयोजन किया गया। इस अवसर पर कार्यवाहक कमांडेंट सैलेंद्र कुमार पांडेय ने उपस्थित सभी पदाधिकारियों अधिकारियों एवं जवानों को हौसला अफजाई करते हुए शुभकामनाएं दिया। साथ ही उन्होंने एस एस बी के इस गौरव शाली इतिहास के बारे में विस्तृत जानकारी देते हुए कहा कि सन 1962 में हुए भारत-चीन के युद्ध के बाद उपजे हालत से निपटने के लिए 1963 में एस एस बी कि स्थापना हुई थी। फिर सन 1971में आसाम के सलोनी बाड़ी में इस बटालियन कि स्थापना हुई थी। दुमका में नक्सल विरोधी अभियान चलाने के बाद वर्ष 2017 में वाहिनी को राजनगर में स्थापित कर इंडों नेपाल सीमा पर लगभग 71 किलोमीटर कि सीमा सुरक्षा कि जिम्मेदारी सौंपी गई। तभी हमलोग सेवा, सुरक्षा और बंधुत्व कि भावना के साथ एस एस बी सीमा कि सुरक्षा कर रहीं हैं। सीमा पर निगरानी कार्य का मॉनिटरिंग के लिए 17 बी ओ पी बनाए गए हैं। चूंकि भारत नेपाल के बीच बेटी-रोटी का रिश्ता है। एवं दोनों देशों कि खुली सीमा हैं। ऐसे में अवैध तस्करी को रोकने एवं देश विरोधी ताकतों से निपटने के लिए कई चुनौतियों का सामना करना पड़ता हैं। देश के दुश्मनों को माकूल जवाब देने के लिए हम तैयार हैं। इस अवसर पर पधारे झंझारपुर लोक सभा निर्वाचन क्षेत्र के माननीय सांसद राम प्रीत मंडल अपने संबोधन में कार्यवाहक कमांडेंट महोदय को इस तरह का आयोजन करने के लिए सराहना करते हुए कहा कि मैं एस एस बी से बहुत पहले से जुड़े हुए हैं। और आप लोग अपना नींद गवाकर अपने जान का प्रवाह नहीं करते हुए अपने परिवार को छोड़ कर हम लोगो के सीमा सुरक्षा में लगे हुए हैं। वहीं मनोरंजन के लिए सांस्कृतिक कार्यक्रम का भी आयोजन किया गया था। जिसमें देश भक्ति के सुमधूर ध्वनि से कार्यक्रम में उपस्थित सभी पदाधिकारि अधिकारि कर्मचारि जवानों समेत अन्य ने लुप्त उठाया इस अवसर पर कार्यवाहक कमांडेंट सैलेंद्र कुमार पांडेय राम प्रीत मंडल सांसद झंझारपुर लोक सभा निर्वाचन क्षेत्र,उप कमांडेंट अमित कुमार कुशवाहा,उप कमांडेंट जीत सिंह,उप कमांडेंट सौमेन राय, उप कमांडेंट अशोक कुमार ओला, शाखा प्रबंधक भारतीय स्टेट बैंक राजनगर समेत अन्य ने इस अवसर उपस्थित रहे।

अधिवक्ता की आँख फोड़े जाने का मामला पहुँचा मानवाधिकार आयोग

प्रातः किरण संवाददाता

मुजफ्फरपुर। जिले के काजीमोहम्मदपुर थाना के पावर हाउस चौक पर सिपाही द्वारा डंडे से मारकर अधिवक्ता की आँख फोड़े जाने का मामला अब मानवाधिकार आयोग पहुँच गया है। पीड़ित अधिवक्ता ने मानवाधिकार अधिवक्ता एस. के. झा के माध्यम से राष्ट्रीय मानवाधिकार आयोग, नई दिल्ली एवं बिहार राज्य मानवाधिकार आयोग, पटना में याचिका दायर की है। विदित हो कि विगत 7 फरवरी को अधिवक्ता पंकज कुमार रात्रि के लगभग 11:40 बजे पटना से अपने आवास मुजफ्फरपुर लौट रहे थे, तब पावर हाउस चौक पर पहले से मौजूद काजीमोहम्मदपुर थानाध्यक्ष एवं अन्य पुलिसकर्मी वाहन जाँच के लिए खड़े थे। पुलिसकर्मियों द्वारा उनकी गाड़ी को रोका गया और पूछा गया कि वे कहाँ से आ रहे हैं? जबतक अधिवक्ता कुछ बोल पाते तबतक थानाध्यक्ष द्वारा उन्हें गाली देते हुए पुलिसकर्मियों को उन्हें मारने का आदेश दे दिया गया। उसके बाद एक पुलिसकर्मी के द्वारा अधिवक्ता पंकज कुमार के आँख को डंडे से भोंक दिया गया। वे दर्द से कराहते हुए जमीन पर गिर गए। तब सभी पुलिसकर्मी वहाँ से भाग गए। उन्हें तत्काल दुगार्शंकर के अस्पताल के ट्रामा सेंटर में भर्ती कराया गया, उसके बाद उनका ईलाज ए.एस.जी. हॉस्पिटल में हुआ। तब मालूम चला कि उनकी एक आँख फुट चुकी है। उसके बाद उन्हें एस.के.एम.सी.एच. में भर्ती कराया गया, जहाँ उनके आँख की गंभीर स्थिति को देखते हुए चिकित्सकों द्वारा उन्हें आई.जी.आई.एम.एस. पटना या शंकर नेत्रालय जाने को कहा गया। वर्तमान में वे शंकर नेत्रालय कोलकाता में अपने आँख का इलाज करवा रहे हैं। मानवाधिकार अधिवक्ता एस. के. झा ने कहा कि यह पूरा प्रकरण मानवाधिकार उल्लंघन के अतिगंभीर श्रेणी का मामला है। उन्होंने पुरे प्रकरण की जाँच कर दोषी पुलिसकर्मियों के विरुद्ध कठोर कार्रवाई किए जाने की माँग की है।

छात्र संगठनों ने संयुक्त रूप से मनाई कर्पूरी ठाकुर की पुण्यतिथि

प्रातः किरण संवाददाता

मुजफ्फरपुर। ऑल इंडिया स्टूडेन्ट्स-फेडरेशन और छात्र राजद ने संयुक्त रुप से सामजिक न्याय के पुरोधा, बिहार के पूर्व मुख्यमंत्री भारतरत्न जननायक कपूर्री ठाकुर के पुण्य तिथि पर विचार गोष्टी का आयोजन किया । कार्यक्रम की अध्यक्षता छात्र राजद के चंदन यादव और संचालन एआईएसएफके जिला सचिव कंचन कुमार विद्रोही ने किया। कार्यक्रम के संचालन करते हुए अकऋऋज़िला सचिव कंचन कुमार विद्रोही ने कहाँ की, ह्ल कपूर्री ठाकुर ने अपनी राजनीती का प्रारम्भ एआईएस एफ से किया । विषय प्रवेश कराते हुए एआईएसएफ के राज्य परिषद् सदस्य अभिषेक कुशवाहा ने कहा कि ,ह्ल कपूर्री ठाकुर को याद करने का सबसे उपयुक्त जगह स्कूल , कॉलेज और विश्वविद्यालय ही है। क्योंकि जननायक कपूर्री ठाकुर ने इंग्लिश की अनिवार्यता को खत्म कर तमाम शोषित पीड़ित के लिए उच्च शिक्षा का दरवाजा खोल दिया । पूर्व प्राचार्य प्रो हरिनारायण ठाकुर ने कपूर्री ठाकुर के जीवन संघर्ष की बात को बताते हुए उनकी नीतियों और कार्यक्रमों पर प्रकाश डाला। राजद के विश्वविद्यालय अध्यक्ष चंदन आजाद ने कहाँ कि कपूर्री ठाकुर जीवन भर सामजिक न्याय के लिए संघर्षरत रहे।राम दयालू सिंह कॉलेज , मुजफ्फरपुर के हिन्दी विभाग के प्राध्यापक रमेश गुप्ता न कहाँ की विश्वविद्यालय परिसर में छात्रों के द्वारा अपने पूर्वजों को याद करने की एक अच्छी परंपरा शुरू किया गया। इसे आगे भी जारी रखना चाहिए। छात्र राजद नेता अपने अध्यक्षीय वक्तव्य में कहा कि, ह्ल जननायक कपूर्री ठाकुर ईमानदारी और संघर्ष के परिचायक रहे हैं। जननायक कपूर्री ठाकुर के सामजिक न्याय के विचार को विश्वविद्यालय में लागू करवाना ही हमारी उनके प्रति सच्ची श्रद्धांजलि होगा। धन्यवाद ज्ञापन करते हुए एआईएसएफ के जिलाध्यक्ष महिपाल ओझा ने कहाँ की,ह्ल कपूर्री ठाकुर किसी जाति के पूरा जमता के नेता थे

कोर्ट परिसर स्थित स्वीट्स हाउस पर छापेमारी, होटल को किया सील

प्रातः किरण संवाददाता

मुजफ्फरपुर । सिविल कोर्ट कैंपस में कोर्ट हाजत के पूरब स्थित गुप्ता स्वीट्स हाउस पर खाद्य निरीक्षक ने शुक्रवार को छापेमारी की। छापेमारी में यह पाया गया कि होटल बिना लाइसेंस के चल रहा है तथा होटल में मानकों का पालन बिल्कुल ही नहीं किया जा रहा है। खाद्य निरीक्षक ने कहा कि जबतक होटल को लाइसेंस नहीं मिल जाता, तब तक होटल बंद रहेगा। खाद्य निरीक्षक ने मिडिया को दिए बयान में बताया कि तत्काल प्रभाव से होटल को सील कर दिया गया है। विदित हो कि सिविल कोर्ट कैंपस में दूर-दराज से आने वाले मोवक्कील, अधिवक्ता एवं कोर्ट के कर्मी काफी संख्या में इस होटल में चाय - नास्ता व भोजन करते थे, लेकिन इधर कुछ महीने से यह देखा जा रहा था कि इस होटल में मिलावटी सामानों का धड़ल्ले से उपयोग किया जा रहा था, जिससे लोग काफी संख्या में बीमार पड़ रहे थे। इसकी शिकायत अधिवक्ताओं ने संयुक्त रुप से सिविल सर्जन मुजफ्फरपुर से की थी। अपनी शिकायत में अधिवक्ताओं ने यह भी बताया था कि होटल प्रबंधन द्वारा बाल- श्रम कानून का भी धड़ल्ले से धज्जियाँ उड़ाया जा रहा है और छोटे - छोटे बच्चों को होटल में काम पर लगाया गया है, साथ-ही-साथ खाद्य सामग्रियाँ खुले में चौकी लगाकर बेची जा रही हैं, जिससे खाद्य सामग्रीयों पर धुल की मोटी परत देखने को मिल रही है तथा आये दिन होटल प्रबंधन द्वारा विषाक्त भोजन भी ग्राहको को परोसा जा रहा है। उक्त शिकायत-पत्र के आलोक में सिविल सर्जन द्वारा खाद्य निरीक्षक सुदामा चौधरी को जाँचकर अविलम्ब कार्रवाई करने का आदेश दिया गया था, जिस पर खाद्य निरीक्षक द्वारा यह कार्रवाई की गई है।

मुंबई से चोरी के दो करोड़ के सोने के जेवरात हथौड़ी से बरामद, दो गिरफ्तार

समस्तीपुर, प्रातः किरण संवाददाता

समस्तीपुर जिले के हथौड़ी थाना क्षेत्र के भटौरा गांव से मुंबई पुलिस ने स्थानीय हथौड़ी थाना पुलिस के सहयोग से करीब 2 करोड़ के जेवरात को चोर के घर से बरामद किया। वहीं चोरी का आरोपी रामचंद्र मंडल के पुत्र राजा कुमार एवं मधुबनी जिला के खुटौना थाना अंतर्गत सिहुला गांव निवासी विनोद यादव के पुत्र नीरज कुमार को भी गिरफ्तार किया। दोनों चोर मैट्रिक के परीक्षार्थी बताए जाते हैं। दोनों युवक को मुंबई पुलिस गिरफ्तार कर अपने साथ ले गई। गिरफ्तार चोरों ने चोरी की घटना में अपनी संलिप्तता स्वीकार कर ली है। घटना के संबंध में बताया गया है कि राजा कुमार एवं नीरज कुमार मुंबई में ज्वेलरी मालिक के घर में काम करता था। जहां से 10 फरवरी को अपने ही मालिक सुनीता जबेरी के घरों में करीब 2 करोड़ रुपए की हीरा सोना चुरा कर वहां से भाग निकला। मुंबई से 10 फरवरी को ही अपने गांव के लिए ट्रेन पकड़ जो 13 फरवरी को यहां पहुंचा। चोरी के बाद मुंबई के ही खार थाना में जेवरात चोरी होने की एफआईआर दर्ज करवाई गई थी। इसके बाद चोरों का पता लगते ही पुलिस टीम शुक्रवार को हथौड़ी थाना पहुंची। जहां उसके घर से चोरी की गई करीब 2 करोड़ के जेवरात व सोना-हीरा भी बरामद किया। मुम्बई के खार पुलिस ने दोनों आरोपी को गिरफ्तार कर मेडिकल जांच कराने के बाद सीजेएम कोर्ट में पेश कर ट्रांजित रिमांड पर अपने साथ मुम्बई ले गई।

जीविका दीदियों एव विद्यालय के बच्चों ने मतदाता जागरूकता प्रभात रैली निकाला

प्रातः किरण संवाददाता

मधुबनी खजौली 33 विधान सभा क्षेत्र में शराबे एव नरार में बीडीओ लवली कुमारी के नेतृत्व में जीविका दीदियों एव विद्यालय के बच्चों के साथ मतदाता जागरूकता प्रभात फेरी रैली निकाली गयी. इस रैली के दौरान बीडीओ लवली कुमारी ने जीविका दीदियों द्वारा गांव,टोला,मुहल्ला में पहुँच कर आगामी लोक सभा चुनाव में अपने बूथ पर पहुँच कर भय मुक्त होकर मतदान करने का लोगो को जागरूक किया गया. वही जीविका दीदीयों ने लगाया नारा अपनी ताकत को पहचान चलो करें सब मतदान. लोक तंत्र की सुनो पुकार,मत खोना अपना अधिकार. चाहे नर हो नारी , मतदान सबकी जिम्मेदारी. लालच देकर वोट जो मांगें, भष्टाचार करेगा आगे की नारा लगाकर मतदाता की जागरूक किया. वही बीडीओ ने कहा कि मतदान के समय सभी लोगो को अपने मताधिकार प्रयोग करने की नसीहत दी.वही बीईओ योगेंद्र चौधरी ने कहा कि जो भी मतदाता घर से अन्य राज्य में नौकरी पेशा या मजदूरी करने वाले मतदाता को मतदान के दिन अपने घर पहुँच कर अपने मताधिकार प्रयोग करने का जागरूक किया गया.जीविका के प्रखंड़ बीपीएम संजीत कुमार सुमन ने कहा कि जीविका दीदियों द्वारा हर महीने में प्रति सप्ताह में एक बार जागरूकता रैली निकालकर मतदाताओं को जागरूक की जाएगी. इस मौके पर जीविका बीपीएम संजीत कुमार सुमन जीविका दीदी एव विद्यालय के दर्जनों बच्चों ने प्रभात फेरी रैली में शामिल थे

लक्ष्मीपुर गांव में सनातन धर्म पर संबोधित करते तपोवन आश्रम के अध्यक्ष नागेश्वर सिंह

प्रातः किरण संवाददाता

मधुबनी खजौली कलियुग में समस्त भारत के हिन्दू धर्म के मानने वाले करोड़ों लोग धर्म,कर्म एव भगवान की आस्था पर ध्यान दे रहे है.उन्होंने कहा कि जो व्यक्ति सनातन धर्म को भूलते है वह लोग नास्तिक की ओर जा रही है.कलियुग जैसे युग मे मनुष्य पाप की ओर भाग कर अपने सनातन धर्म को छोड़ने वाले व्यक्ति को अपने ही परिवार में अधर्म फैला रही है.लोगो को पूर्वज ने सिखाया है उसे पग से नही भटकना नही चाहिए.ये बाते लक्ष्मीपुर गांव स्थित महावीर स्थान में गुजरात राज्य के सूरत शहर के मोरा गांव स्थित तपोवन आश्रम के अध्यक्ष व गुजरात राज्य भाजपा के वरिष्ठ नेता नागेश्वर सिंह ने पत्रकार को सम्बोधित किया. वही समाजसेवी व भाजपा पार्टी कार्यकर्ता नागेश्वर सिंह ने कहा कि मैं गरीब,गुरवा,निसहाय लोगो के बीच वस्त्र दान, गरीब परिवार की लड़की की शादी तपोवन आश्रम के तरफ से नगद राशि,गरीब बच्चों की पढ़ाई में सहयोग सहित धर्म कार्य मे अधिक से अधिक आश्रम के अध्यक्ष द्वारा दान स्वरूप धन आपूर्ति की जाती है.उन्होंने कहा कि आज भारत देश मे सबसे ज्यादा को सनातन धर्म को अपनाकर देश मे अमन चैन ला दी.उन्होंने कहा कि भारत देश मे कुछ ऐसे राजनीतिक पार्टी है जो सनातन धर्म को विरोध कर रहे है.उन पापीयों को भगवान ऐसे दंड देगे जो भारत मे एक सौ चालीस करोड़ जनता उस अधर्मी को देश से बाहर निकालने का काम करेंगे.इस मौके पर जिप सदस्य जितेंद्र कुमार भारती, पंसस झोली पासवान समाजसेवी संतोष यादव उपस्थित थे

युवती हत्या कांड का पुलिस ने किया खुलासा, एक महिला समेत दो गिरफ्तार

समस्तीपुर, प्रातः किरण संवाददाता

समस्तीपुर जिले के उजियारपुर थाना क्षेत्र के नाजीरपुर गांव के बाबूपोखर के पास घटहो ओपी क्षेत्र की एक नाबालिग युवती का शव फेंके हुए अवस्था में पाया गया था। जिसके बाद उजियारपुर थाना के पुलिस के द्वारा मृतका की मां के आवेदन के आधार पर प्राथमिकी दर्ज कर अनुसंधान प्रारंभ किया था। मानवीय आसूचना संकलन एवं तकनीकी अनुसंधान के आधार पर कांड का सफल उद्भेदन करते हुए घटना करने वाले दो अपराधियों को गिरफ्तार किया गया। जिनकी पहचान राज कुमार मेहता उर्फ रामकुमार एवं संजू देवी के रूप में हुई है। दलसिंहसराय डीएसपी मो. नजीब अनवर ने प्रेसवार्ता कर बताया कि राजकुमार मेहता उर्फ रामकुमार एवं उसकी पत्नी संजू देवी के द्वारा मिलकर युवती की हत्या का योजना बनाई गई थी। हत्या करने के पश्चात दोनों के द्वारा मिलकर एक चार चक्का वाहन में युवती का शव कम्बल से ढ़ककर ले जाकर उजियारपुर थानाक्षेत्र के नाजीरपुर गांव के बाबूपोखर के पास सुनसान में फेक दिया गया। उद्भेदन के दौरान में राजकुमार मेहता उर्फ रामकुमार के द्वारा कई बार मृतका से अवैध संबंध बनाने की भी बात सामने आई है। पुलिस के द्वारा घटना का सफल उद्भेदन करते हुए उक्त दोनों पकड़ाये अपराधकर्मियों के निशानदेही पर ही घटना में प्रयुक्त एक चार चक्का महिन्द्रा एक्सयूवी 500 वाहन, मृतिका के शव को ढ़कने वाला कंबल एवं अन्य सामान को भी बरामद कर लिया गया है। दोनों गिरफ्तार अपराधकर्मियों को न्यायिक अभिरक्षा में भेजा जा रहा है।

आश्चर्यजनक आंकड़ों से देश पटा है आबादी बड़ी है मनुष्य घटा है : सच्चिदानंद

● सुरौली में जय माँ सरस्वती साहित्यिक कला मंच द्वारा आयोजित कवि सम्मेलन सम्पन्न

विभूतिपुर, प्रातः किरण संवाददाता

विभूतिपुर प्रखंड के प्राथमिक कन्या विद्यालय सुरौली में जय माँ सरस्वती साहित्यिक सांस्कृतिक कला मंच द्वारा शुक्रवार की संध्या में आयोजित भव्य कवि सम्मेलन सम्पन हो गया। कवि सम्मेलन का आरंभ दीप प्रज्ज्वलित कर अतिथियों द्वारा किया गया। तत्पश्चात आयोजक व कवि सुमन कुमार मिश्र ने सभी साहित्कारों, पत्रकारों को चादर व माला देकर सम्मानित किया। कवि सम्मेलन का आगाज साहित्यकार प्रो शशि भूषण चौधरी की सरस्वती वंदना से हुआ। कवि सम्मेलन की अध्यक्षता करते हुए वरिष्ठ साहित्यकार व पत्रकार चाँद मुसफिर की रचना रोशनी को निकल रहा आजकल अंधेरा, कुर्सियों पर डाला है उल्लुओं ने डेरा ने खूब तालियां बटोरी। सुप्रसिद्ध रचनाकर व गायक डॉ सच्चिदानंद पाठक की रचना चैर गैल हो सभै खेत नील बकरी, चिंता में सुखी के भैय गेलो लकड़ी से किसानों की समस्या को उठाया वहीं उन्होंने आश्चर्यजनक आंकड़ों से देश पटा है, आबादी बढ़ी है मनुष्य घटा है से लोगो को सोचने को विवश कर दिया। कविवर डॉ शैलेन्द्र शर्मा त्यागी की रचना आयी ऋतु वसंत कुंज में गूँजने लगी मीठी कोकिला की बोलियां से वसंत ऋतु के आगमन का एहसास ताजा कर दिया। मैथिली के विद्वान कविवर रामाकांत राय रमा की रचना फूल जका विहशैत रहूँ अपन माटी पाइन में को लोगो ने काफी सराहा। साहित्यकार मनोरंजन प्रसाद मिश्र, नवोदित युवा कवि सुमन कुमार मिश्र, अंकित कुमार प्रियेशोक कुमार ललन आदि ने अपनी-अपनी रचना प्रस्तुत कर लोगों की माँ शारदे के प्रति आस्थावान होने का संकल्प दुहराया। सम्पूर्ण कार्यक्रम का संचालन पत्रकार मनोरंजन प्रसाद मिश्र ने किया। मौके पर अनिल कुमार झा, सच्चिदानंद लाल, अशोक मिश्र, सुरेन्द्र मिश्र, सचिदानंद लाल, राम रतन मिश्र, योगेश्वर राय, अशोक कुमार मिश्र, भुवन मिश्र, मदन मिश्र, राजाराम, अभिनंदन, आदर्श कुमार, हरिओम, अनिकेत कुमार, राजीव कुमार कर्ण, रौशन कुमार कर्ण आदि थे। धन्यवाद ज्ञापन विनोद कुमार मिश्र ने किया।

जमीनी विवाद में मारपीट प्राथमिकी दर्ज

विभूतिपुर, प्रातः किरण संवाददाता

जमीनी विवाद में हुए मारपीट को लेकर थाना क्षेत्र के कल्याणपुर उत्तर वार्ड 13 निवासी रामचंद्र राय ने थाना में एक प्राथमिकी दर्ज कराया। जिसमें पडोस के ही बालेश्वर राय, खखरी देवी, अशोक कुमार राय (वर्तमान वार्ड सदस्य) एवं धर्मवीर कुमार उर्फ शुगनी को नामजद किया है। बताया कि 13 फरवरी को उपर्युक्त नामित मेरे निजी जमीन में झोपड़ी का निर्माण करने का प्रयास कर रहा था। मना करने पर गाली-गलौज करते हुए मारपीट कर जख्मी कर दिया। मुझे बचाने मेरी पत्नी, पुत्र एवं पुत्रवधू आई तो उसके साथ भी मारपीट किया। एवं अशोक कुमार राय मेरी पुत्रवधू को बेनग्न कर दिया। वे लोग मेरे घर से निकलने वाले रास्ते पर भी भूसकार एवं गोबर का ढेर रखकर अवरुद्ध कर दिया है। साथ ही धमकी देता है कि आपके दोनों पुत्र रेलवे में है उसे झूठे केस में फंसा देंगे। पूर्व में भी वे लोग मारपीट कर जख्मी कर दिया था। जिसका केस थाना कांड संख्या 259/22 जो न्यायालय में लंबित है। इस केस में संधि करने का दबाव देता है। संधि नही करने पर पुनः घटना करने की धमकी देता है। थाना अध्यक्ष आनंद कुमार कश्यप ने बताया कि प्राथमिकी दर्ज की गई है। मामले की जांच की जा रही है।

देसी व खिलौना पिस्टल और गोली के साथ शराब पार्टी करता बदमाश गिरफ्तार

समस्तीपुर, प्रातः किरण संवाददाता

समस्तीपुर जिले के बंगरा थाने की पुलिस ने गुप्त सूचना पर गुरुवार की रात थाना क्षेत्र के कोठिया में छापेमारी कर शराब पार्टी कर रहे एक बदमाश को गिरफ्तार कर लिया। गिरफ्तारी के दौरान एक पिस्टल, एक गोली, एक खिलौना वाला पिस्टल, एक मोबाइल एवं 18 बोतल विदेशी शराब बरामद की गयी। गिरफ्तार बदमाश कोठिया गांव का अभिषेक कुमार उर्फ गोलू बताया गया। थानाध्यक्ष मनीषा कुमारी ने बताया कि उन्हें गुप्त सूचना मिली थी कि गिरफ्तार बदमाश अपने घर के पिछवाड़े स्थित बथान में कुछ दोस्तों के साथ शराब पार्टी कर रहा है।

सूचना मिलते ही पुलिस बल ने त्वरित कार्रवाई करते हुए बताए गए स्थान पर छापेमारी कर बदमाश को गिरफ्तार कर लिया। बाकी उसके चार साथी मौका पाकर फरार हो गए। उन्होंने बताया कि शराब पार्टी में मौजूद एक अन्य युवक का आपराधिक इतिहास रहा है। कुछ दिन पहले ही जेल से बाहर आया है। शराब पार्टी में मौजूद सभी युवकों के बारे में जानकारी हासिल कर ली गई है। सभी की गिरफ्तारी के लिए छापेमारी की जा रही है। पकड़े गए बदमाश को पूछताछ के बाद शुक्रवार को न्यायिक हिरासत में समस्तीपुर भेज दिया गया है।

पंचायत समिति की बैठक में उठा अतिक्रमण का मुद्दा

प्रातः किरण संवादता

बोचहा। प्रखंड सह अंचल कार्यालय स्थित सभागार में शनिवार को प्रमुख साजन कुमार पासवान के अध्यक्षता में पंचायत समिति की बैठक हुई।समिति सदस्यों की बैठक शांतिपूर्ण संपन्न हुई। बैठक में पीएम आवास शिक्षा विद्युत आपूर्ति भूमि परिमार्जन स्वास्थ्य समेत विकास योजनाओं पर चर्चा की गई। सदन की कार्यवाही शुरू होते ही सदस्यों द्वारा सरकारी जमीन पर अवैध कब्जा को लेकर कई सवाल एक साथ दाग दिए गए। शफुर्द्दीनपुर पंचायत के मुखिया अजय कुमार ने आयुर्वेद अस्पताल को लीज पर दिए जाने और उस अस्पताल में लगे दर्जनों औषधि पेड़ को काट दिए जाने बाउंड्री बाल कर कब्जा जमा रखने का मुद्दा उठाया।। उन्होंने श्मशान घाट की भूमि पर अवैध कब्जा कर उस पर नशे का कारोबार चल रहे अतिक्रमण कार्यों से उक्त भूमि को मुक्त करने की बात कही। इस दौरान बल्थी रसूलपुर पंचायत समिति सदस्य शहंशाह उर्फ डॉलर प्लाजा ने उप स्वास्थ्य केंद्र की भूमि पर अवैध कब्जा कर दुकान व मकान बना लिया गाया है। इससे पंचायत भवन व उप स्वास्थ्य केंद्र में आने जाने वाले लोगों को काफी कठिनाइयों का सामना करना पड़ता है।काफी बहस के बाद अंचला अधिकारी विश्वजीत सिंह ने बताया कि जल्द ही सरकारी भूमि को अतिक्रमण मुक्त कर लिया जाएगा। नरकटिया पंचायत के मुखिया ने बताया कि हमीदपुर गांव स्थित विद्यालय के इर्द-गिर्द देसी जुलाई शराब का धंधा जोरों शोर से चल रहा है इससे विद्यालय में आने-जाने वाले बच्चों को काफी कठिनाइयों का सामना करना पड़ता है। नशेड़ियों की जमावड़ा की वजह से बच्चे विद्यालय नही जाना चाह तें है।

राष्ट्रीय दैनिक
प्रातःकिरण
पटना, रविवार, 18 फरवरी, 2024

संक्षिप्त खबरें

पुलिस ने चलाया वाहन चेकिंग के साथ छापेमारी अभियान

सहरसा । जिले में अपराध नियंत्रण को लेकर सहरसा पुलिस लगातार वाहन चेकिंग अभियान चला रही है इसी करी में शनिवार को पुलिस अधीक्षक हिमाशु कुमार के निदेर्शानुसार जिले के विविन्नं इलाकों में सघन वाहन चेकिंग एवं विशेष छापामारी अभियान चलाया गया जिसके क्रम में पतरघट ओ0पी0 अन्तर्गत भिन्न-भिन्न स्थानों से छापामारी कर देशी एवं विदेशी शराब एवं गाँजा सहित कुल 07 अभियुक्तों की गिरफतारी की गयी है। उक्त संबंध में कांड दर्ज कर अग्रिम कार्रवाई की जा रही है। अभियान के दौरान 104 पीस विदेशी शराब 5 लीटर देशी शराब 277 ग्राम गाँजा के साथ विनय कुमार यादव, विशाल कुमार,अमरेन्द्र सिंह, सुमन सिंह, जयकृष्ण, अमरेन्द्र कुमार, पिन्टु कुमार को गिरफ्तार किया गया है

विशेष गस्ती के दौरान हथियार के साथ बदमाश गिरफ्तार

सहरसा । पुलिस अधीक्षक सहरसा के निदेर्शानुसार सहरसा जिला के बिहरा थाना क्षेत्र में विशेष संध्या गस्ती के कम में आजाद चौक पैट्रॉल पम्प के निकट सघन वाहन चेकिंग के दौरान 01 मोटरसाईकिल पर सवार 03 लड़के को 01 देशी कट्टा एवं 03 जिन्दा कारतुस के साथ गिरफतार किया गया तथा इस संबंध में कांड दर्ज कर अभियुक्तों न्यायिक हिरासत में भेजा गया। वही 1 देशी कट्टा 3 कारतुस 1 मोटरसाईकिल के साथ अश्विनी यादव,अरूण कुमार, पपलेश यादव को गिरफ्तार किया गया है ।

157 बोतल प्रतिबंधित कफ सिरप के साथ युवक गिरफ्तार

मुरलीगंज (मधेपुरा) कफ सिरप के साथ गिरफ्तार युवक शौच के बहाने चौकीदार को चकमा देकर थाना से फरार होने का मामला सामने आया है। पुलिस ने तत्परता दिखाते हुए चार घंटे के अंदर फरार हुए युवक को पुनः गिरफ्तार करने में सफल हुई है। बताया गया कि शुक्रवार की शाम कमांडो टीम के द्वारा वाहन जांच के दौरान बाइक सवार युवक को सैकड़ो बोतल प्रतिबंधित कफ सिरप के साथ गिरफ्तार किया गया था। विधि सम्मत कार्रवाई हेतु पुलिस अभिरक्षा में रखा गया था। शनिवार की अहले सुबह थाना में ड्यूटी पर तैनात चौकीदार ने हिरासत में रहे युवक को शौच करवाने गए थे। इसी बीच युवक मौका पाकर चौकीदार को चकमा देते हुए फरार हो गया।

संरक्षण संवर्धन करने को लेकर 23 मार्च को मुख्यमंत्री के समक्ष पटना में होगा धरना प्रदर्शन सभा

प्रात : किरण संवाददाता

● साझी शहादत - साझी विरासत संदर्भित जिले में संग्रहालय भवन निर्माण किया जाय, 52 कोठारी 53 द्वार को जीर्णोद्धार करे सरकार : किरण देव यादव

खगड़िया। देश बचाओ अभियान व धरोहर विरासत बचाओ अभियान के संस्थापक अध्यक्ष किरण देव यादव ने प्रेस विज्ञप्ति जारी कर बताया कि साझी शहादत साझी विरासत के सवाल को लेकर 23 मार्च 2024 को शहीदे आजम भगत सिंह के शहादत दिवस पर विधानसभा एवं मुख्यमंत्री के समक्ष गर्दनीबाग में देश बचाओ अभियान एवं धरोहर विरासत बचाओ अभियान के बैनर तले राज्य स्तरीय धरना प्रदर्शन सभा किया जाएगा।

श्री यादव ने कहा कि पुरानी पटना संग्रहालय के अस्तित्व को बचाने एवं खगड़िया जिला के 52 कोठारी 53 द्वार सहित बिहार के सभी धरोहर विरासत को जीर्णोद्धार करने, पर्यटन स्थल बनाने, पुरातत्व सामग्री को अक्षुण्ण रखने, म्यूजियम का स्वायत्तता कायम रखने, निजीकरण पर रोक लगाने, स्वतंत्र कमेटी म्यूजियम संचालन निगरानी समिति बनाने, बिहार म्यूजियम में पटना म्यूजियम से ले गई पुरातत्व सामग्री को वापस स्थापित करने, 542 करोड रुपए की लागत से बनाई जा रही महत्वाकांक्षी योजना के तहत सुरंग एवं आर्ट गैलरी बनाने के नाम पर अंग्रेज जमाने के सुंदर भव्य इमारत को तोड़ने-क्षतिग्रस्त करने पर रोक लगाने, म्यूजियम में सभी पांडुलिपि ताम्रपत्र पुरातत्व सामग्री का कैटलॉग बनाने, सूचीबद्ध करने, पटना संग्रहालय के सामग्रियों का कथित तस्करी का सीबीआई से जांच करने, महापंडित राहुल सांकृत्यायन के दुर्लभ पांडुलिपि का हिंदी अनुवाद करने, खगड़िया जिला सहित सभी जिला में संग्रहालय भवन निर्माण करने, अलौली गढ़, अघोरी स्थान, कसरैया धार, चंदवा डीह, पीरनगरा का कुआं, कात्यायनी मंदिर, सन्हौली दुर्गा स्थान को पर्यटन स्थल का दर्जा देने एवं धरोहर विरासत के संरक्षण संवर्धन सर्वांगीण विकास करने आदि सवालों को लेकर 23 मार्च 2024 को शहीदे ए आजम भगत सिंह के शहादत दिवस पर गर्दनीबाग पटना में मुख्यमंत्री व विधानसभा के समक्ष धरना प्रदर्शन सभा किया जाएगा।

उक्त निर्णय संपर्क कार्यालय खगड़िया में अभियान के संस्थापक अध्यक्ष किरण देव यादव के अध्यक्षता में अभियान के उपाध्यक्ष अधिवक्ता डॉक्टर कमल किशोर यादव, संयोजक मधुबाला, महासचिव उमेश ठाकुर, सचिव धर्मेंद्र कुमार, संयुक्त सचिव लालमणि सदा, कोषाध्यक्ष कालेश्वर ठाकुर, राम सुचित पासवान, तितली भारती, चंद्रशेखर मंडल, जितेंद्र कुमार, प्रवक्ता दिनेश शाह, गुड्डू ठाकुर आदि ने धरोहर बचाओ, विरासत बचाओ, इतिहास बचाओ, मानवता बचाओ, देश बचाओ, नारों को बुलंद किया।

समाजसेवी किरण देव यादव ने कहा कि साझी शहादत के यादों में तथा साझी विरासत को अक्षुण्ण रखने हेतु सभी जिले में म्यूजियम भवन निर्माण किया जाय। ताकि भवन में क्षेत्रीय पुरातत्व सामग्री को समाहित करने एवं शहीदों का प्रतिमा स्थापित किया जा सके। उक्त आंदोलन में पूरे बिहार के सामाजिक राजनीतिक कार्यकर्ता, बुद्धिजीवी, इतिहासकार, लेखक, कवि, पत्रकार, पुरातत्ववेत्ता, अधिवक्ता आदि से अधिकाधिक संख्या में भाग लेने का आह्वान किया।

कुख्यात प्रमोद ततमा को पुलिस ने किया शंकरपुर थाना क्षेत्र से गिरफ्तार

● गिरफ्तार करने पहुंची पुलिस टीम पर अपराधी की फायरिंग, बाल बाल बचे पुलिस

● गिरफ्तार अपराधी के पास से एक देशी कट्टा और 5 जिंदा कारतूस हुआ बरामद

प्रात : किरण संवाददाता

मधेपुरा कोसी के टॉप 10 की सूची में सामिल कुख्यात प्रमोद ततमा को शंकरपुर थाना क्षेत्र के बरियाही गांव से पुलिस ने गिरफ्तार करने में सफलता पाई। बताया गया कि गिरफ्तार अपराधी पर एक दर्जन से अधिक अपराधिक मामले दर्ज है। वही पुलिस ने एक देशी कट्टा और 5 जिंदा कारतूस भी बरामद किया है। बता दें कि गिरफ्तार करने पहुंची पुलिस पर कुख्यात अपराधी प्रमोद ततमा ने पुलिस पर फायरिंग भी की हालांकि बाल बाल शंकरपुर पुलिस बच गए। दरअसल आगामी लोक सभा चुनाव के मद्देनजर मधेपुरा एसपी संदीप सिंह के निर्देशन में जिले के सभी थाना क्षेत्र में अपराधियों पर नकेल कसने हेतु लगातार लंबित कांड में सामिल अपराधियों की धर पकड़ हेतु छापेमारी अभियान चल रहा है इसी क्रम में शुक्रवार देर शाम कुख्यात प्रमोद ततमा को पुलिस ने शंकरपुर के बारयाही गांव से गिरफ्तार करने में अहम सफलता पाई है। एएसपी प्रवेंद्र भारती के मुताबिक बताया जा रहा है कि बीते दिनों जिले के मुरलीगंज थाना क्षेत्र स्थित मीरगंज चौक पर ड्यूटी से घर जा रहे एक चौकीदार पर गोली चला कर प्रमोद ततमा बाइक लूट कर फरार हो गया था लेकिन पुलिस ने तत्काल कार्रवाई करते हुए बाइक भी शंकरपुर थाना क्षेत्र से हीं बरामद कर लिया। वहीं पुलिस के मुताबिक कोसी के टॉप 10 लिस्ट में सामिल कुख्यात प्रमोद ततमा की गिरफ्तारी से अपराध पर अंकुश लगेगा पुलिस इसे बड़ा उपलब्धि भी मान रही है।

बीएनएमयू कुलसचिव से मिलकर आइसा प्रतिनिधिमंडल ने सौंपा मांग पत्र

प्रात : किरण संवाददाता

मधेपुरा छात्रहितों के विभिन्न मुद्दों को लेकर बीएनएमयू के कुलसचिव से मिलकर राष्ट्रीय परिषद सदस्य सह विश्वविद्यालय अध्यक्ष आइसा अरमान अली के नेतृत्व में गहन वार्ता हुई एवं 6 सूत्री मांग पत्र सौंपा गया। जिसमें पैट- 2021 के पीएचडी कोर्स वर्क एग्जाम- 2021 का परीक्षा फॉर्म अभिलंब भराया जाए एवं जल्द परीक्षा लिया जाए। बीएनएमयू में गरीब एवं मेधावी शोधार्थियों के लिए स्कॉलरशिप की शुरूआत किया जाए। स्नातकोत्तर (सत्र- 2022-24) द्वितीय सेमेस्टर का परीक्षा परिणाम अभिलंब जारी किया जाए। एम.एड एंट्रेंस टेस्ट (एम ई टी - 2023) का आयोजन अभिलंब किया जाए। बीएनएमयू में छठा दीक्षांत समारोह का आयोजन जल्द किया जाए। बीएनएमयू के एकमात्र सरकारी शिक्षा शास्त्र विभाग (सी ई टी - सहरसा) की मान्यता पुनः बहाल किया जाए। राष्ट्रीय परिषद सदस्य सह आइसा विश्वविद्यालय अध्यक्ष अरमान अली ने कहा बीएनएमयू के सभी अधिकारी सिर्फ अपने पद की खानापूर्ति ना करें, छात्रों के लिए तत्पर रहें एवं हमेशा छात्रहित में सकारात्मक निर्णय ले। बीएनएमयू अंतर्गत एकमात्र सरकारी शिक्षा शास्त्र विभाग सीईटी सहरसा में विगत कुछ वर्षों से नामांकन ना होना कोशी जैसे पिछड़े इलाकों के वंचित, शोषित, दलित समाज के छात्रों के साथ एक धोखा है। अधिकारियों के अनदेखी एवं लापरवाही की वजह से पूरे 100 सीटों पर नामांकन कई सालो से बंद है। साथ ही अध्यक्ष अरमान अली ने कहा विगत कुछ दिनों से बीएनएमयू प्रशासन पूरे तानाशाही रवैया अपना रही है एवं दबाव में सभी फैसले ले रही है जो अति निंदनीय है। बीएनएमयू प्रशासन नियम-अधिनियम के तहत सभी फैसले ले एवं छात्रहित में काम करें अन्यथा छात्र संगठन आइसा बीएनएमयू में आर-पार की लड़ाई लड़ेगी एवं बीएनएमयू में चरणबद्ध आंदोलन करेगी। मौके पर आइसा नेता एजाज अख्तर, विश्वविद्यालय मीडिया प्रभारी रजकिशोर राज, दीपक कुमार, विशाल राज, संतोष कुमार सियोटा, अहकम आदिल, राहुल कुमार, अजय कुमार, भितेश कुमार, विकास कुमार आदि सभी मौजूद थे।

पक्षी महोत्सव नागी में अभी मैं 'जिन्दा हूं' गौरैया फोटो प्रदर्शनी का आयोजन

प्रात : किरण संवाददाता

जमुई । जिले के नागी स्थित बर्ड सेंचूरी में शनिवार को शुरू हुए में तीन दिवसीय नागी पक्षी महोत्सव 2024 (17से 19 फरवरी) में बिहार की राजकीय पक्षी और हमारे घर आँगन से विलुप्त होती गौरैया के संरक्षण को लेकर ह्यअभी मैं जिन्दा हूं गौरैयाह्न, फोटो, नेस्ट और दाना घर की प्रदर्शनी हमारी गौरैया और इन्वायरमेंटल वारियर्स पटना के द्वारा लगायी है। जमुई वन प्रमंडल,पर्यावरण, वन एवं जलवायु परिवर्तन विभाग, बिहार सरकार द्वारा आयोजित नागी पक्षी महोत्सव में प्रदर्शित गौरैया प्रदर्शनी के उद्देश्य पर गौरैया संरक्षण में वर्षो से सक्रिय संजय कुमार और निशांत रंजन ने बताया कि मकसद है लोगों को जागरूक करना। प्रदर्शनी में संजय कुमार द्वारा खींची गई गौरैया की विभिन्न अदाओं की जीवंत तस्वीरें प्रदर्शित की गई। साथ ही विभिन्न तरह के घोंसले प्रदर्शित है। मौके पर निशांत रंजन ने ह्लगौरैया का संरक्षण क्योंह्व के बारे में लोगों से संवाद किया। उन्होंने बताया कि गौरैया और इंसान के बीच 8 लाख साल पुराना सम्बन्ध हैं। आज इंसानों कि वजह से ही घर आँगन की गौरैया गायब यानि विलुप्त हो चली है। गौरैया की संख्या में कमी के पीछे के कारणों में बढ़ता आवासीय संकट, आहार की कमी, खेतों में कीटनाशक का व्यापक प्रयोग,जीवनशैली में बदलाव, जलवायु परिवर्तन, प्रदूषण, शिकार, बीमारी आदि शामिल है,ऐसे में हमें कोशिश करनी होगी और गौरैया की घर वापसी करवानी होगी।उन्होंने बताया कि हर ओर गौरैया को बचाने की पहल हो रही है। प्रदर्शनी के दौरान हमारी गौरैया और इन्वायरमेंटल वारियर्स की दीपा नायक, शानू कुमार राज और नवनीत निगम ने लोगों को बताया कि गौरैया की घर वापसी के लिए घर आँगन, बालकोनी, छत और खुले में दाना-पानी रखें और घोंसला व पेड़ भी लगाएं । इसी के मद्देनजर प्रदर्शनी भी लगी है। गौरैया के लिये विभिन्न तरह के कृत्रिम नेस्ट (घोंसला), दाना घर और अन्य जानकारी दी जा रही है।

39 लीटर विदेशी शराब और गांजा के साथ कारोबारी गिरफ्तार

प्रात : किरण संवाददाता

पतरघट/सहरसा। जिले के पतरघट ओपी पुलिस ने क्षेत्र में शराब कारोबारी के खिलाफ छापेमारी कर भारी मात्रा में विदेशी शराब सहित कारोबारी को किया गिरफ्तारी, एक तरफ सरकार के द्वारा दावे किया जा रहा है प्रदेश में संपूर्ण शराबबंदी चल रहा है लेकिन दूसरी तरफ कारोबारी भी अपने करतूत से बाज नहीं जा रहा है, प्राप्त जानकारी के अनुसार गुप्त सूचना के आधार पर पुअनि नीरज कुमार व अन्य पुलिस जवान के सहयोग से जम्हरा पंचायत स्थित वार्ड नंबर 13 निवासी विनय कुमार यादव पिता स्वर्गीय कपिलेश्वर यादव के मकान के छत के छज्जा पर से चार कार्टून एवं एक खुला कार्टून में विदेशी शराब का कुल मात्रा 104 बोतल 375`' का बरामद किया है। जिसका कुल मात्रा 39 लीटर जप्त किया। वही दूसरा व्यक्ति बिशनपुर हाट के समीप विमल कुमार पिता ब्रह्मदेव शाह सकीम कमलजरी वार्ड नंबर 10 के निवासी को 5 लीटर देसी शराब झोला में रखकर पकड़या गया वही संध्या गस्ती के क्रम गुप्त सूचना के आधार पर कहरा मोर के पास से अमरेंद्र सिंह पिता स्वर्गीय बलभद्र सिंह एवं सुमन सिंह पिता अमरेंद्र सिंह दोनों का साकिब बिशनपुर वार्ड नंबर 1 के पास से मदन पदार्थ गांजा के साथ गिरफ्तार किया गया , इस बावत ओपी अध्यक्ष अजय कुमार पासवान ने बताया की ओपी क्षेत्र में शराब तस्कर के उपर सघन छापेमारी कर कार्यवाही की जा रही है ,क्षेत्र मे शराब कारोबारी किसी भी सूरत मे नही होने देंगे, पकड़े गए तीनों कारोबारी के ऊपर मध्य निषेध अधिनियम के तहत विधि संवत कार्रवाई करते हुए नियाईक हिरासत सहरसा भेज दी गई है।

जननायक कर्पूरी ठाकुर स्मृति समारोह का हुआ आयोजन

● ईमानदारी एवं सरलता की प्रतिमूर्ति थे जननायक : कुलपति

प्रात : किरण संवाददाता

मधेपुरा भूपेन्द्र नारायण मंडल विश्वविद्यालय, मधेपुरा में शनिवार को जननायक कपूरी ठाकुर स्मृति दिवस का आयोजन किया गया। इस अवसर पर सर्वप्रथम अतिथिशाला स्थिति जननायक कपूरी प्रतिमा स्थल (प्रस्तावित) पर पुष्पांजलि की गई। तदुपरांत केन्द्रीय पुस्तकालय सभागार, प्रशासनिक परिसर (ओल्ड परिसर) में परिचर्चा एवं सम्मान समारोह का आयोजन किया गया है।

कार्यक्रम की अध्यक्षता करते हुए कुलपति प्रो. बी. एस. झा ने कहा कि कपूरी ठाकुर ईमानदारी एवं सादगी की प्रतिमूर्ति थे। उन्होंने कहा कि व्यक्ति की पहचान उसके चरित्र से होती है। उसके कपड़े से नहीं होती है। उन्होंने कहा कि कपूरी ठाकुर मनसा, वाचा एवं कर्मना समाजवादी थे। उन्होंने कभी भी परिवारवाद को बढ़ावा नहीं दिया। उन्होंने किसी विशेष जाति या वर्ग के लिए नहीं, बल्कि पूरे समाज एवं राष्ट्र के लिए कार्य किया। उन्होंने कहा कि कपूरी ठाकुर का संपूर्ण जीवन हमारे लिए एक आदर्श है। उनके विचारों एवं कार्यों को जन-जन तक पहुंचाने की जरूरत है। हम उनके आदर्शों को अपने जीवन में अपनाएं, यही उनके प्रति हमारी सच्ची श्रद्धांजलि होगी। कुलपति ने कहा कि मधेपुरा समाजवाद एवं सामाजिक न्याय का की धरती है। उनका यह सौभाग्य है कि उन्हें इस महान धरती पर महामना भूपेंद्र नारायण मंडल के नाम पर विश्वविद्यालय की सेवा का अवसर मिला है। इसके लिए वे महामहिम राज्यपाल राजेन्द्र विश्वनाथ आर्लेकर एवं माननीय मुख्यमंत्री नीतीश कुमार के आभारी हैं। वे इस विश्वविद्यालय में भूपेंद्र नारायण मंडल एवं कपूरी ठाकुर के विचारों को आगे बढ़ाने का हरसंभव प्रयास करेंगे।

कुलपति ने कहा कि वे सभी कार्य नियम-परिनियम के अनुरूप समयबद्ध रूप में करने की हरसंभव कोशिश करेंगे। इसमें सभी पदाधिकारियों, संकायाध्यक्षों विभागाध्यक्षों, प्रधानाचार्यों, शिक्षकों, कर्मचारियों, विद्यार्थियों एवं अभिभावकों का सकारात्मक सहयोग अपेक्षित है। सबों को मिलकर इस विश्वविद्यालय को आगे बढ़ाना है और सरकार एवं समाज की अपेक्षाओं को पूरा करना है।डीएसडब्ल्यू प्रो. नवीन कुमार ने कहा कि हम सबों को मिलकर कपूरी ठाकुर के विचारों एवं कार्यों को आगे बढ़ाने की जरूरत है। पार्वती विज्ञान महाविद्यालय, मधेपुरा के प्रधानाचार्य सह सामाजिक विज्ञान संकायाध्यक्ष डॉ. परमानंद यादव ने कहा कि विश्वविद्यालय में शैक्षणिक माहौल बनाना ही कपूरी ठाकुर के प्रति हमारी सच्ची श्रद्धांजलि होगी। पूर्व कुलसचिव प्रो. शचीन्द्र ने कहा कि कपूरी ठाकुर आम जनता से जुड़े जमीनी नेता थे। वे समाजवाद को जीते थे। अभिषद् सदस्य डॉ. जवाहर पासवान ने कहा कि जो समाज के लिए कार्य करते हैं, उन्हें देर-सबेर सम्मान अवश्य मिलता है।

विषय प्रवेश करते हुए कुलपति के निजी सहायक शंभू नारायण यादव ने कहा कि कपूरी मात्र पिछडों के नेता नहीं थे, बल्कि वे पूरे समाज एवं राष्ट्र के नेता थे। अतिथियों का स्वागत कुलसचिव प्रो. मिहिर कुमार ठाकुर ने कहा कि विश्वविद्यालय में कपूरी ठाकुर की प्रतिमा भूपेंद्र नारायण मंडल की प्रतिमा के सामने लगाई जाएगी।

कार्यक्रम का संचालन मधेपुरा यूथ एसोसिएशन (माया) राहुल यादव ने किया। धन्यवाद ज्ञापन उपकुलसचिव स्थापना डॉ. सुधांशु शेखर ने किया।

इस अवसर पर विकास पदाधिकारी डॉ. ललन प्रसाद अद्री, डॉ. अंकेश गोप, सुधांशु कुमार, अरमान अली आदि उपस्थित थे।

गम्हरिया में तीन दिवसीय दंगल प्रतियोगिता का आयोजन

प्रात : किरण संवाददाता

सौरबाजार/सहरसा। प्रखंड क्षेत्र के मां सरस्वती मेला मैदान गम्हरिया में सरस्वती पूजा के अवसर पर तीन दिवसीय दंगल प्रतियोगिता का आयोजन हुआ। कुश्ती दंगल का उद्घाटन कुश्ती प्रतियोगिता के मुख्य अतिथि यूरोसर्जन गंगोत्री मेमोरियल हॉस्पिटल मधेपुरा सह लॉर्ड बुद्धा कोशी मेडिकल कॉलेज हॉस्पिटल सहरसा के डॉ निरज कुमार ने फीता काटकर किया। संबोधित करते हुए डॉक्टर कुमार ने कहा कि कुश्ती से सिर्फ न शारीरिक विकास होता है। बल्कि मानसिक विकास के साथ आत्मविश्वास में वृद्धि होती है। कुश्ती की पारंपरिक कला को सहेजने के लिए वर्तमान परिवेश में युवाओं को आगे आने की जरुरत हैं। ताकि इसे विलुप्त होने से बजाया जा सके। इस प्रतियोगिता के दूसरे दिन शनिवार को उत्तर प्रदेश, दिल्ली, पंजाब, बुंदेलखंड, उत्तराखंड, बनारस, बिहार एवं स्थानीय पहलवानों नें अपना दबदबा कायम कर दूसरे राउंड में प्रवेश किया। दूसरे दिन एक सौ सें अधिक पहलवानों ने अपना दमखम दिखाया। इस दंगल प्रतियोगिता में 50 पहलवानों की टीम ने हिस्सा लिया। इस दौरान कुश्ती देखने के लिए हजारों की संख्या में लोग जुटे। कमेटी की ओर से पुरुष पहलवान की कुश्ती दिखाने के लिए प्रोजेक्ट भी लगाया गया। कार्यक्रम में शांति व्यवस्था बनाए रखने के लिए अधिक संख्या में पुलिस जवान तैनात किए गए थें। बैजनाथपुर पुलिस शिविर प्रभारी अरमोद कुमार सदर बल के साथ गस्ती करते नजर आए। दर्शकों की भीड़ विजेता घोषित होने की प्रतीक्षा में शोर मचा रही थी। मौके पर मेला समिति के सदस्यगण का भरपूर सहयोग रहा।

पूर्णिया प्रमंडल की राजद लोकसभा प्रभारी बनी कुमारी विनीता भारती

प्रात : किरण संवाददाता

मधेपुरा महिला राजद की प्रदेश अध्यक्ष ऋतू जायसवाल ने बिहार राजद के राष्ट्रीय अध्यक्ष लालू प्रसाद यादव, पूर्व उपमुख्यमंत्री तेजस्वी यादव सह बिहार प्रदेश अध्यक्ष जगदानंद सिंह के विचारों उपरांत लोकसभा चुनाव को देखते हुए प्रमंडल स्तर पर लोकसभा प्रभारी की सूची जारी की। जिसमें मधेपुरा की राजद नेत्री सह बिहार प्रदेश उपाध्यक्ष कुमारी विनीता भारती को पूर्णिया प्रमंडल की प्रभारी बनाई गई है जिसके उपरांत महिला राजद की महिलाओं ने कुमारी विनीता भारती को बधाई दी। राजद महिला प्रदेश उपाध्यक्ष सह पूर्णिया प्रमंडल लोकसभा प्रभारी कुमारी विनीता भारती ने कही की मैं लागातार पार्टी को मजबूती प्रदान करने के लिए प्रयासरत हूँ। पार्टी को बूथ स्तर तक कैसे मजबूत करना है इसके लिए लागातार कोशी - सीमांचल सहित मधेपुरा में कार्य करती रहती हूँ। पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष आदरणीय लालू प्रसाद यादव, युवा दिलों की धड़कन पूर्व उपमुख्यमंत्री तेजस्वी यादव व महिला प्रदेश अध्यक्षा श्रीमती ऋतू जायसवाल जी का विशेष आभार है कि लागातार मुझ पर भरोसे जताने का कार्य करते आ रही है। मुझे पहले भी संगठन को मजबूत करने के लिए कोशी - सीमांचल का प्रभारी बनाया गया था तब भी मैंने अपने पार्टी को अपना सब कुछ परिवार से भी बढ़कर सभी सातो जिला का दौरा कर पार्टी को मजबूत करने का कार्य की थी।

सिद्धांत विहीन राजनीति के दौर में कुर्सी के लिए अंधे हो गए देश के नेता : किशोर कुमार

प्रात : किरण संवाददाता

सहरसा। भारत रत्न जननायक कपूरी ठाकुर जी की पुण्यतिथि के अवसर पर जिला नई संघ सहरसा द्वारा आयोजित कार्यक्रम सहरसा के सिमराहा में शामिल होते हुए पूर्व विधायक किशोर कुमार ने कहा कि कपूरी जी का जीवन उच्च आदर्शो और सिद्धांतों पर आधारित था, जिस वजह से आज भी हम उन्हें जननायक के नाम से याद करते हैं। लेकिन दुख होता है कि आज उनके नाम पर राजनीति हो रही है और उनके आदर्शों को परे धकेल दिया गया है। किशोर कुमार ने उक्त बातें भारत रत्न कपूरी ठाकुर जी को श्रद्धांजलि देते हुए कही।कार्यक्रम की अध्यक्षता सभापति तारनी ठाकुर जी ने किया तथा संचालन शिवशंकर ठाकुर ने किया। उन्होंने कहा कि सिद्धांत विहीन राजनीतिक इस दौर में देश के नेता कुर्सी के लिए अंधे हो गए हैं और वह जनता और लोकतंत्र का मखौल बना रहे हैं। किशोर कुमार ने कहा कि जिस लोकतांत्रिक मूल्यों के लिए कपूरी ठाकुर जी जैसे महान आत्माओं ने संघर्ष किया, अगर वह आज के उसके कारण आज भी ट्रेनों में भरकर भीड़ मजदूरी के लिए दूसरे प्रदेश जाते हैं। अब तो अपनी आजीविका के लिए लोग गलत तरीके से भी विदेश जाने लगे हैं। अस्पताल सिर्फ कागजी आंकड़ों के लिए बने हैं वहां गरीबों का इलाज संभव नहीं। गरीबी की मार इतनी की दिल्ली एम्स समेत दूसरे प्रदेशों के अस्पताल में बिहार के लोग जान बचाने के लिए भर्ती होते रहे हैं। उन्होंने कहा कि आज भ्रष्टाचार के बगैर आम लोगों का कोई कार्य पंचायत प्रखंड थाना जिला आदि में हो ही नहीं सकता। पटना का सचिवालय रिश्वत का अड्डा बन चुका है। मंत्रिमंडल के सदस्य इसमें पूरी तरह से लिप्त हैं। एक और जहां आम लोगों का जीवन तवा है वहीं दूसरी ओर विधायक सांसद और अधिकारियों की अकूत संपत्ति दिन-ब-दिन बढ़ती जा रही है।सूबे में अपराध हत्या और लूट चरम पर है। भूमि माफिया बालू माफिया को सरकार का संरक्षण प्राप्त है।उन्हें पुलिस पर भी गोली चलाने से परहेज नहीं है। इस हकीकत को आज जनता रोज जीती है लेकिन चुनाव के वक्त आप सबकुछ भूलकर अपने जाति और धर्म के नेता को चुनते है तो फिर वे अपने बच्चों के बारे में क्यों सोचेंगे।उन्माद और जाति से निकलिए। आज इससे निकलने की सबसे बड़ी चुनौती है। इसलिए मैं कहना चाहता हूं कि सिद्धांत और जन सरोकार की राजनीति के प्रति कपूरी ठाकुर जी को सच्ची श्रद्धांजलि तभी होगी, जब उनके सपनों का बिहार बनाया जा सकेगा। आइए इस अवसर पर हम लोग मिलकर इसके लिए संकल्प लें की। आने वाले सभी चुनाव में लोकतंत्र की हत्या करने वाले नेताओं को नहीं चुनना है। उपस्थितः- अध्यक्ष विजेंद्र ठाकुर, उपाध्यक्ष रविंद्र ठाकुर, सचिव शिव शंकर ठाकुर, मिथिलेश ठाकुर, रामचंद्र ठाकुर, संजय ठाकुर, पवन ठाकुर, दिलीप भारती, देवेंद्र ठाकुर, गणेश ठाकुर, श्री राम जी ठाकुर, कमल किशोर यादव, रणधीर कुमार ठाकुर, आमोद ठाकुर, दीपक ठाकुर, वीरेंद्र ठाकुर, विजय ठाकुर, गंगा ठाकुर, रामप्रसाद ठाकुर, पारस ठाकुर, सुधीर ठाकुर, मोहन ठाकुर, रूपेश, रिंकू देवी, रंजू देवी, अमेरिका देवी, दयामणि देवी, रंजन देवी, कुमार विक्रम, कुमार दिलखुश, विपिन ठाकुर, हरदेव ठाकुर आदि उपस्थित।

कर्पूरी छात्रावास के फर्जी नामांकित छात्रों के ऊपर मुकदमा दर्ज के लिए पदाधिकारी को दिया आवेदन

प्रात : किरण संवाददाता

सहरसा । जननायक कपूरी ठाकुर छात्रावास में नामांकन की सूची में शामिल दर्जनों छात्रों के द्वारा फर्जी नामांकन रशीद की कॉपी लगाई गई हैं। जिस पर विभाग के द्वारा बिना कॉलेज जाँच किए बगैर नामांकन सुनिश्चित करना धांधली को दशार्ता है। छात्रावास के नायक खुद मधेपुरा में नामांकित है लेकिन रशीद कही और का लगाए है। जो अवैध हैं। इतना ही नहीं अपने कई साथी का भी मोटी रकम लेकर के फर्जी रसीद बनाकर के विभाग के छात्रावास अधीक्षक उज्जवल कुमार से मीलिभगत करके इस धांधली को अंजाम दिया। छात्रावास में नामांकन के लिए कुल 100 सीट में अब तक केवल फर्जी छात्र सहित 97 का ही नामांकन क्यों हुआ है ? छात्रावास से चावल अवैध रूप से बेच दिया जाता है विभाग कोई कारवाई नहीं करती क्यों ? नामांकन सूची निकाली गई लेकिन उस पर विभागीय अधिकारी का हस्ताक्षर क्यों नहीं हुआ था? छात्रों को समय पर प्रत्येक महीना खाधान्य व छात्रवृत्ति की राशि समय पर नहीं मिलती है। बिहार सरकार पूरे बिहार में संचालित छात्रों के लिए मेस की सुविधा उपलब्ध करवाती है लेकिन यहाँ बिना निविदा के ही मेस का संचालन क्यों हो रहा है। आखिर विभाग किसके दबाब में इस धांधली को अंजाम दे रही है। इसका निविदा क्यों नहीं निकाला गया। उन सभी फर्जी छात्रों की नामांकन रशीद कॉलेज जाकर के चेक करवाई जाए साथ ही चावल गबन, अवैध रूप से मेस का संचालन, पीने के पानी में आयरन का होना इन सभी मामलों पर गहन रुप से जाँच करते हुए एक सप्ताह के अंदर कारवाई की जाए अन्यथा चरणबद तरीके से आंदोलन की जाएगी। आवेदन देने वाले में रवि कुमार, निखिल कुमार,सत्यम कुमार, नितीश कुमार ने कारवाई की मांग की।

सम्मान समारोह आयोजित

प्रात : किरण संवाददाता

मधेपुरा के वैसे विद्यार्थी, जो नेट-यूजीसी परीक्षा दिसंबर -2023 में सफल हुए हैं, उन्हें शनिवार को केंद्रीय पुस्तकालय में आयोजित एक समारोह में सम्मानित किया गया। समारोह की अध्यक्षता करते हुए कुलपति प्रो. बी. एस. झा ने कहा कि शिक्षा से ही मानव जीवन में परिवर्तन आ सकता है। इसलिए विद्यार्थियों का यह सबसे बड़ा धर्म है कि वे विद्यार्जन पर ध्यान दें।उन्होंने कहा कि सभी लोगों में जन्मजात प्रतिभा नहीं होती है। प्रतिभा को अर्जित करना पड़ता है। कई बार अवसर देने से योग्यता आती है। उन्होंने कहा कि बीएनएमयू के विद्यार्थियों में प्रतिभा की कोई कमी नहीं है। सब समुचित मार्गदर्शन एवं उपयुक्त अवसर उपलब्ध कराने की जरूरत है। उन्होंने नेट-जेआरएफ उत्तीर्ण सभी विद्यार्थियों को बधाई दी और कहा कि उनकी उपलब्धियों से विश्वविद्यालय की प्रतिष्ठा बढ़ी है। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि डीएसडब्ल्यू प्रो. नवीन कुमार ने कहा कि यह कार्यक्रम मुख्यमंत्री व्यावसायिक पाठ्यक्रम मार्गदर्शन एवं उत्प्रेरणा केंद्र द्वारा आयोजित किया गया। इस केंद्र का उद्देश्य उच्च शैक्षणिक संस्थानों में शैक्षणिक पदों पर नियुक्ति में पिछड़ा वर्ग एवं अत्यंत पिछड़ा वर्ग की भागीदारी बढ़ाना है। सरकार का यह प्रयास अत्यंत ही सराहनीय है और विद्यार्थियों को इसका अधिकाधिक लाभ लेने की जरूरत है। उन्होंने बताया कि इस केंद्र में विद्यार्थियों को इनईटी, जीएटीई, जेआरएफ, पीएचडी आदि प्रतियोगिता परीक्षाओं में चयनित होने के लिए परीक्षा पूर्व निशुल्क प्रशिक्षण (कोचिंग) की व्यवस्था है। इससे विद्यार्थियों को उच्च शिक्षा के क्षेत्र में कैरियर बनाने में मदद मिलेगी। विशिष्ट अतिथि सामाजिक विज्ञान संकायाध्यक्ष प्रो. अशोक कुमार ने उन्होंने कहा कि केंद्र में सीटों की संख्या सीमित है। इसलिए जो छात्र भी नामांकित हुए हैं, उनकी जिम्मेदारी है कि वे नियमित रूप से कक्षा आएं। सभी विद्यार्थी पूरे लगन एवं मेहनत से पढ़ाई करें और केंद्र में मौजूद सुविधाओं का अधिकाधिक लाभ उठाएं।

सम्पादकीय

अहम है लोकतंत्र के लिए

इलेक्ट्रॉल बॉन्ड योजना शुरू से विवादास्पद थी। जो अनुभव रहा, उससे इसके खिलाफ आरंभ ही कही गई बातें लगातार ठोस साबित होती गईं। इनके बीच यह तर्क महत्त्वपूर्ण था कि असीमित और गुप्त राजनीतिक चंदा स्वतंत्र एवं निष्पक्ष चुनाव के तकाजे के खिलाफ है। इलेक्ट्रॉल बॉन्ड योजना को रद्द कर सुप्रीम कोर्ट ने भारतीय लोकतंत्र को मजबूत करने की दिशा में बड़ा योगदान किया है। यह योजना शुरू से विवादास्पद थी। जो अनुभव रहा, उससे इसके खिलाफ आरंभ ही कही गई बातें लगातार ठोस साबित होती गईं। इनके बीच दो तर्क महत्त्वपूर्ण थे- पहला यह कि असीमित और गुप्त राजनीतिक चंदा स्वतंत्र एवं निष्पक्ष चुनाव के तकाजे के खिलाफ है। दूसरी दलील यह थी कि इलेक्ट्रॉल बॉन्ड योजना में शामिल प्रावधान संविधान के अनुच्छेद 19 (1) (ए) के तहत मिले सूचना के अधिकार का उल्लंघन हैं। इन दोनों ही तर्कों को अब सुप्रीम कोर्ट ने वाजिब ठहराया है। प्रधान न्यायाधीश जस्टिस डीवाई चंद्रचूड़ की अध्यक्षता वाली पांच सदस्यीय संविधान पीठ इस निष्कर्ष पर पहुंचा कि गुप्त चंदे का प्रावधान सूचना के अधिकार के खिलाफ है। इस प्रावधान के तहत एक और आपत्तिजनक बात यह रही है कि चंदा देने वाली कंपनियों की पहचान आम जन से तो छिपी रहती है, लेकिन सरकार को यह सब मालूम रहता है कि कौन किसको कितना चंदा दे रहा है। इससे इस आरोप को बल मिला कि कंपनियों के लिए विपक्षी दलों को चंदा देना जोखिम भरा हो गया है। तमाम उपलब्ध आंकड़ों से इस बात की लगातार पुष्टि हुई है कि इलेक्ट्रॉल बॉन्ड्स के तहत दिए गए चंदे का अधिकांश हिस्सा सत्ताधारी दल को गया है। कोर्ट ने उचित ही यह कहा कि राजनीति चंदे के जरिए दाताओं की सत्ता के हलकों तक पहुंच बनती है। इस पहुंच से नीति निर्माण के प्रभावित होने का अंदेशा पैदा हो जाता है। सार्वजनिक दायरे में ये धारणा भी गहराई है कि वर्तमान सरकार और कुछ कॉरपोरेट घरानों के बीच ऐसे अंतःसंबंध बन गए हैं, जिनसे देश की महत्त्वपूर्ण नीतियां प्रभावित हो रही हैं। इसलिए सुप्रीम कोर्ट का इस योजना को संचालित करने वाले भारतीय स्टेट बैंक को दिया गया यह आदेश अत्यंत महत्त्वपूर्ण है कि वह इस योजना के तहत पार्टियों को मिले चंदे की पूरी जानकारी निर्वाचन आयोग को दे। आयोग को उसे अपनी वेबसाइट पर प्रकाशित करना होगा। इस तरह अब उम्मीद है कि इस योजना का पूरा सच सामने आ जाएगा।

कांग्रेस में जिन्हे सब कुछ मिला वे छोड़ रहे!

आमतौर पर किसी नेता के पार्टी से नाराजगी का कारण यह होता है कि पार्टी ने उसे कुछ नहीं दिया। लेकिन कांग्रेस में इसका उलटा होता है। कांग्रेस में जिन लोगों को सब कुछ मिलता है वे ही नाराज होते हैं। पिछले एक दशक में यानी जब से केंद्र में नरेंद्र मोदी के नेतृत्व वाली सरकार बनी है तब से कांग्रेस छोड़ने वाले नेताओं की सूची पर नजर डालेंगे तो दिखाई देगा कि पार्टी ने जिन लोगों को मुख्यमंत्री बनाया, केंद्र में मंत्री बनाया और संगठन में बड़े पद दिए उन लोगों ने ही पार्टी छोड़ी। इनमें अनेक लोग ऐसे हैं, जो योग्य नहीं थे लेकिन पार्टी नेतृत्व के साथ नजदीकी या परिवार की राजनीतिक पृष्ठभूमि या विदेश में पढ़ाई लिखाई की वजह से ऊंचे पदों पर आसीन हुए और जब कांग्रेस कमजोर हुई तो पार्टी छोड़ कर मजबूत पार्टी की ओर चले गए, जहां से कुछ हासिल हो सकता है। पिछले एक दशक में कांग्रेस के एक दर्जन पूर्व मुख्यमंत्रियों ने पार्टी छोड़ी है। सोचें, राजनीति में प्रधानमंत्री के बाद दूसरा सबसे अहम पद मुख्यमंत्री का होता है और कांग्रेस ने जिन योग्य या अयोग्य लोगों को मुख्यमंत्री बनाया उनमें से 10 ने पार्टी छोड़ दी। ताजा मामला अशोक चव्हाण का है, जिनको कांग्रेस ने दो बार मुख्यमंत्री बना कर देश की वित्तीय राजधानी यानी मुंबई में बैठाया। वे महाराष्ट्र के मुख्यमंत्री रहे और बाद में प्रदेश अध्यक्ष भी हुए लेकिन अब वे भाजपा में शामिल हो गए हैं। महाराष्ट्र के एक और पूर्व मुख्यमंत्री नारायण राणे इन दिनों भाजपा में हैं। हालांकि उनको शिव सेना ने सीएम बनाया था। लेकिन जब वे शिव सेना छोड़ कर कांग्रेस मे आए तो पार्टी ने उनको कई बार मंत्री बनाया और विधान परिषद में भी भेजा। पंजाब के मुख्यमंत्री रहे कैप्टेन अमरिंदर सिंह भी कांग्रेस छोड़ कर भाजपा में चले गए हैं। इस सदी के 24 बरसों में कांग्रेस को दो बार पंजाब में सरकार बनाने का मौका मिला और दोनों बार कांग्रेस ने अमरिंदर सिंह को मुख्यमंत्री बनाया। पहली बार वे पूरे पांच साल रहे। उसके 10 साल बाद फिर कांग्रेस को मौका मिला तो वे सीएम बने और चार साल से ज्यादा समय तक रहे। लेकिन सीएम से हटाने के बाद ही वे पार्टी से अलग हो गए और फिर भाजपा में चले गए। इसी तरह कांग्रेस को दशकों बाद जम्मू कश्मीर में अपना मुख्यमंत्री बनाने का मौका मिला तो उसने गुलाम नबी आजाद को सीएम बनाया। वे अनेक बार केंद्र में मंत्री रहे। जहां तहां से राज्यसभा और लोकसभा लेकर संसद में पहुंचते रहे। पार्टी के बड़े पदाधिकारी रहे लेकिन कांग्रेस के कमजोर होते ही पाला बदल लिया। राहुल गांधी और पूरे नेतृत्व पर तरह तरह के आरोप लगाते हुए कांग्रेस छोड़ गए। कांग्रेस ने जिन नेताओं को मुख्यमंत्री और केंद्र में मंत्री बना कर हमेशा बड़े पद दिए उनमें एक एसएम कृष्णा भी हैं। वे कर्नाटक के मुख्यमंत्री रहे और केंद्र में विदेश मंत्री भी रहे। लेकिन कांग्रेस कमजोर हुआ तो वे भी बुढ़ापे में भाजपा में चले गए। विजय बहुगुणा को तो कांग्रेस ने सिर्फ इस आधार पर उत्तराखंड का मुख्यमंत्री बनाया था कि वे हेमवती नंदन बहुगुणा के बेटे थे और कोई जमीनी आधार नहीं रखते थे। लेकिन बाद वे भी पूरे परिवार के साथ भाजपा में चले गए। वाईएसआर रेड्डी जैसे दिग्गज के निधन के बाद कांग्रेस ने आंध्र प्रदेश में जो प्रयोग किए उसमें एक प्रयोग किरण रेड्डी को सीएम बनाने का भी था। लेकिन वे भी बाद में पार्टी छोड़ गए। अरुणाचल प्रदेश के मुख्यमंत्री पेमा खांडू को भी कांग्रेस ने मुख्यमंत्री बनाया था। गोवा के मुख्यमंत्री रहे तीन नेता- लुइजिन्हो फ्लेरियो, दिगंबर कामत और रवि नाईक कांग्रेस छोड़ कर जा चुके हैं। छत्तीसगढ़ में कांग्रेस ने अजित जोगी को पहला मुख्यमंत्री बनाया था और वे भी बाद में पार्टी छोड़ कर चले गए थे। केंद्रीय मंत्री रहे नेताओं की सूची तो और भी लंबी है। एक पूर्व केंद्रीय मंत्री आरपीएन सिंह अभी भाजपा की टिकट पर राज्यसभा भेजे जा रहे हैं।

चुनावी बॉन्ड असवैधानिक

सर्वोच्च अदालत ने चुनावी बॉन्ड को असंवैधानिक और मनमाना करार दिया है। अदालत ने संविधान के अनुच्छेद 19 (1ए) के तहत अभिव्यक्ति की स्वतंत्रता और सूचना के अधिकार का उल्लंघन माना है। ये बॉन्ड चुनावी पारदर्शिता और मतदाता के अधिकार के भी खिलाफ हैं। मतदाता को राजनीतिक, चुनावी चंदे को जानने का अधिकार है। इनसे यह पता नहीं चलता कि चुनावी बॉन्ड क्यों खरीदे गए? एक निश्चित राजनीतिक दल को ही चंदा क्यों दिया गया? इनसे स्वतंत्र चुनावों की निष्पक्षता भी खतरे में पड़ जाती है। नतीजतन पांच न्यायाधीशों की संविधान पीठ ने चुनावी बॉन्ड पर तुरंत प्रभाव से रोक लगाने का फैसला सुनाया है। अब भारतीय स्टेट बैंक को 12 अप्रैल, 2019 से आज तक बिके, भुनाए गए बॉन्ड्स का संपूर्ण ब्योरा 6 मार्च तक चुनाव आयोग को देना है। आयोग 13 मार्च तक अपनी वेबसाइट पर सार्वजनिक करेगा कि कितने बॉन्ड खरीदे गए और मूल्य कितना था? व्यक्ति, समूह और कॉरपोरेट कंपनी के एक-एक नाम का भी खुलासा करना होगा। चुनावी चंदे को लेकर जो गोपनीयता बरती जा रही थी अथवा दानदाता उनकी पहचान को छिपाने का आग्रह करते रहे थे, अब कुछ भी गोपनीय नहीं रहेगा। सभी बेनकाब होंगे। देश में आम चुनाव से करीब 100 दिन पहले संविधान पीठ का यह फैसला बेहद कड़ा और ऐतिहासिक है। दरअसल किसी भी दल को यह मुगालता नहीं पालना चाहिए कि संविधान पीठ ने भ्रष्टाचार के किसी गुप्त रहस्य को बेनकाब किया है। भ्रष्ट दानदाताओं और सरकार के बीच चंदे का कोई खेल जारी रहा है? न्यायिक पीठ ने किसी भ्रष्ट गतिविधि का रहस्योद्घाटन भी नहीं किया है, लेकिन चुनावी चंदे की गोपनीयता पर सवाल किए हैं। 2017 के बजट में चुनावी बॉन्ड की घोषणा की गई थी और 2018 में इस योजना को लागू किया गया। इससे पहले चुनावी चंदे की व्यवस्था यह थी कि 20, 000 रुपए तक का चंदा गोपनीय रखा जा सकता था। वह चंदा नकदी भी दे सकते थे अथवा चेक के जरिए भी दिया जाता था। दानदाताओं के नाम और चंदे की राशि सार्वजनिक करने की कोई कानूनी बाध्यता नहीं थी। उस दौर में बहुत-सा काला धन ह्यसफेदह्न किया गया होगा! अब संविधान पीठ ने सार्वजनिक सूचना और खुलासे को लोकतंत्र की बुनियाद तथा समानता माना है, तो देश यह न्यायिक फैसला मानने को बाध्य है। अब यह खुलासा भी हुआ है कि तृणमूल कांग्रेस को करीब 97 फीसदी चंदा ह्यअज्ञात स्रोतोंह्न से प्राप्त हुआ है, जबकि कांग्रेस को करीब 72 फीसदी और भाजपा को 60 फीसदी से अधिक चंदा ह्यअज्ञात स्रोतोंह्न से मिला है। यह बेहद अहम सवाल है कि ये ह्यअज्ञात स्रोत कौन हैं?

भाजपा की घबराहट या रणनीति

उनको लग रहा है कि कर्पूरी ठाकुर को मरणोपरांत भारत रत्न देकर भाजपा अंतिम समय में अति पिछड़ा वोट आधार को साधने की राजनीति कर रही है। ऐसे लोग चौधरी चरण सिंह को मरणोपरांत भारत रत्न से सम्मानित करने और उनके पोते जयंत चौधरी की एनडीए में वापसी को भाजपा का डेस्परेट अटेम्प मान रहे हैं। तमिलनाडु के रहने वाले महान कृषि वैज्ञानिक व अर्थशास्त्री एमएस स्वामीनाथन और आंध्र प्रदेश के रहने वाले पूर्व प्रधानमंत्री पीवी नरसिंह राव को मरणोपरांत भारत रत्न देने को दक्षिण भारत में पैर जमाने की कोशिश के तौर पर देख जा रहा है। एक सामान्य नैरेटिव यह बना है कि मोदी ने कपूर्री ठाकुर के जरिए मंडल को, लालकृष्ण आडवाणी के जरिए मंदिर को, पीवी नरसिंह राव के जरिए मार्केट को और स्वामीनाथन व चौधरी चरण सिंह के जरिए मंडी को यानी किसानों को साधने का प्रयास किया है। यह सवाल भी पूछा जा रहा है कि जब अयोध्या में श्रीराम जन्मभूमि मंदिर का उद्घाटन हो गया और रामलला विराज गए और काशी व मथुरा का अभियान शुरू हो गया तो भाजपा को क्यों जयंत चौधरी की पार्टी राष्ट्रीय लोकदल की जरूरत है? यह सवाल भी है कि अगर बिहार में अति पिछड़ों के मसीहा रहे कपूर्री ठाकुर को भारत रत्न दे दिया और गैर यादव पिछड़ा वोट भाजपा के साथ है तो फिर उसे नीतीश की जरूरत क्यों है? जब अजित पवार से तालमेल कर लिया तो मराठा वोट के लिए अशोक चव्हाण की क्यों जरूरत है?

अजीत द्विवेदी-
(लेखक वरिष्ठ पत्रकार हैं)

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी अगले लोकसभा चुनाव को लेकर अति आत्मविश्वास में हैं या घबराहट में हैं? यह एक ऐसा सवाल है, जिसके जवाब को लेकर इस समय देश भर में बहस हो रही है। सोशल मीडिया ने ऐसी बहसों के लिए अच्छा प्लेटफॉर्म मुहैया कराया है। पारंपरिक मीडिया में चलने वाली एकतरफा चचाओं के बीच सोशल मीडिया में दोनों तरह के नैरेटिव के लिए जगह बनी है। एक तरफ ऐसा मानने वाले लोग हैं कि प्रधानमंत्री अति आत्मविश्वास में हैं इसलिए उन्होंने चार सौ पार का नारा दिया है। उन्होंने लोकसभा में खड़े होकर कहा कि देश की जनता भाजपा को 370 सीटें तो दे ही देगी और एनडीए को चार सौ के पार पहुंचा देगी। अपने इस भाषण से पहले ही उन्होंने अपने तीसरे कार्यकाल की बात शुरू कर दी थी और उसका एजेंडा तय करने लगे थे। यह विपक्ष के खिलाफ मनोवैज्ञानिक युद्ध की एक रणनीति भी हो सकती है लेकिन उन्होंने ऐसा भरोसा दिखाया है, जिससे विपक्ष का आत्मविश्वास निश्चित रूप से हिला होगा। इस भरोसे और चार सौ के पार के नैरेटिव के बीच एक दूसरा पक्ष है, जो भाजपा की ओर से किए जा रहे माइक्रो मैनेजमेंट को उसकी घबराहट के तौर पर देख रहा है। अनेक लोग ऐसे हैं, जो नीतीश कुमार को एनडीए में शामिल कराने के राजनीतिक घटनाक्रम को भाजपा की घबराहट या बेचैनी के रूप में देख रहे हैं। उनको लग रहा है कि कर्पूरी ठाकुर को मरणोपरांत भारत रत्न देकर भाजपा अंतिम समय में अति पिछड़ा वोट आधार को साधने की राजनीति कर रही है। ऐसे लोग चौधरी चरण सिंह को मरणोपरांत भारत रत्न से सम्मानित करने और उनके पोते जयंत चौधरी की एनडीए में वापसी को भाजपा का डेस्परेट अटेम्प मान रहे हैं। तमिलनाडु के रहने वाले महान कृषि वैज्ञानिक व अर्थशास्त्री एमएस स्वामीनाथन और आंध्र प्रदेश के रहने वाले पूर्व प्रधानमंत्री पीवी नरसिंह राव को मरणोपरांत भारत रत्न देने को दक्षिण भारत में पैर जमाने की कोशिश के तौर पर देख जा रहा है। एक सामान्य नैरेटिव यह बना है कि मोदी ने कपूर्री ठाकुर के जरिए मंडल को, लालकृष्ण आडवाणी के जरिए मंदिर को, पीवी नरसिंह राव के जरिए मार्केट को और स्वामीनाथन व चौधरी चरण सिंह के जरिए मंडी को यानी किसानों को साधने का प्रयास किया है। यह सवाल भी पूछा जा रहा है कि जब अयोध्या में श्रीराम जन्मभूमि मंदिर का उद्घाटन हो गया और रामलला विराज गए और काशी व मथुरा का अभियान शुरू हो गया तो भाजपा को क्यों जयंत चौधरी की पार्टी राष्ट्रीय लोकदल की जरुरत है? यह सवाल भी है कि अगर बिहार में अति पिछड़ों के मसीहा रहे कपूर्री ठाकुर को भारत रत्न दे दिया और गैर यादव पिछड़ा वोट भाजपा के साथ है तो फिर उसे नीतीश की जरुरत क्यों है? जब अजित पवार से तालमेल कर लिया तो मराठा वोट के लिए अशोक चव्हाण की क्यों जरुरत है? देश भर में विपक्षी पार्टियों के नेताओं पर कार्रवाई या उनको तोड़ कर भाजपा में शामिल कराने या कर्नाटक से लेकर बिहार और उत्तर प्रदेश से लेकर आंध्र प्रदेश, पंजाब और महाराष्ट्र तक के नए व पुराने सहयोगियों को एनडीए से जोडने की कवायद को भी इस रोशनी में देखा जा रहा है कि भाजपा में घबराहट है और वह अंतिम समय में इस तरह के उपाय कर रही है, जो कारगर नहीं भी हो सकते हैं। विकसित भारत संकल्प यात्रा, अमृत काल में भारत को विकसित बनाने, भारत के विश्व गुरू बनने, मोदी के मजबूत नेतृत्व, विपक्ष के भ्रष्ट होने के प्रचार, राममंदिर के उद्घाटन, अनुच्छेद 370 की समाप्ति और समान नागरिक संहिता के बावजूद भाजपा जिस तरह के छोटे छोटे प्रबंधन कर रही है उसको उसकी घबराहट के तौर पर देखा जा रहा है। लेकिन क्या सचमुच ऐसा है? क्या इस तरह के माइक्रो मैनेजमेंट को घबराहट माना जाना चाहिए या इसे पार्टी की रणनीति मान कर इसका विश्लेषण होना चाहिए? सोचें, प्रधानमंत्री मोदी ने एनडीए के लिए चार सौ सीट का लक्ष्य घोषित कर दिया है तो क्या वह उसी तरह चुनाव लड़ कर हासिल हो जाएगा, जैसे पिछला चुनाव लड़ा गया था? नए लक्ष्य को हासिल करने के लिए नई तैयारियां करनी होती है, नई रणनीति बनानी होती है और यह काम सारी पार्टियां करती हैं। आखिर लगातार दो चुनावों में बुरी तरह से हारने के बाद ही तो राहुल गांधी को ख्याल आया कि पूरे देश की यात्रा करते हैं! सक्रिय राजनीति में आने के 18 साल के बाद राहुल सितंबर 2022 में पदयात्रा पर निकले थे। लगातार दो चुनाव हारने के बाद ही विपक्षी पार्टियों ने साथ मिल कर भाजपा से मुकाबला करने का फैसला किया था। पिछले साल मई-जून में विपक्षी पार्टियों ने भाजपा की नींद उड़ाई थी, जब कर्नाटक में कांग्रेस जीती और उसके बाद 26 पार्टियों ने एकजुट होकर फैसला किया कि भाजपा के हर उम्मीदवार के खिलाफ विपक्ष का एक उम्मीदवार उतारेंगे। उसके बाद ही भाजपा को अपनी चुनावी रणनीति में बदलाव करने की जरुरत पड़ी है। सो, यह सवाल बचकाना है कि जब राममंदिर हो गया या जब ये सारे काम हो गए तो इतने माइक्रो मैनेजमेंट की क्या जरुरत है। इस तरह के सवाल हर बार पूछे जाते हैं, तब भी जब राज्यों के भी चुनावों में प्रधानमंत्री मोदी अंधाधुंध सभाएं कर रहे होते हैं या एक एक राज्य में कई कई बार रैलियां करते हैं। लेकिन किसी भी मुकाबले का कोर सिद्धांत यह है कि जब लड़ें तो पूरी तैयारी और ताकत के साथ लड़ें। आधी अधूरी लड़ाई का कोई मतलब नहीं होता है। अगर किसी के पास संसाधन हैं या ताकत हैं तो उन्हें लड़ाई में झोंकना होता है। उसे बचा कर रखने का कोई तर्क नहीं है। प्रधानमंत्री मोदी इस सिद्धांत से चुनाव में उतरते हैं। वे कोई कसर नहीं छोड़ते हैं। जंग जीतने के लिए साम, दाम, दंड और भेद सबका इस्तेमाल करते हैं। इसलिए नरेंद्र मोदी की चुनावी राजनीति को निकट अतीत के इतिहास से समझने की जरुरत है। वे कोई भी चीज संयोग के भरोसे नहीं छोड़ते हैं। अपनी तरफ से सुनिश्चित करने की कोशिश करते हैं। हो सकता है इसमें कई बार विफलता भी मिली हो लेकिन इससे हर लड़ाई में अपना सब कुछ झोंकने की उनकी सोच नहीं बदलती है।

सोनिया गाँधी ने क्यों दिया रायबरेली को भावनात्मक संदेश

सोनिया गांधी के इस फैसले को लेकर सियासी उठापटक शुरू हो गई है। भाजपा ने सोनिया गांधी पर जहाँ तंज कसा है। वहीं कांग्रेस ने सोनिया गांधी के फैसले को पार्टी का अपना फैसला बताया है। कांग्रेस बेहद बुरे दौर से गुजर रही है। इंदिरा गांधी के जाने के बाद राजीव गांधी ने पार्टी को संभाला। राजीव की अनुपस्थिति में सोनिया गांधी ने अपनी भूमिका बखूबी निभाई। लेकिन राहुल गांधी खरे उतरते नहीं दिख रहे हैं। दक्षिणपंथी विचारधारा की पोषक भारतीय जनता पार्टी में मोदी युग की शुरूवात के बाद कांग्रेस का विश्वास जनता में सिकुड़ता गया है। कमजोर कांग्रेस को मजबूत आधार दिलाने वाला कोई राजनेता नहीं दिख रहा है। प्रियंका गांधी से पार्टी समर्थकों से काफी उम्मीद थी, लेकिन उत्तर प्रदेश राज्य विधानसभा के चुनाव में उन्हें जो करिश्मा करना था वह नहीं कर पाई। ऐसी ऐसी स्थिति में सक्रिय राजनीति से सोनिया गांधी का अलविदा कहना कांग्रेस को किस दिशा में लेकर जाएगा यह कहना मुश्किल है। कांग्रेस आज भले कमजोर हो गई है, लेकिन कांग्रेस से अधिक लोगों को गांधी परिवार पर सबसे अधिक भरोसा है। भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस की पूर्व अध्यक्ष सोनिया गांधी की रायबरेली परंपरागत सीट रही है। रायबरेली और अमेठी का नाम आते ही लोगों के सामने गांधी और नेहरू परिवार की तस्वीर तैरने लगती है। लेकिन कमजोर होती कांग्रेस ने अपनी बहु चर्चित लोकसभा सीट अमेठी को गंवा दिया।

प्रभुनाथ शुक्ल-
लेखक वरिष्ठ पत्रकार एवं स्वतंत्र टिप्पणीकार हैं।

मैं अपने बच्चों को भीख मांगते देख लूंगी, परंतु मैं राजनीति में कदम नहीं रखूंगी। यह पीड़ा सोनिया गांधी की थी जो अपने पति एवं पूर्व प्रधानमंत्री राजीव गांधी को खोने के बाद कहा था। यह एक माँ और औरत की पीड़ा थी। क्योंकि राजीव गांधी को खोने के बाद सोनिया गांधी अकेली पड़ गयीं थीं। वह डरी और सहमी थीं क्योंकि पारिवारिक संघर्ष में वह अकेली थीं। उन्हें सबसे अधिक फिक्र दोनों बच्चों राहुल और प्रियंका गांधी के सुरक्षा की थी। जिसकी वजह से वह राजनीति में नहीं आना चाहती थीं। क्योंकि राजनीति की वजह से उन्होंने पति और सास को खोया था। जिसकी वजह से उन्हें राजनीति से घृणा हो गई थी।

गांधी परिवार के लिए दोनों घटनाएं बेहद दुःखद थी। लेकिन सोनिया गांधी का दृढ संकल्प उन्हें विषम परिस्थितियों में भी डिगने नहीं दिया। कांग्रेस को संभालने के लिए उन्हें अंतत राजनीति में आना पड़ा। लेकिन सोनिया गांधी लगता है अब सक्रिय राजनीति को अलविदा कह दिया है। खराब स्वास्थ्य के चलते अब वह चुनाव नहीं लड़ेंगी और राज्यसभा के माध्यम से कांग्रेस की सेवा करेंगी। उन्होंने रायबरेली की जनता के नाम एक भावनात्म चिट्ठी भी लिखी है। सोनिया गांधी के इस फैसले के बाद रायबरेली की सीट क्या कांग्रेस के लिए सुरक्षित रह पाएगी या अमेठी की तरह उस पर भी भजपा का कब्जा हो जाएगा। सोनिया गांधी के इस फैसले को लेकर सियासी उठापटक शुरू हो गई है। भाजपा ने सोनिया गांधी पर जहाँ तंज कसा है। वहीं कांग्रेस ने सोनिया गांधी के फैसले को पार्टी का अपना फैसला बताया है। कांग्रेस बेहद बुरे दौर से गुजर रही है। इंदिरा गांधी के जाने के बाद राजीव गांधी ने पार्टी को संभाला। राजीव की अनुपस्थिति में सोनिया गांधी ने अपनी भूमिका बखूबी निभाई। लेकिन राहुल गांधी खरे उतरते नहीं दिख रहे हैं। दक्षिणपंथी विचारधारा की पोषक भारतीय जनता पार्टी में मोदी युग की शुरूवात के बाद कांग्रेस का विश्वास जनता में सिकुड़ता गया है। कमजोर कांग्रेस को मजबूत आधार दिलाने वाला कोई राजनेता नहीं दिख रहा है। प्रियंका गांधी से पार्टी समर्थकों से काफी उम्मीद थी, लेकिन उत्तर प्रदेश राज्य विधानसभा के चुनाव में उन्हें जो करिश्मा करना था वह नहीं कर पाई। ऐसी ऐसी स्थिति में सक्रिय राजनीति से सोनिया गांधी का अलविदा कहना कांग्रेस को किस दिशा में लेकर जाएगा यह कहना मुश्किल है। कांग्रेस आज भले कमजोर हो गई है, लेकिन कांग्रेस से अधिक लोगों को गांधी परिवार पर सबसे अधिक भरोसा है। भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस की पूर्व अध्यक्ष सोनिया गांधी की रायबरेली परंपरागत सीट रही है। रायबरेली और अमेठी का नाम आते ही लोगों के सामने गांधी और नेहरू परिवार की तस्वीर तैरने लगती है। लेकिन कमजोर होती कांग्रेस ने अपनी बहु चर्चित लोकसभा सीट अमेठी को गंवा दिया। राहुल गांधी को विषम राजनीतिक परिस्थितियों में नई सियासी जमीन तलाशने के लिए दक्षिण भारत से चुनाव लड़ना पड़ा। अब यह निश्चित हो गया है कि सोनिया गांधी राज्यसभा के माध्यम से कांग्रेस का प्रतिनिधित्व करेंगीं। फिर सवाल उठता है क्या रायबरेली सीट कांग्रेस से हाथ से फिसल जाएगी। जबकि सोनिया गांधी स्वयं वहां से सांसद हैं। कांग्रेस के जो राजनीतिक हालात हैं उस स्थिति में राहुल गांधी क्या अमेठी एवं रायबरेली लौटेंगे। गांधी परिवार के लिए सबसे सुरक्षित सीट रायबरेली का फिर क्या होगा। क्या गांधी परिवार से उपेक्षित होने के बाद यह सीट अमेठी की तरह भाजपा के हाथ में चली जाएगी या फिर गांधी परिवार की राजनीतिक पहचान उत्तर प्रदेश से खत्म हो जाएगी। फिर क्या पार्टी प्रियंका गांधी या राहुल गांधी को रायबरेली से चुनावी मैदान में उतरेगी। हालांकि यह खबर भी आयी है की प्रियंका गांधी अमेठी और राहुल रायबरेली से चुनाव लड़ेंगे। राहुल गांधी क्या वायनाड को छोड़कर रायबरेली से अपना चुनावी भविष्य तय करेंगे। क्योंकि उत्तर प्रदेश में कांग्रेस के लिए अब खोने के लिए कुछ नहीं बचा है। जबकि दक्षिण भारत में भाजपा अभी कमजोर स्थिति में है। उसे हालत में राहुल गांधी अगर वायनाड को बाय-बाय कर रायबरेली से अपना भाग्य आजमाते हैं तो दक्षिण के लिए गलत संदेश जाएगा और दक्षिण में कांग्रेस कमजोर होगी। ऐसी विषम परिस्थितियों में राहुल गांधी क्या रायबरेली से चुनाव लड़ने का निर्णय ले पाएंगे। सोनिया गांधी रायबरेली को अलविदा कहने के बाद वहां की जनता के नाम एक भावनात्मक चिट्ठी लिखी है। चिट्ठी में उन्होंने अपने खराब स्वास्थ्य और बढ़ती उम्र का हवाला दिया है। उन्होंने लिखा है कि हालांकि मुझे आपकी सीधे सेवा करने का अवसर नहीं मिलेगा, लेकिन मैं मन और प्राण से आपके साथ रहूंगी। रायबरेली की जनता के नाम सोनिया ने एक बहुत ही भावनात्मक लाइन लिखी हैं मुझे पता है कि आप भी हर मुश्किल में मुझे और मेरे परिवार को वैसे संभाल लेंगे जैसे अब तक संभालते आए हैं। उन्होंने आगे अपनी बात में लिखा है कि दिल्ली में मेरा परिवार अधूरा है वह रायबरेली आकर आप लोगों से मिलकर पूरा होता है। चिट्ठी में ससुर फिरोज गांधी और सास इंदिरा गांधी का भी जिक्र किया है।

क्या सचमुच क्रूरता की रानी है ममता बनर्जी....

राकेश अचल-
लेखक वरिष्ठ पत्रकार हैं

न बंगाल बदल रहा है और न देश की राजनीति। बंगाल की मुख्यमंत्री सुश्री ममता बनर्जी के राज में केंद्र में सत्तारूढ़ भाजपा तो हलकान है ही अब कल तक ममता बनर्जी की मित्र कही जाने वाली कांग्रेस भी परेशान है। बंगाल के कांग्रेस नेता अधीर रंजन चौधरी ने सुश्री ममता बनर्जी को क्रूरता की रानी तक कह दिया है। लेकिन क्या सचमुच ममता बनर्जी क्रूरता की रानी हैं या उन्हें क्रूरता का प्रतीक बनाने की कोशिश की जा रही है। ताजा मामला संदेशखाली में महिलाओं के उत्पीड़न का है। बंगाल में आठ दशक बाद भी साम्प्रदायिक जहर समाप्त नहीं हुआ ह। बंगाल नोआखली से चलकर संदेशखली तक हिंसा में ही झुलस रहा है। संदेशखली का मामला अब देश की सबसे बड़ी अदालत की दहलीज तक आ पहुंचा है? क्या है संदेशखली का मामला? आपको बता दें कि बंगाल की राजधानी कोलकाता। उससे करीब 80 किलोमीटर दूर स्थित संदेशखाली। संदेशखाली उत्तर 24 परगना जिले के बशीरहाट उपखंड में आता है। ये बांग्लादेश की सीमा से सटा हुआ इलाका है। इस इलाके में अल्पसंख्यक और आदिवासी समाज के लोग सबसे ज्यादा रहते हैं। संदेशखाली उस वक्त सुर्खियों में आया, जब तृण मूल कांग्रेस के नेता शाहजहां शेख के घर पर प्रवर्तन निदेशालय ने छापा मारा। आरोप है कि शेख और उनके समर्थकों ने प्रवर्तन निदेशालय यानि ईडी की टीम पर ही हमला कर दिया। आरोपी फरार है। शाहजहां को पूर्व खाद्य मंत्री ज्योतिप्रिय मलिक का करीबी माना जाता है। शुरूआत में ऐसा लगा कि ये घटना सिर्फ एक हमले तक ही सीमित है, लेकिन शेख के फरार होते ही इलाके की महिलाएं अचानक बाहर निकल आई। महिलाओं ने शाहजहां शेख और उनके समर्थकों पर अत्याचार करने, यौन उत्पीड़न करने और जमीन कब्जाने जैसे गंभीर आरोप लगा डाले। महिलाओं का आरोप है कि तृमूकां के लोग गांव में घर-घर जाकर चेक करते हैं और इस दौरान अगर घर में कोई सुंदर महिला या लड़की दिखती है तो टीएमसी नेता शाहजहां शेख के लोग उसे अगवा कर ले जाते थे और फिर उसे पूरी रात अपने साथ पार्टी दफ्तर यहां अन्य जगह पर रखा जाता था। अगले दिन यौन उत्पीड़न करने के बाद उसे उसके घर या घर के सामने छोड़ जाते थे। संदेशखाली का ये भयानक सन्देश जब बंगाल के बाहर भी पहुंचा तो मामला राज्यपाल तक पहुंच गया। जांच जारी है। राष्ट्रीय महिला आयोग की टीम भी मौके पर पहुंची थी। राजनीति भी जम कर की जा रही है। सबसे पहले भाजपा ने संदेशखाली के मामले को लेकर राजनीति की। भाजपा के एक प्रतिनिधि मंडल ने संदेशखाली जाने की कोशिश की तो पुलिस ने उसे रास्ते में ही रोदिय। इसके बाद तृण मूल कांग्रेस से नाराज बैठी कांग्रेस भी मैदान में आ गयी। कांग्रेस सांसद और बंगाल कांग्रेस के अध्यक्ष अधीर रंजन चौधरी को संदेशखाली में तनाव की स्थिति में जाने से रोका गया है। पुलिस और अधीर रंजन चौधरी के बीच नोकझोंक हुई है. नारेबाजी करते कांग्रेस नेता और कांग्रेस प्रतिनिधि जब आगे बढ़ रहे थे, पुलिस ने उन्हें रोका और रामपुर में बैरिकेडिंग कर दी। कांग्रेस और ममता बनर्जी के बीएच अनबन की वजह इंडिया गठबंधन में ममता द्वारा डाली गयी दरार है। पहले ममता ने गठबंधन के नेता के लिए कांग्रेस के मल्लिकार्जुनखड़गे का नाम प्रस्तावित किया, इसका नतीजा ये हुआ कि जेडीयू गठबंधन से बाहर हो गयी। बाद में ममता ने बंगाल में कांग्रेस को अपेक्षित सीटें न देकर रार बढ़ा '। कांग्रेस और ममता के रिश्ते तब और बिगड़े जब राहुल गांधी की भारत जोड़ो न्याय यात्रा के साथ भी ममता सरकार ने बदसलूकी की। अब संदेशखाली के लिए आगे बढ़ने से कांग्रेस सांसद ने ममता बनर्जी पर निशाना साधा. उन्होंने कहा कि, ममता क्रूरता की रानी है वह आग से खेल रही हैं। अधीर रंजन ने कहा कि हम सब कुछ राजनीतिक तौर पर करेंगे। हम बम या बंदूकें नहीं ले जा रहे हैं। यहां ममता ने भाजपा को भी रोका, लेकिन वो कुछ और हैं, हम कुछ और हैं। संदेशखाली का मामला जो है सो है किन्तु मुख्यमंत्री ममता बनर्जी भी अपने अंदाज में जवाब दे रही हैं। उनका कहना है कि मुझे इस पर कार्रवाई करने के लिए मामले को जानना होगा। वहां आरएसएस का आधार है। 7-8 साल पहले दंगे हुए, वो संवेदनशील दंगा इलाकों में एक है। हमने सरस्वती पूजा पूजा के दौरान स्थिति को मजबूती से संभाला अन्यथा वहां योजनाएं कुछ और ही थी। संदेशखाली हिंसा पर बीजेपी सांसद लॉकेट चटर्जी का कहना है कि जिन्होंने यह अत्याचार किया है उन्हें सामने आना होगा, एनआईए जांच होनी चाहिए।

देश दुनिया की ताजा तरीन खबरें पढ़ने के लिए लॉग ऑन करें
@Pratahkiran www.pratahkiran.com

राष्ट्रीय दैनिक प्रातःकिरण
पटना, रविवार, 18 फरवरी, 2024

संक्षिप्त खबरें

डीएम ने जागरुकता रथ को किया रवाना

छपरा कार्यालय। जिलाधिकारी अमन समीर द्वारा शनिवार को समेकित बाल विकास परियोजना के तत्वाधान में बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ अभियान के प्रति जनसमुदाय के बीच जागरूकता पैदा करने के उद्देश्य से समाहरणालय परिसर से एलईडी वैन को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया गया। यह जागरुकता वैन निर्धारित रोस्टर के अनुरूप जिला के विभिन्न प्रखंडों में जनसमुदाय को जागरूक करने का काम करेगी। इस अवसर पर जिला प्रोग्राम पदाधिकारी एवं विभिन्न बाल विकास परियोजना पदाधिकारी मौजूद थे।

युवक को किया जख्मी

लहलादपुर। जनता बाजार थाना क्षेत्र के पंडितपुर गांव उत्तर टोला में कुछ लोगों ने मिलकर एक युवक प्रेम कुमार के सिर पर दाब से मारकर बुरी तरह से जख्मी कर दिया। जख्मी के परिजनों ने उसे पीएचसी, लहलादपुर इलाज के लिये लाया, जहां उसकी स्थिति नाजुक देखते हुए चिकित्सकों ने प्राथमिक उपचार कर बेहतर इलाज के लिये सदर अस्पताल, छपरा भेज दिया। घटना शुक्रवार की संध्या लगभग साढ़े पांच बजे की बतायी जाती है। इस घटना के बारे जख्मी की मां ने स्थानीय थाना में एक प्राथमिकी दर्ज कराया है, जिसमें अपने ही गांव पंडितपुर निवासी महेश महतो तथा उनके पुत्रों अजय कुमार, विजय कुमार तथा धनंजय कुमार को नामजद किया है। पुलिस मामले की तहकीकात कर रही है।

बसंत कालीन वृक्षारोपण कार्यक्रम की हुई शुरूआत

इसुआपुर। पर्यावरण वन एवं जलवायु परिवर्तन विभाग सारण वन प्रमंडल छपरा के बैनर तले शनिवार को बसंत कालीन वृक्षारोपण कार्यक्रम की शुरुआत की गई। इस अवसर पर भगवानपुर, नवादा से शामकौरिया नहर तट पर वृक्षारोपण 2024 कार्यक्रम का उद्घाटन सहवां पंचायत के मुखिया प्रतिनिधि रोहित कुमार कुशवाहा तथा स्थानीय वार्ड सदस्य सुखल सिंह ने किया। वनपाल मदन कुमार, वनरक्षी भानु प्रकाश तथा परमेश्वर राम की उपस्थिति में बसंत कालीन पौधे लगाकर वृक्षारोपण कार्यक्रम की शुरुआत की गई। वनपाल ने बताया कि 4 किलोमीटर लंबे इस नहर तट पर दो हजार पौधे लगाने का लक्ष्य है। इस मौके पर सुशील कुमार सिंह, सुभाष ठाकुर, गणेश राय व अन्य थे। वहीं वनपाल ने बताया कि अमनौर प्रखंड के खरौनी से मोलनापुर नहर तट तक बसंत कालीन वृक्षारोपण कार्यक्रम का उद्घाटन स्थानीय मुखिया मनोज राय ने किया। 16 किलोमीटर लंबे इस नहर तट पर पांच हजार पौधे लगाने का लक्ष्य बताया। इस मौके पर योगेंद्र राय, प्रभु राय, नरेश सिंह व अन्य थे।

राज्य उपभोक्ता आयोग के सदस्य ने किया निरीक्षण

छपरा आयोग के सदस्य राजकुमार पांडे ने छपरा उपभोक्ता आयोग का निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान उन्होंने मामले के निष्पादन और फीलिंग की भी जानकारी ली और उपभोक्ता आयोग के अध्यक्ष वीरेंद्र प्रताप सिंह एवं सदस्यों से आग्रह किया कि पुराने सभी मामलों का अति शीघ्र करें। उपभोक्ता जिला उपभोक्ता आयोग के अध्यक्ष द्वारा उन्हें गुलदस्ता देकर स्वागत किया गया। निरीक्षण के दौरान आयोग के सदस्य मनमोहन कुमार महिला सदस्य मंजू सिंह सहित सभी जिला उपभोक्ता आयोग के कर्मचारी उपस्थित थे।

दो इंश्योरेंस कंपनियों को भुगतान करने का आदेश

छपरा कोर्ट। जिला उपभोक्ता आयोग के अध्यक्ष वीरेंद्र प्रताप सिंह एवं सदस्य मनमोहन कुमार एवं मंजू सिंह वाद संख्या 8/11 जिसे 3 फरवरी 2011 को रिवीलगंज थाना के गोदना मढ़िया निवासी शशि बाला देवी ने दाखिल किया था। जिसमें उन्होंने बजाज एलियांज लाइफ इंश्योरेंस छपरा के शाखा प्रबंधक को विपक्षी बनाते हुए आवेदन दिया था कि उनके पति शंकर गिरी एक 12 हजार का और एक 15 हजार का दो इंश्योरेंस कराए थे। जो परिपक्व होने पर 2 लाख 70 हजार रुपए का भुगतान होना था। परंतु उनके पति की मृत्यु 24 दिसंबर 2009 को हो गई। उन्होंने संबंधित इंश्योरेंस कंपनी को भुगतान हेतु आवेदन दिया परंतु इंश्योरेंस द्वारा भुगतान की राशि में 24 हजार रुपए का भुगतान नहीं किया गया। जिसके लिए उन्होंने बहुत दौड़ लगाई उसके बाद आयोग में आवेदन दिया था आयोग ने कुल राशि को 6% सूद के साथ भुगतान करने का आदेश दिया है। एक और मामले में जिसे जय प्रकाश शर्मा ने दिनांक 4 सितंबर 2008 को परिवाद पत्र संख्या 72/2008 नेशनल इंश्योरेंस कंपनी के शाखा प्रबंधक सहित रिजनल मैनेजर को विपक्षी बनाते हुए दाखिल किया था।

आईडीए और टीबी फोरम को लेकर की गई विस्तृत चर्चा : जिलाधिकारी

प्रात : किरण संवाददाता

छपरा कार्यालय। शहर से लेकर सुदूर ग्रामीण इलाकों में हर एक व्यक्ति को स्वास्थ्य संस्थान के द्वारा बेहतर चिकित्सीय सेवाएं उपलब्ध कराना सुनिश्चित किया जाना चाहिए। क्योंकि नियमित रूप से सरकार द्वारा विभिन्न प्रकार की योजनाओं और कार्यक्रमों का संचालित किया जाता है। उक्त बातें सारण के जिलाधिकारी अमन समीर ने शनिवार को सभागार में आयोजित स्वास्थ्य विभाग से संबंधित समीक्षात्मक बैठक के दौरान कही। हालांकि इसके साथ ही जिलाधिकारी ने नियमित टीकाकरण में मिजिल्स और रुबेला उन्मूलन को लेकर जिला टास्क फोर्स और यक्ष्मा उन्मूलन अभियान में टीबी फोरम से संबंधित समीक्षा की।

इस अवसर पर प्रशिक्षु आईएएस अधिकारी श्रेया श्री, डीपीआरओ रविन्द्र कुमार, सिविल सर्जन डॉ सागर दुलाल सिन्हा, आईसीडीएस की डीपीओ कुमारी अनुपमा, सिफार के धर्मेंद्र रस्तोगी, डब्ल्यूएचओ, यूनिसेफ, यूएनडीपी, पीरामल स्वास्थ्य, जपाइगो और वर्ल्ड विजन इंडिया के अधिकारी और कर्मी के अलावा जिले के सभी एमओआईसी, एचएम, बीएचएम सहित कई अन्य अधिकारी और कर्मी उपस्थित थे।

जिलाधिकारी अमन समीर ने कहा कि संस्थागत प्रसव, बच्चों के टीकाकरण जैसे - बीसीजी और ओपीवी और त्रैमासिक में प्रसव पूर्व जांच (एएनसी) के पंजीकरण कराना सुनिश्चित किया जाना चाहिए। ताकि विभागीय स्तर पर उसका अनुश्रवण और मूल्यांकन किया जा सके। जिले के सभी सरकारी स्वास्थ्य संस्थानों में बेहतर चिकित्सीय सुविधाएं उपलब्ध कराना हम सभी की पहली प्राथमिकताओं में शामिल करना बेहद जरूरी है। क्योंकि सरकार एवं स्वास्थ्य विभाग स्थानीय क्षेत्र की जनता को हर तरह की सुख सुविधाएं उपलब्ध करा रही हैं विभागीय स्तर पर बेहतरीन सुविधा एवं व्यवस्था प्रदान करने के लिए आवश्यक मूलभूत सुविधाएं उपलब्ध कराई गयी हैं।

जिलाधिकारी ने नियमित टीकाकरण में मिजिल्स और रुबेला को लेकर जिला टास्क फोर्स (डीटीएफ) की समीक्षा करते हुए कहा कि गर्भवती महिलाओं और नवजात शिशुओं का टीकाकरण अनिवार्य रूप से होना चाहिए। क्योंकि भविष्य में बीमारियों से बचाव और सुरक्षित रहने के लिए महत्वपूर्ण है। वहीं जिले में चल रहे सर्वजन दवा सेवन (आईडीए) अभियान के दौरान 16 फरवरी तक 7 लाख 08 हजार 108 लाभुकों को तीन प्रकार की दवाएं खिलाई गई है। हालांकि 28 फरवरी तक स्वास्थ्य कार्यकर्ताओ द्वारा खिलाई जाएगी। वहीं टीबी फोरम की बैठक की अध्यक्षता करते हुए जिलाधिकारी अमन समीर ने कहा कि टीबी मुक्त अभियान को शत प्रतिशत पूरा करना होगा। इसके लिए पंचायत स्तर पर टीबी मरीजों की पहचान और संदिग्ध रोगियों की जांच को बढ़ाना होगा। जबकि एचआईवी और मधुमेह के रोगियों को विशेष रूप से जांच कराने की जिम्मेदारी यक्ष्मा विभाग की होगी। जिलाधिकारी अमन समीर ने समीक्षात्मक बैठक के दौरान उपस्थित सभी एमओआईसी और बीएचएम से कहा कि जिले के सभी स्वास्थ्य संस्थानों में चिकित्सक एवं स्वास्थ्य कर्मियों की शत प्रतिशत उपलब्धता एवं उनकी ससमय उपस्थिति, दवाओं की आपूर्ति एवं उपलब्धता, बाहरी और अंदर भाग की साफ- सफाई सहित अन्य सुविधाओं की व्यवस्था, एंबुलेंस की शत प्रतिशत उपलब्धता, गर्भवती माताओं एवं आशा कार्यकर्ताओं को भुगतान की स्थिति सहित कई बिंदुओं पर विस्तृत रूप से चर्चा की गई। विभागीय स्तर पर जितने भी कार्यक्रमो को संचालित किया जा रहा है। सभी को यूविन पोर्टल और आरसीएच पोर्टल पर डाटा अपलोड तथा डाटा अपडेशन करना सुनिश्चित होना चाहिए। ताकि विभाग को अद्यतन जानकारी आसानी से उपलब्ध हो सके। जिले के चयनित स्वास्थ्य संस्थानों तथा सीएचसी मांझी और दिघवारा सहित कई अन्य एचडब्ल्यूसी को राष्ट्रीय गुणवत्ता आश्वासन मानक (एनक्वास) को लेकर तैयारी करने के लिए दिशा निर्देश दिया गया। जबकि लक्ष्य कार्यक्रम एवं कायाकल्प योजनाओं के संबंधित जानकारी ली गई। सुदूर ग्रामीण क्षेत्रों में रहने वाले असहाय, लाचार या स्वास्थ्य संस्थानों तक नही पहुंचने वाले लोगों के लिए मिल का पत्थर साबित होने वाले टेली कंसलटेंसी और भव्या के संबंध में जानकारी प्राप्त किया गया।

जिलाधिकारी अमन समीर ने जिले में सरकार और स्वास्थ्य विभाग से जुड़े संचालित कार्यक्रम और योजनाओं को लेकर संबंधित अधिकारी और नोडल अधिकारियों से विंदुवार जानकारी ली। जिलाधिकारी ने डीआईओ डॉ चंद्रेश्वर सिंह और डब्ल्यूएचओ के एसएमओ डॉ रंजीत से मिजिल्स और रुबेला सहित नियमित टीकाकरण, सीडीओ डॉ आरपी सिंह और डब्ल्यूएचओ के क्षेत्रीय सलाहकार डॉ कुमार विजयेंद्र सौरभ से यक्ष्मा उन्मूलन, डीवीबीसीसीओ डॉ दिलीप सिंह से आईडीए अभियान, डीपीसी रमेश चंद्र कुमार से कायाकल्प, लक्ष्य और एनक्वास को लेकर जानकारी ली गई। हालांकि जिले में संचालित विभिन्न कार्यक्रमों या योजनाओं के संबंध में डीपीएम अरविंद कुमार से जानकारी लेने के बाद बेहतर कार्य करने के लिए आवश्यक दिशा निर्देश दिया गया।

अमानतुल्लाह शाह वारसी के मजार पर दो दिवसीय उर्स आज से, तैयारियां पूरी

प्रात : किरण संवाददाता

इसुआपुर। आगामी 18 एवं 19 फरवरी को इसुआपुर के दरवां गांव स्थित हजरत सैयद अमानतुल्लाह शाह वारसी मुनाबी अबुल ओलाई कादरी का 24वां उर्स धूमधाम से मनाया जाएगा। आयोजन को लेकर सभी तरह की तैयारी पूरी हो चुकी हैं। वहीं उर्स के मौके पर शामिल होने वाले अकीदतमंदों का आना भी शुरू हो चुका है। सालाना उर्स आयोजन की जानकारी देते हुए मीर साहब वारसी ने बताया कि आगामी 18 और 19 फरवरी रविवार और सोमवार को सालाना उर्स का आयोजन किया जा रहा है, जिसकी तैयारी पूरी हो चुकी है। उन्होंने बताया कि 18 फरवरी को उर्स के पहले दिन मिलादुन्नबी का कार्यक्रम निर्धारित है, जो पूरी रात चलेगा। इस मिलादुन्नबी में मुंबई के सुल्तान रजा, सिवान के इब्राहिम साबरी चतुवेर्दी, उत्तर प्रदेश के शोएब कादरी, कोलकाता के शाहबाज रजा नूरी एवं अजहर इमाम वारसी शामिल होंगे। इसके अलावा 19 फरवरी को सुबह में मजार पर चादरपोशी की जाएगी, इसके बाद दोपहर में इसुआपुर मुख्य बाजार से चादर जुलूस निकलेगा जिसमें हजारों लोग शामिल होकर गाजे बाजे के साथ दरवां पहुंच चादरपोशी करेंगे। वहीं इसी दिन पूरी रात कव्वाली का भी आयोजन किया जाएगा। जिसमें मुजफ्फरपुर, मुंबई और रोहतास के कव्वाल शामिल। वही गद्दी नसी बकाबिल्लाह वारसी ने बताया कि उर्स पर पूरे मजार परिसर को आकर्षक रूप से सजाया गया है, जो देखने लायक बन रहा है। पूरा परिसर रोशनी से जगमग है। साथ ही दुर दराज से आने वाले लोगों के लिए रहने के इंतजाम भी किए जा रहे हैं। मजार के आसपास मेला लगना शुरू हो चुका है। जिसमें झूले और कई तरह के दुकान सजाए गए हैं।

दो दिनों तक चलने वाले इस उर्स को सफल बनाने को लेकर कांटी के पूर्व विधायक गुलाम जिलानी वारसी के संयोजन में पूर्व मुखिया दीदार वारिस, बिलाल वारिस, वाजिद अली, मुश्फिक वारिस, महेलका वारिस, लौलाक वारिस, नकी इमाम वारिस सहित दर्जनो लोगों द्वारा दिन-रात कार्य किया जा रहा है।

17 वर्ष बाद भी तरैया में नही बना बीआरसी भवन

प्रात : किरण संवाददाता

तरैया । तरैया प्रखण्ड अंचल कार्यालय के बगल में स्थित बीआरसी भवन का निर्माण 17 वर्ष बाद भी पूर्ण नहीं हो सका है।बीआरसी भवन का निर्माण वर्ष 2006 में शुरू हुआ था। भवन निर्माण कार्य शुरू होकर लिंटर तक बन कर रह गया।बीआरसी भवन में पांच कमरे व एक हॉल बन रहा था।बीआरसी भवन का निर्माण बीईओ कार्यालय व शिक्षकों के प्रशिक्षण तथा शिक्षा संबंधित कार्य के लिए किया जा रहा था।जिले के लगभग सभी प्रखंड में बीआरसी कार्यालय बन चुके है।17 वर्ष बाद भी तरैया में बीआरसी भवन नही बन सका।बीआरसी भवन बनाने के लिए विभाग से 13 लाख रुपए की आवंटन हुआ था।13 लाख रुपए में से मात्र 5 लाख 70 हजार रुपए अभिकर्ता को मिला।जिससे तरैया बीआरसी भवन का निर्माण अधूरा पड़ा हुआ है।बीआरसी भवन का अधूरा निर्माण होने से बीआरसी का कार्य तरैया बाजार स्थित आदर्श मध्य विद्यालय में चलता है।शिक्षकों के कार्य को लेकर बीआरसी में आने जाने के चलते उक्त विद्यालय में शिक्षण कार्य करने में परेशानी होती है।इस संबंध में बीआरसी भवन के निर्माणकर्ता ने बताया कि बीआरसी भवन निर्माण की राशि 13 लाख रुपए में से मात्र 5 लाख 70 हजार रूपए मिले थे जिससे बीआरसी भवन लिंटर तक बन पाया।विभाग से बाकी बचे रुपए के लिए बार बार मांग किया गया लेकिन रुपए नही मिलने से बीआरसी भवन का निर्माण नही हो सका।इसलिए भवन निर्माण कार्य अधूरा पड़ा हुआ है।इस संबंध में तरैया विधायक जनक सिंह ने बताया कि तरैया बीआरसी निर्माण अधूरा बनने को लेकर विधानसभा में इस मुद्दे को उठाया गया है।बीआरसी भवन का निर्माण जल्द होने वाला है।

शिवलिंग परिवार प्राण प्रतिष्ठा महायज्ञ के लिए की गई जलभरी

प्रात : किरण संवाददाता

जलालपुर। प्रखंड के इनामीपुर स्थित दीक्षित टोला में शिवलिङ्ग परिवार प्राण प्रतिष्ठा महायज्ञ के लिए शनिवार को जलभरी की गई सैकड़ो की संख्या में श्रद्धालु स्त्री, पुरुषों ,किशोरों ने गाजे बाजे व विशाल जुलूस के साथ बेलकुंडा स्थित पवित्र जलाशय से वैदिक मंत्रोचार के साथ जलभरी कौबाद में सभी क्षेत्र भ्रमण करते हुए यज्ञ स्थल पर पहुंचे इस प्राण प्रतिष्ठा महायज्ञ के आयोजक मंडल के सदस्य सतीश कुमार दीक्षित उर्फ टिंकू बाबा ने बताया कि पांच दिवसीय इस महायज्ञ में कथा वाचन के लिए अयोध्या धाम से आचार्य मनीष भारद्वाज पहुंचे हुए हैंवे प्रतिदिन संध्या 7 बजे से कथा वाचन करेंगेउन्होंने बताया कि यज्ञ में 18 फरवरी को मंडप प्रवेश, वेदी पूजन, 19 फरवरी को अग्नि मंथन ,मंडप पूजन 20 फरवरी को वेदी पूजन व शायं कालीन हवन, 21 फरवरी को मूर्ति स्थापना ,हवन, पूणार्हुति व प्रसाद वितरण का आयोजन है।

विद्यालय की मनाई गई स्थापना दिवस

प्रात : किरण संवाददाता

छपरा कार्यालय। छपरा शहर के प्रभूनाथ नगर मोहल्ला में कैंब्रिज स्कूल की स्थापना दिवस मनाई गई। जिसका उद्घाटन अपर जिला एवं सत्र न्यायाधीश तृतीय प्रीतम कुमार रत्न ने किया। उन्होंने सभी अभिभावकों से निवेदन किया कि अपने बच्चों को मोबाइल से दूर रखें और उन्हें एक्स्ट्रा एक्टिविटी की तरफ प्रेरित करें। जिससे बच्चों का स्वर्णिम विकास और मानसिक स्तर ऊंचा होगा।

स्थापना दिवस के अवसर पर बच्चों द्वारा रंगारंग कार्यक्रम प्रस्तुत किया गया। कार्यक्रम में आई एम ए छपरा के अध्यक्ष डॉ .मेजर मधुकर छपरा विधि मंडल के लोक अभियोजक सुरेंद्रनाथ सिंह ,विधि मंडल के महामंत्री अमरेंद्र कुमार सिंह डॉ. बासुकी नाथ ,अधिवक्ता रामनाथ प्रसाद, सुधांशु कुमार बी के पांडे ,बी के सिंह सहित दर्जनों व्यक्ति उपस्थित थे। मंच का संचालन विद्यालय के निदेशक डॉ .अमित सिंह तथा धन्यवाद ज्ञापन अधिवक्ता गिरीश नंदन प्रसाद सिंह ने किया।

दो बाईक के आमने सामने टककर मे तीन घायल

बनियापुर (सारण) बनियापुर एनएच 331पर मेला के समीप देर शनिवार की देर शाम दो बाईक की आमने सामने टक्कर मे बाईक सवार सहित तीन जख्मी हो गए, जहा आस पास के कई लोग एकत्र हो गए, जहा सूचना पर पहुंची पुलिस ने घायलों को रेफरल अस्पताल पहुंचाया गया।जहा चिकित्स्को ने घायलों मे धनगरहा निवासी संदीप कुमार को बेहतर इलाज के लिए छपरा सदर अस्पताल पहुंचा दिया।चिकित्स्कों ने बताया की पाव की हड्डी टूटने के वजह से उसे रेफर कर दिया गया।वही बाकी दो घायलों का इलाज स्थानीय अस्पताल मे कराया जा रहा है,वही क्षतिग्रस्त बाईक को थाना पर लाया गया।बताया गया कि दोनो वाइक सवार तीव्रगति से बाईक चला रहे थे।

जेपीयू के बैनर तले एक्सटेंशन एक्टिविटीज कम्यूनिटी आउटरीच प्रोग्राम का ओम क्लासेस ऑफ मैथेमेटिक्स में हुआ आयोजन

प्रात : किरण संवाददाता

छपरा सदर। जय प्रकाश विश्वविद्यालय के आई क्यू ए सी तथा अंग्रेजी विभाग के संयुक्त तत्वावधान में ओम क्लासेस ऑफ मैथेमेटिक्स, रसूलपुर में एक्सटेंशन एक्टिविटीज कम्युनिटी आउटरीच प्रोग्राम के तहत जेपीयू के पूर्व छात्र कल्याण अध्यक्ष एवं निदेशक प्रो उदय शंकर ओझा और नारायण कॉलेज गोरेयाकोठी के प्राचार्य प्रो प्रमेन्द्र रंजन सिंह ने छात्रों को आज के दौर में एक्सटेंशन एक्टिविटीज कम्यूनिटी आउटरीच प्रोग्राम के उद्देश्य और महत्त्व पर प्रकाश डाला। उनका कहना था कि कक्षा से निकलकर शिक्षा का विस्तार गाँव के गलियो तक पहुँचाना, बच्चों के नैसर्गिक प्रतिभा को आगे बढाना, समाज और राष्ट्र उपयोगी शिक्षा का विस्तार करना भी शिक्षकों का दायित्व बनता है।बताते चले कि यह कार्यक्रम सारण के रसूलपुर में ओम क्लासेस ऑफ मैथेमेटिक्स के वर्षगाठ पर आयोजित किया गया था।गौरतलब है कि यह संस्था विगत कई वर्षो से जवाहर नवोदय, नेतरहाट मिलिट्री स्कूल और सैनिक स्कूल में बच्चों के नामांकन के लिए तैयारी कराता है।अब तक इस संस्था के 38 विद्यार्थियों का चयन नवोदय विद्यालय,सैनिक स्कूल में हो चुका है तथा 3 छात्रों को जिलाधिकारी द्वारा भी पुरस्कृत किया गया है। वही प्राचार्य प्रो. प्रमेंद्र रंजन सिंह ने कहा कि लोगों को चाहिए कि ओम क्लासेस ऑफ मैथेमेटिक्स का और प्रचार -प्रसार करे ताकि अधिक से अधिक बच्चों का इसका लाभ मिल सके। इस मौके पर विद्यालय के निर्देशक अनूप दूबे सत्येंद्र रावत, चंदन दूबे, प्रशांत मिश्रा, कमल किशोर सिंह, रीतिका, मुन्नी, रितांशु रंजन, रूद्र सिंह एवं विद्यालय के छात्र उपस्थित थे।

उर्दू अदब की बेहतरीन जुबान है, अन्य भाषाओं की तरह इसे भी बढ़ावा देने की जरूरत : एडीम

प्रात : किरण संवाददाता

छपरा। उर्दू अदब की बेहतरीन जबान है, इंग्लिश और हिंदी भाषा की तरह उर्दू जबान की तालीम आवश्यक है, तभी सही मायने में उर्दू भाषा का विकास संभव हो पाएगा। उक्त बातें मंत्रिमंडल सचिवालय विभाग उर्दू निदेशालय के तत्वावधान में स्थानीय पेक्षा गृह के सभागार में आयोजित एक दिवसीय फरोग-ए- उर्दू सेमिनार सह मुशायरा एवं कार्यशाला को संबोधित करते हुए मुख्य अतिथि अपर समाहर्ता मो. मुमताज आलम ने कहीं। इससे पूर्व कार्यशाला का विधिवत उद्घाटन एडीएम व अन्य प्रशासनिक पदाधिकारिओ ने दीप प्रज्वलित कर किया। कार्यशाला को संबोधित करते हुए एडीएम मो.मुमताज आलम ने कहा कि उर्दू भाषा की तरक्की के लिए सरकार द्वारा हर साल इस तरह का आयोजन किया जाता है। ताकि आम लोगों द्वारा अन्य भाषाओं की तरह उर्दू को भी बढ़ावा मिल सके। उन्होंने अपने संबोधन में यह भी कहा कि मजबूती के साथ उर्दू बोली भी जाती है, और लिखी भी जाती है। इसको मजहब में बांधकर व लिमिट में रखना किसी भी दृष्टिकोण से सही नहीं है। उन्होंने आम लोगों से रोजमर्रा की जिंदगी में उर्दू को शामिल करने की आवश्यकता जताई।

इस अवसर पर संबोधित करते हुए जिला आपूर्ति पदाधिकारी मो. कमर आलम ने कहा कि उर्दू एक खूबसूरत भाषा है, इस जबान के बल पर भी मुकाम हासिल कर सकते हैं। उन्होंने आम लोगों से प्रतियोगिता परीक्षाओं में उर्दू विषय को चयन करने की जरूरत बताया। उन्होंने अपने संबोधन में कहा कि उर्दू अदब व एहतराम और तहजीब की भाषा है, बिहार के अल्पसंख्यक बहुल क्षेत्र में भी उर्दू भाषा को तवज्जो नहीं दी जा रही है। उन्होंने आम लोगों से उर्दू भाषा की तरक्की को लेकर आम बोल-चाल में अधिक से अधिक उपयोग करने की आवश्यकता पर बल दिया। जबकि एक दिवसीय मुशायरा एवं कार्यशाला को संबोधित करते हुए उप निर्वाचन पदाधिकारी जावेद इकबाल ने कहा कि उर्दू मोहब्बत का एक मुकम्मल तहजीब की जबान है , उर्दू की तालीम हासिल करने वालों की कमी है, इंटरनेट पर सैकड़ो रुपए खर्च किया जा रहा है। लेकिन इस भाषा पर खर्च करने से लोग कतराते हैं, आज की परिवेश में जरूरत है,इस जबान को बढ़ावा देने की। जावेद इकबाल ने अपने संबोधन में यह भी कहा कि उर्दू मादरी जवान होते हुए भी आम इंसान को उर्दू के प्रति मोहब्बत में कमी है। उन्होंने कहा कि सरकार तो प्रयास कर रही है, लेकिन इसके साथ-साथ समाज को भी इसके लिए आगे आना होगा तभी उर्दू भाषा की तरक्की होगी। उन्होंने कहा कि इस प्रोग्राम से आम लोगों को सीख लेने की आवश्यकता है। कार्यशाला को संबोधित करते हुए डीआरडीए के निदेशक अब्दुल क्यूम अंसारी ने कहा कि उर्दू 800 साल पुरानी जबान है, द्वितीय राजभाषा का दर्जा मिलने के बाद भी उर्दू की तरक्की जितना होना चाहिए नहीं हो पाया है। उन्होंने उर्दू भाषा की वकालत करते हुए कहा कि मदरसा और मुदर्रिस की देन है कि उर्दू अब तक जिंदा है। शायरों और फिल्मों की भी इस भाषा को जीवित रखने में अहम योगदान है। निदेशक ने अपने संबोधन में कहा कि आम इंसान आज उर्दू जबान को अहमियत नहीं दे पा रहे हैं,यही कारण है कि दिन और दुनिया से भी इंसान महरूम हो रहे हैं। उर्दू जबान की तरक्की को लेकर आम बोलचाल में इस्तेमाल करने की वकालत करते हुए कहा कि यह एक प्यारी और मीठी जुबान है। इस जबान को बढ़ावा देने की जरूरत है।

जनसंवाद कार्यक्रम आयोजित

प्रात : किरण संवाददाता

अमनौर ।प्रखंड के तरवार पंचायत में शनिवार को जन सुराज के बैनर तले जन संवाद कार्यक्रम का आयोजन किया गया। जन संवाद कार्यक्रम के तहत जन सुराज तथा इसके सूत्रधार प्रशांत किशोर की सोंच से लोगों को अवगत कराया गया। वहीं बेहतर बिहार बनाने के संकल्प के साथ जन सुराज से जुड़कर इसे मजबूत बनाने पर बल दिया गया। इस दौरान जिला मुख्य प्रवक्ता कुलदीप महासेठ ने कहा कि बिहार की तकदीर और तस्वीर बदलने के लिए प्रशांत किशोर का नेतृत्व और उनका जन सुराज ही एकमात्र विकल्प है। उन्होंने कहा कि बिहार के लोग पिछले चालीस वर्षो से कांग्रेस,राजद, जदयू और भाजपा की सरकारों से परेशान हैं और अभी भी विकास की बाट जोह रहे हैं। उन्होंने कहा कि रोजी-रोटी के लिए लोगों का पलायन दूसरे प्रदेशों में बदस्तूर जारी है। उन्होंने सभी को एकजुट होकर बिहार के नव निर्माण जनसुराज के साथ जुड़ने की अपील की।वहीं जिला सचिव जुनालाल यादव ने बिहार के लोगों के अपेक्षाओं के अनुरूप जन सुराज मजबूत राजनीतिक विकल्प बन रहा है। उन्होंने लोगों से जन सुराज से जुड़ने की बात कही। इस अवसर पर मुख्य रूप से प्रखंड महासचिव नीरज कुमार रवि, प्रखंड किसान अध्यक्ष महेश प्रसाद, प्रखंड प्रवक्ता मनोज सिंह, पंचायत अध्यक्ष मनोज राय, नीतीश कुमार ,प्रखंड सचिव अवधेश प्रसाद, हिमांशु जी, दुखन राय, पप्पू दूबे महेश राय,मनोज सिंह सहित दर्जनों लोग शामिल रहे।

राष्ट्रीय सेवा योजना के अंतर्गत गोष्टी का हुआ आयोजन

बनियापुर (सारण) राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई लोक महाविद्यालय हाफिजपुर के प्रांगण में जयप्रकाश विश्वविद्यालय के निदेर्शानुसार विकसित भारत@ 2047 पर एक संगोष्ठी का आयोजन किया गया। जिसका विषय आज के परिवेश में युवाओं की भूमिका, इस संगोष्ठी का शुभ आरंभ प्राचार्य डॉक्टर रियाजुद्दीन सिद्दीकी के द्वारा किया गया। संगोष्ठी में मुख्य वक्ताओं में प्रोफेसर तारकेश्वर सिंह ने युवकों को संबोधित करते बताया कि विकसित होने के लिए पहले चरित्र का निर्माण मुख्य होगा। सर्वोत्तम चरित्र होने पर ही भारत विकसित होगा और हम महाविभक्ति के रूप में दिखाई देंगे। प्रोफेसर अजय कुमार सिंह ने भारत एक महा शक्तिशाली देश बनकर उभरेगा, वह समय अब दूर नहीं है। मंच संचालक कार्यक्रम पदाधिकारी प्रोफेसर काशीनाथ राय के द्वारा किया गया। अन्य वक्ताओं में डॉक्टर अविनाश ओझा, प्रोफेसर सुभाष सिंह ने सहयोग के लिए अपील की और विकसित भारत बनने में सहयोग की दिशा निर्देश दिया।

प्रकृति की संतुलन बनाए रखने के लिए वृक्ष लगाना अति महत्वपूर्ण : मुखिया

प्रात : किरण संवाददाता

एकमा ।प्रखंड के पचुआ पंचायत के नहर तट पर वन विभाग के द्वारा बसंत कालीन के तहत वृक्षारोपण वर्ष 2023 --24 का शुभारंभ पंचायत के मुखिया शिव शंकर महतो सरपंच अख्तर अंसारी तथा वन विभाग के वन उप परिसर पदाधिकारी पंकज कुमार ने संयुक्त रूप से दर्जनों पौधा रोपण कर शुभारंभ किया। इस दौरान मुखिया ने कहा कि प्रकृति की संतुलन बनाए रखने के लिए वृक्ष लगाना अति महत्वपूर्ण है गांव व शहरों के घरों के आसपास के वातावरण को स्वच्छ बनाए रखने के लिए पेड़ पौधा लगाना बहुत महत्वपूर्ण जरूरी है । पेड़ पौधों के माध्यम से प्राकृतिक सभी प्राणियों पर अनंत उपकार करती है। पेड़ पौधे हमें छाया प्रदान करती है पेड़ हमें जीवन जीने की कला भी सिखाती है । इस दौरान पंचायत के अन्य जनप्रतिनिधि एवं अन्य कर्मी उपस्थित थे ।

रिटायर्ड शिक्षक का विदाई सह सम्मान समारोह आयोजित

इसुआपुर ।प्रखंड के मध्य विद्यालय सह प्लस टू हाई स्कूल सहवां के रिटायर्ड शिक्षक मोहम्मद इशहाक अंसारी का बुधवार को विद्यालय परिसर में रामेश्वर ओझा की अध्यक्षता तथा निरंजन कुमार सिंह के संचालन में विदाई सह सम्मान समारोह का आयोजन हुआ। अवकाश प्राप्त शिक्षक मोहम्मद इशाक अंसारी को कुशल, कर्तव्यनिष्ठ, मिलनसार तथा ड्यूटी के प्रति कर्तव्यनिष्ठ बताया गया। अपने धन्यवाद ज्ञापन के पूर्व प्रधानाध्यापक बुन्नीलाल राय ने कहा कि पिछले 30 वर्षो से इसी विद्यालय में सेवारत इशहाक सर के सानिध्य में हम सभी शिक्षकों को काफी कुछ सीखने को मिला है।

दिल्ली में भाजपा राष्ट्रीय परिषद की अहम बैठक, सांसद रुडी व जिला के प्रमुख पार्टी पदाधिकारी हुए शामिल

प्रात : किरण संवाददाता

छपरा कार्यालय। भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) की दो दिवसीय राष्ट्रीय परिषद की बैठक शनिवार से राजधानी दिल्ली के प्रगति मैदान स्थित भारत मंडपम में आरंभ हो गई। इस बैठक में प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी आगामी लोकसभा चुनाव के मद्देनजर पार्टी के चुनावी अभियान की व्यापक रूपरेखा पेश करेंगे।

बैठक में सारण के सांसद सह भाजपा के राष्ट्रीय प्रवक्ता राजीव प्रताप रुडी, जिलाध्यक्ष रंजीत सिंह, जिला सह प्रभारी, विस्तारक दिलीप कुमार के साथ अन्य पार्टी पदाधिकारी भी शामिल हुए। राष्ट्रीय परिषद की इस बैठक में केंद्रीय मंत्री, पार्टी शासित राज्यों के मुख्यमंत्री व उपमुख्यमंत्री, राज्यों के मंत्री, राष्ट्रीय और राज्य में पार्टी के पदाधिकारी समेत सांसद और विधायकों सहित लगभग 12000 प्रतिनिधियों ने भाग लिया। इस संदर्भ में सांसद श्री रुडी ने बताया कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने आगामी पहले ही लोकसभा चुनाव में पार्टी के लिए 370 और उसकी अगुवाई वाले राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन (राजग) के लिए 400 से ज्यादा सीट पर जीत की बात कही है। इस बैठक में इस बैठक में पार्टी कार्यकताओं को माननीय प्रधानमंत्री जी लिए प्रेरित करेंगे और साथ ही इसकी रुपरेखा भी प्रस्तुत की जायेगी।

उन्होंने बताया कि हमारे राष्ट्रीय अध्यक्ष श्री जे पी नड्डा बैठक के उद्घाटन सत्र को संबोधित करेंगे और अगले दिन प्रधानमंत्री श्री मोदी रविवार को समापन सत्र को संबोधित करेंगे। इससे पहले प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी शनिवार से आरंभ होने वाली भाजपा की राष्ट्रीय परिषद की दो दिवसीय बैठक में हिस्सा लेने भारत मंडपम पहुंचे जहां पार्टी के अध्यक्ष जे पी नड्डा सहित अन्य वरिष्ठ नेताओं ने उनका स्वागत किया। श्री रुडी ने बताया कि प्रधानमंत्री जी के कार्यक्रम स्थल पहुंचते ही भाजपा कार्यकताओं ने ह्यमोदी-मोदीह्न के नारे लगाए। प्रधानमंत्री ने उनका अभिवादन किया और फिर विकसित भारत की अवधारणा पर आधारित विकसित भारत प्रदर्शनी का निरीक्षण भी किया। मालूम हो कि प्रतिनिधियों के लिए बैठक स्थल पर लगाई गई प्रदर्शनी में प्रधानमंत्री मोदी के भारत को विकसित देश बनाने के दृष्टिकोण और उनकी सरकार द्वारा लोगों के कल्याण और देश की प्रगति के लिए किए गए कार्यो को दशार्या गया है।

संक्षिप्त खबरें

शराब के साथ एक धंधेबाज गिरफ्तार, दूसरा हुआ फरार

नावानगर (बक्सर) बासुदेवा ओपी प्रभारी चुनमुन कुमारी के नेतृत्व में पुलिस ने आथर बाल के नट टोली में छापेमारी कर छापेमारी में 16 लीटर शराब के साथ एक कारोबारी को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया। जबकि मौके से दूसरा कारोबारी पुलिस को देखकर फरार हो गया। गिरफ्तार कारोबारी बिरेंद्र नट जो अपने घर में देशी चुलाई महुआ शराब का निर्माण कर शराब बिक्री कर रहा था। इसकी पुष्टि करते हुए बासुदेवा ओपी प्रभारी चुनमुन कुमारी ने बताया कि गुप्त सूचना के आधार पर हुई कार्रवाई में एक कारोबारी को 16 लीटर महुआ शराब के साथ गिरफ्तार कर जेल भेज दिया गया। वही दूसरी तरफ सोनवर्षा ओपी क्षेत्र के सोनवर्षा गांव निवासी संतोष कुमार को 5 लीटर महुआ शराब के साथ गिरफ्तार कर जेल भेज दिया गया इसकी पुष्टि करते सोनवर्षा ओपी प्रभारी निशा रानी ने बताया कि गुप्त सूचना प्राप्त हुई थी कि सोनवर्षा गांव में कारोबारी देशी शराब की बिक्री कर रहा है।

नशे में हंगामा कर रहा शराबी गिरफ्तार

नावानगर (बक्सर) सिकरौल थानाध्यक्ष बीरेंद्र प्रसाद के नेतृत्व में पुलिस ने एक नशेड़ी को गिरफ्तार किया। गिरफ्तार नशेड़ी बसांव गांव निवासी मो० मुमताज सिद्धिकी है इसकी पुष्टि करते हुए थानाध्यक्ष ने बताया कि गुप्त सूचना प्राप्त हुई थी की बसांव गांव में एक नशेड़ी शराब के नशे में हंगामा कर रहा है। सूचना पर तत्काल पहुंच कर नशेड़ी को गिरफ्तार किया गया। गिरफ्तार नशेड़ी का मेडिकल कराया गया मेडिकल में अल्कोहल की पुष्टि होते ही नशेड़ी को कोर्ट भेज दिया गया। वही दूसरी तरफ सिकरौल थानाध्यक्ष के नेतृत्व में जिगना गांव में छापेमारी किया गया छापेमारी में जिगना गांव से कोर्ट के वारंटी मोहन यादव को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया गया।

पुलिस ने 10 लीटर शराब किया बरामद

नावानगर (बक्सर) स्थानीय थानाध्यक्ष नंदू कुमार के नेतृत्व में पुलिस के द्वारा गांव में छापेमारी कर पुलिस ने दस लीटर महुआ शराब बरामद किया। वहीं कारोबारी राजकुमार राम पुलिस को देख कर फरार हो गया। इसकी पुष्टि करते हुए स्थानीय थानाध्यक्ष नंदू कुमार ने बताया कि गुप्त सूचना प्राप्त हुआ था। जो अतिमि गांव में शराब का कारोबार हो रहा है सूचना पर तत्काल छापेमारी किया गया जिसमे दस लीटर महुआ शराब बरामद हुआ वही कारोबारी राजकुमार राम पुलिस देख कर फरार हो गया।

पूर्व मंत्री को विधानसभा अध्यक्ष चुने जाने पर लोगों ने दी बधाई

नावानगर (बक्सर) बिहार में एनडीए की नई सरकार बनने के बाद बिहार विधानसभा में एनडीए प्रत्याशी के रूप में भाजपा के वरिष्ठ नेता पूर्व मंत्री नंदकिशोर यादव के निर्विरोध विधानसभा अध्यक्ष चुने जाने पर भाजपा प्रदेश कार्यसमिति सदस्य रामकुमार सिंह ने बधाई दी है। जो भाजपा के अनुभवी नेता के विधानसभा अध्यक्ष चुने जाने पर सदन सुचारू रूप से चलेगा और उनके संसदीय अनुभव का लाभ सदन के सदस्यों को मिलेगा। मौके पर अनिल पाण्डेय, संत सिंह, उमाशंकर उर्फ छोटक, श्रीमन तिवारी, दधिवल, निर्मल सिंह सहित अन्य लोगों ने बिहार विधानसभा के नए अध्यक्ष पूर्व मंत्री नंदकिशोर यादव को बधाई दिया।

पूर्व शराब कांड का आरोपी गिरफ्तार

बिक्रमगंज (रोहतास) स्थानीय पुलिस ने पूर्व शराब कांड के एक अभियुक्त को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया। थानाध्यक्ष ललन कुमार ने बताया कि पुलिस ने थाना क्षेत्र के दलित टोला मठिया निवासी उपेंद्र मुसहर को गिरफ्तार कर लिया। उन्होंने बताया कि गिरफ्तार अभियुक्त के विरुद्ध स्थानीय थाना में पूर्व शराब कांड का मामला दर्ज था।

तीनों वारंटी को पुलिस ने भेजा जेल

बिक्रमगंज (रोहतास) पुलिस ने तीन वारंटी को गिरफ्तार कर जांच के उपरांत जेल भेज दिया। दिनारा थानाध्यक्ष रौशन कुमार ने बताया कि थाना क्षेत्र के पंजरी निवासी गोपाल शर्मा, बबन भर और झगरु भर को पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया। उन्होंने बताया कि गिरफ्तार तीनों अभियुक्त के विरुद्ध बिक्रमगंज व्यवहार न्यायालय से वारंट निर्गत था।

अवैध बालू लदे ट्रैक्टर साथ चालक व मजदूर गिरफ्तार

बिक्रमगंज (रोहतास) नासरीगंज पुलिस ने अवैध बालू लदे एक ट्रैक्टर को किया जब्त, मामले में चालक एवं मजदूर गिरफ्तार। थानाध्यक्ष अमित कुमार ने बताया कि पुलिस ने थाना क्षेत्र के पडूरी से अवैध बालू लदे एक ट्रैक्टर को जब्त कर लिया। साथ ही साथ पुलिस ने दरिहट थाना क्षेत्र अंतर्गत शिवपुर निवासी चालक द्वारिका मजदूर व अहरांव निवासी मजदूर अरमान अंसारी को भी गिरफ्तार कर लिया। उन्होंने कहा कि गिरफ्तार दोनों आरोपी के विरुद्ध संबंधित मामला दर्ज करते हुए जांच के उपरांत जेल भेज दिया।

आयुष चिकित्सक के भरोसे चल रहे अस्पताल को लेकर जांच करने कोइलवर पहुँची टीम

अस्पताल में कुव्यवस्था के खिलाफ स्थानीय लोगों ने डीएम और सिविल सर्जन से की थी शिकायत

प्रातः किरण संवददाता

आरा। जिले के कोइलवर थाना क्षेत्र के आरा-छपरा हाईवे पर चनपुरा गांव के समीप गुरवार की देर रात अनियंत्रित बालू लदे ट्रक के चपेट में आने से बाइक सवार दो दोस्तों की मौत हो गई थी जबकि एक अन्य घायल हो गया था। इस दौरान मौत से आक्रोशित लोगों ने कोइलवर पीएचसी पहुँच अस्पताल में कुव्यवस्था के खिलाफ हंगामा भी किया था। पीएचसी कोइलवर में आयुष चिकित्सक के भरोसे अस्पताल संचालक होने पर आक्रोशित ग्रामीणों ने जमकर बवाल काटा था और अस्पताल में सिस्टम की लापरवाही को लेकर आक्रोशित लोगों ने भोजपुर डीएम और सिविल सर्जन से शिकायत भी किया था। इसके बाद भोजपुर के सिविल सर्जन ने प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र कोइलवर में विगत 15 फरवरी के रात्रि में ड्यूटी से गायब पाए गए पीएचसी प्रभारी को पत्र लिखकर भोजपुर सिविल सर्जन डॉक्टर के.एन सिन्हा ने जवाब तलब किया। साथ ही उक्त तिथि को ड्यूटी से गायब अन्य चिकित्सकों से संबंधित जांच प्रतिवेदन प्रस्तुत करने के लिए एक जांच दल भी गठित किया था इसकी को लेकर शनिवार को जिले से एक जांच कमिटी की टीम कोइलवर पीएचसी पहुंची। जांच कमेटी में भोजपुर के संचारी रोग पदाधिकारी डॉक्टर प्रवीण कुमार, गैर संचारी रोग पदाधिकारी डॉक्टर ए.अहमद कोइलवर पहुँचे और उन्होंने स्थानीय ग्रामीणों से और अस्पताल के प्रभारी चिकित्सा पदाधिकारी से घंटो बात किया। इस दौरान जिले से जांच के लिए कोइलवर आये संचारी रोग पदाधिकारी डॉक्टर प्रवीण कुमार ने बताया की स्थानीय लोगों ने अपनी बातों को हमारे समक्ष रखा है ग्रामीणों की बातों को ध्यान में रखते हुए आगे जो भी होगा करवाई की जायेगी। वही इस दौरान मृतक के रिश्तेदार दिनेश बिन ने बताया की आरा से आई इस जांच कमेटी से हमलोग संतुष्ट नहीं हैं ये लोग बातों को गोल गोल घुमाकर सिर्फ आश्वासन देकर चले गए। कोईलवर अस्पताल दलालों का अड्डा बन गया है स्थानीय स्वास्थ्य कर्मी अस्पताल में वर्षों से डेरा जमाए हुए हैं हम लोगों की मांग है कि प्रभारी चिकित्सा पदाधिकारी डॉक्टर उमेश कुमार और स्थानीय जितने भी स्वास्थ्य कर्मी है उनके यहां से तबादला किया जाए वरना भविष्य में उग्र आंदोलन होगा। इस दौरान अस्पताल में आयुष चिकित्सक डॉक्टर आजम खान ने भी माना की स्थानीय स्वास्थ्य कर्मियों के रहने से अस्पताल दलालों का अड्डा बन गया है इन लोगों को यहाँ से हटना जरूरी है।

वर्ष महोत्सव पर सेंट्रल पब्लिक स्कूल के बच्चों ने कला से मनमोहा

प्रातः किरण संवददाता

बिक्रमगंज (रोहतास) स्थानीय शहर के रेलवे स्टेशन समीप स्थित शनिवार द सेंट्रल पब्लिक स्कूल का तीसरा वर्ष महोत्सव धूमधाम से मनाया गया। इस अवसर पर कार्यक्रम का उदघाटन भाजपा शिक्षक प्रकोष्ठ प्रदेश महामंत्री सह सीनेट सदस्य वीर कुंवर सिंह विश्विद्यालय, आरा डॉ. मनीष रंजन ने दीप प्रज्वलित कर किया। जबकि मौके पर मुख्य अतिथियों का विद्यालय निदेशक और फाउंडर ने उन्हें फूल माला पहनाते हुए अंगवस्त्र से सम्मानित किया। जबकि संचालन विद्यालय शिक्षिका आंशिका कुमारी ने की।

मौके पर विद्यालय के नर्सरी से वर्ग दशम तक के विभिन्न बच्चों खुशबू ,सोनम,शीलू ,सिमरन, शिवानी, आयुशी, शुभम,प्रिंस, अभिषेक, समर,अंकुर, अंकुश अन्य ने भाग लेते हुए ग्रुपिंग डांस, एकल डांस, देश भक्ति सांग नृत्य पर अपनी अलग-अलग कला की प्रस्तुति करते हुए उपस्थित लोगों का खूब में मनोरंजन करते हुए उनका मनमोहन लिया। जहां लोगों ने उनकी नन्हें बच्चों सहित अन्य छात्र-छात्राओं की कला प्रस्तुति को सराहते हुए उन्हें मंच पर पुरस्कृत भी किया। जबकि मुख्य अतिथि डॉ. मनीष ने बच्चों का हौसला अफजाई करते हुए सभा को संबोधन करते हुए बताया कि बच्चें हमारे देश के उजव्वल भविष्य होते है। जिनके भविष्य को संवारने में उनके अभिभावक के साथ विद्यालय के शिक्षकों का भी अहम योगदान होता है।

पूर्व प्रधानाध्यापक की दूसरी पुण्यतिथि मनाई गई

प्रातः किरण संवददाता

आरा। भोजपुर जिले के कोईलवर प्रखंड के धनडिहा स्थित श्रीराम वाटिका में उत्क्रमित बालिका उच्च विद्यालय के संस्थापक पूर्व प्रधानाध्यापक स्वर्गीय रामबल्लभ प्रसाद सिंह की दूसरी पुण्यतिथि आज मनाई जाएगी जिसकी तैयारी को लेकर एक बैठक का आयोजन किया गया इसमें मुख्य रूप से आयोजित होने वाले समारोह को लेकर विस्तृत रूप से तैयारी की समीक्षा की गई इस मौके पर उनके दूसरी पुण्यतिथि पर उनके पैतृक निवास पर विष्णु सहस्त्रनाम पाठ एवं गीता पाठ का आयोजन किया जाएगा एवं श्रद्धांजलि सभा के बाद भंडारे का भी आयोजन किया जाएगा बताते चले कि पूर्व प्रधानाध्यापक अपना भरा पूरा परिवार छोड़कर दो वर्ष पूर्व गो लोक प्रस्थान कर गए थे उनकी पुण्यतिथि को भव्य तरीके से मनाने को लेकर इस बैठक का आयोजन किया गया था बैठक की अध्यक्षता उनके पुत्र एवं प्रसिद्ध समाजसेवी पुंज कुमार सिंह ने किया उनकी स्मृति में आयोजित श्रद्धांजलि सभा को लेकर उन्होंने बताया कि स्वर्गीय पिताजी की मधुर स्मृति स्नेह आदर्श मार्गदर्शन और आशीर्वाद सदैव हमारे लिए प्रेरणादायक रहेंगे उनके पदचिन्हों पर चलकर हम स्मृतियों को आगे भी जीवंत रखेंगे धनडिहा स्थित श्री राम वाटिका में श्रद्धांजलि सभा का आयोजन किया गया है पूर्व प्रधानाध्यापक राम बल्लभ प्रसाद सिंह ने बच्चों के शिक्षा में ही अपना पूरा जीवन समर्पित कर दिया ।

मां सरस्वती की विदाई पर किया गया प्रसाद वितरण

डेहरी (रोहतास) सरस्वती पूजा के उपलक्ष में डेहरी शहर के आदर्श नगर में सरस्वती पूजा पंडाल के बाहर सैकड़ो लोगों के बीच महाप्रसाद का वितरण किया गया। महाप्रसाद वितरण के बाद मां सरस्वती को विदाई देते हुए उनकी प्रतिमा को लेकर लोग विसर्जन करने पहुंचे। प्रसाद को वितरण कर रहे युवा समाजसेवी अमित कुमार पटेल ने कहा कि सरस्वती पूजा को बसंत पंचमी के रूप में मनाया जाता है। जिसमें महाप्रसाद का अपना सबसे बड़ा महत्व है। उन्होंने कहा की मां सरस्वती ज्ञान और विद्या की देवी है यह सभी छात्राओं को विद्या प्रदान करती हैं। मौके पर रोशन सिंह, मयंक कुमार, आदित्य कुमार, हिमांशु कुमार, शिवम कुमार, सुजीत कुमार, रतन कुमार विकी कुमार सहित अन्य लोग मौजूद थे।

समाजसेवी 11वीं पुण्यतिथि पर बॉलीबॉल खेल का आयोजन

प्रातः किरण संवददाता

नावानगर (बक्सर) अखिल भारतीय पुरुष एवं महिला बॉलीबॉल प्रतियोगिता का आयोजन भोजपुर जिले के बखोरापुर गांव में आयोजित किया गया। ज्ञात हो कि बखोरापुर गांव निवासी भारत प्लस एथेनॉल कंपनी लिमिटेड के सीएमडी सह वरीय समाजसेवी अजय कुमार सिंह के पूज्य पिता स्व रामाधार सिंह की 11 वीं पुण्यतिथि के शुभ अवसर पर अखिल भारतीय पुरुष एवं महिला बॉलीबॉल प्रतियोगिता का आयोजन किया गया।

बता दें कि बखोरापुर गांव स्थित राजकीय बुनियादी विद्यालय के मैदान में आयोजित इस बॉलीबॉल प्रतियोगिता में राज्य एवं देश स्तर के कुल 12 टीमों ने हिस्सा लिया। आयोजक भारत प्लस एथेनॉल लिमिटेड कंपनी के सीएमडी सह उद्योगपति बखोरापुर गांव निवासी अजय कुमार सिंह ने बताया कि पुरुष एवं महिला बॉलीबॉल प्रतियोगिता में अंतर्राष्ट्रीय महिला बॉलीबॉल की खिलाड़ी जयश्री राठी सहित राज्य एवं देश स्तर के कई महिला तथा पुरुष खिलाड़ी इस बॉलीबॉल प्रतियोगिता में शिरकत किए।बिहार के इतिहास में पहली बार बखोरापुर के राजकीय बुनियादी विद्यालय के मैदान में अंतर्राष्ट्रीय महिला एवं खिलाड़ियों के शिरकत करने से विद्यालय का मैदान आम आवाम व जनता से खचाखच भरा रहा। इससे पहले पुण्यतिथि को लेकर श्रद्धांजली सभा का आयोजन किया गया।जहां गीता पाठ एवं पुष्पांजलि से स्व रामाधार सिंह को एक तरफ याद किया गया तो दूसरी तरफ उनके आदर्श समाजसेवा को अपनाने की बात लोगों से कही गई।जहां श्रद्धांजली सभा को बड़हरा विधायक राघवेंद्र प्रताप सिंह, आरा महापौर प्रतिनिधि प्रेम पंकज उर्फ ललन सहित कई अन्य मुख्य एवं विशिष्ट अतिथियों ने श्रद्धांजली सभा को संबोधित करते स्व रामाधार सिंह को एक आदर्श समाजसेवी बताया और उनके पदचिन्हों पर चलकर समाज सेवा करने की सिख दी।जहां स्व रामाधार सिंह की धर्मपत्नी समाजसेवी देव कुमारी सिंह, उद्योगपति अजय सिंह सहित अन्यों द्वारा मौके पर उपस्थित 1640 असहाय, गरीबों एवं जरूरत मंद लोगों के बीच एक एक कंबल के साथ 100 रुपए नगद का वितरण किया गया। जहां कार्यक्रम में शिरकत करने आए सभी आगत अतिथियों का भगवान श्रीराम का चुनरी देकर सम्मानित किया गया।इस दौरान वृहद बड़े पैमाने पर भोज का भी आयोजन किया गया। जहां लोगों को पूड़ी खीर पुलाव का भोजन करा उन्हें अनुगृहित किया गया। मौके पर उपस्थित अजय सिंह ने बताया कि समाजसेवा हमारे रिश्तों के खून में है। जिसे कभी भुलाया नही जा सकता।यह बॉलीबॉल प्रतियोगिता पूरी रात चलेगी और विजेता उपविजेता को शील्ड कप मेडल ट्रॉफी देकर सम्मानित किया। जाएगा।इस आयोजन से आत्मीय सुख एवं शांति मिलती है और समाजसेवा का खास अवसर प्राप्त होता है। इस दौरान शैलेश सिंह, टिंकू सिंह सहित अन्य लोग उपस्थित थें।

राष्ट्र के नागरिक चुनाव में भागीदार की शपथ अवश्य लें : जिला युवा पदाधिकारी

प्रातः किरण संवददाता

भगवानपुर प्रखंड स्थित शनिवार को मतदाता जागरूकता को लेकर विभिन्न जगहों पर नेहरू युवा केंद्र कैमूर द्वारा नुक्कड़ नाटक सह जागरूकता अभियान का कार्यक्रम किया गया। वही मतदाता जागरूकता को लेकर लोगों को जागरूक करने के लिए नुक्कड़ नाटक के माध्यम से जानकारी दी गई। जिला युवा पदाधिकारी सुशील करोलिया ने बताया कि भगवानपुर प्रखंड के गोबरछ गांव में भगवानपुर बाजार एवं कसेर गांव में ग्रामीणों को नुक्कड़ नाटक का जागरूकता अभियान के माध्यम से लोगों को जागरूक किया गया।

उन्होंने बताया कि बहुमूल्य वोट प्रत्येक नागरिक के लिए अहम है भारत के प्रत्येक नागरिक को अपने राष्ट्र के प्रत्येक चुनाव में भागीदारी की शपथ लेना चाहिए। क्योंकि भारत के प्रत्येक व्यक्ति का वोट ही देश के भावी भविष्य नींव रखता है। जनतांत्रिक प्रणाली में इसका बहुत महत्व होता है इस प्रणाली पर आधारित व शासन की स्थापना के लिए आवश्यक है की प्रत्येक नागरिक को बिना किसी भेदभाव जाति धर्म से हटकर अपने मत का अधिकार प्रदान करना चाहिए। अपने देश के लोकतांत्रिक परंपराओं की मयार्दा को बनाए रखने तथा स्वतंत्र निष्पक्ष एवं शांतिपूर्ण निर्वाचन की गरिमा को अक्षुण्ण रखते हुए निर्भीक होकर धर्म वर्ग जाति समुदाय एवं किसी के प्रलोभन से प्रभावित हुए बिना अपने मताधिकार का प्रयोग करें। इसके साथ ही किसी भी समस्या हेतु वोटर हेल्पलाइन ऐप पर जानकारी एवं संपर्क कर सकते हैं। कार्यक्रम में आदर्श नेहरू युवा क्लब गोबरछ के अध्यक्ष हरिशंकर प्रसाद गुप्ता, अभय द्विवेदी, आलोक कुमार, विवेक कुमार, देवदत्त कुमार, सोनल राय, मोहित तिवारी, एवं कई लोग मौजूद रहे।

भाजपा के खिलाफ विरोध प्रदर्शन कांग्रेस ने किया

प्रातः किरण संवददाता

आरा। भोजपुर जिला कांग्रेस कमेटी के तत्वाधान में 2017 में, जो चुनावी बांड योजना को वित्त विधेयक के रूप में पेश किया गया था, तो भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस इसकी अपारदर्शी, अलोकतांत्रिक और हानिकारक प्रकृति की स्पष्ट रूप से निंदा करने वाली पहली पार्टी थी। भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस इस कुटिल चाल के खिलाफ संसद के भीतर और बाहर अपनी लड़ाई में अटल रही । हम मोदी सरकार की इस "काला धन रूपांतरण" योजना को "असंवैधानिक" मानते हुए आज के सुप्रीम कोर्ट के फैसले का स्वागत करते हुए शहीद भवन चौक पर जिलाध्यक्ष अशोक राम जी के नेतृत्व में भाजपा सरकार के खिलाफ बड़े पैमाने पर विरोध प्रदर्शन करते हुए मोदी सरकार की निंदनीय चुनावी बांड के माध्यम से भाजपा के बड़े पैमाने पर भ्रष्टाचार के उजागर कर विरोध किया गया। जिला अध्यक्ष अशोक राम ने कहा कि आज माननीय सर्वोच्च न्यायालय ने भाजपा का चाल चरित्र और चेहरा को उजागर करने का काम किया है हमारे नेता माननीय राहुल गांधी जी ने कहा था कि मोदी सरकार केवल दस पन्द्रह उधोग पतियों के लिए काम करतीं हैं जो आज कि फैसला ने मोहर लगा है अब इस खुले भ्रष्टाचार को गांव और पंचायत स्तर पर पहुंचाना है। कार्यक्रम में उपस्थित लोगों में सत्य प्रकाश राय जितेंद्र शर्मा बिरेन्द्र मिश्रा रजी अहमद सीनेट सदस्य संतोष तिवारी श्रीधर तिवारी रतन धामालीया रविन्द्र कुमार रवि सत्यनारायण सिन्हा उपेन्द्र सिंह रविन्द्र तिवारी उपेन्द्र कुमार बिरेन्द्र तिवारी बिरेन्द्र पांडेय आदि लोग उपस्थित थे।

हिंदुस्तानी आवाम मोर्चा (से.) भोजपुर कार्यकर्ता सम्मेलन का किया गया आयोजन

प्रातः किरण संवददाता

आरा। हिंदुस्तानी आवाम मोर्चा की ओर से आरा मे कार्यकर्ता सम्मेलन बहुत ही जोरदार तरीके से हजारों की संख्या मे सफलता पूर्वक सम्पन्न हुआ जिसमे मुख्य अतिथि शसंतोष कुमार सुमन राष्ट्रीय अध्यक्ष सह मंत्री बिहार सरकार सादर आमंत्रित थे वही कताओं को संबोधित करते हुए कहा कि हमारी पार्टी शाहाबाद जिले में मजबूती से प्रदर्शन करेगी और कार्यकताओं से कहा कि आप लोग पार्टी के लिए जोरदार मेहनत करें मीडिया को संबोधित करते हुए कहा कि हम भोजपुर जिला में अपनी पार्टी को मजबूत करने की कोशिश कर रहे हैं अगर हमारी पार्टी हर गांव जिले में मजबूत होगा तो हम अपना उम्मीदवार भी खड़ा करने के लिए तैयार है साथ ही पिंटू कुमार भोजपूर प्रभारी, गीता पासवान, महिला मोर्चा अध्यक्ष, जलाध्यक्ष महेश्वर मिश्रा, प्रधान महासचिव प्रकाश ओझा, जिला महासचिव सह प्रवक्ता अभिषेक उपाध्याय, राष्ट्रीय सचिव अभिषेक पांडे, पटना मिडीया प्रभारी गिरधारी सिंह, अजीत चौधरी, सुमित कुमार, संजय कुमार, पिंकू शर्मा, सत्येंद्र कुमार, बिनोद कुमार, संकल्प ओझा, सरोज कुशवाह, और समस्त कार्यकर्ता सम्मिलित हुए।

माधव बाल संस्कार केन्द्र में बच्चों को दी जायेगी नि:शुल्क शिक्षा

काराकाट (रोहतास) प्रखंड क्षेत्र के मानिक परासी गांव में राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के तत्वावधान में माधव बाल संस्कार केन्द्र का स्थापना किया गया। इस केंद्र में सभी बच्चों को निशुल्क शिक्षा दिया जाएगा। केंद्र का उद्घाटन जिला सेवा प्रमुख अनिल कुमार सिंह ने किया। इस मौके पर पालक शुभम तिवारी ने बच्चों के बीच काफी, कलम और कई पाठ्य सामग्रियों का वितरण किया। मौके पर केन्द्र के शिक्षक बीरेंद्र तिवारी, हेमंत तिवारी, मंगेश शर्मा सहित कई लोग थे। गौरतलब हो कि प्रखंड के अमरथा में पूर्व से हीं केशव बाल संस्कार केन्द्र चल रहा है। पालक पारसनाथ पासवान ने बताया कि राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ की ओर से वहां ग्रामीण बच्चों को निशुल्क शिक्षा दी जाती है। जो कमजोर वर्ग के बच्चों को निशुल्क पाठ्य सामग्री भी दिया जाता है।

आपसी विवाद में एक व्यक्ति को चाकू मार किया जख्मी, हालत गंभीर

घटना को अंजाम देने वाला आरोपी गिरफ्तार

प्रातः किरण संवददाता

दिनारा (रोहतास) प्रखंड क्षेत्र के नटवार पुलिस ने शनिवार को आपसी विवाद व मारपीट के दौरान चाकू के प्रहार से एक व्यक्ति को जख्मी करने के मामले में त्वरित कार्यवाही करते हुए मुख्य आरोपित रामगढ गांव निवासी विवेक पटेल के पुत्र प्रिंस कुमार को गिरफ्तार कर लिया है। थानाध्यक्ष राहुल कुमार ने बताया कि थाना क्षेत्र के रामगढ गांव में दो पक्षों के आपसी विवाद व मारपीट में दौरान चाकू के प्रहार से राजेंद्र चौधरी नामक व्यक्ति गम्भीर रूप से जख्मी हो गए।जिसका इलाज प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र दिनारा कराया गया। जहां चिकित्सकों ने प्राथमिक उपचार के बाद सदर अस्पताल सासाराम रेफर कर दिया।घटना को लेकर जख्मी ब्यक्ति की पत्नी राजकुमारी देवी की लिखित आवेदन पर रामगढ निवासी प्रिंस कुमार सहित एक अन्य के विरुद्ध नामजद प्राथमिकी दर्ज कराई गई थी, पुलिस ने त्वरित कार्यवाही करते हुए मुख्य आरोपित को गिरफ्तार कर लिया है।वहीं दूसरे की गिरफ्तारी हेतु प्रयास कर रही है।

विधायक सह पूर्व कृषि मंत्री ने फीता काटकर ज्ञान सागर लाइब्रेरी एंड क्लासेस का किया उद्घाटन

कैमूर जिले के रामगढ़ प्रखंड स्थित जीबी कॉलेज के समीप शनिवार को ज्ञान सागर लाइब्रेरी एंड क्लासेस का उद्घाटन किया गया जिसका मुख्य अतिथि स्थानीय विधायक सह पूर्व कृषि मंत्री सुधाकर सिंह ने फीता काट कर किया, लाइब्रेरी एंड क्लासेस खुलने से क्षेत्र के बच्चों को तैयारी करने में होगी सुविधा वही ज्ञान सागर लाइब्रेरी क्लासेस के डायरेक्टर लव कुश साह ने बताया कि लाइब्रेरी खोलने का मुख्य उद्देश्य बच्चों में शिक्षा के प्रति आगे बढ़ाना ,इस इंस्टिट्यूट में कंपटीशन की तैयारी कराई जाएगी , क्लास 8,9,10, और 11 और 12 सहित एसएससी जीडी, रेलवे बैंक एसएससी, एसटीईटी, इत्यादि की तैयारी कराई जाएगी कोचिंग की व्यवस्था जिसमें ढाई सौ सीट है जिसमें सारा व्यवस्था लगा हुआ है पानी वाईफाई फुल ऐसी है वह 24 घंटा बच्चों के लिए व्यवस्था दी जाएगी, जिसका शुल्क 400 रुपया महीना लिया जाएगा। तैयारी करने आए छात्र ने बताया कि यहां अच्छा व्यवस्था है लॉकर की व्यवस्था है और हम लोग अपना किताब ओग्रह लॉकर में बंद कर चले जाते प्रत्येक बच्चों के लिए सुविधा दिया गया है उसमें व्यवस्था से हम लोग बहुत खुश है मौके पर लवकुश साह महातिम सिंह, अजय कुमार सिंह रमेश सिंह यादव ,फुलगेन सिंह सच्चितानंद सिंह गाजा सिंह सिंह प्रकाश इत्यादि लोग मौजूद है।

जननायक कर्पूरी ठाकुर की 36वीं पुण्यतिथि समारोह का हुआ आयोजन

प्रातः किरण संवददाता

आरा। भारत रत्न,स्वतंत्रता आंदोलन सेनानी, पूर्व मुख्यमंत्री,बिहार सरकार , जननायक कपूर्री ठाकुर की 36 वीं पुण्यतिथि समारोह स्थानीय लोक नायक जय प्रकाश नारायण प्रतिमा स्थल आरा में जनता दल यूनाइटेड अति पिछड़ा प्रकोष्ठ जिला अध्यक्ष भोला शंकर पाल की अध्यक्षता में आयोजित की गई । सर्व प्रथम भारतरत्न , जननायक कपूर्री ठाकुर की तैल चित्र पर माल्यार्पण कर भावभीनी श्रद्धांजलि अर्पित की गई।माल्यार्पण समारोह के मुख्य अतिथि जनता दल यूनाइटेड अति पिछड़ा प्रकोष्ठ बिहार प्रदेश उपाध्यक्ष डॉक्टर राजेंद्र प्रसाद सिंह चंद्रवंशी ने बताया कि दुनिया में एक ऐतिहासिक आदर्श पुरुष और उनके गांधीगिरी संघर्ष आजाद भारत के लोकतंत्र में जाति बिहिन, अर्थ विहीन समाज में रहते हुए परिवार से उपर उठकर भारत के राजनीति में 1952 से लेकर आजीवन सकारात्मक सोच रखते हुए 1988 तक जनप्रतिनिधि रहते हुए विधायक , सांसद,बिहार सरकार के मंत्री , और बिहार सरकार में दो बार मुख्य मंत्री रहते हुए शोषित, पीड़ित, बांचितों के रहनुमा बन कर झोपड़ी के लाल,गुदड़ी के लाल ,और सर्वमान्य नेता बन कर जनहित और राष्ट्रहित कार्य में सक्रिय राजनीति को सकारात्मक सोच रखते हुए जननायक ,और भारत रत्न की उपाधि को सुशोभित किया। समारोह में मुख्यमंत्री नीतीश कुमार बिहार सरकार के कार्यकाल में और उनके मरणोपरांत 36 वीं वर्षगांठ पर प्रधानमंत्री , सर्वमान्य नेता नरेंद्र मोदी के कार्यकाल में भारतरत्न की उपाधि से विभूषित हुए हैं।

ऐसी मान्यता के प्रति आज उनके पुण्यतिथि समारोह के अवसर पर माननीय मुख्यमंत्री नीतीश कुमार और भारत सरकार के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का आभार के साथ साथ दोनों नेताओं को ढेर सारी शुभकामनाएं दी गई। समारोह में पूर्व मंत्री, भगवान सिंह कुशवाहा ने कहा कि आज झोपड़ी के लाल,जननायक ,स्वतंत्रता आंदोलन सेनानी , और भारत रत्न, पूर्व मुख्यमंत्री कपूर्री ठाकुर के विचार सराहनीय कदम है जो ऐतिहासिक पुरुष माननीय मुख्यमंत्री श्री नीतीश कुमार बिहार सरकार द्वारा अधिकृत कार्य योजनाओं को गांव गरीब,खेत खलिहानों तक जल जीवन_हरियाली और हर हाथ को काम _रोजगार की गारंटी तथा हर खेत को बिजली_ पानी दिया जो ज्योतिबा फूले_ सावित्री बाई फुले,महात्मा गांधी, डॉक्टर अंबेडकर, डॉक्टर लोहिया,लोकनायक जय प्रकाश नारायण, और मिसाइल मैन पूर्व राष्ट्रपति डॉक्टर ए पी जे अब्दुल कलाम का सपना को साकार करने में आज माननीय मुख्यमंत्री श्री नीतीश कुमार बिहार सरकार विकास योजनाओं के लिए प्रेरणा श्रोत हैं। जदयू नेता भीम पटेल ने कपूर्री ठाकुर को महामानव बताया । अति पिछड़ा प्रकोष्ठ के जिला अध्यक्ष भोला शंकर पाल ने कहा कि आज पूरे देश के शहीदों, महान् विभूतियों के प्रति मेरा शत शत नमन करते हुए कहा कि जननायक कपूर्री ठाकुर का व्यक्तित्व और नैतिकता से हम सभी को आज का दिन जनता दल यूनाइटेड के सम्मानित साथियों को झोपड़ी के लाल जननायक कपूर्री ठाकुर के तैल चित्र के समक्ष उपस्थित जदयू नेता और कार्यकर्ता, बुद्धिजीवी को संकल्प लेने की आवश्यकता पर जोर देते हुए कहा कि आगामी 2024 का लोकसभा चुनाव को ध्यान में रखते हुए समाजवादियों के विचार को लेकर गांवों और शहरों में रहने वाले समाज सेवियों को डॉक्टर राम मनोहर लोहिया की जन्मोत्सव पर भोजपुर जिला स्तरीय समारोह आगामी दिनांक 2 3 मार्च को प्रतिमा स्थल पर माल्यार्पण समारोह एवं उनके व्यक्तित्व और कृतित्व पर विस्तार से चर्चा में भाग लेने पहुंचे और कार्यक्रम को सफल बनाने के लिए गांव गांव में जाकर जागरूकता अभियान चलाने का कार्यक्रम " महान् विभूतियों का विचार बचाओ_ देश बचाओ " कार्यक्रम सफलता की तैयारी हेतु जन संपर्क अभियान चलाने का आह्वान किया।

दशरथ मांझी नाट्य महोत्सव का रंगारंग सांस्कृतिक कार्यक्रम के साथ हुआ समापन

पटना। सांस्कृतिक संस्था लोक पंच द्वारा संस्कृति मंत्रालय, भारत सरकार के सौजन्य से दिनांक 14 फरवरी 2024 से 17 फरवरी 2024 तक 4 दिवसीय दशरथ मांझी नाट्य महोत्सव का आयोजन छकूबीघा, दाउदनगर, औरंगाबाद में हुआ। सांस्कृतिक संध्या के अंतर्गत मुख्य गायको में अमित सिंह, अभिषेक राज, दीपा, देवेन्द्र चौबे एवं लोक पंच के साथी द्वारा लोक गीत एवं नृत्य की प्रस्तुति की गयी। ग्रामवासी नाचते झूमते नजर आए। गीत - लाली लाली होठवा पर बरसेला ललईया हो कि रस चुवेला, रहे अपने धुन में मगन मोरे सैयां, पग पग लिए जाऊं तोहरी बलईया, टिकवा जब-जब मांगईलूगे जटिन टिकवा कहे ना पेहेलेगे। ऐसे गीत संगीत एवं नृत्य के कार्यक्रम से ग्राम वासियों ने भरपूर आनंद लिया।

किसानों ने 47 वां दिन अनिश्चितकालीन धरना जारी रखा

प्रातः किरण संवददाता

चांद : उचित मुआवजा को लेकर किसान पिछले 47 दिन से अनिश्चितकालीन धरना पर बैठे हुए हैं। किसानों ने शनिवार को अनिश्चितकालीन धरना जारी रखा। धरना पर बैठे दर्जनों किसानों ने आंदोलन की प्रतिबद्धता को दोहराया। धरना पर बैठे किसान भुपेंद्र सिंह अवधेश कुमार सिंह आदि ने कहा जबतक सरकार किसानों को खमदौरा गांव पावर ग्रिड के दिया गया 1 करोड़ 28 लाख प्रति एकड़ मुआवजा नहीं देगी। किसानों ने कहा बिना उचित मुआवजा मिले एक इंच सड़क काम नहीं होने दिया जाएगा। भारत माला परियोजना एक्सप्रेस-वे निर्माण एवं एन एच 219 बाईपास एवं चौरी करण में किसानों का सैकड़ों एकड़ भूमि अधिग्रहण किया गया है।

भूमि अधिग्रहण में किसानों को 2013 सर्किल रेट पर मुआवजा दिया जा रहा। मुआवजा बाजार मूल्य से बहुत कम होने से किसान लगातार आंदोलन कर रहे हैं। किसानों ने 2 जनवरी से अनिश्चितकालीन धरना जारी रखे हुए हैं।

संक्षिप्त खबरें

डीएम ने वार्षिक मैट्रिक परीक्षा केन्द्रों का किया निरीक्षण

अरवल।जिले में कुल 13 परीक्षा केन्द्रों पर संचालित वार्षिक मैट्रिक परीक्षा 2024 को लेकर जिला पदाधिकारी वर्षा सिंह के द्वारा जिले के विभिन्न परीक्षा केन्द्रों का निरीक्षण किया गया। इस दौरान उनके द्वारा प्लस टू बालिका उच्च विद्यालय अरवल, प्लस टू जीए उच्च विद्यालय अरवल, प्लस टू उमैराबाद उच्च विद्यालय अरवल एवं फतेहपुर संडा कॉलेज अरवल का निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के दौरान उन्होंने सभी उपरोक्त केन्द्रों का गहनता पूर्वक जाँच किया एवं वीक्षकों/केन्द्राधीक्षकों से परीक्षा के दौरान आ रही कठिनाईओं का भी जायजा लिया। इसके बाद उनके द्वारा परीक्षा केन्द्रों पर परीक्षार्थियों से जुडी सुविधाओं का भी जायजा लिया गया। तदोपरांत जिला पदाधिकारी द्वारा संबंधित पदाधिकारियों को जरूरी निदेश दिये गये एवं परीक्षा स्वच्छ, निष्पक्ष एवं कदाचार मुक्त वातावरण में संपन्न कराने को लेकर निदेशित किया गया।

डीएम नेलोकसभा चुनाव की तैयारियों को लेकर मतदान बुथों का किया निरीक्षण

अरवल।आगामी लोक सभा चुनाव 2024 की तैयारियों को लेकर जिला पदाधिकारी वर्षा सिंह के द्वारा तथा लो वोटर के कारण जिले के निम्नलिखित मतदान बुथों का निरीक्षण किया गयाः प्लस टू बालिका उच्च विद्यालय अरवल द0भाग, प्लस टू बालिका उच्च विद्यालय अरवल द0प0भाग, उ0म0वि0 वासिलपुर अरवल सिपाह द0भाग, उ0म0वि0 वासिलपुर अरवल सिपाह म0भाग, प्लस टू बालिका उच्च विद्यालय अरवल उ0भाग, प्लस टू बालिका उच्च विद्यालय अरवल पू0भाग, जी ए उ0वि0 अरवल उ0भाग, जी ए उ0वि0 अरवल म0भाग, जी ए उ0वि0 अरवल द0भाग, प्रा0वि0 मल्हीपट्टी पू0भाग, प्रा0वि0 मल्हीपट्टी प0भाग, उच्च विद्यालय उमैराबाद प0 भाग, उच्च विद्यालय उमैराबाद उ0 भाग, उच्च विद्यालय उमैराबाद पू0 भाग, प्रा0वि0 मल्हीपट्टी प0उ0 भाग, मध्य विद्यालय वलीदाद उ0 भाग, मध्य विद्यालय वलीदाद म0 भाग एवं मध्य विद्यालय वलीदाद द0 भाग।

बिजली चोरी के आरोप में मुकदमा दर्ज

शेरघाटी।विद्युत विभाग की टीम ने छापेमारी करते हुए शहर के शेखपुरा मुहल्ला एवं प्रखंड के घाघर गांव में छापेमारी कर बिजली चोरी के आरोप में जुमार्ना के साथ दो लोगों के खिलाफ थाने में मुकदमा दर्ज किया है। पुलिस से कि गई शिकायत में विद्युत विभाग के कनीय अभियंता ने कहा है,कि शेखपुरा के रहने वाले उपेंद्र यादव के खिलाफ 17 हजार रुपए जुमार्ना के साथ मुकदमा दर्ज किया गया है। जबकि पवन कुमार शर्मा घाघर के खिलाफ 16 हजार रुपए जुमार्ना के साथ मुकदमा दर्ज किया गया। थानाध्यक्ष अजीत कुमार ने बताया कि विद्युत विभाग के द्वारा की गई शिकायत के आरोप में प्राथमिक की दर्ज कर छानबीन शुरू की गई है।

किसानों को मुफ्त मिलेगा विधुत का कनेक्शन

शेरघाटी।विद्युत विभाग के द्वारा ई-किसान भवन में पांच दिवसीय किसानों को मुफ्त में बिजली कनेक्शन देने के लिए शिविर का आयोजन आगामी 20 फरवरी से 24 फरवरी तक किया गया है। जिसमें किसानों को खेती करने को लेकर सरकार के द्वारा मुफ्त विधुत कनेक्शन दिया जाएगा। इसको लेकर प्रखंड कृषि पदाधिकारी ने बताया कि 5 दिनों तक 11:00 बजे से 3:00 बजे तक यह शिविर का आयोजन किया जाएगा जहां किसान अपना डॉक्यूमेंट जमा कर कृषि से संबंधित कनेक्शन ले सकेंगे।

शादी समारोह में शामिल होने आए युवक का जंगल में मिला शव,मचा हड़कंप

शेरघाटी।बिहार के गया जिले के आमस थाने के भलुआही जंगल में पुलिस ने एक युवक का शव को बरामद किया है। मृतक की पहचान गुरारू थाना के वर्मा गांव का रहने वाला स्वर्गीय रामवृक्ष मांझी के पुत्र छोटू मांझी 24 वर्षीय पुत्र के रूप में हुई है।स्थानीय लोगो के मुताबिक चार दिन पहले वह मसुरीबार गांव में अपने साढ़ू के घर एक शादी समारोह में शामिल होने आया था। लेकिन उसी शाम वह लापता हो गया। इधर सूचना मिलते ही शेरघाटी एएसपी डॉक्टर के रामदास थानाध्यक्ष इंद्रजीत कुमार घटनास्थल पहुँचकर मामले की छानबीन में जुट गए हैं।

डीएम ने लोकसभा चुनाव में संचार व्यवस्था की नेटवर्क उपलब्धता सुनिश्चित कराये जाने के लिए कंपनी को दिया निर्देश

प्रात : किरण संवाददाता

गया। आगामी लोकसभा आम निर्वाचन, 2024 के स्वच्छ एवं शांतिपूर्ण मतदान के लिए सभी मतदान केन्द्र पर संचार व्यवस्था की नेटवर्क की उपलब्धता सुनिश्चित कराये जाने के उद्देश्य से जिला पदाधिकारी गया डॉ० त्यागराजन एसएम की अध्यक्षता में शैडो जोन से संबंधित बैठक आयोजित की गई है जिला पदाधिकारी ने बताया कि लोक सभा निर्वाचन 2019 एव बिहार विधान सभा 2020 का शैडो जोन वैसे क्षेत्र जहां दूरसंचार का सुविधा उपलब्ध नही है।उन शैडो जोन में दूरसंचार सेवा उपलब्ध करवाने के लिये बीएसएनएल, एयरटेल, रिलायंस जियो सर्विसेज, आईडिया, वोडाफोन सहित अन्य कंपनियों के पदाधिकारियों के साथ बैठक करते हुए नेटवर्क बहाल करवाने के लिये अपेक्षित कदम उठाने का निर्देश दिए हैं। इस वर्ष होने वाले लोक सभा चुनाव के पहले शैडो जोन वाले बूथों पर स्वमं विजिट कर नेटवर्क बहाल करवाने का कार्य करे।

यूएस औफ योजना के तहत एयरटेल नेटवर्क द्वारा 12 स्थानों पर टावर लगाया गया है। इसके अलावा बीएसएनएल नेटवर्क द्वारा 4 स्थानों पर टावर लगवाने के कार्य करवाया जा रहा है। इसमें मुख्य रूप से इमामगंज, बाराचट्टी, फतेहपुर, डुमरिया के स्थान शामिल हैं। इस बैठक में उप विकास आयुक्त, अपर समाहर्ता राजस्व, उप निर्वाचन पदाधिकारी, वरीय उप समाहर्ता आशना, जिला जन सम्पर्क पदाधिकारी एव वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग से जुड़े सभी प्रखंड विकास पदाधिकारी शामिल थे।

इसके बाद लोकसभा चुनाव को लेकर बनाये गए कुल 24 कोषांगों के वरीय नोडल पदाधिकारी एव नोडल अधिकारी के साथ बैठक करते हुए कई निर्देश दिए हैं।अपने अपने कोषांग के क्या क्या कार्य है। चुनाव के दौरान क्या क्या जरूरी निर्देश गाइडलाइंस हैं।उन सभी का विवरण कोषांग वार भारत निर्वाचन आयोग के वेबसाइट पर जानकारी उपलब्ध है, उसे हर हाल में सभी अधिकारी पढ़ ले। इस बार के चुनाव में पीडब्ल्यूडी मतदाताओं को विशेष व्यवस्था किया जा रहा है। हर बूथ स्तर पर व्हील चेयर की व्यवस्था रखी जा रहा है। बीएलओ द्वारा पीडब्ल्यूडी मतदाताओं के लिये रजिस्टर संधारित करवाया जा रहा है। बूथवार सूची बनाने का निर्देश दिया है। इस बार ज्यादा से ज्यादा वोटर बढ़ाने एव टेक्नोलॉजी को प्रयोग करने पर विशेष बल दिया जाएगा।

राज खरशा मे 20 को अरिस्टो फार्मा किंग महेंद्र के स्मृति में सम्मान समारोह

प्रात : किरण संवाददाता

कलेर, अरवल। डॉक्टर महेंद्र प्रसाद उर्फ किंग महेंद्र के स्मृति में पंचायत प्रतिनिधि एवं समाजसेवी सम्मान समारोह 20 फरवरी को कलेर प्रखंड के राज खरशा में किया जाना है। यह कार्यक्रम ब्रम्हर्षी समाज के द्वारा आयोजित किया जा रहा है । कार्यक्रम के मुख्य अतिथि के रूप में उमेश शर्मा उर्फ भोला बाबू जो कि अरिस्टो फार्मासिस्ट दवा कंपनी के मैनेजिंग डायरेक्टर हैं। इस कार्यक्रम के संयोजक सोहसा पंचायत के पूर्व मुखिया मनोज कुमार के द्वारा किया जाना है ।मनोज कुमार समाज के कई गांव में घूम घूम कर इस कार्यक्रम को सफल बनाने हेतु जनसंपर्क चलाया जा रहा है। इस कार्यक्रम का मूल उद्देश्य अरवल जिला का जो गांव पिछड़ा हुआ है या मूलभूत सुविधा से वंचित है वहां पर अरिस्टो फार्मासिस्ट के द्वारा मूलभूत सुविधा उपलब्ध कराया जाएगा इस कार्यक्रम में लगभग 5000 लोग शिरकत करेंगे।इस अवसर पर समाजसेवी मोहन शर्मा,भास्कर शर्मा,दिलीप शर्मा,आशुतोष शर्मा,चितरंजन शर्मा,मुकेश शर्मा,सहित कई लोग उपस्थित रहे।

होमडिलीवरी के आरोप में 19 लोग गिरफ्तार

प्रात : किरण संवाददाता

अरवल। आगामी लोकसभा चुनाव के मद्देनजर देखते हुए जिला पदाधिकारी के निदेशानुसार जिला मे अवैध शराब के सेवन बिक्री पर जिले में लगातार ड्रोन से उत्पाद विभाग की टीम छापेमारी कर शराब के विरुद्ध कड़ी कार्रवाई कर रही है और भारी मात्रा में शराब भी विनष्टीकरण किया जा रहा है।

इसके अतिरिक्त 01 फरवरी, 2024 से 16 फरवरी, 2024 तक शराब सेवन करने के आरोप में कुल 78 व्यक्तियों को गिरफ्तार किया गया है। इसी क्रम में शनिवार को उत्पाद विभाग के टीम ने करपी थाना क्षेत्र के मखमिलपुर मुहसरी1,नेवना मुसहरी, खजूरी मुसहरी, 2 मेहन्दिया थाना क्षेत्र में महमदपुर, मेहन्दिया नट बिगहा,3अरवल थाना क्षेत्र में- कोनिका मुहसरी, अरवल लख, पिपरा बंगला, महुआबाग टी०ओ०पी०, कागजी मोहल्ला ,4किंजर थाना क्षेत्र में बदोपुर मुसहरी, बारहमाईल मुसहरी, 5 कुर्था थाना क्षेत्र में - मुसाढ़ी मुसहरी, चिरारी बिगहा,6 मानिकपुर थाना क्षेत्र में मानिकपुर मुसहरी से गिरफ्तार किया गया। इसके साथ ही पुलिस ने ड्रोन कैमरा की सहायता से कुल 68,485 किलोग्राम जावा महुआ को घटनास्थल पर ही विनष्ट किया गया।

औरंगाबाद जिला में राहुल का किया गया ऐतिहासिक भव्य स्वागत

प्रात : किरण संवाददाता

गया। 15 फरवरी को औरंगाबाद में राहुल की रैली बहुत हीं सफल रही। रैली में औरंगाबाद गांधी मैदान पूरी तरह से भरा हुआ था। हजारों की संख्या में लोग मैदान के बाहर राहुल की एक झलक पाने के लिए खड़े थे। इस कार्यक्रम को सफल बनाने में पूर्व मंत्री अवधेश कुमार सिंह के नेतृत्व में गया जिला से हजारों समर्थक सैकड़ों गाड़ियों से औरंगाबाद पहुंचे। गया जिला के प्रत्येक प्रखंड अध्यक्ष अपने साथ कार्यकताओं और समर्थकों को लेकर औरंगाबाद गए। इसके साथ हीं पूर्व प्रत्याशियों और जिला कांग्रेस के पदाधिकारियों ने अपने साथ समर्थकों और कार्यकताओं को रैली तक ले जाने का कार्य किया है।औरंगाबाद जिला में राहुल का ऐतिहासिक भव्य स्वागत किया गया है।गया जिला से पूर्व डिप्टी मेयर मोहन श्रीवास्तव,क्षेत्रीय प्रवक्ता विजय कुमार मिट्ठू,बाबूलाल सिंह, मो नवाब अली बबलू राम,केदार प्रसाद गिरेंद्र कुमार,वीरेंद्र कुमार,शांति देवी,अमित सिंह आदि सैकड़ों कार्यकर्ता औरंगाबाद पहुंचकर कार्यक्रम को सफल बनाया है।

अफीम खेती को किया जाय नष्ट

प्रात : किरण संवाददाता

शेरघाटी।अनुमंडल कार्यालय के सभागार में शनिवार को अनुमंडल पदाधिकारी के नेतृत्व में सेक्टर पदाधिकारी की बैठक आयोजित की गई। जिसमें सेक्टर पदाधिकारी के साथ अनुमंडल क्षेत्र विभिन्न थाने के से आये पुलिस पदाधिकारी मौजूद रहे। इस दौरान मतदान केंद्रों पर भौतिक सत्यापन के साथ-साथ बिजली पानी शौचालय जैसे महत्वपूर्ण सुविधाओं का अवलोकन करने को कहा गया है।

चुनाव के दौरान गड़बड़ी फैलाने वाले उपद्रवियों को चिन्हित उनके खिलाफ कार्रवाई को भी निर्देश पुलिस पदाधिकारी को दिया गया है। एसडीओ ने अनुमंडल क्षेत्र में हो रहे अफीम की खेती को विनष्ट करने का भी निर्देश पुलिस अधिकारियों को दिया है। इस मौके पर एएसपी डॉ।के रामदास, इलेक्शन ऑफिसर रंजय कुमार, डीसीएलआर रंजीत कुमार रंजन सहित अन्य पदाधिकारी मौजूद रहे।

कर्पूरी ठाकुर सच्ची श्रद्धांजलि दीए प्रधानमंत्री ने : डॉ. मनीष पंकज मिश्र

प्रात : किरण संवाददाता

गया।भारतरत्न से सम्मानित पूर्व मुख्यमंत्री श्रद्धेय कपूर्री ठाकुर की 36 वा पुण्यतिथि पर भारतीय जनता पार्टी के नेता डॉक्टर मनीष पंकज मिश्रा के द्वारा जननायक को श्रद्धांजलि देते हुए कहा कि दो बार मुख्यमंत्री 1952से लगातार मरणोपरांत तक विधायक रहे कभी इतना लंबा राजनीतिक सफर में कभी भी भ्रष्टाचार का कोई आरोप नही लगा है ।आज वैसे महान पुरुष को देश के ओजस्वी प्रधानमंत्री नरेंद्र भाई मोदी के द्वारा उनके जन्मशताब्दी समारोह पर देश का सर्वोच्च नागरिक पुरस्कार भारतरत्न से सम्मानित कर जननायक को सच्ची श्रद्धांजलि दी आज के श्रद्धांजलि देने वाले में पूर्व विधान पार्षद कृष्ण कुमार सिंह योगेश कुमार , अनिल स्वामी अनंत धीश अमन सुनील बंबइया,राणा रंजीत सिंह,महेश यादव,ललन कुमार,बबलू गुप्ता।

91वे वर्षीय समाजसेवी शिव बच्चन सिंह के निधन पर शहर में शोक की लहर

प्रात : किरण संवाददाता

गया।गया बार एसोसिएशन के पूर्व अध्यक्ष वरीय अधिवक्ता 91वे वर्षीय वयोवृद्ध समाजसेवी एवं साहित्यकार, जिला शांति समिति के सदस्य डॉ शिव बच्चन सिंह को निधन पर सांसद विजय मांझी एवं जिला जनता दल यू के उपाध्यक्ष ने मृतक के आवास जाकर आश्रित अमरेन्द्र कुमार सिंह उर्फ डब्लू सिंह अधिवक्ता, धर्मेन्द्र कुमार सिंह उर्फ टिब्लू सिंह से मिलकर सत्वाना दिया है। और गहरा दुख व्यक्त किया है।

डॉ कुमार ने कहा कि शिव बच्चन सिंह,अधिवक्ता के साथ ही जिला के प्रशासन के साथ कदम से कम मिलकर कार्य किए और एक मार्गदर्शक के रूप में रहे हैं। इनको 1982 में राष्ट्रपति मेडल से सम्मानित किया गया है। हिंदी साहित्य से जुड़े हुए थे।जिला पदाधिकारी डॉ त्याग राजन एस एम ने वयोवृद्ध मृतक समाजसेवी शिव बच्चन सिंह अधिवक्ता के निधन पर दुख व्यक्त किए हैं । जिला पदाधिकारी के ओर से अनुमंडल पदाधिकारी क्रिशलय श्रीवास्तव एवं अपर पुलिस अधीक्षक पी एन साहू ने डॉ शिव वचन सिंह अधिवक्ता के पार्थिक शरीर पर पुष्प अर्पित कर दुख व्यक्त किया । और दुःख व्यक्त करने वाले मे जदयू जिलाध्यक्ष अभय कुशवाहा, पूर्व सांसद हरी मांझी, अनिल स्वामी, पूर्व विधान पार्षद कृष्ण कुमार सिंह, योगेश कुमार, धनराज शर्मा, जैनेन्द्र कुमार, रणधीर कुमार , अवध बिहारी पटेल, नीरज वर्मा आदि।

इंटर की वार्षिक परीक्षा कार्यों में लापरवाही बरतने पर कार्रवाई

दायित्वों का निर्वहन नहीं करने पर स्पष्टीकरण माँगा,मानदेय वेतन रोक

प्रात : किरण संवाददाता

अरवल । जिला पदाधिकारी वर्षा सिंह द्वारा जानकारी दी गयी कि इंटरमीडिएट वार्षिक (सैद्धांतिक) परीक्षा- 2024 के सफल संचालन हेतु जिला शिक्षा पदाधिकारी, अरवल द्वारा 886 शिक्षक शिक्षिकाओं की प्रतिनियुक्ति संबंधित परीक्षा केन्द्रों पर वीक्षक के रूप में की गई थी।

जिसमें 10 वीक्षकों द्वारा उनको दिये गये दायित्वों का निर्वहन सही ढंग से नहीं किया गया। फलस्वरूप जिला पदाधिकारी द्वारा इनको स्पष्टीकरण जारी करते हुए इनसे जवाब माँगा गया एवं जवाब के आलोक में निर्णय लिये जाने तक इनके वेतन मानदेय निकासी पर रोक लगाई गई।

गौरतलब है कि इंटरमीडिएट परीक्षा की शुरूआत में 107 वीक्षकों द्वारा संबंधित परीक्षा केन्द्रों पर योगदान नहीं दिया गया था। जिनके विरूद्ध स्पष्टीकरण की मांग कर वेतन अवरूद्ध करने की कार्रवाई की गई है। मैट्रिक परीक्षा में भी वीक्षकों को अपने कार्यों को गंभीरता से लेने के लिए कड़े निदेश दिये गये।

चुनावी बॉन्ड में भाजपा सरकार के द्वारा किए गए भ्रष्टाचार के खिलाफ कोंग्रेस का प्रर्दशन : डॉ. गगन मिश्र

प्रात : किरण संवाददाता

गया।बिहार प्रदेश कांग्रेस कमिटी के निदेर्शानुसार जिला कांग्रेस कमिटी गया के द्वारा जिला अध्यक्ष डॉ गगन कुमार मिश्र के नेतृत्व में चुनावी बॉन्ड में भाजपा सरकार के द्वारा किए गए भ्रष्टाचार के खिलाफ जिला मुख्यालय और अंबेडकर जी की मूर्ति के समक्ष धरना प्रदर्शन किया गया है।इस प्रदर्शन में पूर्व अध्यक्ष चंद्रिका प्रसाद यादव,पूर्व प्रत्याशी सुमंत कुमार उपाध्यक्ष प्रदीप शर्मा,युगल किशोर सिंह,विद्या शर्मा,प्रखंड अध्यक्ष राजीव सिंह उर्फ लाबी सिंह,मो खैरुद्दीन,धर्मेंद्र निराला, मो नवाब अली, मो ताज्जुद्दीन, बबलू राम,विकाश कुमार,श्रावण पासवान,शिवनाथ प्रसाद,सुनील राम आदि कई पदाधिकारी और कार्यकर्ता शामिल हुए हैं।

मुख्यमंत्री ने बिहार में अतिपिछड़ा को आरक्षण देकर आगे बढ़ाने का काम किया : जिला प्रवक्ता

प्रात : किरण संवाददाता

गया ।जदयू कार्यालय गया में बिहार के पूर्व मुख्यमंत्री भारत रत्न से सम्मानित जननायक कपूर्री ठाकुर की पुण्यतिथि मनाई गई है। जिला प्रवक्ता अवध बिहारी पटेल ने कहा की आज बिहार के मुख्यमंत्री नीतीश कुमार कपूर्री ठाकुर की सपनों को साकार करने में लगे हुए हैं,नीतीश कुमार देश में अतिपिछड़ा के मसीहा हैं, आज देश में कोई नेता अतिपिछड़ा के लिए इतना काम नहीं किया है जितना नीतीश कुमार ने काम किया है।कपूर्री ठाकुर के नक्शे कदम पर चलते हुए बिहार में अतिपिछड़ा, दलितों को आरक्षण देकर आगे बढ़ाने का काम किया है। बिहार में नीतीश कुमार ने जाति आधारित गणना कराकर अतिपिछड़ों एवं दलितों को आरक्षण का कोटा बढ़ाने का काम किया है। नीतीश कुमार जी का कई वर्षों से मांग था की कपूर्री ठाकुर जी को भारत रत्न दिया जाय, मुख्यमंत्री नीतीश की मांग को मानकर देश के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने कपूर्री ठाकुर को भारत रत्न देकर सम्मानित करने का काम किया है।इस अवसर पर प्रदेश सचिव अरुण कुमार पटेल, जिला उपाध्यक्ष अरविंद प्रियदर्शी, बीरेंद्र शर्मा, शंकर चौधरी,शहजाद शाह, जदयू नेता विनोद कुमार,जहांगीर खान ,जितेंद्र पंडित, लालजी प्रसाद, प्रकाश पटवा,उपेंद्र दांगी एवं पार्टी के अन्य कार्यकर्ता उपस्थित थे।

शांति समिति के वरिष्ठ सदस्य शिवचन सिंह के निधन पर अपूरणीय क्षति : राजू वर्णवाल

गया।सामाजिक कार्यों में बढ़ चढ़कर हिस्सा लेने वाले जिले के वरिष्ठ अधिवक्ता शिवबचन सिंह के निधन होने पर अपनी गहरी शोक संवेदना प्रगट करते हुए गया जिला जनता दल यू गया महानगर के जिलाध्यक्ष राजू वर्णवाल ने कहा कि शिवबचन सिंह गया जिले के जाने-माने समाजसेवी के साथ-साथ सिविल कोर्ट गया के वरिष्ठ अधिवक्ता, जिला शांति समिति के वरिष्ठ सदस्य, साहित्यकार, शिक्षा प्रेमी,खेलप्रेमी, भी थे।उनके निधन से गया गया जिला सहित बिहार को अपूरणीय क्षति हुई है।उल्लेखनीय है कि शिवबचन बाबू मगध प्रमंडलीय होमगार्ड के पदों पर रहकर होमगार्ड के मगध प्रमंडल में मजबूती प्रदान करने और उन्हें इसके विस्तारीकरण में पूरे निष्ठा और समर्पित होकर जो योगादान अवैतनिक रूप से देते हुए जिला प्रशासन और सरकार को सहयोग किया है, उसे भुलाया नहीं जा सकता है।

बेलागंज श्रेत्र में संसदीय योजना का सांसद ने किया शिलान्यास

गया। (प्रातः किरण संवाददाता) गया लोकसभा के लोकप्रिय सांसद विजय कुमार मांझी बेलागंज प्रखंड क्षेत्र के दौरे पर आए इसमें बेलागंज में सांसद मत से निर्मित योजनाओं का उद्घाटन किये तथा निहालपुर गांव में नीरज कुमार के यहां शादी समारोह में शामिल हुए। जदयू प्रखंड अध्यक्ष संजय कुमार भाजपा पश्चिमी मंडल अध्यक्ष दिलीप कुमार, जदयू नेता कमलेश त्रिपाठी,सांसद मीडिया प्रभारी रविशंकर कुमार,मोहित त्रिपाठी, धर्मपाल कुमार, जयप्रकाश कुशवाहा,समोज कुमार,सतेंद्र वर्मा, निर्भय चंद्रबंशी आदि लोग शामिल थे।

इनर व्हील क्लब द्वारा बच्चों को दंत चिकित्सा परीक्षण किया गया

प्रात : किरण संवाददाता

गया।इनर व्हील क्लब औफ गया के बैनर तले संत एनीनस एकाडमी स्कुल में बाल रोग दंत विशेषज्ञ डॉ . रश्मि ओझा तिवारी द्वारा क्लास1,2,3 के लगभग 80 बच्चों का डेंटल चेकअप किया गया है।डा रश्मि ने बच्चों का ओरल चेकअप किया तथा समस्याग्रस्त बच्चों को उचित उपचार किया है।डा रश्मि ने बच्चों को ब्रश करने का सही तरीका बताते हुए कहा कि बच्चों के दूध के दांत रहते हुए ही अगर दातों की सही देखभाल की जाए तो आगे चलकर कभी भी दातों में समस्या नहीं होगी।उन्होंने बच्चों को दो बार ब्रश करने के लिए कहा है ।स्वस्थ्य आहार लेने पर विशेष जोर देते हुए कहा कि 6 महीने मे एक बार डेंटिस्ट के पास जरूर दातों की चेकअप करना चाहिए।क्लब द्वारा बच्चों को जुस बिस्कुट तथा डेंटल किट दिया गया है ।पीडीसी गीता अग्रवाल इस प्रोजेक्ट से काफी संतुष्ट दिखी तथा कहा कि बच्चों के समुचित विकास के लिए इस तरह के प्रॉजेक्ट्स होते रहना चाहिए। पूर्व अध्यक्ष सीमा भदानी ने स्कूल मैनेजमेंट को धन्यवाद देते हुए कहा कि आगे भी क्लब स्कूल में बच्चों के हेल्थ चेकअप कराएगा।यह सभी कार्यक्रम सचिव स्मिता पोद्दार के देख रेख में संपन हुआ।

विष्णु धाम परिसर के सूर्य मंदिर में की गई विशेष पूजा अर्चना

औरंगाबाद। विष्णु धाम परिसर के सूर्य मंदिर में भगवान सूर्य जन्मोत्सव के निमित्त अचला सप्तमी के मौके पर विशेष पूजा अर्चना की गई जम्होर विकास मंच के संयोजक सुरेश विद्यार्थी ने विष्णु धाम परिसर स्थित भगवान सूर्य के मंदिर का अवलोकन करते हुए बताया कि गर्भ गृह में स्थापित प्रतिमा सुंदर छवि को प्रस्तुत करने वाली अत्यंत ही मनोहारी है। दर्शन मात्र से हृदय में भक्ति के भाव इंकृत होने लगते हैं। यह भी बताया कि दो पवित्र नदी पुण्य सलिला मोक्षदायिनी पुनपुन एवं पुण्यदायिनी बटाने के संगम तट पर अवस्थित प्रकृति का अद्भुत स्थल विष्णु धाम परिसर में स्थापित प्राचीन भगवान सूर्य की प्रतिमा की महता और भी बढ़ जाती है क्योंकि यह अनादि ब्रह्म परमपिता परमेश्वर भगवान विष्णु के दरबार में अवस्थित है जहां भगवान विष्णु 33 कोटि देवताओं के साथ निवास करते हैं ।ऐसे स्थल पर अचला सप्तमी को भगवान भास्कर के निमित्त किए गए पूजा पाठ अत्यंत ही फलदाई होते हैं।

शिक्षक कृष्णा सिंह के निधन पर साहित्यकारों ने श्रद्धांजलि दिया

प्रात : किरण संवाददाता

औरंगाबाद। समकालीन जवाबदेही परिवार एवं जिला हिंदी साहित्य सम्मेलन औरंगाबाद के संयुक्त तत्वावधान में महाराणा प्रताप चौक के समीप सिद्धपीठ पर दिवंगत शिक्षक नेता कृष्णा सिंह के सम्मान में श्रद्धांजलि सभा आयोजित कर उन्हें श्रद्धांजलि दी गई।

सभा के अंत में उनके प्रति सम्मान व्यक्त करने के लिए 2 मिनट का मौन भी रखा गया। श्रद्धांजलि सभा की अध्यक्षता प्रो सी एस पांडेय ने की।डॉ सिद्धेश्वर प्रसाद सिंह ,डॉ सुरेंद्र प्रसाद मिश्र ,प्रो शिवपूजन सिंह ,प्रो रामविलास प्रसाद , शिक्षक प्रतिनिधि राम भजन सिंह, पूर्व प्रधानाध्यापक राम सुरेश सिंह,अलखदेव सिंह ,इं अर्जुन सिंह,पूर्व पुलिस अधिकारी सिंहेश सिंह ,शिवशिष्य पुरुषोत्तम पाठक, अर्जुन सिंह आदि उपस्थित बुद्धिजीवियों ने उनके प्रति श्रद्धा निवेदित की।

लोगों ने कहा कि स्वर्गीय कृष्ण सिंह एक समर्पित शिक्षक नेता एवं पेंशनर समाज के सक्रिय कार्यकर्ता थे ।मिलनसार एवं सुदर्शन व्यक्तित्व के धनी थे। उनके जाने से सामाजिक जीवन में एक रिक्तता आ गई है,जिसकी पूर्ति निकट भविष्य में नहीं दिखती।

डॉ हनुमान राम रचित जिंदगी एक सफर पत्रिका प्रकाशन के लिए राजभाषा विभाग द्वारा चयनित

प्रात : किरण संवाददाता

औरंगाबाद। औरंगाबाद जिले के प्रसिद्ध नेत्र रोग विशेषज्ञ डॉ हनुमान राम रचित जिंदगी एक सफर पत्रिका के पांडुलिपि का चयन मंत्रिमंडल सचिवालय राजभाषा विभाग बिहार सरकार पटना द्वारा किया गया है। चयन के उपरांत लेखक को राजभाषा विभाग द्वारा पत्रिका को प्रकाशित करने के लिए नियमानुकूल अनुदान राशि दी जाएगी। राजभाषा विभाग से अनुदान राशि के लिए चयनित होने पर औरंगाबाद के साहित्यकारों ने उन्हें बधाई दी ।जिला हिंदी साहित्य सम्मेलन औरंगाबाद के उपाध्यक्ष सुरेश विद्यार्थी ने बधाई संदेश में कहा कि चिकित्सक की सेवा में लगातार सेवा देते हुए भी साहित्य की सेवा में निरंतरता यह जाहिर करती है कि लेखक का हृदय कितना संवेदनशील होगा। यह भी कहा कि साहित्य वर्तमान परिवेश की आईना होती है और लेखक ने इस पत्रिका में उसी को प्रदर्शित करने का प्रयास किया है। लेखक की अन्य रचनाएं जिंदगी आसपास,यथोक्ति,आईना झूठ नहीं बोलता भी प्रकाशित होने के लिए अग्रसर है।

आर्म्स एक्ट में दो अभियुक्तों को सजा

औरंगाबाद। व्यवहार न्यायालय औरंगाबाद में प्रथम श्रेणी न्यायिक दंडाधिकारी नेहा दयाल ने बारूण थाना कांड संख्या -316/21, जी आर -1786/21, टी आर 1254/23 में निर्णय पर सुनवाई करते हुए दो काराधीन बंदी अभियुक्त अविनाश कुमार और विशाल यादव जुराबगंज कटिहार को आर्म्स एक्ट में सजा सुनाई है। सहायक अभियोजन पदाधिकारी संजय सिंह ने बताया कि दोनों काराधीन अभियुक्तों को आर्म्स एक्ट की धारा 25 (1-बी) ए में तीन साल की सजा और पांच हजार जुमार्ना लगाया है जुमार्ना न देने पर एक माह अतिरिक्त साधारण कारावास होगी। आर्म्स एक्ट की धारा 26 और 35 में भी यही सजा सुनाई गई है तथा एक अन्य अभियुक्त मंडल बंजारा का आज अनुपस्थिति पर बंधपत्र विखंडित कर वारंट जारी किया गया है। अधिवक्ता कृष्ण प्रताप सिंह ने बताया कि प्राथमिकी 18 सितम्बर 2021 को दर्ज कराई गई थी, जिसमें तीनों अभियुक्तों पर आरोप था कि बारूण रेलवे ब्रिज के नीचे पुलिस चेकिंग के दौरान एक देशी कट्टा और एक जिंदा गोली के साथ गिरफ्तार किया गया था। अधिवक्ता सतीश कुमार स्नेही ने जानकारी देते हुए बताया कि दोनों काराधीन बंदी अभियुक्तों को सजा सुनाई जाने के पश्चात जेल भेज दिया गया है।

यौन शोषण के मामले में दस साल की हुई सजा

औरंगाबाद। व्यवहार न्यायालय औरंगाबाद में एडिजे सह स्पेशल पोक्सो कोर्ट सुनील कुमार सिंह ने गोह थाना कांड संख्या -53/21 में सजा के बिन्दु पर सुनवाई करते हुए एकमात्र काराधीन बंदी अभियुक्त अभय कुमार को सजा सुनाई है। स्पेशल पीपी शिवलाल मेहता ने बताया कि अभियुक्त अभय कुमार रफीगंज रोड गोह को 13 फरवरी 2024 को दोषी ठहराया गया था। सजा के बिन्दु पर सुनवाई करते हुए भादंवि धारा 376 और 4 पोक्सो एक्ट में दस साल की सजा और पच्चीस हजार जुमार्ना लगाया गया है।

संक्षिप्त खबरें

छेड़खानी के आरोप में युवक गिरफ्तार

नवगछिया (भागलपुर)। झंडापुर ओपी थाना परिक्षेत्र अंतर्गत एक गाँव के स्थानीय ग्रामीण मो. इरफान को गलत नीयत ले पड़ोस के एक घर में अचानक प्रवेश करने के आरोप में गिरफ्तार किया गया है। वही मामले को लेकर स्थानीय झंडापुर ओपी थाना में दिए पीड़िता के लिखित आवेदन में बताया गया है कि महिला जब रात के बारह बजे अपने बेटी साथ सोई हुई थी। तभी अचानक मेरी बेटी की निंद खुल गई और उसने मो. इरफान को सामने देखा तो मेरी लड़की के शोर मचाने पर परिवार वाले जग गए तो त्वरित मामले को लेकर स्थानीय झंडापुर ओपी थाना पुलिस को सूचना दी। जिसके बाद प्राप्त सूचना के तहत झंडापुर थानाध्यक्ष मधुसूदन पासवान के द्वारा मामले की गम्भीरता को देखते हुए आवेदन में दिए तथ्यों के आधार पर छेड़खानी का मामला दर्ज करते हुए आरोपी मो. इरफान को गिरफ्तार कर न्यायिक हिरासत में जेल भेज दिया।

शराब के नशे में धुत दो युवक गिरफ्तार

नवगछिया (भागलपुर)। बिहपुर थाना पुलिस ने विगत शाम ग्रामीणों से मिली गुप्त सूचना के आधार पर स्थानीय बभनगामा गांव के दो अलग अलग जगहों पर दबिश दे शराब के नशे में धुत हो हंगामा कर रहे स्थानीय गांव के दो युवक को नशे की हालत में गिरफ्तार कर लिया है। वही मामले को लेकर बिहपुर थाना के थानाध्यक्ष राहुल कुमार ठाकुर ने बताया कि गिरफ्तार अभियुक्त खगरिया जिले के परबत्ता थाना क्षेत्र के गोरियासी नयागांव के रोहित कुमार मंडल पिता भूषण मंडल को बभनगामा बाजार से गिरफ्तार किया तो वही दूसरी ओर बभनगामा के नुनु सिंह पिता उपेंद्र सिंह को उसके घर के समीप से नशे की हालत में गिरफ्तार किया गया है। वही पुलिस टीम द्वारा गिरफ्तार दोनो युवक का बिहपुर सीएचसी में मेडीकल जांच में शराब पीने की पुष्टि की गई है। वही मामले को लेकर दोनों युवक के विरुद्ध बिहपुर थाना में मद्ध निषेध एवं उत्पाद अधिनियम के तहत मामला दर्ज कर न्यायिक हिरासत में भेज दिया गया है।

1 करोड़ 98 लाख रुपये की योजना का हुआ शिलान्यास : मेयर

भागलपुर। शहरी क्षेत्र में निगम द्वारा तीन वार्डों में विकासशील योजनाओं के तहत सड़क व नाला निर्माण कार्य शिलान्यास किया है। मिली जानकारी के मुताबिक 9, 10 और 11 वार्ड के लोगों को आपस में जोड़ने वाली मुख्य सड़क मार्ग के सौंदर्यीकरण किये जाने की दिशा में योजनाओं का तोहफा दिया गया है।योजना कार्य की शुरूआत स्थानीय ठाकुरबाड़ी से रेशम संस्थान मार्ग सहित साहिबगंज रोड मार्ग तक नाला व सड़क निर्माण का कार्य शुरू होगा। उक्त कार्य का शिलान्यास मेयर डॉ. बसुंधरा लाल व नगर आयुक्त नितिन कुमार सिंह ने संयुक्त रूप से रिबन काट कर किया। उक्त योजना के तहत निगम के द्वारा सरकार की योजना के तहत सड़क व नाला निर्माण कार्य को लेकर कुल 1 करोड़ 98 लाख रुपये की लागत से बनाने को पारित किया गया है। वही योजना कार्य को पूरा करने के लिए संबंधित ठेकेदार को 3 माह तक अवधि में सड़क व नाला बनाकर तैयार करना सुनिश्चित किया है। इस दौरान उपनगर आयुक्त राजेश कुमार पासवान वार्ड संख्या 11 के पार्षद सविता देवी कार्यालय अधीक्षक मो. रेहान एजेंसी संचालक अंकुर झा व अन्य मौजूद थे। इस मौके पर मेयर व नगर आयुक्त ने संयुक्त रूप में जन संवाद कर स्थानीय लोगों की मूलभूत सुविधाओं से जुड़ी समस्या को लेकर सुनवाई करते हुए जानकारी प्राप्त कर उनके निदान का भी भरोसा दिलाया गया है। इस दौरान ज्यादातर मामलों में सफाई व पानी एक बड़ा मुद्दा दिखा हुआ ज्ञापन सौपा गया था।

लोकसभा चुनाव को लेकर जिला प्रशासन कर रही है पूरी तैयारी : डीएम

- मुंगेर एवं जमुई लोकसभा चुनाव की तैयारी को लेकर निर्वाचन दलों के साथ की बैठक

प्रात : किरण ब्यूरो

मुंगेर। आगामी लोक सभा आम निर्वाचन 2024 के संदर्भ में आज जिला निर्वाचन पदाधिकारी सह जिलाधिकारी अवनीश कुमार सिंह ने अपने कार्यालय कक्ष में मान्यता प्राप्त सभी राजनीतिक दलों के प्रतिनिधियों के साथ बैठक की। उन्होंने कहा कि आगामी लोक सभा आम निर्वाचन 2024 के लिए शीघ्र ही अधिसूचना एवं कार्यक्रम भारत निर्वाचन आयोग द्वारा जारी किए जाएंगे। इसके पूर्व मुंगेर एवं जमुई लोक सभा क्षेत्र के निर्वाचन की पूर्व तैयारियों के लिए जिला प्रशासन क्रियाशील है। जिला निर्वाचन पदाधिकारी ने जानकारी देते हुए कहा कि मुंगेर जिलांतर्गत तीन विधान सभा क्षेत्र अंतर्गत तारापुर, मुंगेर सदर एवं जमालपुर विधान सभा क्षेत्र क्रमशः 340, 347 एवं 345 कुल 1032 मतदान केंद्र हैं, जहां 1500 मतदाता से अधिक होने पर सहायक मतदान केंद्र बनाएं जाएंगे। मतदाता सूची के संक्षिप्त पुनरीक्षण कार्यक्रम के तहत मतदाता सूची को अंतिम रूप दे दिया गया है, फिर भी नामांकन के दस दिन पूर्व तक यदि किसी का नाम छूट गया है तो उसका नाम मतदाता सूची में दर्ज कराया जा सकता है। उन्होंने कहा कि निर्वाचन की अधिसूचना जारी होते ही आदर्श आचार संहिता प्रभावी हो जाती है, आप सभी राजनीतिक दल आदर्श आचार संहिता से अवगत हैं और आशा है कि इसका अनुपालन निर्वाचन आयोग के दिशा निदेशों के अनुरूप करेंगे। उन्होंने बताया कि मुंगेर लोक सभा क्षेत्र के लिए आरडी एंड डीजे कॉलेज में वज्रगृह बनाया गया है, वहीं मुंगेर जिला के जमुई लोकसभा क्षेत्र के मतदान केंद्रों के लिए आरएस कॉलेज तारापुर में वज्रगृह बनाया गया है। निर्वाचन प्रक्रिया के अंतर्गत ईवीएम से संबंधित कमीशनिंग एवं रेंडमाइजेशन प्रक्रिया में राजनीतिक दलों के प्रतिनिधि की सहभागिता रहेगी। चुनाव की प्रक्रिया को पारदर्शी एवं निष्पक्ष कराने के लिए कटिबद्ध हैं।राजनीतिक दलों के स्तर पर कोई भी निर्वाचन संबंधी समस्याओं की जानकारी प्राप्त होने पर उसका यथाशीघ्र निराकरण किया जाएगा। आयोग के दिशा निर्देश के आलोक में बाल श्रम, प्लास्टिक का प्रयोग को प्रतिबंधित किया गया है। इकोफ्रेंडली माहौल में निर्वाचन प्रक्रियाओं को संपन्न कराने की आप सभी से अपेक्षा है। वोटर हेल्प लाइन एप के संबंध में जानकारी देते हुए जिला निर्वाचन पदाधिकारी ने कहा कि यह काफी उपयोगी है, मतदाताओं को भी अपने स्तर से इसकी जानकारी दें। बैठक में उप विकास आयुक्त अजीत कुमार सिंह, उप निर्वाचन पदाधिकारी राजीव कुमार, सदर अनुमंडल पदाधिकारी शैलेंद्र कुमार एवं मान्यता प्राप्त राजनीतिक दलों के प्रतिनिधि के रूप में भाजपा के कुमारी अंजू भारद्वाज, जदयू के विमलेंदु राय, राजद के त्रिलोकी नारायण, लोजपा (रा) प्रमोद पासवान, राष्ट्रीय लोक जन शक्ति पार्टी के अमित कुमार, आम आदमी पार्टी के दिनेश कुमार, कम्यूनिस्ट पार्टी आंफ इंडिया (एम) के अमिय कुमार सिन्हा आदि उपस्थित थे।

पुण्यतिथि पर याद किए गए भारत रत्न जननायक कर्पूरी

प्रात : किरण ब्यूरो

मुंगेर। महान समाजवादी नेता गुदड़ी के लाल भारत रत्न जननायक कर्पूरी ठाकुर की 36 वीं पुण्यतिथि समाजवादी पार्टी के तत्वाधान में पार्टी के अस्थाई कार्यालय बेलन बाजार में आयोजित की गई जहां जिला अध्यक्ष पप्पू यादव के नेतृत्व में उपस्थित सपाइयों ने जननायक के तेल चित्र पर श्रद्धांजलि अर्पित करते हुए कपूरी के छद्म चेले को मुंहतोड़ जवाब देने एवं समाजवादी आन्दोलन को और धारदार बनाने का संकल्प लिया। मौके पर सपा जिला अध्यक्ष पप्पू यादव ने कहा की जननायक देश के ऐसे विरले नेता थे जो सदैव समाजवादी मूल्य पर आधारित राजनीति के लिए जीते रहे और आज कपूरी के नाम पर चेहरा चमकाने वाले कपूरी के लोग देश की राजनीति को कलंकित करने पर तुले हैं जिसमें नीतीश कुमार सबसे अग्रणी भूमिका में हैं ऐसे छद्म मौकापरस्त नेताओं को सबक सिखाने के लिए हम सपाई हर कुबार्नी के लिए तैयार है क्योंकि वर्तमान राजनीतिक परिपेक्ष में नितिश कुमार को पदच्युत कर ही जननायक को सच्ची श्रद्धांजलि दी जा सकती है। पार्टी के प्रधान महासचिव मनोज कुमार मधुकर ने कहा की कपूरी ठाकुर का सपना समतामूलक समाज की स्थापना का था, लेकिन सुशासन के नाम का सत्ता चलाने वाले नीतीश कुमार और इसके भ्रष्ट प्रशासनिक तंत्र बस लुट खसोट में लगे हैं जिसे लेकर संघर्ष हमारी श्रद्धांजलि होगी। कार्यक्रम के अंत में सर्वसम्मति से पार्टी द्वारा जिले के ज्वलंत समस्याओं पर चलाए जा रहे आंदोलन को लेकर जिला पदाधिकारी से मिलने के उपरांत चरणबद्ध आंदोलन का निर्णय लिया है कार्यक्रम में पार्टी के वरिष्ठ उपाध्यक्ष रामनाथ राय, महासचिव मिथिलेश यादव अशोक भारत, महिला सभा अध्यक्ष रंजन अराफात सुरेश यादव, मुंगेर नगर अध्यक्ष मो आजम धरहरा प्रखंड अध्यक्ष नीरज यादव प्रवक्ता गणेश पोद्दार मथुरी यादव गोपाल वर्मा कुमार प्रभाकर छडपन मंडल रामानंद यादव सहित अन्य लोग उपस्थित थे।

कलश यात्रा के साथ नंदी महाराज का हुआ प्राण प्रतिष्ठा

प्रात : किरण संवाददाता

संग्रामपुर (मुंगेर)। शनिवार को डाक-बंगला स्थित शिव मंदिर परिसर में नंदी महाराज की मूर्ति का प्राण प्रतिष्ठा किया गया।प्राण प्रतिष्ठा के पहले गाजे -बाजे के साथ कलश शोभा यात्रा निकाली गई।कलश यात्रा में 51 महिला व बालिकाओं ने कलश यात्रा में भाग लिया। आचार्य के वैदिक मंत्रोच्चारण के साथ संग्रामपुर मोड़ स्थित बजरंगबली मंदिर के समीप कुंए से जल भरा गया। वहां से अम्बेडकर चौक ,संग्रामपुर बाजार का भ्रमण के दौरान हर हर दौरान महादेव, नंदी महाराज की जय,बोल बम और जय श्री राम का जयघोष करते हुए मंदिर परिसर पहुंचे और नंदी महाराज का जलाभिषेक किया गया और आचार्य ने धार्मिक अनुष्ठान कराया। पूजन, हवन और आरती के बाद मंदिर प्रबंधन समिति की ओर से भंडारा का आयोजन किया गया। जिसमें सैकड़ों श्रद्धालुओं ने प्रसाद ग्रहण किया।

स्कॉर्पियो की ठोकर से युवक की घटनास्थल पर हुई मौत

- मृतक युवक के घर में मचा कोहराम

प्रात : किरण संवाददाता

नवगछिया (भागलपुर)। भवानीपुर ओपी थाना परिक्षेत्र अंतर्गत एनएच 31 पर देर शाम सरस्वती प्रतिमा विसर्जन यात्रा देखने के लिए निकले युवक को सड़क पार करने के दौरान विपरीत दिशा से आ रही तेज रफ्तार स्कॉर्पियो चालक ने ठोकर मार दी। जिससे उक्त युवक की घटनास्थल पर मौत हो गई। हादसे के बाद स्कॉर्पियो सवार वाहन सहित भागने में सफल रहा था। वही घटना की सूचना स्थानीय ग्रामीणों व राहगीरों द्वारा भवानीपुर थाना पुलिस को दी। जिसके बाद मौके पर पहुंची ओपी थाना पुलिस ने मामले की जांच करते हुए मृतक युवक की शिनाख्त जांच में क्षेत्र के नयाटोला बिरबन्ना गांव के मो. नफील अली के 18 वर्षीय पुत्र मो. जाबीर अली के रूप में पहचान की गई हैं। वही घटना को लेकर सूत्रों से मिली जानकारी के अनुसार सरस्वती प्रतिमा विसर्जन देखने के लिए जाने हेतू युवक सड़क पार कर रहा था। तभी खगरिया की ओर से रही बेलगाम स्कार्पियो चालक नवगछिया की दिशा में जा रहा था इसी क्रम में युवक को ठोकर मार काफी तेज रफ्तार में उजले रंग की एक स्कॉर्पियो को चालक चलते बन गया था। वही युवक को ठोकर लगने के बाद लहूलुहान हालत में जख्मी व घायल अवस्था में युवक ने घटनास्थल पर ही दम तोड़ दिया। इस घटना में युवक के सिर व चेहरा बुरी तरह कुचला गया प्रतीत होता दिख रहा था। वही स्कॉर्पियो सवार वाहन सहित भागने में सफल रहा है। मौके पर मौजूद ग्रामीणों ने युवक को ईलाज के लिए लेकर अस्पताल ले जाते ही इसकी बीच रास्ते में ही मौत हो चुकी थी। वही घटना की सूचना मिलने पर पहुंची भवानीपुर ओपी थाना पुलिस टीम ने आवश्यक कागजी प्रक्रिया के बाद मृतक युवक के शव को पोस्टमार्टम के लिए अनुमंडल अस्पताल नवगछिया भेज दिया। इधर घटना की सूचना मृतक के घरवालों को मिलते ही घर मे कोहराम मच गया है। रोते चिल्लाते परीजन घटनास्थल पर पहुंचे और शव से लिपटकर दहाड़ मारकर रोने लगे। वही मृतक युवक को लेकर बताया गया है कि मृतक तीन भाई चार बहनों में सबसे छोटा था। वही घटना के बाद मृतक की मां सलमा खातुन पिता समेत भाई-बहनों का रो-रोकर बुरा हाल है। वही घटना को लेकर भवानीपुर थानाध्यक्ष महेश कुमार ने बताया कि मृतक के शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया गया है। वही परिजनों की ओर से आवेंदन देने की प्रक्रिया अपनाई जा रही थी। वही पुलिस ने अज्ञात स्कॉर्पियो चालक के विरुद्ध मामला दर्ज किया है। जिसकी पहचान हेतू तलासी जारी है।

मंत्रोच्चारण के बीच हवन का हुआ शुभारंभ

- आगामी 19 फरवरी को माता पार्वती की प्रतिमा का होगा प्राण प्रतिष्ठा

प्रात : किरण संवाददाता

नवगछिया (भागलपुर)। बिहपुर प्रखंड के मड़वा गांव स्थित श्री श्री 108 बाबा ब्रजलेश्वरनाथ धाम प्रांगण में अगामी 19 फरवरी को माता पार्वती की प्रतिमा का प्राण प्रतिष्ठा को लेकर पूरे मंदिर परिसर में भव्य हवन पूजन का आयोजन किया गया। मौके पर मुख्य यजमान के रुप में मंदिर कमेटी के अध्यक्ष सह मड़वा पश्चिम पंचायत के सरपंच प्रतिनिधि मनोहर चौधरी, विरेन्द्र राय उर्फ मंटू, उमेश ज्वेलर्स, कोषाध्यक्ष विमल शर्मा, अजीत कुंवर उपस्थित थे। इस बारे में मंदिर कमेटी के सचिव श्याम सुंदर राय व समाजसेवी गोपाल चौधरी ने बताया कि 19 फरवरी को माता पार्वती की प्रतिमा का प्राण प्रतिष्ठा पूजन कार्यक्रम एवं संध्या में प्रसिद्ध भजन सम्राट मनीष कुमार मानस का भजन कार्यक्रम व रामध्वनि एवं शिवध्वनि का कार्यक्रम आयोजित होगा। वहीं इस यज्ञ को सफल बनाने में मुख्य भूमिका मृत्युंजय पाठक, सुधीर पासवान, पप्पू राय, डब्लू राय, चंदन चौधरी, विलास कुंवर, लक्ष्मण चौधरी, कृष्णदेव राय, विजय राय, विनोद मिश्र सहित दर्जनों युवा कार्यकर्ताओ के रुप में अभिनव राय, शंकर राय, विक्की चौधरी, मुन्नी चौधरी, अंकित पाठक, संभव कुमार, अनिल मिश्र सहित क्षेत्र के प्रबुद्धजन, जनप्रतिनिधि सहित मरवा के ग्रामीण सहयोग में हैं।

नवगछिया नगर परिषद क्षेत्र में विकसित भारत संकल्प यात्रा का दूसरा चरण

प्रात : किरण संवाददाता

भागलपुर। भारत सरकार की योजनाओं का लाभ आम जनता तक पहुंचाने के उद्देश्य से आयोजित विकसित भारत संकल्प यात्रा का दूसरा चरण नवगछिया नगर परिषद क्षेत्र में पहुंची। यात्रा के माध्यम से दो विभिन्न स्थानों पर विशेष कार्यक्रमों के माध्यम से आम जनता तक योजनाओं का लाभ पहुंचाया गया। नवगछिया के नगरीय क्षेत्रों में विकसित भारत संकल्प यात्रा आज नया टोला, शिव मंदिर वार्ड संख्या 8 तथा वार्ड संख्या 12 के मनियामोड़, राजेंद्र कालोनी के इलाके में पहुंची। दोनों ही कार्यक्रमों में आम जनता के लिए नवगछिया नगर परिषद द्वारा क्षेत्र की आम जनता के लिए विभिन्न योजनाओं का कैंप लगाकर सेवाएँ प्रदान की गईं। इनमें उज्ज्वला योजना, आधार अपडेशन, पीएम स्वनिधि, आयुष्मान भारत तथा पीएम आवास योजना प्रमुख थी। नवगछिया नगर परिषद के मुख्य कार्यपालक पदाधिकारी सुमित्रानंदन द्वारा उपस्थित आम जनता को विभिन्न योजनाओं के बारे में जानकारी दी गयी।

समानांतर फोरलेन पुल कार्य का निरीक्षण कर लिया जायजा: केंद्रीय राज्य मंत्री

प्रात : किरण संवाददाता

भागलपुर। जिले चल रही केन्द्र सरकार के प्रोजेक्ट के तहत वर्तमान में विक्रमशिला सेतु के समानांतर सेतू निर्माण के साथ फोरलेन कार्य का केन्द्रीय राज्य मंत्री अश्वनी चौबे ने निरीक्षण कर जायजा लिया। उन्होंने कार्य प्रगति को देखते हुए और बेहतर तरीके से कार्य में तेजी लाने हेतू संबंधित विभागों के पदाधिकारियों को आदेश दिये है। वही समांतर पूल निर्माण कार्य को 2027 तक पूरा करने का लक्ष्य रखा गया है, इस दिशा में उन्होंने मजबूती से काम करने का निर्देश मोर्थ के अधिकारियों को दिया हैं। वही मंत्री अश्वनी चौबे ने निरीक्षण कर जायजा लेने के क्रम में उन्होंने कहा कि पहले का जो पूल है काफी छोटा है उस समय भी हमने उसका विरोध किया करते हुए कहा था कि चौड़ाई ज्यादा होनी चाहिए अन्यथा सड़क दुर्घटना होगी, लेकिन चौड़ाई नहीं बढाई गयी थी, उसके बाद लगातार सड़क दुर्घटना होती चली आ रही है। इस नए फोरलेन पूल निर्माण कार्य पूरा होने से सड़क दुर्घटना में काफी कमी होगी। विगत 2015 में हमने गडकरी जी को यह प्रस्ताव दिया था, अब जाकर यह काम हो रहा है यह सौभाग्य है। इसमें डॉल्फिन सेंचुरी क्षेत्र को लेकर परेशानियां चल थी, जिसे लेकर पर्यावरण विभाग से हमने परमिशन देकर काम कराया है, अब इस क्षेत्र में भी कार्य शुरू हो गया है। वही आगामी वर्ष 2027 तक इसे पूरा कर लिया जायेगा। बता दें कि एसपी सिंगला कंस्ट्रक्शन कंपनी को 4.7 किलोमीटर लंबे फोरलेन पूल के निर्माण का ठेका मिला है। फोरलेन पूल का निर्माण एक हजार करोड़ की लागत से किया जा रहा है। इस पुल के निर्माण होने से पूर्वांचल और सीमांचल के लोगों को काफी सहूलियत होगी। पूर्व में लालू यादव के कार्यकाल में निर्माण कराये गए विक्रमशिला सेतु में अमूमन जाम की समस्या बनी रहती है, जिसको लेकर केंद्र ने लोगों की सुविधा के लिए यहां पूल निर्माण कराने की घोषणा की थी। इस मौके पर कम्पनी पदाधिकारी के अलावा उनके समर्थकों की काफी संख्या में मौजूदगी रही थी।

राष्ट्रीय युवा महासचिव पद पर चंदन यादव हुए मनोनीत

नवगछिया (भागलपुर)। बिहार के पूर्व मुख्यमंत्री राबड़ी देवी के भतीजे चंदन यादव को यादव महासंघ के राष्ट्रीय युवा महासचिव मनोनीत किया गया है। वही बिहार प्रदेश के वरिष्ठ उपाध्यक्ष पद पर अमरजीत यादव को मनोनीत किया गया है। उक्त आशय की जानकारी साझा करते हुए अखिल भारतीय यादव महासंघ के प्रदेश अध्यक्ष अभिषेक यादव ने कहा कि अमरजीत यादव अंतरराष्ट्रीय मानवाधिकार के प्रदेश अध्यक्ष भी हैं। उनके आने से यादव महासंघ बेहतर तरीके से और भी मजबूत होंगी। वे पिछले 10 सालों से सामाजिक काम करते चल रहे हैं।

विसर्जन यात्रा के दौरान दो पक्षों के बीच मारपीट में हुआ पथराव, स्थिति तनावपूर्ण

- घटना को लेकर पूरा क्षेत्र इलाका पुलिस छावनी में हुआ तब्दील

प्रात : किरण संवाददाता

भागलपुर। सरस्वती प्रतिमा विसर्जन यात्रा के दौरान अचानक माहौल काफी बिगड़ गई है, इस दौरान दो पक्षों के बीच हुई मारपीट की घटना में दोनों पक्षों के तरफ से पथराव किये जाने का मामला सामने आया है। छोटी मोटी विवाद के चलते माहौल संवेदनशील माहौल में तब्दील होता दिख रहा है। वही घटना को लेकर मिली जानकारी के मुताबिक लोदीपुर थाना परिक्षेत्र अंतर्गत तबलपुर गांव इलाके में सरस्वती प्रतिमा विसर्जन यात्रा के क्रम में दो पक्षों के बीच किसी बात को लेकर हुई विवाद में पूरा माहौल रन क्षेत्र में तब्दील हो गया था। इस दौरान दो पक्षों के लोगों के बीच में विवाद इतना बढ़ गया कि मारपीट शुरू हो गई और दोनों तरफ से पथराव शुरू हो गई जिससे पूरा माहौल काफी बिगड गया। वही सूत्रों से मिली जानकारी के अनुसार सरस्वती प्रतिमा को विसर्जन यात्रा हेतू स्थानीय तबलपुर से गंगटा नदी लाया जा रहा था। इसी दौरान सरस्वती मां के प्रतिमा पर किसी ने पत्थर फेंक दिया, जिसे लेकर दो पक्षों के बीच विवाद शुरू हो गया और धीरे-धीरे दो पक्षों में जमकर पत्थर बाजी शुरू हो गई थी। इस झड़प में करीब 6 लोग बुरी तरह घायल होने की बात भी सामने आयी हैं। जिसका इलाज मायागंज अस्पताल में चल रहा है, साथ ही उद्व जैसे लोगों कई दुकानों में तोड़फोड़ की है। वही घटना के दौरान कई राउंड गोली फायरिंग की भी बात भी सामने आई है, हालांकि इसकी पुष्टि पुलिस प्रशासन नहीं कर रही है। वही घटना को लेकर स्थानीय पुलिस के साथ अन्य बल भी मौके पर पहुंच घटना की जांच में जुट गई है। वही घटना स्थल के आसपास के सीसीटीवी फुटेज भी खंगालने का काम प्रारंभ हो गई है। वही मामले की सूचना मिलते ही सिटी एसपी मि. राज, सीटी डीएसपी डीएसपी अजय कुमार चौधरी, एसडीएम धनंजय कुमार के अलावा छह थानों की पुलिस व भारी संख्या में दंगा नियंत्रण बल, सीआरपीएफ के जवान की तैनाती कर दी गई हैं, देखते ही देखते पूरा क्षेत्र पुलिस छावनी में तब्दील हो गया है।

कलश शोभायात्रा का हुआ भव्य आयोजन

नवगछिया (भागलपुर)। बिहपुर मड़वा गांव स्थित श्री श्री 108 बाबा ब्रजलेश्वरनाथ धाम मड़वा में अगामी 19 फरवरी को माता पार्वती की प्रतिमा का प्राण प्रतिष्ठा को लेकर मंदिर परिसर से भव्य कलश शोभायात्रा निकाली गई। यह कलश शोभायात्रा मंदिर परिसर से निकलकर मरवा गांव होते हुए सोहड़ी, जमालपुर आदि गांवों का भ्रमण कर पुनः मंदिर प्रांगण पहुंची। कार्यक्रम को लेकर कमेटी के अध्यक्ष मनोहर चौधरी, सचिव श्याम सुंदर राय, कोषाध्यक्ष विमल शर्मा ने बताया कि विगत दिनों कलश शोभायात्रा व संध्या में भजन कीर्तन का आयोजन किया गया था। वही प्राण प्रतिष्ठा पूजन कार्यक्रम के तहत विगत शुक्रवार से लगातार जारी है। कार्यक्रम में भजन, प्रवचन, हवन-पूजन, प्राण प्रतिष्ठिता रामध्वनि व शिवध्वनि का आयोजन होगा।

कुश्ती दंगल प्रतियोगिता का हुआ समापन

- वैशाली पहलवान ने किया जवाहर को चित

प्रात : किरण संवाददाता

नवगछिया (भागलपुर)। रंगरा प्रखंड परिक्षेत्र अंतर्गत भवानीपुर गांव में सरस्वती पूजा आयोजन मेले के क्रम में आयोजित महादंगल कार्यक्रम का विधिवत समापन किया गया। दंगल आयोजन के क्रम में मुख्य अतिथियों की ओर से ध्वजारोहण व फीता काटकर उद्घाटन किया गया था। वहीं इस दंगल प्रतियोगिता में भाग लेने के लिए उत्तर प्रदेश, बनारस, दिल्ली, हरियाणा, बिहार सहित अन्य राज्यों के महिला एवं पुरूष पहलवान पहुंचे थे। वही इस कुश्ती प्रतियोगिता को देखने के लिए हजारों की संख्या में ग्रामीणों का जनसैलाब उमड़ पड़ा था। वही मेला आयोजक कमिटी की ओर से महिलाओं की कुश्ती प्रतियोगिता को लेकर आसपास के मेला क्षेत्र में लोगों की सुविधा को लेकर प्रोजेक्ट को भी लगाया गया था। वहीं कार्यक्रम में शांति व्यवस्था बनाए रखने के लिए अधिक संख्या में पुलिस जवान की तैनाती की गई थी। वही मेला क्षेत्र की मॉनिटरिंग खुद रंगरा थानाध्यक्ष सुजीत वारसी स्वतः करते दिख रहे थे। पूरे कार्यक्रम पर नजर रखने के लिए ड्रोन के अलावा अन्य कैमरों का भी इंतजाम किया गया था। इस प्रतियोगिता में यूपी के जवाहर पहलवान व दिल्ली की वैशाली पहलवान के बीच जबरदस्त व रोमांचक मुकाबला चला रहा था। वही प्रतियोगिता में वैशाली ने अपने प्रतिद्वंद्वी को चीत कर जीत हाशिल कर खूब तालियां बटोरी थी। वहीं प्रतियोगिता में क्रमशः 51 जोड़ी पहलवानों ने अपने जोर आजमाएं लेकिन बनारस के भोलू पहलवान एवं हरियाणा के मनोज पहलवान और भागलपुर के फोटो पहलवान के साथ यूपी के विशाल के बीच मुकाबला अटका रहा था। वही दर्शकों की बेकाबू भीड़ लगातार विजेता घोषित होने की प्रतिक्षा में शोर मचा रहे थे। देर शाम तक भी इन सभी प्रतिभागियों का निर्णय नहीं हो सका था। अतः सभी सफल पहलवानों को उचित इनाम कमिटी के सदस्यों द्वारा भेंट देकर कुश्ती प्रतियोगिता समाप्त किया। वहीं देर रात जागरण एवं सांस्कृतिक कार्यक्रम का भी आयोजन किया गया था। वही अहली सुबह प्रतिमा का विसर्जन की तैयारियों को लेकर कमिटी के सदस्यों व कायकताओं द्वारा तैयारी शुरू कर दी गई थी।

जमालपुर रेल कारखाना को बचायें बगैर जमालपुर शहर का विकास संभव नहीं है : संयोजक

प्रात : किरण ब्यूरो

मुंगेर। मारवाड़ी धर्मशाला जमालपुर में रेल बचाओ जमालपुर बचाओ संघर्ष मोर्चा की बैठक दिन में राजकुमार मंडल की अध्यक्षता में हुई सभी एक मत से निर्णय लिया कि जमालपुर रेल कारखाना को बचाने के बगैर जमालपुर शहर का विकास संभव नहीं है कमेटी के संयोजक अशोक मंडल ने रेल कारखाना और मजदूरों की दुर्दशा पर विस्तार पूर्वक चर्चा किया उन्होंने कहा जमालपुर रेल कारखाना में मजदूरों की संख्या घट रही है यहां वर्क लोड घटाया जा रहा है प्रस्तावित रेल विश्वविद्यालय का निर्माण अभी तक नहीं हो पाया है बहुत से कार्य निजी कंपनियों से कराया जा रहा है' इलेक्ट्रिक इंजन का काम मिलने के बाद भी अभी तक जमालपुर रेल कारखाना में यह काम शुरू नहीं किया गया है ' यहां के अस्पताल और स्कूल का भी दशा बहुत ही निंदनीय है नई पेंशन स्कीम को लाकर सरकार मजदूरों को मरने के लिए छोड़ दिया है साथ ही उन्होंने मांग किया कि रेलवे हॉस्पिटल को सुपर स्पेशलिस्ट हॉस्पिटल बनाया जाए जमालपुर रेल कारखाने को हाजीपुर जोन में शामिल किया जाए '175 टन क्रेन बनाने का वर्क लोड जमालपुर कारखाना को दिया जाए साथ ही साथ आरआरबि आरआरसी से बहाली कर 10000 वर्कर जमालपुर कारखाना को दिया जाए इसके अलावे जन सरोकारों से संबंधित स्थानीय मुद्दे भी जोड़े गए जो रेल के संबंध में है सर्वसम्मति से निर्णय लिया गया है कि 7 मार्च को एक विशाल धरना का आयोजन जुबली बैल जमालपुर में 11:00 बजे से 3:00 बजे तक होगी अंत में आज के सभा के अध्यक्ष राजकुमार मंडल ने सभी का धन्यवाद करते हुए जनसंपर्क अभियान चला कर धारणा को सफल बनाने की अपील के साथ धरना समाप्ति की सभा समाप्ति की घोषणा की ' इस मौके पर शहर के गण मान्य सामाजिक कार्यकर्ता भी दर्जनों की संख्या में उपस्थित हुए जिसमें प्रमुख थे विनय कुमार सुमन, नरेश सिंह यादव ,रविंद्र मंडल ,विकास कुमार, मुरारी प्रसाद ब्रह्मदेव चौरसिया, मोहम्मद सखीचंद मंडल विपिन कुमार शर्मा नवल किशोर यादव पटेल प्रसाद सिंह श्री हरि प्रसाद महतो देवदास चंद्रशेखर चौधरी शकील अहमद संजीवन कुमार सिंह सीताराम पोद्दार शंकर दास चंदन कुमार सरवन कुमार उमेश शर्मा एसके प्रकाश अरविंद कुमार वीरेंद्र कुमार की सहभागिता उपस्थिति बहुत ही सराहनी रही।

बस अड्डा बन जाने से कोसी पार सहित झारखंड के यात्रियों को मिलेगी राहत: डीएम

- नवनिर्मित बस स्टैंड का डीएम, नगर आयुक्त, एसडीओ व डीएसपी ने संयुक्त रूप में फीता काट किया शुभारंभ

प्रात : किरण संवाददाता

भागलपुर। जिलेभर में विगत दिनों क्षेत्र के कई हिस्सों में लगातार जाम की समस्या को लेकर आम लोगों सहित राहगीरों को काफी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। इस आम लोगों को समस्या से राहत कैसे मिल सकेगी। उक्त विषय बिंदु को लेकर को विभागीय स्तर पर ही नही बल्कि स्थानीय सामाजिक कार्यकर्ता सहित राजनीतिक दलों के साथ भी जिलाधिकारी डॉ. नवल किशोर चौधरी ने बैठक कर कई बातों पर चर्चा करते हुए सुझाव तलब किये थे। इसी कड़ी में ज्यादातर लोगों ने शहरी इलाकों में ऑटो रिक्शा व टोटो ई रिक्शा चालकों के ठहराव हेतू विकल्प को लेकर नगर आयुक्त को शहरी क्षेत्र के कई चिन्हित स्थलों पर मार्किंग करने के साथ साथ ठहराव का सिंबल मार्किंग के तहत रेड लाइन पट्टी तैयार करने हेतू आदेशित किया गया था।

वही दूसरी तरफ शहरी इलाकों से सटे औधोगिक थाना क्षेत्र इलाके में लगातार जाम की समस्याओं को लेकर यह तथ्य उभर कर सामने आया कि कोसी क्षेत्र के यात्रियों को यातायात व्यवस्था के चलने वाली बसों का कोई ठहराव स्थल नही रहने के कारण आम लोगों को आए दिन जाम की समस्याओं से जूझना पड़ता है। वही जिलाधिकारी ने उक्त समस्या से निपटने के लिए एक तत्कालीक बस पड़ाव स्थल हेतू नगर आयुक्त सहित विभागीय पदाधिकारी को निर्देशित किया गया था। जिसके आलोक में विभागीय स्तर पर यह सुझाव प्रस्तुत किया गया कि औद्योगिक थाना के समीप वैकल्पिक व्यवस्था के तहत बस पड़ाव स्थल बनाया गया है। जहां यात्रियों की सुविधाओं के मद्देनजर स्थल पर सौचालय व पेयजल आपूर्ति की समुचित व्यवस्था के साथ जिलाधिकारी ने बस पड़ाव स्थल सह बस अड्डा का विधिवत रूप से रिबन काट कर उद्घाटन किया। इस बस अड्डा के बन जाने से गंगा पार जाने वाले यात्रियों तथा सबौर की ओर जाने वाले यात्रियों को काफी सुविधा होगी। साथ ही आम लोगों के बीच उत्पन्न होने वाली जाम की समस्याओं से राहत मिलेगी।वहीं जिला अधिकारी ने कहा कि बहुत जल्द बाहर जाने वाले बड़ी बसों के लिए भी विचार किया जाएगा, साथ ही उन्होंने कहा कि हम और हमारे सभी पदाधिकारी आप तमाम जनता जनार्दन से सहयोग की कामना करते हैं, हम सदैव जनता के साथ हैं। अब जाम से भागलपुर वासियों को काफी राहत महसूस होगी। इस मौके पर जिला अधिकारी के साथ साथ सदर अनुमंडल पदाधिकारी धनंजय कुमार, सिटी डीएसपी अजय कुमार चौधरी, नगर आयुक्त, ट्रैफिक डीएसपी आशीष रंजन सिंह, औद्योगिक थाना अध्यक्ष सहित कई अन्य पदाधिकारी के अलावा निगम कर्मी मौजूद थे।

प्रातः किरण राष्ट्रीय दैनिक
स्पोर्ट्स
पटना, रविवार ,18 फरवरी, 2024

राजकोट टेस्ट में इंग्लैंड 319 पर ऑलआउट

● 9 चौके, 5 छक्के... यशस्वी ने अंग्रेजों को कूट दिया,जड़ा तीसरा टेस्ट शतक ● शुभमन ने सिक्स लगाकर फिफ्टी बनाई, भारत की बढ़त 322 रन के पार

राजकोट (एजेंसी)। भारत और इंग्लैंड के बीच 5 टेस्ट की सीरीज का तीसरा मुकाबला राजकोट में खेला जा रहा है। निरंजन शाह स्टेडियम में पहली पारी में भारत ने 445 और इंग्लैंड ने 319 रन बनाए।फिलहाल तीसरे दिन के तीसरे सेशन का खेल जारी है। भारत ने अपनी दूसरी पारी में दो विकेट के नुकसान पर 196 रन बना लिए थे। यशस्वी जायसवाल और शुभमन गिल क्रीज पर हैं। यशस्वी शतक लगा चुके हैं। शुभमन ने छक्का लगाकर फिफ्टी पूरी की। भारतीय टीम के युवा ओपनर यशस्वी जायसवाल ने एक बार फिर अंग्रेजों को बल्ले की धार दिखाई। विशाखापत्तनम में दोहरा शतक जड़ने वाले यशस्वी ने राजकोट में खेले जा रहे दूसरे टेस्ट की दूसरी पारी में सिर्फ 122 गेंदों में शतक ठोकते हुए खूब हिसाब किया। इस दौरान 9 चौके और 5 छक्के उड़ाए। यशस्वी जायसवाल और रोहित शर्मा जब पारी का आगाज करने उतरे तो उस समय पहली पारी के आधार पर भारत के पास 126 रनों की बढ़त थी। इंग्लैंड के भारत के 445 रनों के जवाब में 319 रनों पर आउट हो गया था। रोहित शर्मा 19 रन बनाकर जो रूट की बॉल पर एलबीडब्ल्यू हुए। तीसरे दिन इंग्लैंड ने 207/2 के स्कोर से अपनी पारी आगे बढ़ाई थी।

यशस्वी ने चौके से पूरा किया शतक

यशस्वी जायसवाल ने मार्क वुड के खिलाफ कवर्स की दिशा में चौका लगाकर अपनी सेंचुरी पूरी की। उन्होंने 122 बॉल पर अपने करियर का तीसरा शतक लगाया। इससे पहले यशस्वी ने छक्के से अपनी फिफ्टी 80 बॉल पर पूरी की थी। यशस्वी जायसवाल ने जेम्स एंडरसन के खिलाफ पारी के 27वें ओवर में सिक्स लगाया। इस बॉल से पहले उनका स्कोर 73 बॉल पर 35 रन था। उन्होंने अगली 18 बॉल में 4 सिक्स और 3 चौके लगा दिए। इसी के साथ 91 बॉल पर उनका स्कोर 79 रन हो गया। यानी 18 बॉल में उन्होंने 44 रन बटोर लिए।

रिवर्स स्कूप खेलने पर रूट की हुई आलोचना

इंग्लैंड के सबसे अनुभवी बैटर जो रूट पहली पारी में रिवर्स स्कूप खेलकर आउट हुए। उन्होंने 18 रन बनाए। उनके विकेट के बाद टीम ने 2 और विकेट गंवा दिए। गैरजिम्मेदारी भरा शॉट खेलने पर पूर्व इंग्लिश क्रिकेटर माइकल वॉन ने रूट की आलोचना की। वॉन ने कहा, रूट को सिचुएशन के हिसाब से संभलकर खेलना चाहिए। स्टोक्स भी विकेट गिरने पर संभलकर खेलते हैं। 10 हजार से ज्यादा रन बना चुके रूट को ऐसी गलती नहीं करनी चाहिए।

जडेजा के भारत में 200 विकेट पूरे

रवींद्र जडेजा ने बेन स्टोक्स को पवेलियन भेज कर भारत में अपने 200 टेस्ट विकेट पूरे कर लिए। जडेजा अपने करियर का 70वां टेस्ट खेल रहे हैं। उन्होंने पारी में टॉम हार्टले को भी पवेलियन भेजा, इसी के साथ उनके भारत में 201 विकेट हो गए। जडेजा ने 81 विकेट विदेशी ग्राउंड पर भी लिए हैं।

सिराज को 4 विकेट

जेम्स एंडरसन के विकेट के साथ इंग्लैंड टीम 319 रन बनाकर ऑलआउट हो गई। भारत ने पहली पारी में 445 रन बनाए थे, इसलिए टीम को 126 रन की बढ़त मिली। टीम से मोहम्मद सिराज ने 4 विकेट लिए।भारत से 2-2 विकेट रवींद्र जडेजा और कुलदीप यादव को मिले। जबकि जसप्रीत बुमराह और रविचंद्रन अश्विन के हाथ 1-1 सफलता लगी।

बेन डकेट ने 153 रन बनाए

इंग्लैंड से बेन डकेट ने 153 रन बनाए। कप्तान बेन स्टोक्स 41 और ओली पोप 39 रन बनाकर आउट हुए। इनके अलावा कोई और प्लेयर 20 रन का आंकड़ा भी पार नहीं कर सका।

दोनों टीमों की प्लेइंग-11

भारत- रोहित शर्मा (कप्तान), यशस्वी जायसवाल, शुभमन गिल, रजत पाटीदार, सरफराज खान, रवींद्र जडेजा, ध्रुव जुरेल (विकेटकीपर), रविचंद्रन अश्विन, कुलदीप यादव, जसप्रीत बुमराह और मोहम्मद सिराज।

इंग्लैंड- बेन स्टोक्स (कप्तान), जैक क्रॉले, बेन डकेट, ओली पोप, जो रूट, जॉनी बेयरस्टो, बेन फोक्स (विकेटकीपर), रेहान अहमद, टॉम हार्टले, मार्क वुड और जेम्स एंडरसन।

अश्विन तीसरे टेस्ट से बाहर हुए

मां की तबियत बिगड़ने के कारण छुट्टी ली, बीसीसीआई ने कहा- खिलाड़ी और परिवार का स्वास्थ्य जरूरी

नईदिल्ली (एजेंसी)। मां की तबियत खराब होने के कारण भारतीय टीम के स्पिनर आर अश्विन राजकोट में इंग्लैंड के खिलाफ खेले जा रहे तीसरे टेस्ट से बाहर हो गए है। शुक्रवार को बीसीसीआई ने अश्विन के फैमिली इमरजेंसी के कारण जाने की जानकारी दी। वहीं, बीसीसीआई के वाइस प्रेसिडेंट राजीव शुक्ला ने एक्स पर मां की तबीयत बिगड़ने की बात बताई। बीसीसीआई ने कहा, चैंपियन क्रिकेटर और उनके परिवार के लिए हम सपोर्ट करते हैं। खिलाड़ियों और उनके प्रियजनों का स्वास्थ्य सबसे ज्यादा महत्वपूर्ण है। बोर्ड अश्विन और उनके परिवार की प्राइवेसी का सम्मान करने का अनुरोध करता है क्योंकि वे इस चुनौतीपूर्ण समय से गुजर रहे हैं। बोर्ड और टीम अश्विन को हर आवश्यक सहायता प्रदान करना जारी रखेगी और आवश्यकता के मुताबिक मदद भी करेगी।

राजीव शुक्ला ने किया ट्वीट

बीसीसीआई के वाइस प्रेसिडेंट राजीव शुक्ला ने अश्विन के लिए ट्वीट करते हुए लिखा- अश्विन की मां के जल्द स्वस्थ होने की कामना करता हूं। उन्हें अपनी मां के पास रहने के लिए राजकोट टेस्ट छोड़कर चेन्नई जाना पड़ा।

महान सचिन तेंदुलकर के दौरे से कश्मीरी बल्ला निर्माताओं में उत्साह

श्रीनगर(एजेंसी)। महान सचिन तेंदुलकर ने शनिवार को दक्षिण कश्मीर में एक बल्ला निर्माण इकाई का दौरा किया, जिससे उद्योग को काफी बढ़ावा मिलने की संभावना है। तेंदुलकर, उनकी पत्नी अंजलि और बेटी सारा ने शनिवार को चारसू अवंतीपोरा में एमजे स्पोर्ट्स बैट निर्माण इकाई का दौरा किया और लगभग एक घंटा बिताया। एमजे स्पोर्ट्स के मालिक मोहम्मद शाहीन ने मीडिया को बताया, 'तेंदुलकर की यात्रा से कश्मीर विलो बैट को काफी बढ़ावा मिलेगा, जिसकी काफी मांग है। क्रिकेट के दिग्गज को कश्मीर क्रिकेट बल्लों के बारे में बहुत सारी जानकारी थी और उनके कुछ सवाल भी थे। वह हमारे क्रिकेट बल्लों की गुणवत्ता से बेहद प्रभावित थे। तेंदुलकर बल्ला निर्माता इकाई में कम से कम एक घंटे तक रुके। दक्षिण कश्मीर में 300 से अधिक बैट निर्माण इकाइयाँ हैं जो देश के भीतर और बाहर लगभग चार मिलियन क्रिकेट बैट की आपूर्ति करती हैं। 2022 टी20 क्रिकेट विश्व कप में टूर्नामेंट का सबसे लंबा छक्का संयुक्त अरब अमीरात (यूएई) के बल्लेबाज जुनैद सिद्दीकी ने अनंतनाग जिले में स्थित जीआर8 स्पोर्ट्स द्वारा निर्मित कश्मीर विलो बैट से मारा था।

टाइगर वुड्स को फ्लू, जेनेसिस इंविटेशनल गोल्फ टूर्नामेंट से हटे

लास एंजिल्स(एजेंसी)। टाइगर वुड्स की 2024 में पीजीए टूर पर वापसी केवल 24 होल तक ही रह सकी क्योंकि शुक्रवार को उन्हें फ्लू की तरह के लक्षण और 'डिहाईड्रेशन' के कारण जेनेसिस इंविटेशनल गोल्फ टूर्नामेंट से हटना पड़ा।

वुड्स के सहयोगी और टीजीआर वेंचर्स के उपाध्यक्ष रॉब मैकनामारा ने कहा कि गुरुवार को उन्हें फ्लू जैसे लक्षण लग रहे थे और जब वह सुबह उठे तो हालत बिगड़ गई थी। मैकनामारा ने पीजीए टूर के एक अधिकारी को बताया, 'उन्हें थोड़ा बुखार था और वॉर्म-अप के दौरान वह बेहतर महसूस कर रहे थे। लेकिन जब वह कोर्स में आये और खेल रहे थे तो उन्हें चक्कर आने लगे।

उन्होंने कहा, 'डॉक्टरों ने कहा कि उन्हें किसी तरह के फ्लू के लक्षण हैं और उनमें पानी की कमी भी हो रही है। उनका इलाज चल रहा है और अब वह बेहतर हैं। वुड्स रिवेरा में एक ओवर पार के स्कोर पर थे और उनके कट से बाहर रहना तय था।

बैडमिंटन एशिया टीम चैंपियनशिप 2024

भारतीय महिला टीम पहली बार फाइनल में, जापान को 3-2 से हराया

खिताबी मुकाबला आज थाईलैंड से

थाईलैंड (एजेंसी)। भारतीय महिला टीम बैडमिंटन एशिया टीम चैंपियनशिप के फाइनल में पहुंच गई है। भारतीय महिलाओं ने पहली बार इस टूर्नामेंट के खिताबी दौर में जगह बनाई है, जहां उनका सामना रविवार को थाईलैंड से होगा। मलेशिया में चल रही चैंपियनशिप के सेमीफाइनल में शनिवार को भारत ने दो बार की चैंपियन जापान को 3-2 से हराया। प्रतियोगिता के दूसरे सेमीफाइनल में थाईलैंड ने इंडोनेशिया को 3-1 से मात दी।भारतीय महिला टीम ने पहली बार इस चैंपियनशिप में मेडल पक्का किया है।

ऐसे चला सेमीफाइनल मुकाबला – पहले मुकाबले में पीवी सिंधु को आया अहोरी के हाथों 17-21, 2-22 की हार का सामना करना पड़ा। वर्ल्ड नंबर-23 त्रिशा जोली और गायत्री गोपीचंद की जोड़ी ने डबल्स मैच में नामि मात्सुयामा और शाइदा को 21-17, 16-21, 22-20 से हराया। इससे स्कोर 1-1 से बराबर हुआ। अस्मिता चालिहा ने नओमी ओकूहारा को 21-17, 21-14 से हराया और भारत को 2-1 की बढ़त दिला दी। अश्विनी और पीवी सिंधु की जोड़ी रेना और अयाको से 14-21, 11-21 से हार गई। इस हार से स्कोर 2-2 की बराबरी पर आ गया। 17 साल की अनमोल खरब ने नात्सुकि निदाइरा को 21-14, 21-18 से हराते हुए भारत को 3-2 की जीत दिला दी।

क्वार्टर फाइनल में हॉन्गकॉन्ग को 3-0 से हराया था – भारतीय विमेंस टीम ने क्वार्टर फाइनल में शुक्रवार को हांगकांग को 3-0 से हराया था। टीम ने पहली बार टॉप-4 में प्रवेश किया। इसी के साथ महिला टीम ने पहली बार टूर्नामेंट में मेडल पक्का कर लिया। अब भारत का मुकाबला जापान से होगा। टॉप सीड चीन को हराकर ग्रुप स्टेज में टॉप पर रहने के बाद भारत ने पीवी सिंधु, अस्मिता चालिहा और अश्विनी पोनप्पा तथा तनीषा क्रास्टो की डबल्स जोड़ी की जीत के दम पर हॉन्गकॉन्ग को हराया। पूरी खबर

सिंधु ने हैप्पी को 2-1 से हराया – स्टार बैडमिंटन खिलाड़ी पीवी सिंधु ने चोट के कारण चार महीने बाद शानदार वापसी की है। क्वार्टर फाइनल के पहले मैच में सिंधु ने लो सिन यान हैप्पी के खिलाफ मजबूत शुरुआत की। उन्होंने हैप्पी के खिलाफ 21-7, 16-21, 21-12 से जीत दर्ज करके भारत को बढ़त दिला दी। सिंधु ने हैप्पी को 21-7, 16-21, 21-12 से हराया।

क्रैस्टो-पोनप्पा की जोड़ी 2-0 से जीती – तनिषा क्रैस्टो और अश्विनी पोनप्पा की विमेंस डबल्स जोड़ी क्वार्टर फाइनल के दूसरे मैच में युंग नगा टिंग और युंग पुई लैम की जोड़ी को हराया। वर्ल्ड की 21वीं रैंक की क्रैस्टो और पोनप्पा की जोड़ी ने 18वीं रैंक की जोड़ी को 21-10, 21-14 से हराकर भारत को सेमीफाइनल में पहुंचने के काफी करीब पहुंचा दिया। इसके बाद अस्मिता चालिहा ने येओंग सुम यी पर 21-12, 21-13 से जीत के साथ क्वार्टर फाइनल मैच खत्म किया। भारतीय मेंस टीम आज अपने क्वार्टर फाइनल मुकाबले में जापान से भिड़ेगी।

मार्कस स्टोयनिस न्यूजीलैंड के खिलाफ टी-20 सीरीज से बाहर

आरोन हार्डी टीम में शामिल; पहला मैच 21 फरवरी को खेला जाएगा

सिडनी (एजेंसी)। ऑस्ट्रेलिया के बैटिंग ऑलराउंडर मार्कस स्टोयनिस न्यूजीलैंड के खिलाफ तीन मैचों की टी-20 सीरीज से बाहर हो गए हैं। रिपोर्ट के मुताबिक, स्टोयनिस पीठ की चोट की वजह से इस सीरीज से बाहर हुए हैं। उन्हें वेस्टइंडीज के खिलाफ दूसरे मैच से पहले पीठ में चोट लग गई थी। स्टोयनिस की जगह आरोन हार्डी को टीम में शामिल किया गया है। हालांकि, अब तक ऑस्ट्रेलिया क्रिकेट बोर्ड (सीए) ने इस पर कोई बयान जारी नहीं किया है। जून में होने वाले टी-20 वर्ल्ड कप से पहले ऑस्ट्रेलिया की यह आखिरी टी-20 सीरीज है। ऑस्ट्रेलिया टीम 21 फरवरी से न्यूजीलैंड दौरे पर रहेगी। टीम यहां 3 टी-20 और 2 टेस्ट खेलेगी।

हेड और स्मिथ की भी वापसी – न्यूजीलैंड के खिलाफ टी-20 सीरीज के लिए ऑस्ट्रेलिया ने फुल स्ट्रेंथ स्क्वॉड जारी किया है। टीम में टेस्ट और वनडे टीम के कप्तान पैट कमिंस के साथ अनुभवी बैटर स्टीव स्मिथ और ट्रैविस हेड भी हैं। इनके साथ लेफ्ट आर्म पेसर मिचेल स्टार्क भी रहेंगे। टीम में शॉन एबट और जेसन बेहरनडॉर्फ भी हैं। बेहरनडॉर्फ को पिछले महीने ष्ट ने टी-20 प्लेयर ऑफ द ईयर का अवॉर्ड दिया था। इनके अलावा जोश हेजलवुड और नाथन एलिस जैसे पेसर्स भी स्क्वॉड का हिस्सा हैं।

स्पेंसर जॉनसन स्टैंडबाय प्लेयर – बैटर मैथ्यू शॉर्ट और तेज गेंदबाज नाथन एलिस फिलहाल इंजरी से जूझ रहे। बिग बैश के प्लेयर ऑफ द टूर्नामेंट शॉर्ट के सीरीज तक फिट होने की संभावनाएं हैं। वहीं एलिस की जगह स्क्वॉड में लेफ्ट आर्म पेसर स्पेंसर जॉनसन को स्टैंडबाय प्लेयर के रूप में रखा गया है। अगर एलिस सीरीज नहीं खेल सके तो जॉनसन उनकी जगह लेंगे।

वर्ल्ड कप में भी मार्श ही कर सकते हैं कप्तानी – जून में होने वाले टी-20 वर्ल्ड कप से पहले ऑस्ट्रेलिया टीम वेस्टइंडीज और न्यूजीलैंड के खिलाफ ही 2 सीरीज खेलेगी। दोनों ही सीरीज में मिचेल मार्श कप्तानी करेंगे। टूर्नामेंट से पहले न्यूजीलैंड के खिलाफ टीम की आखिरी सीरीज रहेगी। ऐसे में मार्श ही वर्ल्ड कप में भी कंगारू टीम की कमान संभाल सकते हैं।

सेंट्रल कॉन्ट्रैक्ट पाने वाले खिलाड़ियों को बीसीसीआई की चेतावनी

जय शाह ने लेटर लिखा- रणजी मैच नहीं खेलने के गंभीर परिणाम होंगे

नईदिल्ली (एजेंसी)। भारतीय क्रिकेट कंट्रोल बोर्ड (बीसीसीआई) के सचिव जय शाह ने रणजी ट्रॉफी 2024 नहीं खेल रहे खिलाड़ियों को चेतावनी दी है। शाह ने शुक्रवार को सेंट्रल कॉन्ट्रैक्ट हासिल कर चुके सितारों और इंडिया-ए के उन खिलाड़ियों को लेटर लिखा है, जो स्टेट टीम से खेलने के बजाय आईपीएल की तैयारी में लगे हैं।मीडिया के मुताबिक, शाह ने लेटर में लिखा कि नेशनल टीम में सिलेक्शन के लिए डोमेस्टिक क्रिकेट अभी महत्वपूर्ण मापदंड बना हुआ है। इसमें हिस्सा नहीं लेने के गंभीर परिणाम होंगे। चेतावनी जारी करने की वजह डोमेस्टिक रेड-बॉल क्रिकेट पर आईपीएल को प्राथमिकता देने वाले खिलाड़ियों का व्यवहार चिंताजनक है।

डोमेस्टिक क्रिकेट हमेशा वह आधार रहा है जिस पर भारतीय क्रिकेट खड़ा – शाह ने लिखा- हाल ही में एक कुछ ऐसी चीजें सामने आई है, जो चिंता की वजह है। कुछ खिलाड़ियों ने डोमेस्टिक क्रिकेट पर आईपीएल को प्राथमिकता देना शुरू कर दिया है। यह एक ऐसा बदलाव है जिसकी उम्मीद नहीं थी। डोमेस्टिक क्रिकेट हमेशा वह आधार रहा है जिस पर भारतीय क्रिकेट खड़ा है। डोमेस्टिक क्रिकेट भारतीय क्रिकेट की रीढ़ है और टीम इंडिया के लिए फीडर लाइन के रूप में कार्य करता है। भारतीय क्रिकेट के लिए हमारा दृष्टिकोण शुरू से ही क्लियर रहा है। टीम इंडिया के लिए खेलने के इच्छुक हर प्लेयर को डोमेस्टिक क्रिकेट में खुद को साबित करना होगा। डोमेस्टिक क्रिकेट में परफॉर्मेंस सिलेक्शन के लिए एक महत्वपूर्ण पैमाना बना हुआ है और डोमेस्टिक क्रिकेट में हिस्सा न लेने के गंभीर प्रभाव होंगे। ईशान किशन ने दिसंबर-2023 में साउथ अफ्रीका दौरे से अपना नाम वापस ले लिया था। तब से वे सिलेक्शन के लिए उप्लब्ध नहीं हैं।

ईशान, अय्यर और चाहर नहीं खेल रहे रणजी मैच

यह लेटर तब आया है जब कुछ खिलाड़ियों ने फिट रहने और अगले आईपीएल सीजन की तैयारी के लिए मौजूदा रणजी ट्रॉफी में खेलने को नजरअंदाज कर दिया। इसमें राजस्थान के तेज गेंदबाज दीपक चाहर, झारखंड के विकेटकीपर ईशान किशन और मुंबई के राइट हैंड बैटर श्रेयस अय्यर जैसे खिलाड़ी शामिल हैं, जो शुक्रवार को शुरू हुए रणजी ट्रॉफी मैचों के अंतिम राउंड में हिस्सा नहीं ले रहे हैं। दीपक चाहर ने दिसंबर में आखिरी इंटरनेशनल मैच खेला था। तब से वह क्रिकेट से दूर हैं।

द्रविड ने कहा था- वापसी के लिए क्रिकेट खेलना होगा

ईशान किशन की वापसी पर भारतीय टीम के हेड कोच राहुल द्रविड कह चुके हैं कि यदि उन्हें टीम में वापसी करनी है, तो क्रिकेट खेलना होगा। बता दें कि किशन ने दिसंबर-2023 में साउथ अफ्रीका दौरे से अपना नाम वापस ले लिया था।तब से वे सिलेक्शन के लिए उप्लब्ध नहीं हैं।

पंड्या ब्रदर्स के साथ वड़ोदरा में प्रैक्टिस कर रहे किशन

ईशान किशन का कुछ दिन पहले एक वीडियो सोशल मीडिया पर शेयर हुआ था, जिसमें वह वड़ोदरा में पंड्या ब्रदर्स के साथ प्रैक्टिस कर रहे थे।

रणजी न खेलने से खुश नहीं बोर्ड: रिपोर्ट

हाल ही में आई कुछ रिपोर्ट में कहा गया था कि बीसीसीआई जनवरी से पहले ही खिलाड़ियों के आईपीएल मूड में आने से नाराज है। रिपोर्ट्स में सूत्रों के हवाले से लिखा गया था कि आने वाले कुछ दिनों में सभी खिलाड़ियों को रणजी ट्रॉफी और बीसीसीआई के अन्य डोमेस्टिक टूर्नामेंट में अपनी स्टेट टीम के लिए खेलने के लिए बोर्ड द्वारा सूचित किया जाएगा। जब तक वे नेशनल ड्यूटी पर नहीं हैं। केवल उन खिलाड़ियों को छूट दी जाएगी, जो अनफिट हैं और एनसीए में रिहैब कर रहे हैं।

चचेरे भाई और भतीजी के कातिल को फांसी की सजा, गांव में दौड़ाकर दिनदहाड़े की थी हत्या

महराजगंज, एजेंसी।
यूपी के महराजगंज में चचेरे भाई और भतीजी की बेरहमी से की गई हत्या के मामले में अपर सत्र न्यायाधीश प्रथम की अदालत ने अभियुक्त को फांसी की सजा सुनाई है। कोर्ट ने 2 लाख 25 हजार जुर्माना भी लगाया है। पुरन्दरपुर क्षेत्र के मानिक तालाब टोला चन्नीपुर में 2 अप्रैल 2014 को दिनदहाड़े बैजू उर्फ बैजनाथ ने अपने चचेरे भाई निर्मल और भतीजी की धारदार हथियार से बेरहमी से हत्या कर दी थी। इस मामले में भतीजी ज्ञानती के पिता राजेन्द्र चौधरी की तहरीर पर पुरन्दरपुर थाने में केस दर्ज कराया। वादी के मुताबिक बैजू के पिता यमुना चौधरी से 15-20 साल पहले जमीन का विवाद था। उस समय बैजू छोटा था। विवाद उसी समय सुलझ गया था। बैजू जब बड़ा हुआ तो उसी मामले को लेकर रंजिश रखने लगा था। रंजिश के कारण ही उसने ज्ञानती व उसके ताऊ निर्मल की दिनदहाड़े गांव में दौड़ा कर हत्या कर दी।

ट्रायल के दौरान 14 गवाहों में से दस ने गवाही की। साक्ष्यों के आधार पर अपर सत्र न्यायाधीश प्रथम पवन कुमार श्रीवास्तव की अदालत ने अभियुक्त बैजू उर्फ बैजनाथ को दोषी करार दिया। कोर्ट ने अभियुक्त को मौत

की सजा सुनाते हुए आदेश दिया कि उसे तब तक गर्दन से फांसी पर लटकाया जाए जब तक वह मर न जाए। जिले में फांसी की सजा का यह दूसरा मामला है। इसके पहले सदर कोतवाली क्षेत्र के पिपरा कल्याण गांव में हुई हत्या के मामले में कोर्ट ने वर्ष 2003 में फांसी की सजा सुनाई थी। बचपन की रंजिश को मन में पालकर बड़ा हुआ बैजू उर्फ बैजनाथ ने 2 अप्रैल 2014 को दोहरे हत्याकांड को अंजाम देकर चचेरे भाई व भतीजी को मौत के घात उतार दिया था। दिन दहाड़े हुई इस घटना से पुरन्दरपुर थानाक्षेत्र का मानिक तालाब गांव दहल उठा था। घटना के बाद बैजू भगाने के दौरान पीछा कर रहे ग्रामीणों को धारदार हथियार लहरा कर भयभीत करने की कोशिश किया था, लेकिन ग्रामीणों ने उसे पकड़ पुलिस के हवाले कर दिया।

पत्रावली के मुताबिक बैजू के मन में रंजिश दोहरे हत्याकांड के करीब बीस साल पहले ही पल गई थी। उस समय वह छोटा था। पिता व चाचा के बीच भूमि को लेकर लफड़ा था। बाद में उसे सुलझा लिया गया था, लेकिन बैजू उर्फ बैजनाथ उस रंजिश को मन में पाले रहा। घर के अंदर खुद ही लोहे का हथियार बनाता रहा। वादी राजेन्द्र चौधरी के मुताबिक बैजू के रंजिश को वह समझ नहीं पाए। दो अप्रैल 2014 को चचेरा भाई निर्मल की हत्या की योजना उस समय बनाया जब परिजन घर पर मौजूद नहीं थे। बैजू घटना के दिन अपने हाथ व पैर में ट्यूब के सहारे चाकू समेत कई धारदार हथियार को बांध छिपाया था। मालिक तालाब गांव में कबीर चौधरी के घर के सामने निर्मल को देखते ही वह अपने हाथ से बनाए तलवार व चाकू लेकर दौड़ा लिया। हमला के बाद वह निर्मल नीचे गिर गया। सीने पर बैठ दोनों हाथ से चाकू व तलवार निर्मल के शरीर को 79 बार गोदा। यह घटना देख भतीजी ज्ञानती शोर मचाते हुए बोली कि चाचा बड़े पापा को मत मारो। इसके बाद निर्मल को छोड़ बैजू अपनी भतीजी को दौड़ा लिया। बदहवास होकर भाग रही ज्ञानती को तीन घर पार करते हुए हरिराम विश्वकर्मा के घर के सामने दबोच हमला कर दिया। उसके उपर 73 बार वार किया था। इससे घटना स्थल पर उसकी मौत हो गई। इस मामले में नौ साल दस माह बाद फांसी की सजा का फैसला आने के बाद मानिक तालाब के गांव के लोगों के जेहन में घटना की तस्वीर कौंध आई। नरेन्द्र यादव ने बताया कि दिल दहला देने वाली घटना थी।

पुलिस कार्यालय के मीडिया सेल के मुताबिक हत्या के इस जघन्य अपराध में अभियुक्त को सजा सुनाने में आपरेशन कन्विक्शन के तहत पुलिस ने अभियोजन विभाग से समन्वय बनाकर प्रभावी पैरवी किया। तत्कालीन प्रभारी निरीक्षक अनिल कुमार सिंह के अलावा कोर्ट मोहिर्रर हेड कांस्टेबल भगवान राम व न्यायालय पैरोकार कांस्टेबल सूरज कुमार तिवारी ने समय-समय पर गवाहों को पेश किया। सहायक जिला शासकीय अधिवक्ता फौजदारी देवेन्द्र पांडेय व संतोष मिश्र ने बहस किया।

संक्षिप्त समाचार

हिमाचल में फिर बिगड़ेगा मौसम, 3 दिन भारी बारिश और बर्फबारी का ऑरेंज अलर्ट

शिमला, एजेंसी। हिमाचल प्रदेश के लिए मौसम के लिहाज से आने वाला सप्ताह बेहद भारी रहने की संभावना है। मौसम विभाग द्वारा हिमाचल में 20 फरवरी तक भारी बारिश और बर्फबारी के लिए ऑरेंज अलर्ट जारी किया गया है। मौसम विभाग ने 22 फरवरी तक बारिश की भी भविष्यवाणी की है क्योंकि एक ताजा पश्चिमी विक्षोभ के शनिवार से पश्चिमी हिमालय क्षेत्र को प्रभावित करने की संभावना है। मौसम विभाग ने 18 से 20 फरवरी तक अलग-अलग इलाकों में भारी से बहुत भारी बारिश, बर्फबारी और तूफान के साथ ओलावृष्टि की भी चेतावनी दी है। शनिवार को आंधी और बारिश की संभावना है। मौसम कार्यालय ने इस अवधि के दौरान यातायात और अन्य आवश्यक सेवाओं के बाधित होने की भी चेतावनी दी है और कहा है कि राज्य और राष्ट्रीय राजमार्गों के बाधित होने, मध्य और उच्च पर्वतीय क्षेत्रों में बिजली और मोबाइल और टेलिफोन लाइन में बाधा उत्पन्न होने की संभावना से इनकार नहीं किया जा सकता है। शुक्रवार को न्यूनतम और अधिकतम तापमान में कोई खास बदलाव नहीं हुआ। लाहौल और स्पीति जिले का कुकुमसेरी रात के दौरान शून्य से 7.9 डिग्री सेल्सियस नीचे तापमान के साथ राज्य में सबसे ठंडा रहा, जबकि ऊना 26 डिग्री सेल्सियस के साथ दिन में सबसे गर्म रहा।

यूपी में योगी सरकार ने छह महीने के लिए हड़ताल पर लगाई पाबंदी

लखनऊ, एजेंसी। उत्तर प्रदेश में अगले छह माह के लिए सरकार ने किसी भी तरह की हड़ताल पर पाबंदी लगा दी है। यह नियम राज्य सरकार के अधीन सरकारी विभागों, निगम और प्राधिकरण विभाग पर लागू रहेगा। अगर कोई कर्मचारी इस अवधि के दौरान हड़ताल करता है, तो उसके खिलाफ एस्मा के तहत कार्रवाई की जाएगी और उन्हें बिना वारंट गिरफ्तार कर लिया जाएगा। अपर मुख्य सचिव डॉ. देवेश चतुर्वेदी ने इस संबंध में अधिसूचना जारी कर दी है। इस दौरान सरकारी विभागों, अर्द्धसरकारी विभागों, निगमों और प्राधिकरणों में हड़ताल पूरी तरह से प्रतिबंधित रहेगी। अधिसूचना में कहा गया है कि राज्य सरकार ने लोकहित में यह फैसला लिया है। इससे पहले योगी सरकार ने 2023 में छह महीने तक के लिए हड़ताल पर रोक लगाई थी। उस समय सरकार ने बिजली विभाग के कर्मचारियों के हड़ताल पर जाने के कारण फैसला लिया था। इस दौरान जो भी कर्मचारी हड़ताल पर गए थे, उनके खिलाफ कार्रवाई हुई थी। बता दें कि कई बार सरकारी कर्मचारी मांगों को लेकर धरने पर बैठ जाते हैं। ऐसे में कई बार कार्य प्रभावित होता है। लोगों को काफी परेशानियों का सामना भी करना पड़ता है।उत्तर प्रदेश एशेंसियल सर्विसेज मेंटेनेंस एक्ट (एस्मा) के तहत सरकार के पास अधिकार है, जिसे लागू करके कर्मचारियों की हड़ताल पर रोक लगा सकती है। इसमें बिना वारंट के हड़तालियों की गिरफ्तारी की जा सकती है।

कुनबी प्रमाण पत्र वाले मराठा आरक्षण के नहीं हकदार, एमएसबीसीसी ने सौंपी रिपोर्ट

मुंबई, एजेंसी। महाराष्ट्र राज्य पिछड़ा वर्ग आयोग (एमएसबीसीसी) ने शुक्रवार को मराठा समुदाय के सामाजिक, आर्थिक और शैक्षणिक पिछड़ेपन पर अपनी सर्वेक्षण रिपोर्ट मुख्यमंत्री एकनाथ शिंदे को सौंप दी है। जब आयोग के प्रमुख जस्टिस (रिटायर्ड) सुनील शुक्रे ने रिपोर्ट पेश किया तो उप मुख्यमंत्री देवेंद्र फडणवीस भी वहीं मौजूद थे। मुख्यमंत्री शिंदे को उम्मीद है कि इस सर्वे रिपोर्ट के आधार पर मराठा समुदाय को कानूनी जांच पर खरा उतरने वाला आरक्षण मिल सकेगा।

हालांकि, रिपोर्ट अभी तक सार्वजनिक नहीं की गई है, लेकिन इस बात की चर्चा जोरों पर है कि आयोग ने कुनबी प्रमाण-पत्र धारकों को मराठा आरक्षण का हकदार नहीं माना है। आयोग की रिपोर्ट मिलने के बाद खुद मुख्यमंत्री शिंदे ने भी यह स्पष्ट किया कि जिन मराठों ने अपने वंश में कुनबी रिकॉर्ड खोजने के बाद कुनबी (ओबीसी) जाति प्रमाण पत्र प्राप्त किया था, वे मराठा कोटा के लिए पात्र नहीं होंगे।

अब मराठा समुदाय को सामाजिक, शैक्षणिक और आर्थिक रूप से पिछड़े आधार पर आरक्षण देने और उस पर चर्चा के लिए 20 फरवरी को विधानसभा का विशेष सत्र बुलाया गया है। उस दिन इस मुद्दे पर सबसे पहले सुबह 10 बजे के आसपास राज्य कैबिनेट की बैठक में चर्चा की जाएगी और फिर लगभग एक घंटे बाद विधानसभा में आरक्षण का बिल पेश किया जाएगा।

मामले से परिचित एक वरिष्ठ अधिकारी ने कहा, ÷जब राजनीतिक दलों के बीच मराठा समुदाय को आरक्षण प्रदान करने पर सहमति बन जाएगी, तो फिर इस पर विचार-विमर्श करने की ज्यादा जरूरत नहीं पड़ेगी और आरक्षण का रास्ता साफ हो जाएगा।÷

इस बीच, मुख्यमंत्री शिंदे ने मराठा आरक्षण कार्यकर्ता मनोज जरांगे से अपनी अनिश्चितकालीन भूख हड़ताल खत्म करने का आग्रह किया है। उन्होंने कहा कि राज्य सरकार समुदाय को आरक्षण देने के बारे में सकारात्मक है। सामाजिक कार्यकर्ता मनोज जरांगे फिलहाल मराठा आरक्षण को लेकर जालना जिले में अपने पैतृक स्थान पर 10 फरवरी से अनिश्चितकालीन अनशन पर हैं।

मुख्यमंत्री कार्यालय ने कहा कि रिपोर्ट से सरकार को आवश्यक आंकड़ों के साथ मराठा समुदाय के लिए आरक्षण सुनिश्चित करने वाला कानून बनाने में मदद मिलेगी। इस व्यापक कवायद में लगभग 2.5 करोड़ परिवारों को शामिल किया गया।

आईएनडीआईए गठबंधन खत्म हो गया ,इस बार एनडीए को पिछली बार से ज्यादा सीटें मिलेंगी - नीतीश कुमार

पटना, एजेंसी। बिहार के मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने कहा, इस बार एनडीए को पिछली बार से ज्यादा संख्या में सीटें मिलेंगी, हमें पूरा भरोसा है। नेशनल कॉन्फ्रेंस प्रमुख फारूक अब्दुल्ला और आरएलडी प्रमुख जयंत चौधरी के आईएनडीआईए गठबंधन से दूर होने पर बिहार सीएम नीतीश कुमार ने कहा, हमने तो बहुत कोशिश की थी... हम नाम भी दूसरा दे रहे थे। यह(आईएनडीआईए गठबंधन) तो वैसे भी खत्म हो गया था... हम बिहार के हित में काम करते रहेंगे आरजेडी प्रमुख लालू यादव के दरवाजा खुला है वाले बयान पर नीतीश कुमार ने कहा, कौन क्या बोलता है उसके चक्कर में मत आइए। हम सब एक साथ हो गए हैं, जैसे पहले थे। जो गड़बड़ी हुई है उसकी जांच होगी... चीजें ठीक नहीं चल रही थीं, इसलिए हमने उन्हें (आरजेडी) छोड़ दिया।

सुप्रिया सुले का अजित पवार की पत्नी सुनेत्रा पवार से हो सकता है मुकाबला

बारामती, एजेंसी।
महाराष्ट्र में इस साल लोकसभा चुनाव की जंग रोचक हो सकती है। सबकी निगाहें पवार परिवार का गढ़ कहे जाने वाली बारामती सीट पर होगी, जहां शरद पवार की बेटी और मौजूदा सांसद सुप्रिया सुले का मुकाबला उनकी ही भाभी और राज्य के उप मुख्यमंत्री अजित पवार की पत्नी सुनेत्रा पवार से होने की चर्चा जोरों पर है। इन अटकलों और चर्चाओं को खुद अजित पवार ने हवा दी है।

शुक्रवार को बारामती में अजित पवार ने बिना किसी का नाम लिए अपने मतदाताओं से भावुक अपील की कि अगले आम चुनाव में बारामती लोकसभा सीट से ऐसे उम्मीदवार को चुनें जो पहली बार चुनावी मैदान में उतरा हो लेकिन वह अनुभवी लोगों से घिरा रहा हो। अजित पवार ने अपने संबोधन के दौरान पत्नी सुनेत्रा पवार का नाम तो नहीं लिया लेकिन इस बात के संकेत दे दिए कि आगामी चुनावों में बहन सुप्रिया सुले के खिलाफ उनकी पत्नी चुनावी मैदान में होंगी।

कौन हैं सुनेत्रा पवार 60 वर्षीय सुनेत्रा पवार अजित पवार की पत्नी हैं। वह राज्य के एक बड़े राजनीतिक परिवार से तालुल्क रखती हैं। उनके भाई पदमसिंह पाटिल पूर्व मंत्री हैं, जबकि उनके भतीजे राणा जगजीतसिंह पदमसिंह पाटिल उस्मानाबाद से भाजपा के

विधायक हैं। अजित पवार और सुनेत्रा पवार के दो बेटे हैं। जय और पार्थ पवार। जय पारिवारिक बिजनेस संभालते हैं, जबकि पार्थ राजनीति में हैं। उन्होंने मावल से 2019 का लोकसभा चुनाव लड़ा था लेकिन असफल रहे थे। सुनेत्रा पवार अब तक सक्रिय राजनीति से दूर रही हैं लेकिन समाज सेवा के कार्यों में बढ़-चढ़कर हिस्सा लेती रही हैं। वह 2010 में स्थापित एक गैर सरकारी संगठन एनवायर्नमेंटल फोरम ऑफ इंडिया की संस्थापक हैं। उनकी आधिकारिक वेबसाइट कहती है कि वह भारत में इको-विलेज की अवधारणा को विकसित करने में एक मार्गदर्शक रही हैं। वेबसाइट के मुताबिक, वह स्वदेशी और प्रसिद्ध शैक्षणिक संस्थान विद्या प्रतिष्ठान की ट्रस्टी भी हैं। वेबसाइट के अनुसार, सुनेत्रा पवार 2011 से ही फ्रांस की वर्ल्ड एन्टरप्रोन्योरशिप फोरम की थिंक टैंक सदस्य रही हैं। मीडिया रिपोर्ट्स में कहा गया है कि अजित पवार पत्नी सुनेत्रा पवार के सामाजिक कार्यों का सक्रिय रूप से प्रचार-प्रसार कर रहे हैं। बारामती में एनसीपी यूनिट ने एक ऐसा रथ लॉन्च किया है, जिस पर सुनेत्रा पवार के किए सामाजिक कार्यों के विवरण है। ये रथ पूरे लोकसभा क्षेत्र में घूमेगा। फिलहाल सुप्रिया सुले ही बारामती से सांसद हैं। उनसे पहले उनके पिता और राष्ट्रवादी कांग्रेस पार्टी के संस्थापक शरद पवार 1996 से 2004 तक लगातार सांसद रहे हैं। 2009 से सुप्रिया सुले यहां से सांसद हैं। बारामती सीट पारंपरिक रूप से पवार परिवार का गढ़ रहा है। शरद पवार ने 1967, 1972, 1978, 1980, 1985 और 1990 में बारामती सीट से महाराष्ट्र विधान सभा का चुनाव जीता और 1984, 1996, 1998, 1999 और 2004 में बारामती से ही लोकसभा का भी चुनाव जीता है।

भारत दौरे पर आएंगे अमेरिकी उप विदेश मंत्री रिचर्ड वर्मा, इन पड़ोसी देशों की भी करेंगे यात्रा

वाशिंगटन, एजेंसी।
अमेरिका के उप विदेश मंत्री रिचर्ड वर्मा 18 से 23 फरवरी तक भारत, मालदीव और श्रीलंका की यात्रा करेंगे। इस दौरान वह हिंद-प्रशांत साझेदार के बीच सहयोग को भी मजबूत करेंगे। अपनी यात्रा के दौरान रिचर्ड वर्मा सबसे पहले भारत की यात्रा करेंगे। भारत में वह आर्थिक विकास, सुरक्षा और प्रौद्योगिकी सहित कई मुद्दों पर अमेरिकी-भारत वैश्विक रणनीतिक साझेदारी को आगे बढ़ाने के लिए वरिष्ठ सरकारी अधिकारियों, व्यापारिक नेताओं और उद्यमियों से मुलाकात करेंगे। अमेरिकी विदेश मंत्रालय ने एक आधिकारिक बयान में कहा कि प्रबंधन और संसाधन राज्य के उप सचिव रिचर्ड आर वर्मा इनमें से प्रत्येक के साथ संयुक्त राज्य अमेरिका के सहयोग को मजबूत करने के लिए 18 से 23 फरवरी को भारत, मालदीव और श्रीलंका की यात्रा करेंगे। बयान में कहा गया है कि उनकी यह यात्रा एक स्वतंत्र, खुले, सुरक्षित और समृद्ध क्षेत्र के लिए अमेरिका की स्थायी प्रतिबद्धता की पुष्टि करेगी। वहीं, विदेश मंत्री एस जयशंकर ने शुक्रवार को जर्मनी में अमेरिकी विदेश मंत्री

एंटनी ब्लिंकन और ब्रिटिश समकक्ष डेविड कैमरन सहित प्रमुख नेताओं के साथ द्विपक्षीय सहयोग और प्रमुख वैश्विक और क्षेत्रीय मुद्दों पर चर्चा की। यह बैठक म्यूनिख सुरक्षा सम्मेलन के मौके पर हुई। जयशंकर ने एक्स पोस्ट में कहा कि ब्लिंकन के साथ बैठक प्रमुख द्विपक्षीय मुद्दों के साथ-साथ पश्चिम एशिया, यूक्रेन और हिंद-प्रशांत की स्थिति पर केंद्रित थी। इस दौरान द्विपक्षीय संबंधों में जारी प्रगति की समीक्षा की गई। समझा जाता है कि दोनों ने भारत-अमेरिका रणनीतिक संबंधों के विभिन्न पहलुओं पर विचार-विमर्श किया।

सुरक्षित हैं सभी भारतीय छात्र..., न्यू जर्सी के आवासीय इमारत में आग की घटना के बाद भारतीय वाणिज्य दूतावास ने जारी किया बयान

न्यूयॉर्क, एजेंसी।
अमेरिका के न्यू जर्सी सिटी में एक आवासीय इमारत में आग लग गई। घटना के दौरान इमारत में कई भारतीय छात्र और पेशेवर मौजूद थे। वहीं, इस मामले पर न्यूयॉर्क में भारत के महावाणिज्य दूतावास ने कहा कि उन्हें जर्सी सिटी में एक आवासीय इमारत में आग लगने की घटना के बारे में पता चला है और वह छात्रों के साथ लगातार संपर्क में है। मालूम हो कि जर्सी सिटी में एक आवासीय परिसर के पहली और दूसरी मंजिल में आग लग गई। आग की घटना के बाद एक दर्जन से अधिक छात्रों को अपने घरों से विस्थापित होने पड़ा। न्यूयॉर्क में भारत के महावाणिज्य दूतावास ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म पर कहा कि वे छात्रों के साथ लगातार संपर्क में हैं और आवास और महत्वपूर्ण दस्तावेजों आदि सहित सभी सहायता प्रदान कर रहे हैं।

अब विपक्ष की भूमिका निभाएगी इमरान खान की पार्टी

चुनाव में धांधली के खिलाफ खोलेंगे मोर्चा

इस्लामाबाद, एजेंसी। पाकिस्तान में आठ फरवरी को संपन्न हुए आम चुनाव के नतीजे घोषित हो गए हैं। इमरान खान की पार्टी को सबसे ज्यादा सीटें मिली हैं। हालांकि, सबसे बड़ा दल होने के बावजूद इमरान खान विपक्ष की भूमिका निभाएंगे। समाचार एजेंसी पीटीआई के मुताबिक, जेल में बंद पूर्व प्रधानमंत्री इमरान खान की पार्टी ने संसद में विपक्ष में बैठने का फैसला किया है। उन्होने पाकिस्तान में नई सरकार बनाने के प्रयास विफल होने के बाद यह फैसला लिया है। बता दें कि पाकिस्तान में आठ फरवरी को हुए चुनावों में किसी दल को पूर्ण बहुमत नहीं मिलने के बाद प्रमुख राजनीतिक दलों ने सरकार बनाने के प्रयास तेज कर दिए हैं। इमरान खान की पाकिस्तान तहरीक-ए-इंसाफ (पीटीआई) पार्टी समर्थित निर्दलीय उम्मीदवारों ने चुनाव परिणामों पर दबदबा बनाया, जबकि पाकिस्तान मुस्लिम लीग-नवाज ने दावा किया कि उनके पास सरकार बनाने के लिए पर्याप्त संख्या है। पीटीआई नेता बैरिस्टर मुहम्मद अली सैफ ने शुक्रवार को घोषणा की है कि पीटीआई

संस्थापक इमरान खान के निर्देशों के बाद पार्टी ने केंद्र और पंजाब जैसे प्रमुख प्रांत में विपक्ष में बैठने का फैसला किया है। इससे पहले इमरान खान की पार्टी ने उमर अयूब खान को प्रधानमंत्री पद का उम्मीदवार और असलम इकबाल को पंजाब के मुख्यमंत्री पद के लिए उम्मीदवार घोषित किया था, लेकिन अब पीटीआई ने विपक्ष में बैठने का निर्णय लिया है। पीटीआई नेता मुहम्मद अली सैफ ने कहा कि पार्टी ने इमरान खान के निर्देशों के बाद केंद्र और पंजाब में विपक्ष में बैठने का फैसला किया है। उन्होंने कहा कि हमने इस हकीकत के बावजूद विपक्ष में बैठने का फैसला किया कि अगर हमें हमारे वोटों के अनुसार सीटें मिलती और परिणाम नहीं बदले होते तो शायद आज हम 180 सीटों के साथ केंद्र में होते। हमारे पास सबूत हैं कि हमारे उम्मीदवार जीते हैं। इसके साथ ही इमरान खान की पार्टी ने चुनाव में धांधली के खिलाफ एक श्वेत पत्र भी जारी किया है। उन्होंने चुनाव में धांधली के खिलाफ शनिवार से प्रदर्शन शुरू करने का फैसला किया है। पीटीआई के एक सूत्र ने कहा कि जेल में बंद इमरान खान ने पूर्व नेशनल असेंबली स्पीकर असद कैसर को विरोध प्रदर्शन के लिए समर्थन जुटाने के लिए राजनीतिक दलों को शामिल करने का काम सौंपा है।

ईरान के दो युद्धपोत औपचारिक यात्रा पर श्रीलंका पहुंचे, श्रीलंकाई नौसेना ने किया स्वागत

कोलंबो, एजेंसी।
श्रीलंकाई नौसेना के साथ सहयोग मजबूत करने के लिए दो ईरानी युद्धपोत-आइआरआइएनएस बुशहर और टोन्ब औपचारिक यात्रा पर शुक्रवार को कोलंबो पहुंचे। ईरान के युद्धपोत ऐसे समय में श्रीलंका पहुंचे हैं जब कोलंबो लाल सागर में व्यापारिक जहाजों पर हाउती विद्रोहियों के हमलों के खिलाफ अंतरराष्ट्रीय गठबंधन में शामिल होने की तैयारी कर रहा है। आरोप लगाया गया कि हाउती विद्रोहियों को ईरान का समर्थन है। श्रीलंकाई नौसेना ने दोनों युद्धपोतों का स्वागत किया। बुशहर 107 मीटर लंबा है। इसमें चालक दल के 270 सदस्य हैं। जबकि टोन्ब 94 मीटर लंबा है। इसमें चालक दल के 250 सदस्य हैं। युद्धपोतों के कमांडिंग अधिकारी देश में अपने प्रवास के दौरान पश्चिमी नौसेना क्षेत्र के कमांडर और श्रीलंकाई नौसेना के महानिदेशक से मुलाकात करने वाले हैं।

मुद्रक तथा प्रकाशक रंजीत राय द्वारा स्वामी आर.डी. प्रिंटर एंड पब्लिशर्स प्राइवेट लिमिटेड, प्लॉट नं. सी-16 एवं 17, रोड नं. 9, पाटलिपुत्रा इंडस्ट्रीयल एरिया, पटना-800013 के पक्ष में आर.डी. प्रिंटर एंड पब्लिशर्स प्राइवेट लिमिटेड प्रेस से मुद्रित एवं सी-20, एस.के. पुरी, नियर बसावन पार्क, पटना, बिहार-800013 से प्रकाशित संपादक- देवन प्रसाद

(नोटः प्रकाशित सभी लेखों आदि से संपादक का सहमत होना आवश्यक नहीं और किसी भी कानूनी वाद-विवाद का निपटारा पटना न्यायालय में ही किया जाएगा।) RNI. No. BIHHIN/2013/ 49676, Email: news@pratahkiran.com, patna@ pratahkiran.com, 9212228045, 8130691216, 9971557129